(ब्रज लोकगीतन पै विवेचनात्मक लेख अरु लोकगीत)

सम्पादक

मोहनलाल मधुकर

राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी

118, वसुंधरा कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर

विसै सूची

प्रकासकीय

"ब्रज बाँसुरी" ब्रजलोकगीतन पै समीक्षात्मक लेखन की सामग्री कौ अछूतौ और अनूठौ संकलन है। हमैं देश के कौने कौने सौं प्रवुद्ध लोक साहित्यकारन के इतेक लेख मिले कै हम कृतकृत्य है गए। इन समीक्षात्मक लेखन में लोकगीतन के उदाहरन दैकैं शोध परक सामग्री तैयार करी गई है।

कछू पन्नान में लोकगीतन की वानगी है। या सामग्री में दो तरियाँ के लोकगीत हैं एक तौ लोक प्रचलित जिनके रचयितान के कोऊ अते पते नाएँ। दूसरे वे लोकगीत हैं, जो नए सृजनशील गीत कारन नैं लिखे हैं। इनके ये लोकगीत आज नहीं तौ कल सवन के होठन पै चढ़िंगे।

हमैं ब्रजलोकगीतन की विपुल सामग्री और मिली है। वा सामग्री कूँ या संकलन में हमारे दैवे की प्रवल इच्छा ही पर हम कारनवस नहीं दै पा रहे हैं। जव वा सामग्री कूँ निरखौ परखौ गयौ तौ खरी नहीं उतरी। संकलनकर्तान नैं वड़े श्रम सौं संकलन करौ है पर टेपरिकार्डर सौं जो लोकगीत टेप करे हैं विनकूँ जा काहू नैं लिपिवद्ध करौ तौ कहूँ न कहूँ खामी रह गई। याही सौं विनकौ अर्थ खत्म है गयौ है।

मेरौ अनुरोध है कै ब्रज लोक गीतन कौ लोक में अपार भंडार विखरौ परौ है। गर्भ सौं लैकैं मरण तक के न जानैं कितेक लोकगीत हर अंचल में विखरे परे हैं। जरुरत है विनकूँ सही रूप में लिपिवद्ध करवौ। यह काम आसान नाहै अति कष्ट साध्य है। पर, करवेवारे कूँ आसान हू है। व्याह वरौंद में रात रात भर जागरण होय जाए रतजगौ कहैं। स्वाभाविक ढंग सौं नारी कंठ सौं निसृत गीतन कूँ टेप आसानी सौं करौ जा सकै। सावधानी या वात की रखनी है कै टेप सौं लिपिवद्ध सही सही करौ जाए।

"ब्रज वाँसुरी' में आवद्ध लेख ब्रजभाषा साहित्य की अमोल निधि हैं। इन शोध परक लेखन सौं शोधार्थीन के सामई नए आयाम खुलिंगे। वे और उत्साह सौं ब्रजलोकगीतन पै अपनी लेखनी चलाइंगे। नए लोकगीत कार नए गीत लिखिंगे।

अन्त में ब्रज वाँसुरी के ताईं जिन ब्रजलोक साहित्यकारन नैं अपनी अमोल निधि भेंट करी है उनके प्रति हृदय सौं आभार।

होरी 23.3.97

गोपालप्रसाद मुद्गल

सम्पादकीय...............

लोकमानस की सहज सनातन समवेत स्वर लहरी की अनुगूँज भरे ब्रज लोकगीतन की पोथी 'ब्रज-बांसुरी' आपके हाथन में सौंपते भए अपार आनन्द कौ अनुभव है रह्यौ है। साँची पूछौ तौ लोक-मानस गहरी लोकानुभूति सौं लबालब भरिकैं उपटिबे लगै, भाव-विभोर है कैं सहज भाव सौं समवेत स्वरन में कछू गाइ उठै, बुही सरस लोकगीत बनि जाय। लोकगीतन माँहि मन-सुमेरु सौं निकसे ऐसे निर्मल निर्झरन कौ सहज स्वर मिलै है जो उछरि-उछरि कैं जन-मन कूँ अपार आनंद सौं आप्लावित करि डारै है। लोकगीतन की लय सौं लहरातौ-बलखातौ, उठतौ-गिरतौ लोकजीवन भावनान के उद्गारन सौं तन-मन प्रान, स्वास-प्रस्वास अरु रक्त प्रवाह कूँ तरंगित करतौ रहै है। साँचौ अरु सपूरौ लोकजीवन लोकगीतन कौ आधार है।

लोकजीवन के ये लोकगीत गाइबे कूँ होंय, हिलिमिलि कैं गाइबे कूँ। लोकजीवन की सहृदयता, सुकुमारता, निर्मलता अरु भाव-विह्वलता लोकगीतन में ही छलकै है, स्पंदित होइ है। लोकगीतन में जैसी सरलता, सरसता अरु सहजता मिलै है, वैसी और कहूँ नाँय मिलै। बनावटीपन सौं तौ लोकगीत कोसन दूरि रहैं हैं।

लय, माधुर्यभाव अरु भावना लोकगीतन के मुख्य तत्व हैं। लोकगीत लोक-मानस की सहज, सरल अरु अबाध अभिव्यक्ति हैं, लोकमुख की मधुर बानी हैं। बिनमें लोच होइ, जीवन्तता होइ, सहज भावनान कौ आवेग होइ, छन्द-व्याकरन अरु रीति के बन्धनन सौं मुक्ति होइ। मानव-समाज सधी-सुधरी भाषा की ठौर अपनी-अपनी बोलीन माँहि लोकगीतन कूँ गामतौ रह्यौ है, यासौं लोकगीतन की लोकभाषा अपनी शैली में निराली, शब्दन में अनगढ़ अरु उच्चारन में आंचलिकता सौं भरी भई होय।

लोकभाषा माँहि लोकानुभूतीन के व्यक्त हैबे के कारन लोकगीतन कौ लोकमानस पै बहौत गहरौ प्रभाव परै है। ये तत्काल लोकहिरदे के आरपार है जांय अरु लोकमानस- पटल पै अमिट छाप छोड़ैं हैं। जो बात लोकगीत की एक कड़ी में कही जाइ सकै है बापै सैकरान शब्दन की लम्बी कविता या पोथी हू व्यक्त नाँय करि सकै। लोकगीत के माध्यम सौं जो भाव बड़ी आसानी सौं लोगन के गरे उतरि जाय यु काऊ और साहित्य-विधा के माध्यम सौं कैसैंऊ नाँय भावै।

जि वड़े परेखे की वात है कै युग विसेस की काहू विवसता के कारन जन-मन नैं लोकगीतन कौ अलिखित अरु मौखिक रहवौआवस्यक मानि लियौ। काहू युग में लोकगीतन कूँ हाथोंहाथ लिखिकैं निश्चित शव्दन में बाँधिवे की, विनकूँ स्थिर रूप दैवे की चिन्ता नाँय करी गई। या कारन लोकगीत समै-समै पै न्यारे-न्यारे व्यक्तिन सौं प्रभावित हौंत रहे हैं। विनमें कछू गंगाजल अरु कछू मेह कौ पानी मिलतौ रह्यौ है। यासौं लोकगीत मौखिक हौंते भए हू अपने रूप कौ निरन्तर परिवर्तन, परिवर्धन अरु परिशोधन करत रहे हैं। भाषा वहते नीर की तरियाँ प्रगति-पथ-गामिनी होइ। वाकौ रूप सदां एक सौ नाँय रहै। सो जन-मन की रुचि अरु युग-प्रवाह के अनुसार लोकगीतन की भाषा हू अदलती-वदलती रही है। तौऊ शैली अरु भाषा कौ भेद हौंते भए हू इन असंख्य लोकगीतन की आत्मा अभिन्न है।

लोकगीतन की परंपरा अलिखित अरु अनाम रही है। विनके सिरजनहार कौ कछू अतौ-पतौ नाँय चलै, या कारन लोकगीतन में विनके रचवैया की निजी रुचि न हैकैं, लोकजीवन की व्यापक भावानुभूतीन कौ उद्वेलन अरु मानव के समूहगत भावन की अभिव्यक्ति मिलै है। वे लोकमंगल की भावना सौं परिपूरन होंइ, चेतन अरु जड़ सवकी हित-कामना सौं अनुप्राणित रहैं। लोकगायक याई व्यापक आत्मीयता की भावनान में तरंगायित हैकैं गाइ उठें हैं। यासौं वे लोक-समुदाय की अनुपम धरोहर हैं, लोक की अनमोल सम्पत्ति हैं, जन-जन की वेजोड़ थाती हैं, कवहूँ न छीजिवे वारे रस के निर्झर हैं। वे जन-भावनान के छलकते भए ऐसे कुल्लड़ हैं जिनके होठन पै उतरते ही जन-मन-मयूर मदमातौ हैकैं समवेत स्वरन में गाइ उठै है, सव सुधि-वुधि भूलिकैं नांचिवे लगि जाय।

लोकगीतन कूँ लोकजीवन के मंत्र कहौ गयौ है। लोकगीतन में संवेदनशीलता के संग-संग वेद-मंत्रन कौ सौ मन्दौ-मन्दौ सम्मोहन होइ जो अपनी सरल लय-गति सौं मन-मस्तक पै छाइवे लगै है। विनकी गेयता में शव्दन की ठौर स्वर, लय, ध्वनि, स्पन्दन, उतार-चढ़ाव अरु मूल लोकगीतन कौ मन्द, मध्दम लय-विधान याकौ प्रमान है। लोकगीतन में साहित्य,संगीत, कलात्मक सुन्दरता; जो कछू ढूँढौगे, सोई पाऔगे।

लोक-जीवन कूँ उल्लास, आनन्द अरु उत्साह वहौत भावै है। लोकगीत इनही भावन सौं ओतप्रोत होंय। लोकगीतन सौं दुख हलकौ है जाय, सुख दूनौ वढ़ि जाय अरु मेहनत की थकान महसूस ही नाँय होय। या कारन लोक-जीवन सौं लोकगीतन कूँ निकासि दियौ जाय तौ जीवन सूनौ-सूनौ रह जायगौ, निरर्थक अरु बेकार लगिवे लगैगौ।

जिन दिनान में आजु जैसै नाना प्रकार के खेलकूद अरु मनोरंजन के आधुनिक वैज्ञानिक साधन नाँय हते। बिन दिनान में मेले-ठेले, कुश्ती-दंगल अरु लोकगीत-संगीत सम्मेलन के आयोजन ही मन वहलाइवे के उत्तम माध्यम हे। वसंत रितु, होरी,दिवारी अरु न्यारे-न्यारे त्यौहारन के, उच्छवन के औसरन पै इनकौ आयोजन होयौ करतौ। लोकगीत सम्मेलन इन आयोजन कौ सिरमौर रहतौ। आजहू लोकगीत ख्याल, दंगल, रसिया सम्मेलन, भजन-जिकड़ी, फूलडोल, आल्हा, ढोला-राँझा गायकी,

नौटंकी खेल आदि के आयोजन देखिबे-सुनिबे कूँ मिल जाँय हैं। इन आयोजनन में ढोलक, सारंगी, बाँसुरी, इकतारा, चिकाड़ा, खरताल, डंडा, नगाड़े आदि साज-बाजन पै लोकगायक लोकगीतकार अपनी उत्तमोत्तम रचनान कौ हिलमिलकैं गायन करैं हैं, नाचकूद सौं अपनी कला कुसलता में निखार लावैं हैं। इन औसरन पै इकठौरी जनसमूह लोकगीतकार के सुमधुर स्वरन सौं आनन्द विभोर है-है जाइ। लोककवि की कही भई कहन घर-घर माँहि गहराई लौं घर करि जायौ करै है। तबई तौ लोक साहित्य के न्यारे-न्यारे रूपन में लोकगीतन कौ सबसौं ऊँचौ स्थान है।

आनंद सौं उमंगित है कैं गुनगुनाइबौ अरु गाइबौ मानव कौ सहज स्वभाव है। यासौं जाहिर होइ कै लोकगीत उतने ही प्राचीन हैं, जितनी मनुष्य जाति। या कारन लोक-मानस सुदूर अतीत माँहि जब-जब आनंदित, उल्लसित, उमंगित अरु हिलोरित भयौ होइगौ, तब-तब वाके हिरदे के लयबद्ध स्वर अनायास मुखरित भये होंइगे अरु बिन्नें लोकगीतन कौ रूप धारन कियौ होइगौ। तबई तौ लोकगीतन माँहि लोक की युग-युगीन पावन वाणी की साधना समाहित रही है। विनमें लोकरुचि, लोकरीति अरु लोकनीति की त्रिवेनी कौं अनूठौ संगम हू देखिबे कूँ मिलै है।

लोकगीतन माँहि देस की सभ्यता के विकास कौ, वाके जीवन की गतिविधीन कौ अरु सांस्कृतिक धरातल के न्यारे-न्यारे स्तरन की मनोरम झांकी मिलै है। लोकगीत अपने युग के लोक-सत्य कौ सूधौ-सच्चौ उद्घाटन करैं हैं। लोकगीतन सौं युगीन जातीय जीवन के सच्चे सुख-चैन की झलक मिलै है, हिरदे की चुभन अरु कसक कौ पतौ चलै है। लोकगीतन माँहि लोक-मनोविज्ञान के अध्ययन कौ बहौत सौ माल-मसालौ भर्यौ पर्यौ है।

पच्छिमी देसन के विद्वानन्नें भारत कूँ लोकगीतन कौ देस बतायौ है। फिर ब्रज की तौ कहनौं ही कहा! जहाँ 'डार-डार अरु पात-पात पै राधे-राधे होइ' है। यौं तौ संसार की सिगरी भाषा-बोलीन माँहि लोकगीतन की अटूट परम्परा रही है परि ब्रजभाषा सी मिठलौनी और कोऊ भाषा नाँय। जिही कारन है कै ब्रज लोकगीतन कौ अमिट प्रभाव सिगरे देस पै, सब भाषा-बोलीन पै पर्यौ है।

ब्रज लोकगीतन के स्वरन सौं वातावरन इतनौ सुन्दर, सुमधुर अरु सरस है जाय कै कछू कही नांय जाय सकै। ब्रज-लोकगीतन कौ क्षेत्र इतनौ व्यापक है कै बिनसौं कोऊ महत्वपूर्न विषय अछूतौ नाँहि रह्यौ। इन गीतन के महासागर माँहि गोता लागइबे पै नाना प्रकार के रत्नन की प्राप्ति होइ है। ब्रज लोकगीत सुख-दुख, हास-परिहास-रुदन, हर्ष-विषाद, आसा-निरासा, उत्थान-पतन, इच्छा-अनिच्छा, संजोग-वियोग, राग-विराग अरु मनन-चिन्तन के ताने-बानेन सौं बुने भये स्वरमय वितान हैं। बिनकी बनावट-बुनावट, रचना-कौशल अरु शिल्प-विधान सब कछू 'सहज' हौंते भये हू कलात्मक है। इतने पै हू ब्रज लोकगीतन पै कला सवारी नाँय तानि सकी। जौ कबौसुरन की कृपा सौं कहूँ लोकगीतन पै कला सवार है गई तौ लोकगीतन में लोकगीतपन ही नहीं रहैगौ, अकेलौ कला के ही दर्सन हैंये लगिंगे जैसौ हाल-बेहाल हमारे पक्के संगीत कौ हौंतौ जाइ रह्यौ है। कोकि [illegible]-कंठी कामिनीन के स्वर-माधुर्य में मिलिकैं लोकगीत तौ पहलैं ई संगीत के सर्वोत्तम सरूप हैं, फिरि विनपै कला थोपिबे कौ उपक्रम नहीं हौनौ चहिए।

जि वड़े परेखे की वात है कै युग विसेस की काहू विवसता के कारन जन-मन नैं लोकगीतन कौ अलिखित अरु मौखिक रहवौआवस्यक मानि लियौ। काहू युग में लोकगीतन कूँ हाथोंहाथ लिखिकैं निश्चित शब्दन में बाँधिवे की, विनकूँ स्थिर रूप दैबे की चिन्ता नाँय करी गई। या कारन लोकगीत समै-समै पै न्यारे-न्यारे व्यक्तिन सौं प्रभावित हौंत रहे हैं। विनमें कछू गंगाजल अरु कछू मेह कौ पानी मिलतौ रह्यौ है। यासौं लोकगीत मौखिक हौंते भए हू अपने रूप कौ निरन्तर परिवर्तन, परिवर्धन अरु परिशोधन करत रहे हैं। भाषा वहते नीर की तरियाँ प्रगति-पथ-गामिनी होइ। बाकौ रूप सदां एक सौ नाँय रहै। सो जन-मन की रुचि अरु युग-प्रवाह के अनुसार लोकगीतन की भाषा हू अदलती-बदलती रही है। तौऊ शैली अरु भाषा कौ भेद हौंते भए हू इन असंख्य लोकगीतन की आत्मा अभिन्न है।

लोकगीतन की परंपरा अलिखित अरु अनाम रही है। विनके सिरजनहार कौ कछू अतौ-पतौ नाँय चलै, या कारन लोकगीतन में बिनके रचवैया की निजी रुचि न हैकैं, लोकजीवन की व्यापक भावानुभूतीन कौ उद्वेलन अरु मानव के समूहगत भावन की अभिव्यक्ति मिलै है। वे लोकमंगल की भावना सौं परिपूरन होंइ, चेतन अरु जड़ सबकी हित-कामना सौं अनुप्राणित रहैं। लोकगायक याई व्यापक आत्मीयता की भावनान में तरंगायित हैकैं गाइ उठें हैं। यासौं वे लोक-समुदाय की अनुपम धरोहर हैं, लोक की अनमोल सम्पत्ति हैं, जन-जन की बेजोड़ थाती हैं, कबहूँ न छीजिबे वारे रस के निर्झर हैं। वे जन-भावनान के छलकते भए ऐसे कुल्लड़ हैं जिनके होठन पै उतरते ही जन-मन-मयूर मदमातौ हैकैं समवेत स्वरन में गाइ उठै है, सब सुधि-बुधि भूलिकैं नांचिबे लगि जाय।

लोकगीतन कूँ लोकजीवन के मंत्र कह्यौ गयौ है। लोकगीतन में संवेदनशीलता के संग-संग वेद-मंत्रन कौ सौ मन्दौ-मन्दौ सम्मोहन होइ जो अपनी सरल लय-गति सौं मन-मस्तक पै छाइबे लगै है। विनकी गेयता में शब्दन की ठौर स्वर, लय, ध्वनि, स्पन्दन, उतार-चढ़ाव अरु मूल लोकगीतन कौ मन्द, मध्दम लय-विधान याकौ प्रमान है। लोकगीतन में साहित्य,संगीत, कलात्मक सुन्दरता; जो कछू ढूँढौगे, सोई पाऔगे।

लोक-जीवन कूँ उल्लास, आनन्द अरु उत्साह वहौत भावै है। लोकगीत इनही भावन सौं ओतप्रोत होंय। लोकगीतन सौं दुख हलकौ है जाय, सुख दूनौ वढ़ि जाय अरु मेहनत की थकान महसूस ही नाँय होय। या कारन लोक-जीवन सौं लोकगीतन कूँ निकासि दियौ जाय तौ जीवन सूनौ-सूनौ रह जायगौ, निरर्थक अरु वेकार लगिवे लगैगौ।

जिन दिनान में आजु जैसै नाना प्रकार के खेलकूद अरु मनोरंजन के आधुनिक वैज्ञानिक साधन नाँय हते। विन दिनान में मेले-ठेले, कुश्ती-दंगल अरु लोकगीत-संगीत सम्मेलन के आयोजन ही मन वहलाइवे के उत्तम माध्यम हे। वसंत रितु, होरी,दिवारी अरु न्यारे-न्यारे त्यौहारन के, उच्छवन के औसरन पै इनकौ आयोजन होयौ करतौ। लोकगीत सम्मेलन इन आयोजन कौ सिरमौर रहतौ। आजहू लोकगीत ख्याल, दंगल, रसिया सम्मेलन, भजन-जिकड़ी, फूलडोल, आल्हा, ढोला-राँझा गायकी,

नौटंकी खेल आदि के आयोजन देखिबे-सुनिबे कूँ मिल जाँय हैं। इन आयोजनन में ढोलक, सारंगी, बाँसुरी, इकतारा, चिकाड़ा, खरताल, डंडा, नगाड़े आदि साज-बाजन पै लोकगायक लोकगीतकार अपनी उत्तमोत्तम रचनान कौ हिलमिलकैं गायन करैं हैं, नाचकूद सौं अपनी कला कुसलता में निखार लावैं हैं। इन औसरन पै इकठौरौ जनसमूह लोकगीतकार के सुमधुर स्वरन सौं आनन्द विभोर है-है जाइ। लोककवि की कही भई कहन घर-घर माँहि गहराई लौं घर करि जायौ करै है। तबई तौ लोक साहित्य के न्यारे-न्यारे रूपन में लोकगीतन कौ सबसौं ऊँचौ स्थान है।

आनंद सौं उमंगित है कैं गुनगुनाइबौ अरु गाइबौ मानव कौ सहज स्वभाव है। यासौं जाहिर होइ कै लोकगीत उतने ही प्राचीन हैं, जितनी मनुष्य जाति। या कारन लोक-मानस सुदूर अतीत माँहि जब-जब आनंदित, उल्लसित, उमंगित अरु हिलोरित भयौ होइगौ, तब-तब वाके हिरदे के लयबद्ध स्वर अनायास मुखरित भये होंइगे अरु बिन्नैं लोकगीतन कौ रूप धारन कियौ होइगौ। तबई तौ लोकगीतन माँहि लोक की युग-युगीन पावन वाणी की साधना समाहित रही है। बिनमें लोकरुचि, लोकरीति अरु लोकनीति की त्रिवेनी कौ अनूठौ संगम हू देखिबे कूँ मिलै है।

लोकगीतन माँहि देस की सभ्यता के विकास की, वाके जीवन की गतिविधीन की अरु सांस्कृतिक धरातल के न्यारे-न्यारे स्तरन की मनोरम झांकी मिलै है। लोकगीत अपने युग के लोक-सत्य कौ सूधौ-सच्चौ उद्घाटन करैं हैं। लोकगीतन सौं युगीन जातीय जीवन के सच्चे सुख-चैन की झलक मिलै है, हिरदे की चुभन अरु कसक कौ पतौ चलै हैं। लोकगीतन माँहि लोक-मनोविज्ञान के अध्ययन कौ बहौत सौ माल-मसालौ भर्यौ पर्यौ है।

पच्छिमी देसन के विद्वानन्नें भारत कूँ लोकगीतन कौ देस बतायौ है। फिर ब्रज कौ तौ कहनौं ही कहा! जहाँ 'डार-डार अरु पात-पात पै राधे-राधे होइ' है। यौं तौ संसार की सिगरी भाषा-बोलीन माँहि लोकगीतन की अटूट परम्परा रही है परि ब्रजभाषा सी मिठलौनी और कोऊ भाषा नाँय। जिही कारन है कै ब्रज लोकगीतन कौ अमिट प्रभाव सिगरे देस पै, सब भाषा-बोलीन पै पर्यौ है।

ब्रज लोकगीतन के स्वरन सौं वातावरन इतनौ सुन्दर, सुमधुर अरु सरस है जाय कै कछू कही नांय जाय सकै। ब्रज-लोकगीतन कौ क्षेत्र इतनौ व्यापक है कै बिनसौं कोऊ महत्वपूर्न विषय अछूतौ नांहि रह्यौ। इन गीतन के महासागर माँहि गोता लागइबे पै नाना प्रकार के रत्नन की प्राप्ति होइ है। ब्रज लोकगीत सुख-दुख, हास-परिहास-रुदन, हर्ष-विषाद, आसा-निरासा, उत्थान-पतन, इच्छा-अनिच्छा, संजोग-वियोग, राग-विराग अरु मनन-चिन्तन के ताने-बानेन सौं बुने भये स्वरमय वितान हैं। बिनकी बनावट-बुनावट, रचना-कौशल अरु शिल्प-विधान सब कछू 'सहज' हौंते भये हू कलात्मक है। इतने पै हू ब्रज लोकगीतन पै कला सवारी नाँय तानि सकी। जौ कवीसुरन की कृपा सौं कहूँ लोकगीतन पै कला सवार है गई तौ लोकगीतन में लोकगीतपन हो नहीं रहैगो, अकेली कला के ही दर्सन ह्वैबे लगिंगे जैसौ हाल-बेहाल हमारे पक्के संगीत कौ हौंतौ जाइ रह्यौ है। कोकि न-कंठी कामिनीन के स्वर-माधुर्य में मिलिकैं लोकगीत तौ पहलैं ई संगीत के सर्वोत्तम सरूप हैं, फिरि बिनपै कला थोपिबे कौ उपक्रम नहीं हौनौ चहिए।

ब्रज लोकगीतन की विविधता अरु बहुलता कौ कछू ठिकानौं नाँय। लोक-जीवन कौ ऐसौ कोऊ पहलू नाँय जो ब्रज-लोकगीतन की परिधि में न आयौ होइ। हाँ, इतनौ जरूर है कै ब्रज लोकजीवन की समग्र झाँकी करिबे वारेन कूँ ब्रजभाषा के संगमरमरी घाट पै पहौंचिकैं लोकगीतन के स्वर-सागर में गहरे गोता लगामने परिंगे। ब्रजवासी तौ ऐसे औसरन की बाट देखतेई रहैं हैं जब वे उच्छवन पै, पर्वन पै, अनुष्ठानन पै लोकगीतन के माध्यम सौं अपने सहज संगीत कौ परिचै दै सकैं। साँची पूछौ तौ सरस, सरल, मधुर अरु सहज-स्वाभाविक लोकगीत ब्रजभाषा अरु ब्रजवासीन की अनमोल निधि हैं।

ब्रज लोकगीत जीवन के सिगरे उच्छवन में, कामन में, धामन में अरु हरेक बात में इतेक घुरिमिलि गये हैं कै लोकगीतन के बिना ब्रज में कोऊ काम खूबी सौं हैई नाँय सकै। परम्परा सौं चले आये पुराने ब्रज लोकगीतन की बेलि बढ़ती ही जाइ रही है। परिवार अरु पारिवारिक भाव-सम्बन्धन सौं ब्रज लोकगीतन कौ तानौं-बानौं निरन्तर बुन्यौ जाइ रह्यौ है। अबहू नित नये लोकगीतन कौ सृजन सहज भाव सौं है रह्यौ है। याके तांई साधुवाद है हमारी मैया-बहनान कूँ,बहू-बेटीन कूँ जिन्नें लोकगीतन के माध्यम सौं हमारी सभ्यता अरु संस्कृति के पुराने मान-मूल्यन कूँ अपने कल-कंठन माँहि चिर-संचित राख्यौ है। विन्नें ही लोकगीतन कूँ एक पीढ़ी सौं दूजी पीढ़ी लौं पहौंचायौ है।

या प्रसंग में एक विपरीतता की ओर हमें ध्यान जरूर दैनौं परैगौ। पच्छिमी प्रचार-माध्यमन सौं आये पछुवा हवा के अन्धड़ सौं हमारे सूधे-साँचे भाव, हमारे लोकगीतन कौ कच्चौ माल तेजी सौं छीजतौ जाइ रह्यौ है। विदेसीपन के लदान अरु सनेमा-टी. वी.-जी.टी.वी.-स्टार टी. वी. अरु जानैं काहे-काहे के उल्टे असरन सौं हमारे लोकमानस के सहज-सनातन-समवेत भावना कौ सागर सिमटतौ जाइ रह्यौ है। आजकाल की नई नवेली बहून कूँ अरु छोरी-छापरीन कूँ बूढ़ी-बड़ीन के परम्परागत संस्कारगीत नांइ सुहामें अरु वे दूरि हटिकैं नई तर्जन के नये गीत गढ़ि कैं अपने फूहड़ आधुनिकता-प्रेम कौ परिचै दैवे लगी हैं।

हमारे लोकगीतन की सबसौं ज्यादा रेढ़ पीटिवे कौ काम करि रहे हैं सनेमा के वेतनभोगी कलाकार, जो लोकगीतन के नाम पै स्टूडियोन में कटी-छटी बानी की अपनी 'मिठास' कौ मोल माँगैं हैं, लोकगीतन की धुनन में विकार पैदा करैं हैं। सनेमा के सितारेन के अरु तारिकान के बनावटी प्रेम अरु प्रत्यारोपित 'दिल' सौं लोकजीवन की सच्चाई कैसैं प्रगट है सकै है?

जिही कारन है कै सनेमा के तथाकथित लोकगीत चाहैं कछू दिनान कूँ झूँठी लोकप्रियता भलैंई पाइलैं, वे हमारे लोकगीतन की पटतरि पै कबहू नांइ पहौंचि सकैं। बिनमें लोक-मानस की साँची झलक थोरेई मिलै है। हमें सावधान रहनौं चाहिए कै ये देसी-विदेसी विपरीत प्रभाव हमारे लोकगीतन के निर्मल निर्झरन कूँ कहूँ सुखाइ नहीं डारैं।

जैसैं लोकगीत जनमानस के प्रतिबिम्ब होंइ, वैसैं ही लोकगीतकार आम जनता के सच्चे प्रतिनिधि। लोकगीतन की विसेसतान कूँ अपनाइबे वारे रचनाकार जन-मन के पारखी कौ हू काम करैं

हैं। विनपै लोकहित कौ यहौत कछू दायित्व निर्भर रहै है। लोक की समसामयिक समस्यान कूँ सुरझाइवे के ताँई वे जन-जन कूँ जगाइवे कौ जतन करैं हैं। जो लोकगीतकार जादा सौं जादा जनता के हियें कौ हार वनि सकैं वुही साँचौ लोककवि अरु लोकगीतकार कह्यौ जाइ सकै है। लोकगीतकारन के रचे लोकगीतन कौ तानौ-वानौ काहू न काहू परम्परागत परिपाटी पै आधारित होइ। लोकगीतकार की लोकप्रियता अरु सफलता कौ सवसौं वड़ौ सवूत जिही है कै जहाँ कहूँ लोकगीतकार लोककवि पहौंचि जाय वहाँ वाके मनभावने लोकगीतन कूँ सुनिवे के ताँई मेलौ सौ लगि जाय।

जन-जीवन कूँ प्रभावित करिवे वारी परिस्थितीन के अनुसार लोकगीतन की रचना चिरकाल सौं होंती रही है। जव जन-जीवन के उतार चढ़ाव लोकगीतकार के हिरदे कूँ स्पंदित करदें तव वाकौ हिरदै भावोद्रेक सौं उद्वेलित है कैं स्वानुभूतीन कूँ शव्दन माँहि गूँथिकैं गाइ उठै अरु या तरियाँ एक नये लोकगीत कौ जनम है जाय। समसामयिक घटना एक-एक करिकैं नित नये लोकगीतन कौ रूप धारिकैं जन-जन में व्याप्त होंती रहैं। या प्रकार सौं ज्ञात रचनाकारन के लोकगीतन कूँ विकसनशील लोकगीतन की गिनती में लियौ जाइ सकै है। इन लोकगीतन में हू लोकमानस की सहज अभिव्यक्ति के अलावा न कोऊ वनावट लखाई परै, न विसेस सजावट।

गांम-गांम में ऐसे लोकगीतन के स्वनामधन्य गायक पासी, डूम, भाट, राय, चारण, जोगी, भोपा, भगत, वनजारे आदि प्रसिद्ध रहे हैं। ये समसामयिक लोकगीतन के रचनाकार माने जाँय अरु समै-समै पै न्यारी-न्यारी विधान के नये लोक साहित्य कौ सृजन करत रहैं हैं। घाघ, भड्डरी, ईसुरी, पतोला, शिवराम, इन्दरमल, चिरंजीलाल, नथाराम, घासीराम, पातीराम, खिच्चू आटेवारौ, मटोलसिंह दुलैया, कोमल सिंह आदि व्रज के ऐसे जाने-माने लोककवि भए हैं जिन्नें श्रेष्ठ लोकसाहित्य अरु उत्तमोतम लोकगीतन की रचना करी है।

'व्रज वांसुरी' माँहि व्रज लोकगीतन सौं सम्वंधित शोध परक अरु समीक्षात्मक लेखन के अलावा कछू परम्परित लोकगीतन की वानिगी के संग-संग आजु के लोकगीतकारन के रचे भये नये चल्ला के लोकगीत हू दिए जाइ रहे हैं। व्रज के इन नये लोकगीतकारन की मेधा लोकमानस सौं पूरी तरियाँ जुरी भई है। ये लोककवि लोकमानस की संवेदनान कूँ व्रजभाषा में वड़ी मनोरमता अरु ईमानदारी सौं व्यक्त करि रहे हैं। इन नये लोकगीतन में जन-मन कौ सहज-स्वाभाविक चित्र खैंच्यौ गयौ है। साँचौ पूछौ तौ इन लोकगीतन में हमारे समै की झंकार है, व्यक्ति की पुकार है, समाज सुधार की गुहार है अरु धर्म की मनुहार है। इनसौं पतौ चलै है कै लोकमानस की अनुभूति-चाहै सुख की होइ या दुख की, सदा उन्मुक्त रहै है। वामें मर्यादा कूँ कोऊ ठौर-ठिकानौ नाँइ होइ। ऐसी सूरत में इन नये लोकगीतन में मानुस-मन की सिगरी रागात्मक प्रवृत्तीन कौ खुलिकैं वर्नन भयौ है।

इन लोकगीतन कौ संगीत परम्परागत परिपाटी पै आश्रित है। लोकगीतकारन्नैं इन गीतन की रचना काहू न काहू तान या लय के आधार पै करी है। लयबद्धता इन गीतन की प्रमुख विशेषता है। इनमें न्यारी-न्यारी धुन हैं, अलग-अलग राग हैं। शैली के अटपटेपन के कारन हरेक लोकगीत अपनी विसेस पहचान बनाइवे वारौ है। नये चल्ला के इन लोकगीतन में अनेकन लोकछंद देखे जाइ सकैं हैं, जैसैं-मल्हार, लाँगुरिया, सपरी, होरी, रसिया, आल्हा, भजन आदि।

लोकगीतन कौ क्षेत्र बड़ौ व्यापक रह्यौ है। या ग्रंथ में हू भक्ति, नीति, सिंगार, हास-परिहास, वीर विषयक लोकगीतन के अलावा श्रीकृष्ण की विविध लीलान सौं लैकैं साक्षरता महिमा, पर्यावरण-सुधार अरु संरक्षण, परिवार-नियोजन; बाल विवाह, दहेजप्रथा, सट्टा,लाटरी, फैसनपरस्ती कौ विरोध, देसप्रेम, स्वदेसी में आस्था, श्रम की महत्ता, नसाबन्दी, नारी-जागृति, भ्रष्टाचार, घूसखोरी, चोरबजारी, उग्रवाद, आतंकवाद, राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सद्भाव आदि विषयन के लोकगीत हैं।

लोकगीतकारन के ये लोकगीत जन-मानस कूँ प्रभावित करिवे की पूरी छमता राखैं हैं। साँची पूछौ तौ लोककवि की एक चुटकी जनता के पत्थर दिल कूँ हू पिघलाइ सकै है। हमारी आजादी की लड़ाई में देसभक्तन कूँ अपनौ सर्वस्व निछावर करिवे की प्रेरना लोककविन के रचे लोकगीतन सौं खूब मिली। आजादी मिले पाछैं हू राष्ट्र निर्माण में लोकगीतन्नैं अच्छौ सहारौ लगायौ।

आजु के हमारे राष्ट्रीय सरोकारन के ताँई जनरुचि जगाइवे की दिसा में लोकगीत वहौत सहायक है सकैं हैं। देस में चलि रहे सम्पूर्ण साक्षरता अभियान के काजैं वातावरण बनाइवे में लोकगीत सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाइ रहे हैं। नये-नये गीतन के कैसिट ठौर-ठौर बजते सुनाई देंय। लोककविन के रचे इन लोकगीतन कूँ लोकमानस अपनाइवे लग्यौ है। विना पढ़ौ लिखौ समाज इन गीतन कूँ बड़े चाव सौं सुनै है। यासौं प्रतीत होइ कै ये लोकगीत चिरजीवी हुंगे अरु परम्परित लोकगीतन की हर कसौटी पै खरे उतरिंगे।

या ग्रंथ के सम्पादन में ब्रज लोकसाहित्य अरु ब्रज लोकमंच के जाने माने सेवक श्री ब्रजेश कुलश्रेष्ठ अरु ब्रजभाषा अकादमी सचिव श्री गोपाल प्रसाद मुद्गल नैं जो सहयोग दियौ है वाके ताँई विनकूँ अरु लोकगीतन के सम्बन्ध में आलेख भेजिवे वारे लेखकन कूँ, लोकगीत संकलित करकैं भेजिवे वारे विद्वानन कूँ अरु स्वरचित लोकगीत भेजिवे वारे लोकगीतकारन कूँ अकादमी की ओर सौं वहौत-वहौत आभार, वार वार नमन।

- मोहनलाल मधुकर

लोकगीतन कौ स्वरूप अरु महत्व

-प्रो. गेंदालाल शर्मा

लोक साहित्य कौ अभिप्राय जनवादी जीवनव्यापी दृष्टि सौं है । ग्रामीण जनता, आधुनिकता सौं अनभिज्ञ वन प्रान्तन में रहबे वारी आदिम जंगली जातिन अरु आदिवासी समुदाय मिलकैं लोक कौ निर्माण करैं हैं । लोक की जीवन पद्धति, उत्सव, पर्व,तीज-त्यौहार,वेशभूषा, नृत्य-संगीत अरु कला-कौशल हमारी विरासत तौ हैं ही,जे हमारी सहजीवी अरु रुहानी विश्राम-सरिता के प्रबल प्रवाहक हैं । आधुनिकता की भौतिकतावादी प्रवृति की आँधी नैं जा लोकगीत-प्रसूत जनमानसी गंगा-धारा कूं मलिन अरु मन्द करि दियौ है । फिर ऊ आज हमारे समाज में धर्म, जीवन-दर्शन, साहित्य अर कला के जो आदर्श अर मूल्य जीवित बचे हैं ये जा लोकगीतन की सांस्कृतिक धारा की दैन हैं ।

जि सत्य है कि भारत की आत्मा गाँमन में बसै है अरु जि लोक-आत्मा हमारी सहज प्राकृतिक जीवन धारा कौ निर्मल दर्पण प्रवाह है । जासौं हमारौ छोटौपन दूरि होय है । सामाजिक दायरे कौ विकास-सेतु है । परम्परा अर प्रथा जीवित रहैं हैं । आधुनिकता की विलासी जीवन पद्धति सौं प्रभावित ह्वै कैऊ लोकगीतन नैं युग युगनगौं शिथिल इन आदर्श अरु अनुभवन कौं अपने में संजोये रखौ है। लोकगीत हमारे ज्ञान अरु विज्ञान, निर्देस-उपदेस, आचार-विचार, नैतिक धार्मिक विश्वास, सामाजिक ऐतिहासिक विकास अर सांस्कृतिक दार्शनिक सिद्धांतन की अमूल्य निधि हैं । इनकी विशालता अरु गम्भीरता आज तक विद्वानन के चिंतन अरु खोज के विसै बने भये हैं। जिज्ञासु गोताखोरन कौं चिरकाल सौं संचित जा लोकगीत सागर में घुसवे पै विविध ज्ञानरतन की प्राप्ति होय है। मानव विकास की रहस्यमय पहेली अर वाके विविध स्तर की प्राचीनतम जानकारी की सबसौं अधिक प्रमाण लोकगीत ही हैं ।

जब-जब इतिहास मूक भयौ है । शिलालेख अरु ताम्रपत्र धूमिल ह्वै गये हैं । कवि की प्रतिभा कुंठित ह्वै गई है, उत्साह फीकौ परि गयौ है। सिच्छा कौ प्रभाव क्षीण ह्वै गयौ है अरु साहित्य की धारा सूखवे लगी है। तब-तब हमें लोकगीत-मानस-गंगा के अमृत-तत्वन सौं निकसौ नवीन ज्ञान दृष्टि अरु जीवन शक्ति की प्राप्ति भई है ।

संगीत अर कला जब-जब जीवन सौं कटिकैं राजमहलन अरु राज दरबारन में कैद भई है, तब-तब लोकगीत धारा कौ जि स्रोत ग्रामीण अंचलन में ग्राम वधूटिन अरु युवान के कलकण्ठ सौं मुखरित भयौ है । कला कौ, साहित्य कौ सरस्वती मीरा के घुंघरुन के स्वर में निनादित भई है । ग्राम निवासिन की दीवारन पै चित्रित भई है । अनेक वाद्यन में बजी है । अनगिनत गीतन में गूंजी है । लोकगीत प्राचीन काल सौं ही हमारे उल्लास अर आनंद कौ माध्यम बने भये हैं । ''सर्वदा सर्वभावेन भजनीयो व्रजाधिप:'' की पावन भावनान सौं अनुप्राणित, सामाजिकता सौं सुपरिचित, संगीत की सरगम सौं निर्मित लोकगीत हमारी अस्मिता की सच्ची पहचान हैं, जो हमें सदा सौं आस्थापूर्ण कर्मरत जीवन की शिक्षा दै रहे हैं । हमारौ लोक जीवन जिनमें

सरल,स्वाभाविक अरु सजीव है वैसौ ही हमारे लोकगीतन कौ स्वरूप है, जिनकौ "सबजन हिताय सबजन सुखाय" मूल मन्त्र है । आचरण कूँ यहाँ प्रमुखता दयी गई है ।

आज सामाजिक उत्थान के लए, भावात्मक जीवन दृष्टि के विकास के लए लोकगीतन की प्रासंगिकता अरु उपयोगिता सबसौं अधिक है । जे हमारे समाज, संस्कृति अरु आस्था के संरक्षक किसान मजदूर अरु कलाकारन द्वारा अभिसिंचित हैं। आज पोषित मानवीय मूल्य, श्रद्धा, सहिष्णुता, प्रकृति प्रेम ,अनेकता माँहि एकता कौ भाव इन गीतन सौं ही अधिक विकसित है सकै है । भेदभाव अरु जाति विसमता कूं समाप्त करबे में जे लोकगीत अधिक उपयोगी हैं । एक ओर इनसौं हमारौ लोकानुरंजन होय है, दूसरी ओर लोकसासन अरु लोक शिक्षण कौ उद्देश्य ऊ पूरौ होय है । लोकगीतन की सदासयता अरु आत्मीयता हमकूँ सक्ति अरु सार्थकता प्रदान करै है । आज के युगधर्म की जि महती आवस्यकता है कै हम अपनी गतिसील परम्परान कौ अभ्यास करैं । विनके अनुसार अपने आचार-विचार पोषित करैं अरु समानता, सहअस्तित्व समर्थक लोकगीतन की चिंतन धारा पै आधारित सुखद भविष्य कौ निर्माण करैं ।

या कथन कौ अभिप्राय जि कदापि नाँहिं कै हम आधुनिकता कूँ नकारि दैं, नवीन साधनन की अवहेलना करैं, वैज्ञानिक मूल्यन कूँ अस्वीकार करि दैं । किन्तु हमारौ उद्देश्य जि है कै जिन लोकगीतन में जो सार्थक अरु उपयोगी हैं उनकौ अपने आन्तरिक जीवन के संग समन्वय करैं, देस अरु समय के अनुरूप विनकौ विकास करैं ।

आज इन लोकगीतन के संचयन,सम्पोषण अरु संवर्धन की महती आवश्यकता है, जिनसौं हमारे उच्च आदर्स अरु मानवीय मूल्य निकसित है सकिंगे ।

-सोमांचल,मैरिस रोड ,
अलीगढ़ (उ.प्र.)२०२००१

सहस्रन बरसन के अनुभवन सौं संचित लोकगीत हमारे
जीवन-महासागर की अनमोल रत्न-रासि हैं।

-प्रो. गैंदालाल शर्मा

संस्कृति कूँ लोकगीतन की देंन

-डा. रामकृष्ण शर्मा

संस्कृति जीवन रूपी तरुवर कौ फल है जासौं जीवन की सार्थकता सिद्ध होय । बिना फल के विटप कौ कहा कोऊ महत्व है? ना तौ बाकी आगें बंस चलि सकै,ना वासौं कोऊ ब्यौसाय सकै । याई तरियाँ सौं बु मनुज कछू मतलब कौ नाँय होय,जो अपने पुरखान की विरासत कूं सहेजकें नाँय रखि सकै अरु आगे की पीढ़ीन कूं कछू बहुमूल्य हस्तान्तरित नाँय करि सकै । जो पसू की नाँई खाइबे कूं जीवै बु मनुज की स्रेनी में नाँय आवै । मनुज तौ बु कह्यौ जाय जो पुरानी पीढ़ी की थाती कूं सँवारिकें वामें चारि चाँद लगायकें,अगली पीढ़ी कूं सौंपिकें सिरजनहारन में अपनौऊ नाम लिखाय जाय । या लैन-दैन कूं संस्कृति कहें । ई मनुज कूं पसू सौं अलग करिकें रचनासील बनावै। मनुज की ई सिरजनकारी प्रवृत्ति ही वाकी प्रगति अरु वाके विकास के मूल में दीखै है । याही के परताप सौं पसू सम जंगली जीवन सौं ऊपर उठिकैं मनुजाई आज की विकसित दसा तानूं पहुँची है । ई सबरौ वैभव जो दुनियाँ में दीख रह्यौ है सब संस्कृति की ही दैन है ।

संस्कृति मनुज सौं रचित जीवन की एक कृत्रिम व्यवस्था है । जासौं नैसर्गिक वृत्तीन कूं संस्कारवान बनायौ जाय। संस्कार कौ मतलब सफाई करिकें ऊँचौ उठाइबे ते है । नैसर्गिक वृत्ति तौ सहज होंय। वे अनायास क्रियावान रह्यौ करैं । जिनसौं जरूरतन की पूर्ति कौ सीधौ सम्बन्ध होवै है । पर जिनमें उचित-अनुचित, करनीय-अकरनीय, सही-गलत कौ विवेक-बंधन नाँय होय । ऐसी अनायास अरु सहज क्रियान कूं विवेकसम्मत अरु करनीय बनायबे कौ सायास प्रयास ही संस्कार कह्यौ जाय । याही सौं संस्कृति सब्द व्युत्पन्न भयौ है । संस्कृति कौ रचना विधान कोऊ आकस्मिक किंवा सहसा घटित कारज नाँय होय, वरन एक दीर्घकालीन परम्परा होय, जाके आदि अरु अन्त के बारे में कछू कह्यौ नाँय जाय सकै ।

मनुज जीवन की विकासवादी व्याख्या ते इतेकई आभास होवै है कै सिस्ट की जंगली अवस्था सौं दुखन की मात्रा कूं कम करिबे की कोसिसन की परिनति ही विकास की नाना अवस्थान कूं पार करती भई संस्कृति कहाई है । नाना भाँति की धार्मिक साधना, कलात्मक प्रयास, सेवा परायनता, भक्तिभाव अरु जोग मूलक करम अरु भावनान सौं मनुज नें जा महान सोंध कूं अवगत कर्यौ है बु ई संस्कृति है । ई उपलब्धि इतेक व्यापक बनि गई है कै वर्तमान समै तानूं आंते-आंते ई कह्यौ जाय सकै कै जो कछू हम हैं बु ई हमारी संस्कृति है अरु जो कछू हमारे पास है बु ई हमारी सम्पदा है ।

अब तानूं देस विदेस के चतुर जनन नें जा क्षेत्र माँहि भारी खोज करी है। इतिहास सौं पहले कैऊ प्रमान खोजे हैं अरु इतिहास कूं तौ खूबई छानि मार्यौ है। इन प्रागैतिहासिक अरु ऐतिहासिक प्रमानन के आधार पै हमारी संस्कृति दुनियाँ की सबसौं पुरानी संस्कृति सिद्ध है गई है। याकी पृष्ठभूमि कूं देखिबे कौ एकई आधार मनोवैज्ञानिक हमारे सौंमई रह गयौ है ।

याकी इतेक भारी पुरातनता और सबई आधारन कूँ अतीत के कुहरे माँहि डारि चुकी है । मानव मनोविज्ञान के छेत्र माँहि विहंगम दृस्टि सौं निहारिबे तो ई साफ पतौ परै कै संस्कृति कौ उद्गम लोकजीवन की दुःख सुख मयी विविध अनुभूतिन सौं है । निसर्ग अरु नियति के निर्मम चक्र नें मनुज की सदाँ उपेच्छा करी है । परि मानवीय जिजीविसा नें कबहूँ हार नाँय मानीं । जैसें जैसें जीवन की विसमता बढ़ी हैं, बाई क्रम सौं मनुज नें बिनके बिकल्प के रूप में आनन्द, उल्लास अरु अभिव्यक्ति के विविध रूपन की खोज करि लई है । यू कबहूँ तौ मनुआ के बोझ कूँ हल्कौ करिबे के तांई दया द्रवित ह्वैकें गीतन की लय में रोयौ है तौ कबहूँ उल्लास की अभिव्यक्ति नाच अरु रस भरे थिरकते गूँजते गीतन में भई है :

1. मेरौ मनुआँ रोबै झार झार मेरे बलम गये परदेस जी
   गिर्‌यौ उड़ीना कागा बोल्यौ आऔ बलम निज देस जी

2. पिया रँगीले निज घर आये जिनकी जोहति बाटजी
   घर घूम्यौ छप्पर हँस्यौ मोरी खेलन लागी खाट जी

ऐसी अनगिन रागात्मक अभिव्यक्ति लोकगीतन माँहि भरी परी हैं । इनमें जीवन कौ सागर हिलोर लैंतौ दिखाई देबै है :

1. उड़ी पारि मेरौ लटुआ भीजै,पड़ी पारि मेरौ हार जी
   भर्‌यौ समन्दर चुनरी भीजै,है कोउ काढ़न हार जी
   काढ़ैगौ मेरौ बीर प्यारौ जिनें दई परदेस जी
   नौवा रे तू घर के कौवा काहे दई परदेस जी
   काह करूँ जिजमान की बेटी करम लिखे परदेस जी
   पाती होय बाय बाँचि लऊँ मोपै करम न बाँचे जाँय जी

2. अर रर नग कौ सौ नगीना गोरी धन बलमा ते बतराय रई है
   जो चुलना जोर कर्‌यौ घर धसकै नये नये रूप दिखाइ रई है

ये अनुभूतियाँ मूल रूप सौं तौ व्यक्तिपरक हैं । परि इनकौ रूप समाज में समस्टिपरक बनतौ चल्यौ गयौ है । एकाकी अभिव्यक्ति धीरें धीरें सामूहिक रूप लैंती चली गई हैं । इनके संग नाच कूद जुरते चले गए हैं । जिन्दगी के दुःख भरे थपेड़े जैसें-जैसें आदमी कूँ सताते गये हैं बाई गति सौं लोकगीतन नें बाकूँ भौत बल दीनौ है । गायकें नाचिकें आदिमी नें अपनी पीर दोही है । ये लोकगीत अरु नाचकूद, तीज-त्यौहार ,मेले ठेले नईं हौंते तौ आदमी पागल ह्वैकें कबहूँ कौ सिधार जांतौ । लोकगीतन सौं सजी सँवरी संस्कृति की काहू धरोहर अरु काहू अपनी सूझबूझ सौं बाकी बढ़ोतरी सौं इतेक बल मिलतौ गयौ है कै मानव प्रकृति के अत्याचारन कूँ अरु नियति के थपेड़ेन कूँ सींग बतायकें बढ़तौ रह्यौ है ।

लोक साहित्य विविध अनगढ़ विधान में उद्वेलित भयौ है । परि लोक साहित्य कौ प्रान तत्व लोकगीतन में ई बसै है । ये लोकगीत मानव मन की गहरी सौं गहरी थाह लैबे बारे होंय । बिसेस रूप सौं नर नारी के सम्बन्ध जो सृस्टि के मूल हैं , बे जितेक बारीकी सौं लोकगीतन में अभिव्यक्त भये हैं बैसे और काहू नाँय । नारी के उर कौ तौ सपूरौ चित्र खुलि जाय । इनमें नारी के मनुआ की अभिव्यक्ति देखौ :

1. सिर के दरद की दवाई लाई
   घर में सास हौरै घर में सुसर हौरै

सेजा सैयाँ भी लरै मेरी कदर नईं
पीहर पास नईं जामें खबरि करूं
छोटौ बीरन भी नईं जासौं रोय कें मिलूं

2. मेरी सास लरै दिन राति अट्टे पै चढ़ि चढ़ि कें
रोऊँ तौ दूखें आँखि लरूं तौ सिर धमकै
कुआ में झाँकूं जान चूनर मोरी चमकै
जिठानी लरै दिन राति अट्टे पै चढ़ि चढ़िकें
रोऊँ तौ दूखें आँखि लरूं तौ सिर धमकै

लोकगीतन माँहि नर-नारिन के हास-परिहास ,व्यंग-विनोद, अनुहार-मनुहार अर सिंगार भरे नेह-निवेदन, विरही उर की वेदना ,आहें ,आँसू ये सबई मनुज जीवन कूं पसु जीवन सौं अलग करिकें याय संस्कृति कौ इमरतपान करामें हैं ।ये लोकगीत मनुआँ के सबरे मैलमाँकर कूं निकारिकें निरमल करि दें । ये नांय होंते तौ आदमी मतवारौ हैकें पसू सौं ऊ बदतर जानें कहा करि डारतौ । जा विज्ञान की चकाचौंध के जमाने में जब मानुस जंत्रवत नेहहीन होतौ जाय रह्यौ है, चलचित्र , रेडियो अरु दूरदर्सन में जब बाकूं करमहीन साझीदारी सौं दूरि निस्क्रिय दरसक बनाय दीनों है तो जाकौ परिनाम देख लेऔ । आदमी कितेक तनाव में जी रह्यौ है, हृदय रोग कितेक बढ़ि गयौ है, परिवार कौ जीवन कितेक रसहीन है गयौ है । पति-पत्नी के बीच जो मीठे आनन्द सौं पूरित संबंध रह्यौ करते बिनको जगै अब कैसो कटुता पैदा है गई है ।ई संस्कृतिहीनता कौ परिनाम है जासौं जीवन की विकृति बढ़ती ही जाय रही है । आज हू जिन समाजन में लोकगीत गवें, नर-नारी नाचें-कूदें अरु मेले ठेलेन में जाँय, तीज त्यौहार मनावें म्हाँ जीवन की सरसता बची भई है, म्हाँ संस्कृति कौ तरवर अबई ताँनूं फलि-फूलि रह्यौ है । देखौ एक बानगी:

गोरी धन देख देख मन मलकै
मुख पै जोबन कौ रस झलकै
इमरत टपकै जोधा लपकै
तारे टूटि गये महलन के लडुआ फूटि रहे तन मन के

लोकगीतन कौ वर्गीकरण करिकें देखें तौ हाल पतौ लगि जाय कै जीवन कौ कोऊ भाग ऐसौ नाँय जाकौ चित्रन इनमें नाँय अरु जामें इमरत सरीखी सरसता जिननें नाँद घोरी ।बचपन कौ भोरौ भारौ रूप,किसोर अवस्था की निस्चिंतता अर ताजगी, जोबन कौ प्यार,सनेह कौ मिठास,प्रौढ़ता कौ अनुभव, बुढ़ापे की वेदना ये सबई लोकगीतन माँहि भरे परे हैं । बचपन कूं पुचकारिबे बारी लोरी देखौ:

सोय जा सोनवा लाल लड़ैते मैया गोद सुवावैगी
अमवा की डार पलनों लटकै सोनवारी धरकावैगी

भैन अपने बीरन कूं कितेक चाहै याकौ हिसाब लोकगीतन में ई मिल सकै :

अरी मैं चन्द्रलोक है अई भैया मों चाँद नाँय पई
भैया अरवौ रे रथ को झनकार
राज किरौरी मेरौ भईया

देवर-भाभी के रस सौं पूरित उमंग सौं भरे कैसे-कैसे लोकगीत भरे परे हैं, जिनमें जोबन की मस्ती की अनन्य अनुगंध लहरायौ करै । भाभी अपने देवर कूं बगल में लिएबे कौ न्यौतौ देय, देवर अपनी विवसता बतावै, भाभी वाकूं हिम्मत दिवावै

जा रस रंग राज भरे सांस्कृतिक जीवन कौ रस आज सूखतौ जाय रह्यौ है:-

यागन अइयौ रे लाला, यागन नारि अकेली
मैं कैसे आऊँ रे भाभी सयई जगत मेरौ यैरी
मरन न दऊँगी रे लाला संग सती है जाऊँगी
ऐसी लै चलि रे लाला दिन ऊगे या पुर में

लोकगीतन मांहि वुढ़ापे कौ कैसौ करुन चित्तर उभर्यौ है:-

यालपना सय खेल गँवायौ,
जुवा भयौ तौ होस न आयौ
वृद्ध भयौ रोय-रोय पछतायौ
चुगिगई खेत चिरैया रे ।
ना कोऊ भैंन न भैया रे ।।

इन गीतन कूँ गायकें मनुआँ कौ दरद भौत कम है जाय । हृदय कौ ऐसौ विस्तार है जाय कै कोऊ परायौ ई नाँय लगै। दुःख -दर्द हू मीठे है जाँय । घोर निरासा हू सरस यनि जाय। याही कौ नांम तौ संस्कृति है । संस्कृति मन की सरसता कौ नाम है । ई कोऊ ऊपरी तरक भरक नाँय, ई तौ मन कौ मिठास है । ई मिठास हमारे वुजुरगन नें हमकूँ दीनौं है। हम यामें यढ़ोतरी करिकें आगे की पीढ़ी कूँ सौंपि जायँ, ई ही जीवन की सार्थकता है ।

-सरस्वती सदन ,कौंड़िया मोहल्ला,भरतपुर(राज)

❑

सयसौं पहलें लोकगीत कौन नें कय रचे अरु गाये या यातै स्यात् ही कोऊ जनतौ होय, परि जि यात सही है कै लोकगीतन पै काहू एक व्यक्ति या सम्प्रदाय कौ ही अधिकार नांय। लोकगीत तौ जन-जन की थाती हैं। हमारे अतीत की स्मृति आज हू इन लोकगीतन में मूर्तिमान है। हमारे देस के हर प्रान्त के लोकगीतन में अपने प्रान्त-यिसेस की प्रधान कौ यर्नन और सहज जीवन के सजीय चित्रन कौ दर्सन मिलै है। लोकगीतन माँहि हमारी परम्परागत संस्कृति कौ इतिहास निहित है।

ब्रज-लोकगीत अरु विकास-प्रक्रिया

-श्री गजेन्द्रसिंह सोलंकी

लोकगीतन सौं तात्पर्य है ऐसी स्वर लहरियाँ जो सरल लोकभाषा माँहि सहज रूप सौं कंठन सौं निसृत हौंय अरु जन-जन कूँ आल्हादित, उद्वेलित अरु मुग्ध करैं। भारत कौ कोई सौ आँचर होय, बोली कहूँ की होय, लोक-धर्म-कर्म कैसौ हू होय, लोकगीतन माँहि अपने-अपने आंचर की प्राकृतिक सोभा, लौकिक परम्परा, जातीय स्वभाव, तीज-त्यौहार, पर्व-उच्छव, जनम-मरन-परन सबही औसरन पै कुल जाति के देवी-देवतान सौं लैकैं मानवीय सम्बन्धन, लोग-लुगाइन के निजी रिश्तेन, सामुदायिक व्यवहारन की मौखिक अभिव्यक्ति समूहन के कंठन सौं लयबद्ध फूटि परै वोई लोकगीत कहावै है।

जैसी लोक-परम्परा वैसे ही लोकगीत देखे सुने जात हैं। असल में लोकगीत बहती भई धारा की लहरियाँ हतैं जो निरन्तर सृजित-विकसित होत रहत हैं। बिनमे झरनान की कलकल, पेड़न की सनसन, पत्तान की मरमर, खेतन की सरसर, पंछीन की चहचहाहट, ढोरन की रम्हाहट अरु मानसन की चक-चक अर्थात भोर सौं लैकैं दुपहरी, संझा के कार्यन कौ सन्नाटौ अथवा कलरव, ज्योति की जगमगाहट, षटऋतुन की छटा अरु मानव जीवन पै परिवे वारे प्रभावन कूँ संवेदनशील नर-नारी-बालक गुनगुनाइबे कूँ हुलसि उठैं और लोकगीत बन जावै, जन-जन सौं जुर जावै अरु परम्परा कौ निर्माण कर देत है।

मजे की बात तौ जि है कै इन गीतकारन कूँ न तौ गढ़ी-गढ़ाई भाषा चहियै,न छन्द विधान की पढ़ाई-लिखाई अरु न शास्त्रीय ताल सुर विधान। जाकौ मतलब जि नाँय कै वे प्रज्ञाहीन हौंय । असल में लोकगीत प्रज्ञा की सहज रागात्मक अरु भावात्मक गेय मौखिक अभिव्यक्ति हतैं । संगीतात्मकता बिनकी अपनी हतै जाय लोकधुन कहत हैं यही वाकौ मूल स्रोत है अरु कंठ वाकौ उद्गम । व्यक्ति सौं लैकै समाज ताईं वाकौ पसारौ हतै । अर्थात लोकगीतन की परिधि व्यापक, बहुआयामी है अरु असीम हू है। बिनकी भावभूमि समाज की मानसिकता,परम्परा,रूढ़ि अरु इतिहास सौं जुरी होत है। अत: लोकजीवन कौ संगीतात्मक वर्नन वामें रहत है,जो श्रुत परम्परा सौं अनादिकाल सौं आज लौं चल्यौ आइ रह्यौ है अरु चलतौ रहैगौ, शिष्टजन भलेंई वासौं अपरिचित है रह्यौ है ।

युग सौं जुरिकैं लोकगीतन कौ कलेवर बहुविध अद्यतन प्रसंगन के सब्द-चित्र प्रस्तुत करत है वहीं परंपरा की पृष्ठभूमि हू आँखिन सौं ओझल नाँय हौंन देत । अत: नित्य विकासशील रहत हैं । जो जो प्रसंग, घटनाक्रम जन-जन कूँ (जन समूह कूँ) प्रेरित करबे वारौ घट जावै अरु जनश्रुति बन जावै उन उन के लोकगीत गूँजन लगत हैं । बिनमें राजनीति की घटना हू है सकत हैं । कालांतर माँहि वे परिवर्तित हू होत जात हैं अरु बिनके पाठभेद हू होत जात हैं ।

किन्तु जबसौं लोकगीतन के संकलन हौंन लगे,उनकूँ लिपिबद्ध कर लियौ गयौ है अरु उनके प्रकासन हौंन लगे, लोकगीतन कौ मूल पाठ (स्वरूप)सुरच्छित हौन लग्यौ है अरु वे शिष्ट साहित्य के अंग हू बनत जाइ रहे हैं। बिनकी धुनि हू टेप करी जाइ रही हैं ।टेप-आलयन में ये सुरच्छित हैं तथा आकासवानी अरु दूरदर्सन सौं प्रसारित-प्रदर्सित हू हौंन लगे हैं ।तब लोकगीतन

के संबंध में पूर्वधारणा हू बदलन लगी है । ये अब मौखिक,अलेखे अरु अज्ञात नहीं रह सकिंगे । अलबत्ता बिनकी सृजन-प्रक्रिया अरु स्रोत लोकजीवन सौं जुरी रहैगी अरु तब ही ये लोकगीत कहे जाइ सकिंगे।

ब्रज लोकगीत

अन्य छेत्रन की तरियाँ ब्रज माँहि लोकगीतन की भरमार हतै । जहाँ ब्रजभाषा माँहि विपुल शिष्ट काव्य भरौ परौ है अरु आज हू अद्वितीय कह्यौ जाइ सकै है, वहीं अज्ञात रचनाकारन के लोकगीत हू जन-जन के कंठन सौं सुनाई देत हैं । इन लोकगीतन माँहि ब्रज संस्कृति सुरच्छित है । बिनकी अपनी-अपनी धुन हैं । उनकौ छेत्र हू व्यापक हतै तथा ब्रजमंडल सौं बाहर हू बिनकौ पसारौ है । जो लोकगीत ब्रजवासीन के संगई देस-विदेसन में ठौर-ठौर तक पहौंचे भए हैं बिनकी गूँज आज हू सुनाई परै है ।

संस्कार गीत- संस्कृति सूचक

वैदिक जीवन भारत की आधारभूत रचना हतै तथा वर्णाश्रम धर्म सौं गुथी भई है । भलेंई आज बू व्यवस्था छिन्न-भिन्न है गई है पर वाके अवशेष हमारी जीवन-चर्या सौं लोप नाँय है सकैं अरु सबसौं मुखर लोकगीतन में भई वही जातीय एवं कुलीय संस्कार-परंपरा हू लोकगीतन सौं समझी जाइ सकैं हैं । सही रूप माँहि भारतीय लोक कूँ समझिबे कौ माध्यम लोकगीत ही हैं । शिष्टवर्ग यानी अभिजात्य वर्ग अपवाद है गये हैं जहाँ वैदिक जीवन लोप सौ ही है गयौ है अरु आधुनिक बनावटी उपभोक्ता संस्कृति की भौंड़ी नकलन के दर्सन होत हैं। या विकृति अरु विसंगतिन के चित्रन हू लोकगीतन माँहि देखे जाइ सकैं हैं,जिनके उदाहरन या आलेख के सीमित कलेवर में नांहि आइ सकैं ।

इन लोकगीतन माँहि जीवन के हर औसर की छाया देखी जाइ सकै है । बिनकी धुन संस्कार, तीज-त्यौहारन पै सुनाई देत हैं । लोकजीवन के सोलहों संस्कारन के लोकगीत उपलब्ध हतैं । जो लोकगीत सामान्य रूप सौं कंठन पै बिराजि गये हैं बिनमें अठमासे के गीत,सौर के गीत, छटी के गीत,मुंडन के गीत, बियाह के गीत बिनमें हू चकियन के गीत,रतजगे के गीत, तेल चढ़ावे के गीत, भतैया के गीत, घुड़चढ़ी के गीत, ज्यौनार के गीत, गारीन के गीत, भाँवरन के गीत गाये जावैं हैं। इन सबन की सुरुआत देवी-देवतान के आह्वान सौं होत है । छोरा अरु छोरीन के ब्याआन के गीत न्यारे-न्यारे होत हैं अरु बिनमें कुलन कौ वर्नन होत है । तीनि पीढ़ीन की नामावली गाई जावै है । गीतन कौ सिलसिला भोर सौं राति लौं चलत रहत है । सूरज ऊगवे तै सुभकामना अरु प्रार्थनान सौं पूरौ वातावरन गूँजत रहत है । जे क्रम विदाई के गीतन लौं चलत है ।

ब्रज में जितने पर्व आत हैं, जात्रा होत हैं,काँमर लाई जात हैं उन सबके जातीन के अलग-अलग गीत होत हैं । देवी मैया के गीत ठेठ मानव-उत्पत्ति के भावन सौं जुरे होत हैं । काँमर या काँवर के गीतन में ''बोल रे भाई बम कै बम भोले'' की टेर गंगाजी सौं सुरू हैकैं गाँमन तक पहुँचत रहत है । उनकी खड़ेसरी गंगा लाइवे की साधना इन गीतन सौं मधुर है जावै है । याही के संग लांगुरिया प्रेरना देत रहत है । ब्रज की संस्कृति के केंद्र बिन्दु हतैं ग्राम,गौ, गंगा, जमुना अरु राधा-कृष्ण। लोकगीत इनके चारौं ओर घूमत रहत हैं । यहीं पर्वन में होरी कौ आपनौ अनूठौ स्थान हतै। जामें गीत, गारी, चिराउनी, रंग-गुलाल, गोबर अरु लट्ठमार हुरंगा के रौंकरान गीत बिखरे परे हैं । रसिया की धूम तौ ब्रज-होरी-फाग की बिसेस पहचान हतै । ब्रजमंडल कौ हर गांम,हर अखाड़,हर मंदिर, चौपाल बसंत पंचमी सौं रंग पंचमी लौं फागमय है जाय है । होरी के दिना (धुलैंडी पै) तौ ब्रज कौ हर नर कृष्ण अरु हर नारी राधा कौ सात्विक सरूप जान परत हैं । होरी के कछु बहु प्रचलित लोकगीतन के मुखड़ा दिये जाइ रहे हैं । पूरे गीत या कारन नांय दिए, जाइ रहे कै आप गातई होइंगे । मुखड़ा हैं -

1. आजु बिरज में होरी रे रसिया, होरी रे रसिया बरजोरी रे रसिया ।
2. मैं होरी कैसें खेलूँ री या साँवरिया के संग?
3. होरी खेलन आयौ स्याम आज याहि रंग में बोरौ री ।

4. फगुआ दै मोहन मतवारे ।
5. ठाड़ौ रे कनुआ ब्रजवासी ।
6. बाबा नंद के द्वार मचो होरी ।
7. मति मारौ दृगन की चोट रसिया होरी में मेरे लगि जाइगो ।
8. वृंदावन में फाग मच्यौ भारी । आदि आदि

ब्रजमंडल सौं बाहर के होरी के गीतन में नर-नारीन के संबंधन कौ उल्लेख हू होत है । बिनकौ तेवर हू कछु और होवै है । एक लोकगीत या तरियों है--

मैं तौ बंसीवारे ते हारी ।
चलावत घूंघट में पिचकारी ।।
गाढ़ौ रंग बनौ मेरी सजनी ,
भर पिचकारी मेरे सनमुख मारी ।
तौ भीजि गई गुल सारी ॥ ....

एक ऐतिहासिक प्रसंग में रचो गई होरी की इन पंक्तिन सौं जान परत है कि ऐसी कछु बात जो आम दिनान में नांय कही जाइ सकैं ये या औसर पै गीतन में कही जाइ सकैं हैं । मोय जि गीत मेरी मैया सौं मिल्यौ है । सुनें जि गीत अज्ञात है गयौ है-

सखी री ब्रज कौ बसिबौ री तजौ,
अंगरेज की रीति बुरी ।
मार तरवरिया भरतपुर लूटौ ,
[illegible] कौं कैद करै ।
काऊ की तिरिया काऊ कौ पुत्र है,
[illegible] ।
सखी री जा ब्रज कौ [illegible]——

ग्रामीण छेत्रन में अधुनातन महापुरुषन कूं लैकें [illegible] उजागर करिबे अरु सुधार के हू लोकगीत प्रचलित रहे हैं अरु [illegible] रहे हैं । [illegible] है अरु आलेख कौ सीमित कलेवर हैबे ते विस्तार नांय कियौ जाइ सकै ।

—[illegible]
[illegible]

लोकगीतन की परम्परा अरु ब्रज लोकगीत

-श्री शांति स्वरूप शर्मा

लोकगीत जैसौ कि नाम ते ई ध्वनित है रह्यौ है कि जो गीत आम बोलचाल की भाषा में अनगढ़े स्थानीय कविन के द्वारा अपने आसपास के वातावरन सौं प्रेरना लैकें बनाये जांय अरु आम जनता में लोकप्रिय है जांय संगई बिनमें स्थानीय लोकजीवन की झाँकी मिलै,लोकगीतन की स्रेनी में आयौ करैं । इन गीतन में छन्द ,रीति आदि सास्त्रीय मान्यतान की एवं स्थापित रूढ़िन की उपेक्षा देखबे कूँ मिलै ।

लोकगीतन की या परिभाषा में वे ही गीत आय रहे हैं जो काऊ देवता की तारीफ में या आम मानवीय प्रेम या सामाजिक पारिवारिक समस्यान कूँ दरसावें । लोकगीतन कौ बहुत बड़ौ भाग उन गीतन कौ है,जो जन्म,मूंडन, सादी-ब्याह के मौके पै बैयरन के द्वारा सैकरान सालन ते गाये जाय रहे हैं अरु जिनके बनायबे वारेन कौ कछू अतौ-पतौ नांय, जिनकूँ बूढ़ी-बड़ी मोंहजयानी नयी भौटियान (बहुअन) कूँ धरोहर की तरियाँ सौंपती रही हैं ।

चौंकि लोकगीत स्थानीय (लोकल) कविन के द्वारा बनाये जॉय जिनकूं ज्यादा सास्त्रीय ज्ञान नांय होय पर बे रस तें भरेपूरे होयौ करैं । याही कारन सौं ये कवि छेत्र विसेस सौं,बाके परिवेस सौं ज्यादा प्रभावित होवें । याई लए लोकगीतन में रस की अधिकता के संगई मुख्य विषैवस्तु सामाजिक रीति-रिवाज, त्यौहार-उत्सव, खान-पान, रहन-सहन, घर-परिवार,स्त्री-पुरुष, बालक-बच्चे,सादी-ब्याह आदि रह्यौ करैं । यदि लोकगीतन कूँ छेत्र विसेस की लोक संस्कृति कौ दरपन कहैं तौ कछू अनुचित नांय होयगौ । इन गीतन में या छेत्र की माटी की एक अनौखी गन्ध रची बसी होय । इनमें एक अनौखौ अलमस्तपनौ देखिये कूँ मिलै,जो इनकूँ दूसरे गीतन ते अलग करै । इन गीतन में एक आम आदमी की इच्छा,आसा-निरासा,खुसी-गमी, प्रेम-घृणा, कुण्ठा-महत्वाकांछा, लाग-डॉट आदि दिखाई परै । याही कारन सौं विसेस औसरन पै, रितुन पै, गीतन के अलग-अलग नाम पाये जांय जिनके नामन में जगह-जगह तौ अन्तर मिल सकै पर बिनकी विसेषता लगभग एक जैसी रहैं । जैसें ब्रज में फागुन के महीना में फाग गायौ जाए वैसेंई दूसरी जगहन पै होरी होयौ करै ।

जहां लौं लोकगीतन के उद्‌भव कौ सवाल है, लोकगीत तबई ते बनिबौ सुरू है गये जबतें आदमी नें होस संभार्‌यौ अरु अपनी मस्ती में अपनी भावनान कूँ निकारबे लग्यौ । या विचारते तौ भारतीय परम्परा में लोकगीतन की सुरूआत वैदिक युग ते ई मानी जानी चहियै, चौं या समै वैदिक भाषा आम बोलचाल की भाषा हती अरु ऋग्वेद में ऐसे प्रसंग ऊ देखबे कूँ मिलैं जिनमें लोकगीतन कौ सहज रूप देख्यौ जाय सकै । पाछे ब्राह्मण साहित्य में ऐसे धार्मिक गीतन कौ संकेत मिलै जो जग्य (यज्ञ) के मौके गाये जायौ करते,जो आम जनता में खूब प्रचलित हते। रामायन-महाभारत तौ सुरू में लोकगीतन के रूप में ई प्रचलित हते जिननैं जगै जगै घूम-घूम कैं गाइबे वारे गायौ करते । प्राकृत भाषा में ऊ लोकगीतन कौ कोई न कोई सरूप

जरूर होयगौ,जाकौ अनुमान ई कर्यौ जाय सकै,समै के फेर के कारन उपलब्ध तौ नांय पर थोरी सी झलक आज मिलवे वारे छन्द गाथा में देखौ जाय सकै अरु जब सैकरान सालन के बाद अपभ्रंस ते ब्रजभाषा आदि छेत्रीय भाषान कौ विकास भयौ तौ लोकगीतन की परंपराऊ इनमें संगई आय गयी तौ या ब्रजभाषा में लोकगीतन की रचना हैबौ उतनौ ही पुरानौ है जितनी कि ई हमारी ब्रजभाषा । हाँ ई बात जरूर है ये सुरू के गीत आज मिलैं नॉय।

दूसरी भाषान की तरियाँ ब्रजभाषा में सैकरान सालन ते हजारन लाखन लोकगीत रचे गये और रचे जाय रहे हैं । ब्रज लोकगीतन कूँ अध्ययन की सुविधा सौं ऐसे बाँट्यौ जाय सकै :

1. लोकनायक-चरित-परक -

ऐसे लोकगीतन में वे आवैं जो इतिहास और दन्तकथान में प्रसिद्ध नायकन की तारीफ में बिनके बड़े-बड़े कामन की तारीफ मे बनाये गये हैं । ये लोकगीतन की स्रेनी में होते भयेऊ छन्द, रीति आदि की रूढ़िन में बंध गये हैं अरु प्रबन्धकाव्य कौ आनन्द दियौ करैं। आल्हा, ढोला, रांझौ, नौटंकी आदि ऐसे ई गीत हैं । इनकौ स्थापित छंद विधान इनकूं उपसास्त्रीय स्थिति तकऊ लै जाय।

2. लोक देवतान के स्तुतिपरक लोकगीत-

ये गीत या छेत्र में माने जायबे वारे लोकदेवता जैसे कूआ वारौ,जखिया पीर,जाहरवीर, कनुआभगत, देवबाबा की तारीफ में गाये जाएं । इनकी जात दैबे जाते समय लुगाई इनकूं गायौ करैं । जैसें- 'कूआवारौ बिचर गयौ बगियन में । '

3. लाँगुरिया -

है तौ येऊ स्तुतिपरक पर ये खाली देवी मइया (दुर्गा माता) की तारीफ में ई गाये जायौ करैं । इन गीतन में देवी कौ प्रमुख पार्षद लांगुरा विसैवस्तु रह्यौ करै । याते भक्तन की विनय, सिकायत, छेड़छाड़ इनमें देखी जाय-

'वारे लांगुरिया अति को लड़ाई मोते मति करै ।
वारे लांगुरिया तेरी धन खाय लई कारे नाग नें ।'

4.ऋतुपरक लोकगीत -

सिगरे भारतवर्ष की तरियाँ या ब्रज छेत्र मेंऊ रितुन कौ बदलबौ त्यौहारन के रूप में मनायौ जाय । फागुन के महीना में अरु सावन के महीना में यहाँ बड़ी धूमधाम होयौ करै,जो यहाँ के लोकगीतन में अच्छी तरह सौं स्पस्ट होय । फागुन के महीना में गाइये जावे वारे फाग तौ सिगरे भारत में मसहूर हैं । इनं फागन में लोक-आराध्य राधाकृष्ण, गोपी, ग्वाल-बालन कूँ लैकें आम आदमी की मस्ती दीख्यौ करै । गोपीन की कन्हैया सौं छेड़छाड़, विनती, शिकायत इन फागन की विसैवस्तु पायी जाय। गोपीन की कन्हैया सौं होरी नॉय खेलिबे कोअनुनय 'पॉंय लागूँ करजोरी, स्याम मोसे न खेलौ होरी।' कृष्ण सौं होरी खेलवे की इच्छा 'होरी तौ खेलूंगी हरि सौं कोई कहौ स्याम सुंदर सौं ।' मैं तो सोय रही सपने में मोपे रंग डार्यौ नन्दलाल आदि सैकरान होरीन कूँ रचिबे वारे लोकगीतकार इन फागन के कारन यहां अमर है गये हैं ।

होरी के संगई ब्रज में सावन के महीना में गायी जावे वारी मल्हारऊ खूब प्रसिद्ध हैं । इन मल्हारन में युवतीन की टीस, बिनकौ उल्लास, सिकायत पायी जाय -

सावन आयौ अम्मा मेरी सुहावनो जी,
एजी कोई सब सखि हम्बै कोई सब मिलि झूलन जांय ।
अरी बहिना आवैगो तेरौ भरतार, सपनौ तौ सांचौ होइगौ ।

लोकगीतन की परम्परा अरु ब्रज लोकगीत

-श्री शांति स्वरूप शर्मा

लोकगीत जैसौ कि नाम ते ई ध्वनित है रह्यौ है कि जो गीत आम बोलचाल की भाषा में अनगढ़े स्थानीय कविन के द्वारा अपने आसपास के वातावरन सौं प्रेरना लैकें बनाये जांय अरु आम जनता में लोकप्रिय है जांय संगई बिनमें स्थानीय लोकजीवन की झाँकी मिलै,लोकगीतन की स्रेनी में आयौ करैं । इन गीतन में छन्द ,रीति आदि सास्त्रीय मान्यतान की एवं स्थापित्त रूढ़िन की उपेक्षा देखवे कूँ मिलै ।

लोकगीतन की या परिभाषा में वे ही गीत आय रहे हैं जो काऊ देवता की तारीफ में या आम मानवीय प्रेम या सामाजिक पारिवारिक समस्यान कूँ दरसावें । लोकगीतन कौ बहुत बड़ौ भाग उन गीतन कौ है,जो जन्म,मूंडन, सादी-ब्याह के मौके पै बैयरन के द्वारा सैकरान सालन ते गाये जाय रहे हैं अरु जिनके बनायवे वारेन कौ कछू अतौ-पतौ नांय, जिनकूँ बूढ़ी-बड़ी मोंहजवानी नयी भौटियान (बहुअन) कूँ धरोहर की तरियाँ सौंपती रही हैं ।

चौंकि लोकगीत स्थानीय (लोकल) कविन के द्वारा बनाये जाँय जिनकूं ज्यादा सास्त्रीय ज्ञान नांय होय पर बे रस तें भरेपूरे होयौ करैं । याही कारन सौं ये कवि छेत्र विसेस सौं,वाके परिवेस सौं ज्यादा प्रभावित होवें । याई लए लोकगीतन में रस की अधिकता के संगई मुख्य विपैवस्तु सामाजिक रीति-रिवाज, त्यौहार-उत्सव, खान-पान, रहन-सहन, घर-परिवार,स्त्री-पुरुप, बालक-बच्चे,सादी-ब्याह आदि रह्यौ करैं । यदि लोकगीतन कूँ छेत्र विसेस की लोक संस्कृति कौ दरपन कहैं तौ कछू अनुचित नांय होयगौ । इन गीतन में या छेत्र की माटी की एक अनौखी गन्ध रची वसी होय । इनमें एक अनौखौ अलमस्तपनौ देखिवे कूं मिलै,जो इनकूँ दूसरे गीतन ते अलग करै । इन गीतन में एक आम आदमी की इच्छा,आसा-निरासा,खुसी-गमी, प्रेम-घृणा, कुण्ठा-महत्वाकांछा, लाग-डाँट आदि दिखाई परै । याही कारन सौं विसेस औसरन पै, रितुन पै, गीतन के अलग-अलग नाम पाये जांय जिनके नामन में जगह-जग्रह तौ अन्तर मिल सकै पर बिनकी विसेपता लगभग एक जैसी रहैं । जैसें ब्रज में फागुन के महीना में फाग गायौ जाए वैसेंई दूसरी जगहन पै होरी होयौ करै ।

जहां लौं लोकगीतन के उद्भव कौ सवाल है, लोकगीत तवई ते वनिवौ सुरू है गये जवतें आदमी नें होस संभार्‌यौ अरु अपनी मस्ती में अपनी भावनान कूँ निकारवे लग्यौ । या विचारते तौ भारतीय परम्परा में लोकगीतन की सुरुआत वैदिक युग ते ई मानी जानी चहियै, चौं या समै वैदिक भाषा आम बोलचाल की भाषा हती अरु ऋगवेद में ऐसे प्रसंग ऊ देखवे कूँ मिलैं जिनमें लोकगीतन कौ सहज रूप देख्यौ जाय सकै । पाछे ब्राह्मण साहित्य में ऐसे धार्मिक गीतन कौ संकेत मिलै जो जग्य (यज्ञ) के मौके गाये जायौ करते,जो आम जनता में खूब प्रचलित हते। रामायन-महाभारत तौ सुरू में लोकगीतन के रूप में ई प्रचलित हते जिननैं जगै जगै घूम-घूम कैं गाइये वारे गायौ करते । प्राकृत भाषा में ऊ लोकगीतन कौ कोई न कोई सरूप

जरूर होयगौ,जाकौ अनुमान ई कर्यौ जाय सकै,समै के फेर के कारन उपलब्ध तौ नांय पर थोरी सी झलक आज मिलवे वारे छन्द गाथा में देखी जाय सकै अरु जय सैकरान सालन के याद अपभ्रंस ते ब्रजभाषा आदि छेत्रीय भाषान कौ विकास भयौ तौ लोकगीतन की परंपराऊ इनमें संगई आय गयी तौ या ब्रजभाषा में लोकगीतन की रचना हैयौ उतनौ ही पुरानौ है जितनी कि ई हमारी ब्रजभाषा । हाँ ई यात जरूर है ये सुरू के गीत आज मिलैं नाँय।

दूसरी भाषान की तरियाँ ब्रजभाषा में सैकरान सालन ते हजारन लाखन लोकगीत रचे गये और रचे जाय रहे हैं । ब्रज लोकगीतन कूँ अध्ययन की सुविधा सौं ऐसे बाँट्यौ जाय सकै :

1. लोकनायक-चरित-परक -

ऐसे लोकगीतन में वे आवैं जो इतिहास और दन्तकथान में प्रसिद्ध नायकन की तारीफ में बिनके बड़े-बड़े कामन को तारीफ में बनाये गये हैं । ये लोकगीतन की स्रेनी में होते भयेऊ छन्द, रीति आदि की रूढ़िन में बंध गये हैं अरु प्रबन्धकाव्य कौ आनन्द दियौ करैं। आल्हा, ढोला, रांझौ, नौटंकी आदि ऐसे ई गीत हैं । इनकौ स्थापित छंद विधान इनकूं उपसास्त्रीय स्थिति तकऊ लै जाय।

2. लोक देवतान के स्तुतिपरक लोकगीत-

ये गीत या छेत्र में माने जायवे वारे लोकदेवता जैसे कूआ वारौ,जखिया पीर,जाहरवीर, कनुआभगत, देवबाबा की तारीफ में गाये जाएं । इनकी जात दैवे जाते समय लुगाई इनकूं गायौ करैं । जैसें- 'कूआवारौ बिचर गयौ बगियन में । '

3. लाँगुरिया -

है तौ येऊ स्तुतिपरक पर ये खाली देवी मइया (दुर्गा माता) की तारीफ में ई गाये जायौ करैं । इन गीतन में देवी कौ प्रमुख पार्षद लांगुरा विसैवस्तु रह्यौ करै । वाते भक्तन की विनय, सिकायत, छेड़छाड़ इनमें देखी जाय-

'वारे लांगुरिया अति की लड़ाई मोते मति करै ।
वारे लांगुरिया तेरी धन खाय लई कारे नाग नें ।'

4.ऋतुपरक लोकगीत -

सिगरे भारतवर्ष की तरियाँ या ब्रज छेत्र मेंऊ रितुन कौ बदलवौ त्यौहारन के रूप में मनायौ जाय । फागुन के महीना में अरु सावन के महीना में यहाँ बड़ी धूमधाम होयौ करै,जो यहाँ के लोकगीतन में अच्छी तरह सौं स्पस्ट होय । फागुन के महीना में गाइबे जावे वारे फाग तौ सिगरे भारत में मसहूर हैं । इन फागन में लोक-आराध्य राधाकृष्ण, गोपी, ग्वाल-बालन कूँ लैकें आम आदमी को मस्ती दीख्यौ करै । गोपीन की कन्हैया सौं छेड़छाड़, विनती, शिकायत इन फागन की विसैवस्तु पायी जाय। गोपीन की कन्हैया सौं होरी नाँय खेलिबे कीअनुनय 'पाँय लागूँ करजोरी, स्याम मोसे न खेलौ होरी।' कृष्ण सौं होरी खेलवे की इच्छा 'होरी तौ खेलूंगी हरि सौं कोई कहौ स्याम सुंदर सौं ।' मैं तो सोय रही सपने में मोपे रंग डार्यौ नन्दलाल आदि सैकरान होरीन कूँ रचिबे वारे लोकगीतकार इन फागन के कारन यहां अमर है गये हैं ।

होरी के संगई ब्रज में सावन के महीना में गायी जावे वारी मल्हारऊ खूब प्रसिद्ध हैं । इन मल्हारन में युवतीन की टीस, विनकौ उल्लास, सिकायत पायी जाय -

सावन आयौ अम्मा मेरी सुहावनो जी,
एजी कोई सब सखि हम्बै कोई सब मिलि झूलन जांय ।
अरी बहिना आवैगो तेरौ भरतार, सपनौ तौ सांचौ होइगौ ।

5. वारहमासा-

या प्रकार के गीतऊ रितु पै आधारित हैं । इन गीतन में काऊ घटना कौ या काऊ व्यक्ति कौ पूरौ वारहौ महीनान कौ वर्नन मिल्यौ करै ।

सती कौ किस्सा सुनौ, सुन लीजै चित लाई, गोवरधनके पास गाम एक सी पलसौं भाई ।

6.सादी-व्याह आदि खुसी के मौके पै गाइवे जावे वारे गीत-

वास्तव में व्रज लोक संस्कृति कौ सही स्वरूप इनई गीतन में पायौ जाए । इनमें यहां की रीति रिवाजन कौ, लोगन की भावनान कौ चित्रण पायौ जाए । इनकूं मंगल अवसर पै वैयर गायौ करैं और ये सैकरान सालन ते चले आय रहे हैं। इनके वनायवे वारे कौ कोई अतौपतौ नाँय । हर मंगल अवसर पै अलग-अलग तरह के गीत मिलैं । जन्म के समै वच्चा अरु वाकी मइया कूं लैकें जच्चा गाये जांय-' जच्चा मेरी खाइवौ न जानैं ।'

वालक के मूड़ने पै मूड़ने के गीत, सादी व्याह के मौके ते लगाय लगनु और व्याह के पीछे दई देवता पूजिवे तक अलग-अलग नामन के गीत या छेत्र में प्रचलित हैं ।

लगुन पै-' लगुन आयी हरे हरे लगुन आयी हरे हरे मेरे अंगना रघुनन्दन फूले न समाय ।'
लगुन के दो दिना वाद रतजगौ, वरना घोड़ी -

कच्चौ सूत, अलौनौ माढ़ौ, पहरैगी का लाड़ो?

यामें दारी शब्द, भात पहरवे वारे की पत्नी के तांई आयौ है। जो भात पहरै वाई कौ नाम सर्वोत्तम की जगह बोल्यौ जाय-कैं गीत बढ़ायौ जाय।

गूजर समाज में भात पहनें तब ऐसे गामें हैं-

देख बहन कौ जलसौ, ऊपर चढ़ी बौरी भातइया।
झुमकी हू लायौ भैया, कालर हू लायौ।
पैंडल रतन जड़ायौ रे नीचै उतरिया भातइया॥ देख बहन.....

यामें गहने, कपड़न के नये नये नाम लैकें गीते बढ़ामें।

कोली समाज में भात के टैम पै याऐ गामें-

सासू जी के आये वीर, मोती जड़ लाये चूंदरी।
ओढूँ तौ हीरा मोती थर परै, धर देउ तौ जिया ललचाय॥

यामै जिठानी, देरानी, सौकन(सौतन) अरु पारौसन आदि के वीर को कहि कहि कै लोकगीत कूं बड़ी करैं।

भात पहनवे के बाद घूड़ौ नौतिवे जामें। जाते समय गायबे कौ गीत-

चिड़ी तोय चावड़िया भावै।
घर में सुंदर नार बलम तोय परनारी भावै॥
छः छल्ला छः आरसी जी कोई छल्लन भरी परात।
एक छल्ला के कारने जी कोई छोड़ौ माई बाप॥ चिड़ी तोय ..
भरौ कटौरा दूध कौ जो कोई बूरे बिन पियौ न जाय।
मैया बाप की लाड़ली जी कोई पिया बिन रह्यौ न जाय॥ चिड़ी तोय...
पत्ता पै पत्ता धरौ जि कोई पत्ता पै गुलकंद। भँवर जी पत्ता पै गुलकंद॥
बड़े बलम कौ का करूं जि कोई छोटौ अक्कलमंद ॥ चिड़ी तोय।।

या गीत में ऐसे ही बने बनाये कै हार्यों हाय बनायकैं दोहा जोड़ जोड के गीत कूं आगे बढ़ामें। ब्याह में तरवारि ते सुई तक कौ, अर्थात् बड़े ते छोटे तक कौ सम्मान करबे के विचार ते घूड़ौ ही नौतौ जावै है। या समै पै,पानी में आग लगामें लुगाई को कहावतै चरितार्थ करती भई, बैयरबानी बकने गीत हूँ गामें जिनकौ लिखनौ ठीक नायँ।

ब्याहबे जावें तब निकासी के समय कोली समाज में ऐसे गामें-

हथिया पै चढ़ि कै दुल्हा चले री ससुराल।
दुनिया कहै छोरा कारौ री कारौ, मेरौ जगत उजारौ॥
अधबीची बाग लगाऔ, ए रतनारौ सेहरौ॥

यामें हथिया जी जगह घोड़ा आदि लगाय कै गीत बढ़ामें।

औरु-

बरना के दादा सजे बरात कै ताऊ सजे बरात।
आप सजे पालकी जी महाराज॥
बरना कौ बरनी पूछे बात ।
इतनी तौ देरी कहाँ लगाई महाराज॥

मेरे वीरन कौ घुड़ला/हाथी हाँसनौ।
हाँसै हाँसै रे जीजा जी दरवार, सिदौसी अइयौ भातई॥
मेरी भाभी कौ चुड़ला रे चमकनौ।
चमकै-चमकै रे नन्देऊ दरवार, सिदौसी अइयौ भातई॥
मेरे भतीजे की टोपी चमकीली।
चमकै-चमकै रे फूफाजी दरवार, सिदौसी अइयौ भातई॥

भात नौंतिवे जावे कौ एक पुरानौ वहुप्रचलित गीत है-

मेरे काए ते नोंतूँ वावुल राजा, काए ते कागला?
मेरौ काए ते नोंतूँ हजारी वीरा, जिनके अहोलने॥
मेरे भेली ते नोंतूँ वावुल राजा, डेलीन कागला।
मेरौ मिसरी कौ कुंजा हजारी राजा, जिन के अहोलने॥
कहा तौ लावै मेरौ वावुल राजा, कहा तो लावै कागला?
कहा तौ लावै हजारी वीरा, जिनके अहोलने?
पीरौ तौ लावै वावुल राजा, चवन्नी डारै कागला।
मेरौ साड़ी तौ लावै हजारी वीरा, जिनके अहोलने।
रुपिया तो डारै वावुल राजा, चवन्नी डारै कागला।
गिन्नी तौ गेरै हजारी वीरा जिनके अहोलने॥

या गीत में भतीजे कौ हूँ नाम लैकै या गीतै दोहरा लेवैं। या गीत मैं कागला कौ मतलव काका आदि संगी साथान ते होवे अरु जिनके अहोलने कौ भाव जिनते मेरौ प्रेम भाव है वे ऐसे हैं।

भात पहनें तव ये गामें-

मेरे वागन में रँग वरसे॥
हो पौरी पै वरसे भात, मत वरसै इन्दर राजा॥
ओ मेरौ भीजै लछिमन वीर, मत वरसै इन्दर राजा॥
मेरी साड़ी पै रंग वरसै, मेरे जम्फर पै रंग वरसै, ओ मेरौ भीजै......

यामें चूरीन पै-घड़ियन पै, गूँठिन पै, हरवा पै, सैंड़ल पै, भोजन पै कहि कहि के गीतै आगै बढ़ाते जामें हैं।

माली समाज में भात पहनें तव याऐ गामें-

पहर रे तू पहर सर्वोत्तम, लँग थँग तेरी मैया कातन जानै।
दारी कातन जानै, रेतन जानै, कोरी सूँ वतरावै।
कोरी राज ठोक वुनैगौ, धोवी रा धो देगौ।
कच्चौ सूत, अलौनौ माढ़ौ, पहरैगी का लाड़ो?

यामें दारी शव्द, भात पहरवे वारे की पत्नी के तांई आयौ है। जो भात पहरै वाई कौ नाम सर्वोत्तम की जगह बोल्यौ जाय-कैं गीत बढ़ायौ जाय।

गूजर समाज में भात पहनें तब ऐसे गामें हैं-

देख बहन कौ जलसौ, ऊपर चढ़ी बीरी भातइया।
झुमकी हू लायौ भैया, कालर हू लायौ।
पैंडल रतन जड़ायौ रे नीचै उतरिया भातइया॥ देख बहन.....

यामें गहने, कपड़ान के नये नये नाम लैकें गीते बढ़ामें।

कोली समाज में भात के टैम पै याऐ गामें-

सासू जी के आये बीर, मोती जड़ लाये चूँदरी।
ओढ़ूँ तौ हीरा मोती धर परै, धर देउ तौ जिया ललचाय॥

यामै जिठानी, देरानी, सौकन(सौतन) अरु पारौसन आदि के बीर की कहि कहि कै लोकगीत कूं बड़ौ करैं।

भात पहनवे के बाद घूड़ौ नौतिवे जामें। जाते समय गायबे कौ गीत-

चिड़ी तोय चावड़िया भावै।
घर में सुंदर नार बलम तोय परनारी भावै॥
छ: छल्ला छ: आरसी जी कोई छल्लन भरी परात।
एक छल्ला के कारने जी कोई छोड़ौ माई बाप॥ चिड़ी तोय...
भरौ कटौरा दूध कौ जी कोई बूरे बिन पियौ न जाय।
मैया बाप की लाड़ली जी कोई पिया बिन रह्यौ न जाय॥ चिड़ी तोय...
पत्ता पै पत्ता धरौ जि कोई पत्ता पै गुलकंद। भँवर जी पत्ता पै गुलकंद॥
बड़े बलम कौ का करूँ जि कोई छोटौ अक्कलमंद ॥ चिड़ी तोय।।

या गीत में ऐसे ही बने बनाये कै हाथौं हाथ बनायकैं दोहा जोड़ जोड के गीत कूं आगे बढ़ामें। ब्याह में तरवारि ते सुई तक कौ, अर्थात् बड़े ते छोटे तक कौ सम्मान करवे के विचार ते घूड़ौ ही नौतौ जावै है। या समै पै,पानी में आग लगामें लुगाई की कहावतै चरितार्थ करती भई, बैयरबानी बकने गीत हूँ गामें जिनकौ लिखनौ ठीक नायँ।

ब्याहवे जावें तब निकासी के समय कोली समाज में ऐसे गामें-

हथिया पै चढ़ि कै दुल्हा चले री ससुराल।
दुनिया कहै छोरा कारौ री कारौ, मेरौ जगत उजारौ॥
अधबीची बाग लगाऔ, ए रतनारौ सेहरौ॥

यामें हथिया की जगह घोड़ा आदि लगाय कै गीत बढ़ामें।

और-

बरना के दादा सजे बरात कै ताऊ सजे बरात।
आप सजे पालकी जी महाराज॥
बरना की बरनी पूछे बात ।
इतनी तौ देरी कहाँ लगाई महाराज॥

मेरे वीरन कौ घुड़ला/हाथी हाँसनौ।
हाँसै हाँसै रे जीजा जी दरबार, सिदौसी अइयौ भातई॥
मेरी भाभी कौ चुड़ला रे चमकनौ।
चमकै-चमकै रे नन्देऊ दरबार, सिदौसी अइयौ भातई॥
मेरे भतीजे की टोपी चमकीली।
चमकै-चमकै रे फूफाजी दरबार, सिदौसी अइयौ भातई॥

भात नौंतिवे जावे कौ एक पुरानौ बहुप्रचलित गीत है-

मेरे काए ते नोंतूँ बाबुल राजा, काए ते कागला?
मेरौ काए ते नोंतूँ हजारी बीरा, जिनके अहोलने॥
मेरे भेली ते नोंतूँ बाबुल राजा, डेलीन कागला।
मेरौ मिसरी कौ कुंजा हजारी राजा, जिन के अहोलने॥
कहा तौ लावै मेरौ बाबुल राजा, कहा तो लावै कागला?
कहा तौ लावै हजारी बीरा, जिनके अहोलने?
पीरौ तौ लावै बाबुल राजा, चवन्नी डारै कागला।
मेरौ साड़ी तौ लावै हजारो बीरा, जिनके अहोलने।
रुपिया तो डारै बाबुल राजा, चवन्नी डारै कागला।
गिन्नी तौ गैरै हजारी बीरा जिनके अहोलने॥

या गीत में भतीजे कौ हूँ नाम लैकै या गीतै दोहरा लेवैं। या गीत में कागला कौ मतलब काका आदि संगी साथान ते होवे अरु जिनके अहोलने कौ भाव जिनते मेरौ प्रेम भाव है वे ऐसे हैं।

भात पहनें तब ये गामें-

मेरे बागन में रँग बरसे॥
हो पौरी पै बरसे भात, मत बरसै इन्दर राजा॥
ओ मेरौ भीजै लछिमन बीर, मत बरसै इन्दर राजा॥
मेरी साड़ी पै रंग बरसै, मेरे जम्फर पै रंग बरसै, ओ मेरौ भीजै......

यामें चूरीन पै-घड़ियन पै, गूँठिन पै, हरवा पै, सैंड़ल पै, भोजन पै कहि कहि के गीतै आगै बढ़ाते जामें हैं।

माली समाज में भात पहनें तब याऐ गामें-

पहर रे तू पहर सर्वोत्तम, लँग थँग तेरी मैया कातन जानै।
दारी कातन जानै, रेतन जानै, कोरी सूँ बतरावै।
कोरी राज ठोक बुनैगौ, धोबी रा धो देगौ।
कच्चौ सूत, अलौनौ माढ़ौ, पहरैगी का लाड़ो?

यामें दारी शब्द, भात पहरवे वारे की पत्नी के तांई आयौ है। जो भात पहरै वाई कौ नाम सर्वोत्तम की जगह बोल्यौ जाय-कैं गीत बढ़ायौ जाय।

गूजर समाज में भात पहनें तब ऐसे गामें हैं-

देख बहन कौ जलसौ, ऊपर चढ़ी वीरी भातइया।
झुमकी हू लायौ भैया, कालर हू लायौ।
पैंडल रतन जड़ायौ रे नीचै उतरिया भातइया॥ देख बहन.....

यामें गहने, कपड़ान के नये नये नाम लैकें गीते बढ़ामें।

कोली समाज में भात के टैम पै याऐ गामें-

सासू जी के आये वीर, मोती जड़ लाये चूँदरी।
ओढ़ूँ तौ हीरा मोती धर परै, धर देउ तौ जिया ललचाय॥

यामै जिठानी, देरानी, सौकन(सौतन) अरु पारौसन आदि के वीर को कहि कहि कै लोकगीत कूं बड़ौ करैं।

भात पहनवे के बाद घूड़ौ नौतिवे जामें। जाते समय गायवे कौ गीत-

चिड़ी तोय चावड़िया भावै।
घर में सुंदर नार बलम तोय परनारी भावै॥
छ: छल्ला छ: आरसी जी कोई छल्लन भरी परात।
एक छल्ला के कारने जी कोई छोड़ौ माई बाप॥ चिड़ी तोय...
भरौ कटौरा दूध कौ जो कोई बूरे बिन पियौ न जाय।
मैया बाप की लाड़ली जी कोई पिया बिन रह्यौ न जाय॥ चिड़ी तोय...
पत्ता पै पत्ता धरौ जि कोई पत्ता पै गुलकंद। भँवर जी पत्ता पै गुलकंद॥
बड़े बलम कौ का करूँ जि कोई छोटौ अक्कलमंद ॥ चिड़ी तोय।।

या गीत में ऐसे ही बने बनाये कै हाथों हाथ बनायकें दोहा जोड़ जोड के गीत कूं आगे बढ़ामें। ब्याह में तरवारि ते सुई तक कौ, अर्थात् बड़े ते छोटे तक कौ सम्मान करवे के विचार ते घूड़ौ हो नौतौ जावै है। या समै पै,पानी में आग लगामें लुगाई की कहावतै चरितार्थ करती भई, बैयरबानी बकने गीत हूँ गामें जिनकौ लिखनौ ठीक नायें।

ब्याहवे जावैं तब निकासी के समय कोली समाज में ऐसे गामें-

हथिया पै चढ़ि कै दुल्हा चले री ससुराल।
दुनिया कहै छोरा कारौ री कारौ, मेरौ जगत उजारौ॥
अधबीचौ बाग लगाऔ, ए रतनारौ सेहरौ॥

यामें हथिया जी जगह घोड़ा आदि लगाय कै गीत बढ़ामें।

औरु-

बरना के दादा सजे बरात कै ताऊ सजे बरात।
आप सजे पालकी जी महाराज॥
बरना की बरनी पूछे बात ।
इतनी तौ देरी कहाँ लगाई महाराज॥

वरनी मेरौ कुटुम कवीलौ परिवार॥
सचत संजा है गई जी महाराज॥

यामें दादा ताऊ की जगह काका जीजा फूफा आदि लगायकै गीतै आगै वढ़ामैं।

निकासी कूँ घुड़चढ़ी हू कहमैं। याते एक दिन पहले यान हूँ निकसै। ये हू एक तरह की घुड़चढ़ी सी ही होवै जो वहन भुआन की तरफ ते निकसै अरु दुल्हा लौटि कैं घर पै ई आ जावै। इनमें घोड़ी कौ गीत जो सब समाजन में वहु प्रचलित है वो है-

ले चल वजारई वजार घोड़ी॥ ले चल सजन के द्वार-घोड़ी॥
आगे घोड़ी तुम चलौगी, पीछै वावा हुशियार-घोड़ी ॥ ले चल...
त्याहरे वजारन मैं क्या क्या विकत है? नींवू, नारंगी, अनार घोड़ी॥

या गीत मैं वावा की जगह चाचा, ताऊ, मामा, नाना, फूफा, जीजा आदि लगामें अरु नींवू,नारंगी, अनार की जगै साड़ी, रुमाल, चिप्पस, पापड़, अचार अरु थारी, लोटा, गिलास आदि लगामैं।

जव दूल्हा वारौठी पै मतलव तोरन पै पहुँचै तव गूजरन मैं यह गामैं-

दूलह आयौ कमल कौ सौ फूल, वलइया मैया ढँग ते लीजौ॥
ठिक्का- ऊँची हवेली पर्वत झीना। वापै वैठौ विरन नगीना॥
ठिक्का- पाँच मोर पचमनिया हो तो। भलई वलमा वावरिया हो तो रे प्यारे
रसिया- छोरा तेरे गऊआ घूर के फेरा, अभारी कैसै आयौ रे।
हंसन की मोटर सजी-सजाई ठाड़ी रे॥
ठिक्का- ओ ई रे काच काच मेरे वूटा।
समधी ऐ देखि कै हलै मेरौ गूँठा रे -हूँ प्यारे ॥

पन तोरन पै ये गीत सवन मैं जरूर गवै-

हाँ हाँ राम रंग वरसैगौ। रँग वरसै कछु इमरत वरसै, और वरसै कस्तूरी
आगे या गीत में कछु गारी सी गवै।

तोरन पै यानी दरवज्जे पै या तरियाँ हूँ गारी देमैं-

समधी न आयौ मेरी खातिर मैं।
जाके डेरा तौ लगायदेऔ पल्ली वाखर मैं॥
समधी अपनी वहना न लायौ नचायवे कूँ।
सिरदारन की पौर। नम्वरदारन की पौर॥

इन दोनोन मैं सिगरे समधीन कौ, छोरा के जीजा अरु फूफान कौ नाम लिये जाय है।

फेरान पै गाये जावे वारे गीतन की कछु वानगी प्रस्तुत है-

वावाजी री ऊँची ऊँची देहरी, पना फूलाँ छा रही जी।

लाल औ थार भर मोती, पसैं भर लाड़ली जी।
देऔ याऐ समधी के हाथ, छोड़ै म्हारौ आँगनों जी॥
नायँ चाहिये थाल पर मोती पसै भर लाड़ली जी।
ब्याहूँगौ राजकुमार तयह छोड़ूँ आँगनों जी।

या वर अरु कन्या पक्ष के संवाद जैसे गीत में बाबा के स्थान पै चाचा-ताऊ कह-कह कै गीत कूँ आग बढ़ायौ जावै है।

वरस दिना की भई गौरा, पलना में झूलै। शिवजी महादेव जी॥
दोय वरस की भई गौरा, आँगन में गुड़िया खेलै। शिवजी महादेव जी॥
तीन वरस की भई मेरी गौरा संग सहेलिन में खेलै। शिवजी महादेव जी॥
चार वरस की भई मेरी गौरा, बारू कौ महादेव बनावै। शिवजी महादेव जी॥
पाँच वरस की भई गौरा, ब्रह्मा कहै याकूँ वर ढूँढौ। शिवजी महादेव॥
ढूँढ-ढूँढ मर जाऔ मेरे बिरमा, तोकूँ वर नायँ पावै। शिवजी महादेव जी ॥
भटक भटक मर जाऔ मेरे बिरमा, मेरौ वर तोय मैं ही बताऊँ। शिवजी महादेव जी॥
अर्र ततैया, बर्र ततैया, वन बन के भौंरा लटकैं। शिवजी महादेव जी॥
अंग भभूत बगल मृग छाला, सर्पन की पहने माला। शिवजी महादेव जी॥
सर्प देखि कैं डर मत जइयो।
बाऐ देखि बिदक मत जइयो॥ वाकैतौ टीकौ काढ़ौ। शिवजी महादेव जी॥

गूजर समाज में फेरान पै बन्ना बन्नी के पाछैं ख्याल अरु जिकरी हू गवैं। "पति अपनी पत्नी कूँ लिवायवे जावै पन वाय पहचानै नायँ।"- याकी कहानी "भरती कुआ पै नीर। आयौ एक रस्तागीर। छोरी मनें नीर पिलाय। भैया तू घर यूँ चल।" ये गायौ जावै।

बढ़ार (बिदाई को जौनार) में पत्तर बाँधवे अरु पत्तर खोलवे के हू गीत पहले गवते पन अब इनकौ प्रचलन बन्द सौ है गयौ है। कोली समाज में याकौ गीत कुँवर के जन्म की घटना तेंई प्रारम्भ करिकैं गवैं-

जबरे कुंवर जी कौ पहलौ महीनौ, धुक-धुक आमन जाय॥ अस्तोबचन
जबरे कुंवर जी कौ दूजौ तीजौ महीनौ, खीर खाँड मन जाय॥ अस्तोबचन
जबरे कुँवर जी कौ सतवौ नौवों महीनौं कोने में खाट बिछाय॥ अस्तोबचन
जब समधन के दर्द जो मारै। दाई ऐ जल्द बुलवाय॥ अस्तोबचन
जब साजन ब्याहवै पौरी आये सासू तिलक सजाय॥ अस्तोबचन
आक ढाक की पातर बाँधू। कुल्ला और सकौरी बाँधू
और नीम की सींक ॥ अस्तोबचन
खोलन हारे के म्हौड़े ए बाँधू और दाँत बत्तीस॥ अस्तोबचन॥

या गीत में अलग अलग महीना की अलग अलग घटना कही जामें। पत्तर खोलवे वारे हूँ इतनौ 'सासू तिलक सजाय, तक कहै कै फिर या तरह कहमें-

लाऔ कुल्हाड़ो काटूँ ढाक। वाकी ऐसी तैसी करैं मैं अरु मेरौ बाप॥
जेंऔ बराती यूरौ भात॥

बढ़ार में सवन में ये जरूर गामैं-

एक अरज सुनियौ समधी, बरनी ऐ दुःख मत दीजौ-रंग बरसैगौ॥
ई तो बरनी बड़ी ए लाड़ली, लाड़, लड़ायकै पारी-रंग बरसैगौ॥
ई तौ बरनी की मैया मर गई, त्याहरे ऊपर छोड़ी -रंग बरसैगौ॥
कोरी कलसिया सीरौ सौ पानी, पीवै दारी समधिन-रंग बरसैगौ॥
या लाड़ो कूँ दुःख मत दीजौ, बुरौ नतीजौ भोगै-रंग बरसैगौ॥
ऊँची अटरिया, लालो किवड़िया, सोवै दारी समधिन-रंग बरसैगौ॥
या लाड़ो के लाड़ लड़ैयौ, परिवार तौ सुखी रहैगौ-रंग बरसैगौ॥
हरो हरो टोपी फूलन की माला डार गरे में आये-रंग बरसैगौ॥

विदाई के समै कोली समाज में ये गीत गायौ जावै-

ओरे कोरैं गुड़िया छोड़ी रोमत छोड़ीं सहेली।
अपने पिया के संग चालीं, लेऔ बाबुल अपनौ देस।
तू क्यौं बोलै कारी कोहलिया, सोने में मढ़ाऊ तेरी चोंच।
पांमन ने मड़ देऊँ तेरे चांदी में ।
हमतौ अपने पिया के संग चालीं। लेऔ अपनौ देस॥

गूजरन में विदाई के टैम पै ऐसे गामैं-

खिँदादै मैया काए कूँ करै मन भारौ॥
मनभारौ देखियौ दिल कौ प्यारौ-ओ खिँदादै...
मनभारौ हाँ हँसनी सी बत्ती चौंपन वारौ ओ खिँदादै......
मनभारौ धौरे कुरता वारौ ओ खिंदादै...
लम्बी नार, तोरा वारौ-खिँदादे.....। मनभारौ धौरी धोती वारौ-खिंदादे..
दिल कौ प्यारौ कारे जूतन वारौ-खिंदादे मैया.....।।

जब छोरी डोला में बैठे तब ऐसे हू गामें-

औड़े तौ कौड़े गुड़िया क छोड़ी रोमत छोड़ी सहेलनी।
अपने ससुर के संग चाली, लेऔ बाबुल त्याहरौ देस जी॥
अपने साजन के संग चाली, लेऔ विरन तैरौ देस जी॥

जब बना ब्याहबे जावै ताके पाछै अरु ब्याहकै दुल्हन कूँ लैकै आवै तब बधाई या तरियौं गवै-

आई आई नंद जी की पौर बधाई लाई मालनियाँ।
छजन चूरी मोतिन के गजरे मालनिया॥
जा चौक बैठे रानी कौ लाला, मालनियाँ॥
संग सजन की जाई बधाई लाई मालनियाँ।
बहन जो भुआ करै आरतौ मालनियाँ॥
झगड़ें अपनौ नेग सुगढ़ पत मालनियाँ॥

यहन जो भुआन नैं देओ पहराय सुगढ़ पत मालनियाँ।
पहर ओढ़ के गई ब्रिज मत कूँ मालनियाँ॥
मुड़-तुड़ देत असीस सुगढ़ पत मालनियाँ॥
जियै मेरौ माँ कौ जायौ सुगढ़ पत मालनियाँ॥
जियै मेरौ कुँयर कन्हाई सुगढ़ पत मालनियाँ॥

या गीत में लाला की जगह लाली कहिकें, बैठे रानी कौ लड़का हू कह्यौ गायौ जावै। छजन चुरी चांदी सोने अर मोती के छन हू कहे जामें। ये दो चूड़ी की मोटाई के होमें। यामें सजन कौ अर्थ समधी ते लगामें।

ऐसे सगाई ते प्रारम्भ पे ब्याह-संस्कार कौ उत्सव कहूँ चार अर कहूँ सात फेरन पाछैं पूर्ण होय है । इनमें गीतन कौ आनंद तौ, या उत्सव के आनंद कूँ दुगनौ चौगुनौ कर देय है। विदाई के समय कौ दुःख हू गीतन के संग संग बह जाय है।

या लेख के लिखिवे में लोकगीत उपलब्ध करायवे में श्रीमती शारदा कटारा, श्री मनोहरलाल नक्शानवीस जी की माननीया माताजी, श्रीमती घंटे शंटे जी, श्रीरामजीलाल जी गुर्जर की श्रीमती अर सारो जी, देहली दरवाजे की भता बुढ़ोजी, कुयें मौहल्ला की सैनी समाज में ते द्वै माताजी पन्नो अरु पं.भग्गो, श्री बालीराम जी कौ सहयोग मिल्यौ है। जिन गीतन के संग, विसेस समाज कौ उल्लेख न भयो है वो गीत बामन-बनिया अरु लगभग अन्य सब समाजन में हू गाये जानें हैं।

-''चतुर्भुज-प्रसाद'', कुयें मौहल्ला,

कामा-321022, जिला-भरतपुर,

❑

रतजगे के लोकगीत

– श्रीरामदत्त शर्मा

हमारे ब्रज अरु आसपास के अंचल मांहि माँगलिक औसरन पै लोकगीत गायवे की परम्परा कवते प्रारम्भ हतै जाकौ पतौ लगायवौ बड़ी टेढ़ी खीर है। जब मैं पाँच-छै बरस कौ बालक हतौ तौ हमारी दादी कहै ही कै मेरी दादी जिन गीतन कूँ गावै ही बिनमें ते मोकूँ आधे ऊ गीत याद नाँय रहे। मैंनें मेरी अम्माँ ते ऊ कछू गीत सीखे हते। बिनमें ते मोकूं भौत से गीत तौ याद हतें पर कैऊ गीत भूल गई हतूँ। जा ई बात कूँ मेरी माताजी कहतीं। बिनकूं माँगलिक औसरन पै गायवे वारे गीत अनेकन याद हते । आस पड़ौस अरु नाँते रिस्तेदारन के यहाँ ते जब काऊ के छोरी-छोरा कौ जनम होतौ तौ बिनकूँ बड़े मनुहार ते बुलायौ जातौ। बेऊ ऐसे औसरन पै गीत गावे जायवे की बाट देखती रहतीं। बिनकूं गीत गायवे कौ बड़ौ चाव हतौ। जनम के औसर पै छटी के गीत, जच्चा के गीत, पलना के गीत अरु बधाये के अनेकन गीत बिनकूँ याद हते।

छोरी-छोरा के ब्याह के औसर पै तौ लगन ते ई गीत गायवे कूं बुलायेन कौ ताँतौ लग जातौ। घोड़ी, बन्ना, माँगर, तेल, पूरी, रतजगौ, बूढ़े बाबू के गीत गायवे कूँ बिनकूँ रोजीना ई जानौ पड़तौ। ब्याह के औसर पै तौ परभाती के गीत गायवे कूँ बिनकूँ जरूर ई बुलायौ जातौ। मेरी माताजी की परम्परा मेरी चाचीजी नें निभाई। मेरी बड़ी बहने जी नें बामें चार चाँद लगाय दीने। बरात के लिये गारी, पत्तर बाँधवौ, ललमनियाँ इनके गीतन कूँ गायवे में वे बड़ी सिद्धहस्त हतीं। बड़े चाव ते इन गीतन कूं गातीं। मेरी माताजी कौ देहावसान सन् 1938 में है गयौ परन्तु मेरी बहन जी नें जे परम्परा सन् 1989 तक पूरी तरियाँ निभाई। मेरौ ब्याह सन् 1944 में भयौ। मेरी पत्नी कूं बिननें अनेकन गीत सिखाये। वैसे मेरी पत्नी कूँ ऊ मांगलिक औसरन के लोकगीत गायवे कौ बड़ौ चाव है। अपने पास-पड़ौस में जा काई के छोरी-छोरा कौ जनम होय, सालगिरह होय, ब्याह होय तौ बिन-कूं जरूर बुलायौ जाय। खास तौर ते ब्याह के औसर पै रतजगे के दई-देवतान के गीत गायवे कूँ बिनकूँ जरूर बुलावौ आवै।

इन मांगलिक औसरन पै लोकगीत गायवे की परम्परा अब धीरे-धीरे क्षीण है रही है। नई पढ़ी लिखी छोरी-छापरीन नें फिल्मन की तर्ज पै नए गीत गढ़ लीने हैं। घोड़ी बन्नाऊ नई तर्ज पै गढ़ लिए गए हतें। इनमें ब्रजभासा की जगह खड़ी बोली नें लै लई हतै। फिर ऊ जच्चा, माँगर, तेल, बूढ़ौ बाबू अरु रतजगे के औसर पै लोकगीत गायवे की परम्परा अबई ज्यौं की त्यौं हतै। बिसेस रूप ते ग्रामीण अंचल में जा परम्परा कौ निर्वाह निर्बाध रूप ते है रह्यौ हतै। रतजगे के गीत छोरा के ब्याह में दो बेर गाये जाँय अरु छोरी के ब्याह में एकई बेर गवैं। जा औसर पै महादेव, ठाकुर, हनुमान, देवी, गनेस, कान्हा बिहारी, के अलावा रैयारी, सैयद, पठान, पाँच पीर, चामड़, भौमिया के गीत ऊ गाये जाँय।

इनमें ते कछू लोकगीत बानगी के रूप में नीचे दिये जा रहे हैं:-

रैवारी कौ गीत

रैयारी बाबा लाड़ लौरे, लाड़ लौरे मेरी माय।
डेरे में कहियै तेरौ थान, मन्दर में कहियै तेरौ थान।

परचै तौ दैदै बाँव बहुगने रे बाबा बहुगने
नगारे बाजें चारों खूंट, ऊंटन की लंगवार।
सोयौ, सोयौ करतौ आवै, करतौ आवै मेरी माग रैवारी बाबा लाड़ लौरे....
चाँमर तौ राँधू बाबा ऊजरे, हरी ऐ मँगौड़ी धोवादा
पुरियाँ तौ पोऊ बाबा लवझवी, पापड़ सेकूँगी चार
झवक परोसूँगी थार, जैंवत निरखूंगी तिहारी आँगुरी
बोलत सुगनी सी जीभ, जेंयौ तौ जूठ्यौ बाबा रसभर्यौ
कोई पौदन ठौर बताय,
बारह तौ खन की बाबा रावरी, जामें पलँग पर्यौ ऐ दरयाव
दिवल बलै सारी रात,
परिचै तौ देऔ बाबा बहुघने, नँगारे की ज्योत चढ़ाऊं।
रैवारी बाबा लाड़ लौरे लाड़ लौरे मेरी माय।

सैयद कौ गीत

सैयद तौ सोये खूंटो तान कें रे बाँकू कौन जगायवे जाय।
कै तौ जगावै बीबी फातमा कै कुलवन्ती नार
गूँटा तौ मोड़ जगाइयौ रे जगाइयौ छछहारी फिर फिर जाँय
सैयद उठे ललकार कें, फटकार कें, टूटे पलंग चारों साल
सूदे तौ भये हैं विलोमना, छछिहारी भर-भर जाय
सैयद तौ सोये खूंटो तान कें।

पाँच पीर

पाहर ते उतरे पाँचों पीर चार सरैया कोरी कोरी आईं
दोइ हलुआ दो माँढ़ी
चार करसिया कोरी कोरी आईं, दो इमरत दो पानी
चार भरोटा हरे-हरे आये, दो आले दो सूखे
चर गये दूब पी गए पानी कर गए लीद मसानी,
तुम देखौ लाल जा साहब की बानी
आगें तौ जोजा कपड़ा न देतौ, अबर लुटावै गुलसारी
सारे देख कमल ज्यों विकसत भैया ऐ देखि लड़ाई
आगें तौ बनियाँ गुड़ नई दैतौ, अबर लुटावै गुड़ की भेली,
जा कलजुग में रीत चली है, सास भरै बहू कौ पानी,
जा कलजुग में रीत चली है, हँसे खाय जिठानी
तुम देखौ लाल जा साहब की बानी
पतरा बाँच मिस्सर घूमै, घर घूमें मिसरानी
हाट-हाट पै बनियाँ घूमै, घर घर घूमें बनैनी
तुम देखौ लालजा साहिब की बानी।

चामड़, भौंमिया कौ गीत

दादी वरजै भौंमिया तिहारी मैय्या वरजै ऐ
वा चामड़ के लारे भौंमियाँ मत जा
नहीं मानूं दादी, नहीं मानूं मैया वा चामड़ कौ संग मोकूं प्यारौ लागै
वाके बजते नगारे मोय प्यारे लागें।
दिन के नगारे चारों कूट बाजें, जीजी भुआ मैं नहीं मानूं एक
जीजी वरजै भौंमियाँ, तिहारी भुआ वरजै ऐ
वा चामड़ के लारे भौंमियाँ मत जा,
नहीं मानूं जीजी नहीं मानूं भुआ, वा चामड़ कौ संग मोकूं प्यारौ लागै
मैं तौ वाकौ भगती करूं अपार।

महादेव जी कौ गीत

तू बैठौ आसन माँढ़ महादेव रे ओ जोगी के
तू बैठौ भुजा पसार, महादेव रे ओ जोगी के
तू राजा कौ रछपाल महादेव रे
तू रानी कौ आँचर मार महादेव रे ओ जोगी के
तू दूल्हा कौ रछपाल, महादेव रे ओ जोगी के
तू लाड़ी कौ आँचर मार महादेव रे।

ठाकुर कौ गीत

राजा मानसिंह नें ठाकुर नौतियो
रानी के घर सेवा होय, बड़ी ग्यौनार गुलगुले होंय
पपड़िया होय, लपसिया होय, आवें बड़े ठाकुर देवता
तुम ठाकुर मेरे ऊ घर अइयों मैऊ तुम्हें जिमाऊँ ग्यौनार
जा दुलहा कूं आसिस दीजों, लाड़ी कूं दीजों पुत्तर चार
मैं ऊ तुमकूँ नौतौ दूंगी मेरे नौते पै अइयो ठाकुर देवता

बाँकेबिहारी औ हनुमान जी कौ गीत

कहाँ ते आये बाँके बिहारी	कहाँ ते आये हनुमान
वृन्दावन तेआये बाँकेबिहारी	लंका ते आये हनुमान
काए में आमें बाँकेबिहारी	काए में आमें हनुमान
गाड़ी में आमें बाँकेबिहारी	रथ में आमें हनुमान
काँहर उतरें बाँके बिहारी	काँहर उतरें हनुमान
मन्दिर पै उतरें बाँकेबिहारी	सिंहासन पै उतरें हनुमान
का कपड़ा पहरें बाँकेबिहारी	का पहरें हनुमान
पीरी कछौरी बाँकेबिहारी	लाल लँगोटा हनुमान
काहर जीमें बाँकेबिहारी	काहर जीमें हनुमान

लडुआ जोमें याँकेयिहारी	घूरमा तौ जोमें हनुमान
काहर पीमें याँकेविहारी	मसर मलीदा हनुमान
पानी पोमें याँकेविहारी	काहर पीवें हनुमान
काहर दिंगे याँके विहारी	सरयत पोमें हनुमान
अन धन दिंगे याँकेविहारी	काहर दिंगे हनुमान
काहर तोरें याँकेविहारी	पुत्तर दिंगे हनुमान
तारे तोरें याँकेविहारी।	काहर तो रें हनुमान
	लँकाए तोरें हनुमान
	याँके विहारी ते कम नाँयें हनुमान।

रतजगे के इन गीतन ते पतौ लगै कै हमारा संस्कति समन्वयवादी रहो हतै। ब्याह जैसे माँगलिक औसर पै रैवारी, सैयद, पीर, पठान के गीत गाये जांए। जाते प्रगट होय कै जा देस में भौत काल तानूं मुसलमान शासकन कौ राज रह्यौ। याके प्रभाव ते सैयद, पठानऊ पुजवे लग गए। विवाह जैसे माँगलिक कार्य की निर्विघ्न पूर्ती है जाय याके लिये अपने दई देवतान के संग इनकूं ऊ मनायौ जाय। जा परम्परा कूं अंधविश्वास ऊ कह्यौ जा सकै। हमारे जा अन्धविश्वासी हिन्दू समाज में सैयद की मान्यता आजऊ देखी जाय। सैय्यद के थान पै ढोक दैवे मनौती मनायवे अनेकन पुरस और स्त्री आजऊ जाते भए देखे जाय सकें।

रैवारी के गीत ते प्रकट होय कै राजस्थान ते लगे भए जा ब्रज आँचर में कोऊ ऊंट की सवारी करवे वारौ आयौ अरु यो यहाँ के समाज में ऐसौ घुलमिल गयौ कै यानैं यहाँ ते लौटकें जायवे कौ नाम ऊ नाँय लीनौं। वो एक सिद्ध पुरुष मन गयौ। मानसन की मनौतीन नें पूरी करवे लग गयौ अरु जा आँचल में ई मृत्यु कूं प्राप्त है गयौ। याके थान कूं आजऊ पूजौ अरु मानौ जाय। जाईते विवाह जैसे माँगलिक औसर पै रतजगे (रात्रि जागरण) के समै पै याकौ ऊ स्मरण कियौ जाय।

चामड़ अरु भौमिया के सम्मिलित गीत ते प्रगट होय कै भौमिया चामड़ कौ बड़ौ ऊँचौ भगत हौ। भौमिया कूँ चामड के संग जायवे ते याके घरवारे रोकते पर वो विनकी एक नाँय सुनतौ। खरौ उत्तर देतौ कै चामड़ मैय्या के बजते नगाड़े मोकूं ऐसे प्यारे लगैं कै मैं उनकी धुन सुनकें विनके दरसन कूं तत्काल जायवे ते अपने आपकूं रोक ई नायँ पाऊं। ब्याह के माँगलिक औसर पै चामड़ के संग भौमिया के स्मरण ते पतौ लगै कै हमारी संस्कृति में देवी-देवतान के पूजन अर्चन के संग विनके मन-वचन कूं स्मरन करवे की परम्परा रही है।

याँकेविहारी अरु हनुमान जी के युगल गीत ते ऊ प्रकट होय कै भगवान ते ज्यादा हमारी संस्कृति माँहीं भक्त कौ स्थान मानौ गयौ है। ऐसौ जा कारन है कै स्वयं भगवान नें भक्त कूं ऊंचौ बतायौ है। याँके विहारी तौ अन्न और धन दिंगे परन्तु हनुमान जी तौ पुत्र दिंगे जाते बंस परम्परा आगें चलैगी। ऐसौ भाव जा लोकगीत में दरसायौ गयौ है।

माँगलिक औसर पै लोकगीतन की परम्परा शहरी क्षेत्र मे धीरे-धीरे लुप्त हौंतो जाय रही हतै क्योकि हमारी नई पीढी की युवतियाँ सिनेमा के गीतन ते बहुत प्रभावित हतैं। विनने घोड़ी, बन्ना, बधाये फिल्मी तर्ज पै गायवौ प्रारम्भ कर दीनौ है। इन गीतन में हमारी साँस्कृतिक परम्परा की झाँकी नाँय मिलै। जाते ई ब्याह के औसर पै 'महिला संगीत' नयौ नामकरण भयौ है। जामै फिल्मी तर्ज के कछु गीत ब्रजभासा अरु खड़ी बोली में मिले जुले गाये जाँए। ग्रामीण आँचल में जे प्रभाव अबई नाँय दीखै। जाते ई लोकगीतन की परम्परा हमारे जा ब्रज आँचल में अबऊ जीवन्त है। रतजगे हमारे गाँवन में अबऊ निर्बाध रूप ते होंय और विन में रतजगे के गीत गाये जांयें। जाते जे गीत आज सुरक्षित हतें।

-सी-९१, रणजीत नगर,
भरतपुर

❑

ब्रज लोकगीतन में पर्व

-डॉ. रामप्रकाश कुलश्रेष्ठ

माह महीना में वसंत पंचमी मनायी जाए। याही दिना ते वसंत रितु कौ आरम्भ मानौ जाय अरु होरी के गीतन कौ गायन सुरू होइ। फागुन के महीना में फुलैरा दौज होइ। फुलेरा दौज कूं घरगुली बनाई जाइ अरु होरी के दिना तक संझा समै टिकुलियाँ रखी जांय। गोवर की गूलरियाँ, ढाल, तलवार आदि बनिवौ आज सूँ सुरू होइ। रंगभरनी एकादसी कूं ब्रज के मंदिरन माँहि अबीर-गुलाल उड़ै। होरी के रसियाऊ गाये जांए। होरी तौ फागुन की पूनौं कूँ मनाई जाय वामें आगि लगाई जाय अरु होरी मँगरने पै घर कौ एक आदमी आगि लाइकें घर की घरगुली पै रखी गुलरियन में लगाइदे। दूसरे दिना होइ धुलैंड़ी, आजु के दिना खूब होली खेली जाइ। आदमी अरु वैयरवानी दहनावर निकारें। दूसरे दिना होइ भैया दूज। जा भैया दूज कूं कछु मनावैं, कछु नांय मनावैं।

घरगुली खोदी जाइ वा औसर पै गीतु गायौ जाइ-

रामा बलि के द्वारा चढ़ी ए होरी
कौन के हाथ रंगीलौ ढ़प सोहै।
कौन के हाथ रंगीलौ ढप सोहै।
कौन के हाथ गुलाब की छड़ी।

होरी मंगरिवे ते पैलें पूजी जाइ। गीत गाये जांयें। वैयरबानी सिकायत करै कै होरी पूजिवे कैसें जाऊँ मोपै पहरिवे कूं गैहने नांय। पति अपनी पत्नी कूं समझावै, अबकै तौ ऐसे ही पूजि लेउ, अगली बरस खूब गैहने बनावाइ दुंगो। जाकौ सीधौ मतलब ए कै फसल अच्छी है जायगी तौ गैहने अपने आपु दुगने बनि जायिंगे। होरी में आगि लगिवे पै बालि भूनी जांय अरु गीतु कछु ऐसे गायौ जाय-

बालि बलूलरियाँ
जौ की लामनियाँ
कृष्णा जी भैनि बुलाई कै जौ की लामनियां
सहद्रा दौरी दौरी आवै, कै जौ की लामनियां
भैना गूंजा खाइबे आउ, कै जौ की लामनियां
कै हिस्से खाइबे आउ, कै जौ की लामनियां

होरी मंगरि जाइ, लौटते बखत वैयरवानी जा तरियाँ गीत गावति चलें-

होरी के हुरिहारे आये राम चना रे,
कोरे दतार आये राम चना रे,

कृष्ण जी दतार आये राम चना रे
होरी मंगरि घर दाऊजी आये राम चना रे
पइदै मइया रोटी राम चना रे
ईंधन नाँय बाँधन नाँय ,
कैसे पैइं बेटा रोटी राम चना रे।

मथुरा के कलेक्टर साहब एफ.एस. ग्राउस (1882) नैं अपने संस्मरनन माँहि जि लिखौ है कै ब्रज माँहि होरी की अजीयो गरीब प्रथाऐं हैं, जाके बारे में बाहर के लोगन कूं पतौ नांय। ब्रज में तौ होरी चालीस दिना चलै, अरु जि कही जाय कै 'जग होली, ब्रज होला।'

ब्रज की होरी द्वै तरियाँ होय-एक तौ सलौनी होरी जामें नाचगानौ, संगीत अरु नाट्य होय, जाकौ केन्द्र होय वृन्दावन। जाय कहें है होरी लीला ए। राधा जू अरु किसन जी फूलनि की पंखुरीन ते होली खेलैं। जा तरियां की होरी मैं मनन फूल लग जांय।

दूसरी तरियाँ की होरी होय मनोरंजक। जाइ गांमनि में देखि सकैं। दाऊजी में जो 'हुरंगा' होइ वाए दूसरी तरियाँ की होली मानौ जाइ।

दाऊजी कौ दूसरौ नाम ए बलराम। ब्रज क्षेत्र मांहि बलराम की पूजा करिबे की परम्परा भौत पुरानी मानी जाय। मथुरा सूं 14 मील दूरी पै रीढ़ा गाँव के कुण्ड मांहि बलराम-रेवती की मूर्तियां 16 वीं सदी की मिली एं और मिलौ ए दाऊजी कौ मंदिर। ता दिना सूं रीढ़ा गाँव है गयौ बलदेव गाँव।

धुलेण्डी के दूसरे दिना चैत कृष्णा द्वितीया कूं जा मंदिर में होली मनायी जाइ। जा दिना घूँघट वारी वैयरवानी आदमीन कपड़ान कूं फाड़ैं और वासूं बनावैं कोड़ा और कोड़ननि सूं मर्दन की करैं पिटाई। लोग तौ दूरि सूं ई रंग डारि सकैं। जाय, बठैन, जतीपुरा, आन्यौर मांहि लोग लुगाईनु में लीला- युद्ध होय जामें लठिया चलैं। लीला युद्ध लगै तो उग्र परि है बड़ौ मनोरंजक। लोग पिटैं, लुगाई पीटैं जिय है ब्रज की होरी।

ब्रज के फालैन गांम में फागुन की पूनौ कूं होली उत्सव प्रह्लाद मंदिर के औरे मनायौ जाइ। प्रह्लाद मंदिर कौ पंडा प्रह्लाद कुंड में न्हाइकैं जा आगि में हैकें निकरै। जाइ सब अपनी आँखिन सूं देखें।

फागुन कौ महिना आवत ही सबनि की चाल बदलि जाइ। रंग-ढंग बदल जाइ। आदमी तौ आदमी प्रकृतिऊ बदल जाय। ब्याह के बाद नई नवेली अपनी ससुराल वारेनु सूँ कहि रही ए कै होली आइ गई। आपु तौ बिना गौने के लै आउ। होली खेलिबे कूँ ससुराल में होइबौ जरूरी ए-

कच्ची अम्बली गदराई रे फागुन में
रांड लुगाई मस्ताई फागुन में
कहियो रे उस ससुर भले से
चाल्ला लेकर आ फागुन कौ
बिना मुकलाई लेजा फागुन में
कच्ची कली..........
कहियो री उस बहू भली से

रत्ती भर घटला(घटेगा तो) माशा भर देऊंगी।
देऊंगी काट के तोल।

ब्रजभासा कौ जि होली गीत गढ़वाल-कुंमायूं इलाके में बड़े चावसूं गायौ जावै।

होली कौ पखवाड़ा तौ मौज-मस्ती कौ पखवाड़ौ ए। राधा-किसन तौ हर गीत में मिल जावे। ब्रज के नर-नारीन के हाथनु में गुलाल होय, मौज-मस्ती होय, हास-परिहास होय, हाथन में पिचकारी होय ब्रज के लोग लुगाई हाथन में अबीर गुलाल लैकें बिखेरते भए होलनि के टोल एक मुहल्ला सूं दूसरे मांहि जांइ, गीत गाएं, गले मिलैं और फिर सब मिलिकैं गावैं-

आज बिरज में होरी रे रसिया,
होरी रे रसिया बरजोरी रे रसिया।
कौन के हाथ कनक पिचकारी,
कौन के हाथ कमोरी रे रसिया। आज बिरज.....
कृष्ण के हाथ कनक पिचकारी
राधा के हाथ कमोरी रे रसिया॥ आज बिरज.....
उड़त गुलाल लाल भये बादर, केसर रंग में बोरी रे रसिया।
बाजत ताल मृदंग झांझ ढप और मंजीरन जोरी रे रसिया।
फेंट गुलाल हाथ पिचकारी, मारत भर-भर झोरी रे रसिया।
इत सौं आये कुंवर कन्हैया, उत सौं कुंवरि किसोरी रे रसिया।
नंद गाँव में जुरे हैं सखा सब बरसाने की गोरी रे रसिया।
दोऊ मिल फाग परस्पर खेलें, कहि-कहि होरी रे होरी रे रसिया।

जब एक दूजे सूं गले मिलैं सबके दिल एक दूसरे से मिलैं। तब वे अपनी पुरानी सब भूलि जांय। बिनकी मन स्थिति बड़ी विचित्र है जाय, फिरि सब मिलिके गावें।

ब्रज की होरी कौ आनन्द तौ अलग ई ए। बसंत पांचें पै होरी कौ डाँडों गढ़तई खेम ब्रज के लोकजीवन में एकदम नई उमंग आ जाइ। कह्यौ करैं ए-'आई माह पांचै, बूढ़ी डुकरिया नांचे।' इतनौ ई नांय लुगाई ऊ खसम सूं कहै फूफाजी अरु फागन में जेठ कहन लागे भाभी। फागुन कौ महीना ब्रज में सबसे ज्यादा महत्ता कौ मानौ जाय-

पौरी आगे घिरा उड़ै उड़ उड़ परै गुलाल
भैया होरी आइयें, ए होरी आइए
भैया खेलो गैदोंली, याको भैना खैलै गुलाल। भैया होरी....

इतै भैयादूज की बात भई अरु एक सखी कहि रई ए-

फागुन आयो ए सखि गयो गाम को नींद।
आँखिन में सौदा भए होटन करी रसीद॥

जैसलमैर माहि ब्रज की गोरी कन्हैया सूं कहै-

मत मारो पिचकारी मैं तो सगरी भींज गई,
मत मारो पिचकारी मारो तो सनमुख मारो,
नहीं तो देऊंगी मैं गारी हो गारी

परि स्याम काहे कूं मानैं, चौंकि वे जानत हैं कै-

कहा करूं कित जाऊं मेरी सजनी
लाज रही कछु थोड़ी
मन भायो सो कियौ मनमोहन,
ऐ मैं सब ही सहोरी।

जैसलमेर में होरी पैं 'जिन्दा-जिन्दी' स्वांग तौ होय परि जि होरी खूब गाई जाय-

छबीली बन गयौ छैल बिहारी
आज सखी सोलह वर्ष की नार
सोलह वर्ष की नार पहन फूलन गजरा सार
कर गयो वस में आज छैल श्री वृन्दावन वारौ।
ले गयो अपने लार, यार श्री राधे को प्यारो..।
मत छेड़ स्याम मैं आज ब्याह कर आई
कछु करो शरम नहीं खुले भरम चतुराई।

भदावर के हुरियारे सुखैया पौरानिक कथानक पै होरी गायौ करते। महाभारत के कथानक पै आधारित जा होरी नें अभिमन्यु की मैया चक्करवूह(चक्रव्यूह) तोरिबे जाबे सूँ पैलें कहि रई ए-

उमर नादान है बेटा दूध के दांत हू ना टूटे।
पिता तेरे घर नांहि करम सब भांति सौं फूटे।
बारह बरस बिरत रह मां दुखिया के सूरज कौ टेकौ है।
तब तू आंखिन ते देखौ है।

सुखैया के मरे पै बिनकी सिस्य मंडली नें जि होरी गाई-

दुनियाँ में गितारी बहुत भये,
सुखलाल की ध्वनि कछु न्यारी।
पूरब-पश्चिम, उत्तर-दक्खन,
चारों पटिया मथि डारी।
जेठ लगत शनिवार सातें को सुरपुर पहुँच गये,
तेरी कुदरत की बलिहारी है भगवान।
विधि सौं न बसियाय गति जानी न जाय,
दुख भयौ है अथाय, दुनिया पछिताय।
तैंने बिलखत छोड़े चेला तैरो उड़ि गयौ हंस अकेला।।

पतोला(पातीराम) के पटु सिस्य मोहन सिंघ प्रसिद्ध हुरियारे तथा गितारी माने जायँ। 'परदेसी की प्रीति' होरी ह्यां दई जार रई ए-

परदेसी की प्रीति कौ है झौंल कौ सौ तापनौ
दियौ करेजा काढ़ि तऊ भयौ नहीं आपनौ।

कोऊ मति करियौ, प्रीति करै तौ ऐसी करियौ
नित उठि है जाय मैली, नहीं सबते भली अकेली।।

गामन में मंदिरन में गाम के रहवैया मस्ती मे गाइ उठैं-

रंग लूटें रे आज मंदिर में रंग लूटें
कौन सिखर पै गौरी विराजै, कौन सिखर पै मन भोले।
रंग लूटें रे आज मंदिर में रंग लूटें।

ब्रज की विसेस धुनि-डंडेशाही होरी कौ एक नमूना ह्यां दियौ जा रह्यौ है-

फकीर यार फागुन में फेरी कूं आमें,
फागुन में आमें संग टोली कूं लामें।
फकीर यार फागुन में फेरी कूं आमें,
नई रंगत के रसिया सुनाय जामें।
भंग के नशा में, हरिगंग कूं मनामें,
बजरंग कूं सुमिर के आ दंगल में गामें। फकीर.....
द्वार द्वार जामें औ सब कूँ रिझामें,
कर चित कूं प्रसन्न रंग-रंगत रमामें। फकीर......
डंडे बजामें कडंगे मिलामें,
बेढ़ंगे खिलाड़ी आय देख दहलामें। फकीर.........
रंगहूं उड़ामें, हुड़दंग हू मचामें,
करवे दरस कूं प्यारी हम स्वांग लैके आमें। फकीर.....
'किशोरी लाल' गामें, गा सबकूंई सुनामें
करिबे कूं रिस्तौ पक्कौ हम साल भर में आमें। फकीर.....

करौली मांहि होली गायन बसंत पंचमी ते सुरू होय अरु चैत की पांचै तक चलै। मदन मोहन जू की नगरी करौली मांहि गायन ब्रज की तरियाँ होइ। राजा महाराजा नु के आसय मे रहिये वारे मथुरा सूं पधारे चतुर्वेदी समुदाय के लोगन नैं जा विद्या कूं बढ़ायौ। करौली के महाराजा भ्रमरपाल अरु भूमिपाल नें अनेक कवीन कूं प्रस्रय दीनौं ओ तबई ते होली गायन के राग, धमार, ध्रुपद, रसिया, ख्याल अरु पैंचहटा प्रचलित है गए हैं। ब्रज की भांति करौली मांहि धूलण्डी के दिना ढप, ढोल, नगाड़े, झांझ, मंजीरा, हारमोनियम बजाइके होरी गावैं, नाचैं, नये जच्चा, बच्चा के संग नाचैं। कन्हैया अर राधा सब हमजोलीन के संग होली खेलिबे निकरते गावें-

आज होरी खेलन चलौ बरसाने को

हां, मिल जाओ सब बूढ़े बारे
लाल हुए नंदलाल सखी, ऐसौ ब्रज में उड़ौ गुलाल।
लाल हो गई धार यमुना की लाल भये गोपी ग्वाल।
लाल वसन तन राधिका के चन्दन कर मेंहदी लाल।
लाल मुकुट माथे पर कृष्ण के लाल हिये मुक्तन माल।
लाल जरतारी वस्त्र पहिने कान्हा नाचे दे दे ताल
लाल लिए संग सखा सब चले लाल मतवाली चाल

परि स्याम काहे कूं मानें, चोंकि वे जानत हैं कै-

कहा करूं कित जाऊँ मेरी सजनी
लाज रही कछु थोड़ी
मन भायो सो कियौ मनमोहन,
ऐ में सब ही सहोरी।

जैसलमेर में होरी पै 'जिन्दा-जिन्दी' स्वांग तौ होय परि जि होरी खूब गाई जाय-

छबीली बन गयौ छैल बिहारी
आज सखी सोलह वर्ष की नार
सोलह वर्ष की नार पहन फूलन गजरा सार
कर गयो वस में आज छैल श्री वृन्दावन वारौ।
ले गयो अपने लार, यार श्री राधे को प्यारो..।
मत छेड़ श्याम मैं आज व्याह कर आई
कछु करो शरम नहीं खुले भरम यदुराई।

भदावर के हुरियारे सुखैया पौरानिक कथानक पै होरी गायौ करते। महाभारत के कथानक पै आधारित जा होरी में अभिमन्यु की मैया चक्करवूह(चक्रव्यूह) तोरिवे जावे सूँ पैलें कहि रई ए-

उमर नादान है बेटा दूध के दांत हूं ना टूटे।
पिता तेरे घर नांहि करम सब भांति सौं फूटे।
बारह बरस विरत रह मां दुखिया के सूरज कौ टेकौ है।
तब तू आंखिन ते देखौ है।

सुखैया के मरे पै विनकी सिस्य मंडली नें जि होरी गाई-

दुनियाँ में गितारी बहुत भये,
सुखलाल की ध्वनि कछु न्यारी।
पूरब-परिचम, उत्तर-दक्खन,
चारों पटिया मथि डारी।
जेठ लगत शनिवार सातें को सुरपुर पहुँच गये,
तेरी कुदरत की बलिहारी है भगवान।
विधि सौं न बसियाय गति जानी न जाय,
दुख भयौ है अथाय, दुनिया पछिताय।
तैंने बिलखत छोड़े चेला तैरो उडि गयौ हंस अकेला।।

पतोला(पातीराम) के पट्ट सिस्य मोहन सिंघ प्रसिद्ध हुरियारे तथा गितारी माने जायँ। 'परदेसी की प्रीति' होरी ह्यां दई जाइ रई ए-

परदेसी की प्रीति कौ है झौल कौ सौ तापनौ
दियौ करेजा काढ़ि तऊ भयौ नहीं आपनौ।

कोऊ मति करियौ, प्रीति करौ तौ ऐसी करियौ
नित उठि है जाय मैली, नहीं सबते भलो अकेलो।।

गामन में मंदिरन में गाम के रहवैया मस्ती में गाइ उठैं-

रंग लूटें रे आज मंदिर में रंग लूटें
कौन सिखर पै गौरी विराजै, कौन सिखर पै मन भोले।
रंग लूटें रे आज मंदिर में रंग लूटें।

ब्रज की विसेस धुनि-डंडेशाही होरी कौ एक नमूना ह्यां दियौ जा रह्यौ है-

फकीर यार फागुन में फेरी कूं आमें,
फागुन में आमें संग टोली कूं लामें।
फकीर यार फागुन में फेरी कूं आमें,
नई रंगत के रसिया सुनाय जामें।
भंग के नशा में, हरिगंग कूं मनामें,
बजरंग कूं सुमिर के आ दंगल में गामे। फकीर.....
द्वार द्वार जामें औ सब कूँ रिझामें,
कर चित कूं प्रसन्न रंग-रंगत रमामें। फकीर......
डंडे बजामें कडंगे मिलामें,
बेढ़ंगे खिलाड़ी जाय देख दहलामें। फकीर.........
रंगहूं उड़ामें, हुड़दंग हू मचामें,
करवे दरस कूं प्यारी हम स्वांग लैके आमें। फकीर.....
'किशोरी लाल' गामें, गा सबकूई सुनामें
करिबे कूं रिस्तौ पक्कौ हम साल भर में आमें। फकीर.....

करौली मांहि होली गायन बसंत पंचमी ते सुरू होय अरु चैत की पांचै तक चलै। मदन मोहन जू की नगरी करौली मांहि गायन ब्रज की तरियाँ होइ। राजा महाराजा नु के आसरय में रहिये वारे मथुरा सूं पधारे चतुर्वेदी समुदाय के लोगन नैं जा विद्या कूं बढ़ायौ। करौली के महाराजा भ्रमरपाल अरु भूमिपाल नें अनेक कवीन कूं प्रसरय दीनौं ओ तबई ते होली गायन के राग, धमार, ध्रुपद, रसिया, ख्याल अरु पैचहटा प्रचलित है गए हैं। ब्रज की भांति करौली मांहि धूलण्डी के दिना ढप, ढोल, नगाड़े, झांझ, मंजीरा, हारमोनियम बजाइके होरी गावैं, नाचैं, भये जच्चा, बच्चा के संग नाचैं। कन्हैया अरु राधा सब हमजोलीन के संग होली खेलिबे निकरते गावें-

आज होरी खेलन चलौ बरसाने को

हां, मिल जाओ सब बूढ़े बारे
लाल हुए नंदलाल सखी, ऐसौ ब्रज में उड़ौ गुलाल।
लाल हो गई धार यमुना की लाल भये गोपी ग्वाल।
लाल बसन तन राधिका के चन्दन कर मेंहदी लाल।
लाल मुकुट माथे पर कृष्ण के लाल हिये मुक्तन माल।
लाल जरतरी वस्त्र पहिने कान्हा नाचे दे दे ताल
लाल लिए संग सखा सब चले लाल मतवाली चाल

इतनौ ई नांय। ख्याल गायक गिरधर नें होरी कौ बखान जा तरियां करौ ए कै जासों बारहखड़ी समझि जांय-

करत कान्ह कौतुक निशंक भर अंक छिड़कते रंग।
खिलखिलाय खेलते हैं खेल कान्हा राधा के संग।
गोरी-गोरी ग्वालन खड़ी है गोल बाँध इक लंग।
घूर-घूर घूरत घट औघट रास्ता कर रही तंग।
चलत चाल चंचला चपल चतुराई करु चौरंग।
छक छक छकाइ दई बृजनारी जय जय जहँ मारे पिचकारी।
झूम झपट झट जाए लिपट झकझोरे गोरे अंग।
टपके रंग सरंग झपटझट पटकत रंग दबंग।
ठाठ बाट ठाड़ा ठगिया ठग ठठा करत निहंग।
डटै नहीं डाटे सो पकड़ कर कर रयो रंग बिरंग।
ढूंढ ढूंढ ढूंढ़त सखियन ढप ढोल बजे मोचंग।
लिखा ख्याल गिरधर नें बज रहे चौताले चंग।

होरी कन्हैया की नेह लीलान कौ सलौनौ रूप मानौ जाय। गोपीन कौ टौल होइ चाहे अकेली होए-एकली गोपी बिनके रसाभास के लिये कोऊ अंतर नांय। संकरी कुंज गली मांहि-इकली गोपी अरु इकलौ छैल-फगनौटे कौ रसीलौ रूप देखिवे लाइकै-

सखी री बंसी बारौ,
सखी री दैया बारौ, मोय लिवाइ लिए जाय।
मृग के नैन जाकी दाड़िम सी बत्तीसी,
पट घूँघट की ओट रही जाय।
सकरी गली गली में ठाड़ौ हां करूँ तौ हाँसी आवै,
ना करूँ तौ मेरौ जिया जाय।
नैना कजरारे जाकी भौंह हैं कटीली,
दिया जिया मेरौ छलनी बनाय।
आगि लगै या होरी के माथे-जानै चौरे में दई लुटवाय।

मन मोहन कन्हैया सूं होरी खेलिवे की मंशा आजु पूरी है जाएगी ताई सूं गोपी सजि रई ए, संवरि रई ए चौंकि मनमोहन आइवे बारे ए-

होरी खेलूंगी मनमोहन आवनहार।
उबटन मज्जन करि लियौ सजनी तन, सज सांज सिंगार।
हाथन मेहँदी पाँव महावर काजर लियौ लगाय।
बेसर कौ मोती अति सुन्दर, सौंधे भीने बार।

होरी के दिना या गोपी की साध पूरी होय ए। संजोए भए रंगीन सपनेन कूं पूरौ होत देखि रई ए।

राधा-कन्हाई अकेले होरी के विसय नांय। समय के संग जायँ अनेक विसय अपने आपु जुड़ि जाएं। रास्ट्रीय भावना

ऊ जुड़ि जांय। ये हुरियारे तरै-तरै के विसयन कूं समैट लैं। शिवाजी अर राना प्रताप सूं लैकें भगत सिंह, गांधी जी तक सबई नैं देसप्रेम की होरी खेली ए। सुतंत्रता के तांई त्याग भावनान की मटकी में संगठन को रंगरासि उंड़ेली ए-

खेलौ री देसप्रेम की होरी।
रंग संगठन कौ मिलि-त्याग गगरिया कोरी।
तीन रंग की लै पिचकारी, निर्भय है कैं यद्दौ अगारो।
देखौ अपनी-अपनी बारी खूब करौ बरजोरी।
राणा शिवा सहज ही खेले, तन पै कस्ट अनेकन झेले।
खेले भगतसिंह अति प्यारे, राजगुरू सुखदेव सितारे।
बापू खेले हरि के आगे, हम खेलत रह गए अभागे।
डटे रहे सब ममता त्यागे, प्रीत राष्ट्र सौं जोरी।

जा तरियाँ होरी के हुरियारेन नैं देस कूं सुतंत्र कियौ। देस के विकास कौ बीड़ा इननें ई उठायौ। चाए स्वेत क्रांति होइ, चाए हरित क्रांति, चाए परिवार नियोजन होय, चाए सहकारिता कौ संदेस, ऐसे हुरियारेन नैं होरी कौ दर्सन क्रांति किसोरी के रूप में कर्यौ ए-

ठाड़ी क्रान्ति किशोरी।
खेलौरी इनसौं मिल जुरि करि कै होरी।
हरित क्रांति कौ हर सौं खेलौ-नव उपकरण बटोरी।
स्वेत क्रांति कौ दूधन खेलौ, बात करौ मत कोरी।
खान कारखाने में खेलौ, रोकौ रिस्वत खोरी।
ठाड़ी है क्रान्ति किशोरी।

जिय मानौ जावै कै मथुरा तीन लोक सूं न्यारी ए। जब मथुरा तीन लोक सूं न्यारी है तौ ब्रज की होरी ऊ सबनि की होरी सूं न्यारी होय। सब जगै तौ होरी होय परि ब्रज मांहि होय-होरा!

ब्रज में 'होरा' च्यों है वाकौ कारन बतावति भई एक गोपी कहि रई ए-

देखो है ई देस निगोरा, जगत होरी ब्रज में होरा
लाज रहै चाहे जाऔरी सजनी नाहै सरम कौ ओरा
कहा वृद्ध कहा तरुन छोहरे,एक ते एक ठठोरा
न काऊ कौ काऊ सौं जोरा।

ब्रज कौ हर घर होरी के रंग सूं चमकै-चहकै। या होरी कौ रंग बरसाने में जैसौ बरसै वैसौ तीन लोकनि मांहि नांय मिलै। गोपिनि के सुर में सुर मिलायकें ब्रज की नारि, ब्रज की ललना होरी कौ नौंतो दै रई ए-

खेलुंगी तोतें रंग होरी बरसाने में अइयो राधेश्याम
अरु
कान्हा बरसाने में आ जइयो, बुलाइ गई राधा प्यारी।

परि दूसरी ओर ऐ-

ए लंगुरिया हँसि मति अइयो काऊ और ते
मैं मरूंगी जहर विस खाइ।

चैत महीना के धुलैंड़ी अरु भैया दूज की चर्चा तौ करि चुके एं। अब बचि गयौ ऐ-बासौरौ, नौ दुर्गा,गणगौर, देवी आठैं और रामनौमी। बासौरा सीतला सातैं कूं होइ अरु कछु सीतला आठैं कूं मनावैं। बासी सामान सूं सीतला माता पूजी जाय। जा दिना बासौ खानौं खायौ जाइ। ठंडौ खायौ जाइ।

चैत महीना कौ (सुक्ल पाख) पैले पखवारे की पड़वा सूं नयौ संमत सुरू होइ। जाई दिना सूं सरू होइ नौ दुर्गा। ब्रज की बैयरबानी आठ दिनान तक व्रत रखैं फिर नौवें दिना बाय खोलें। कछुं तौ आठैं कूं देवी कौ पूजन करें अरु कछु नौमी कूं करें अरु कन्या लांगुराऊन कूं जिमामें । नौ दुर्गनि में जागनु होइ। भगत आवै, जागनु में माता की भेंट, मोहन दे, सुआ सेवरा, मोरंग दाने कौ जुग्नु, पलंका चढ़ाई, जगदेव अरु देवी के साहिले, अहिरामन लीला गावैं। तीज कूं गनगौरि कौ मेला भरै, पूजा होइ।

देवी के गीत द्वै तरियां गाये जांय। फुटकर गीतनि में देवी की प्रार्थना, स्तुति, पराक्रम कौ उल्लेख, स्थान तथा शोभा कौ बर्नन, जात की तैयारी अरु जात्रीयनि को कठिनाई गाई जाऐ।

इक जनानी अपने पति सूं कहै कै 'चालि पीया दोऊ मिलि जाये, परसें देवी जालिपा ओ माय।' पति जात कूं न जा पाइबे पै अपनी दिक्कत बतावै। पत्नी नें सब दिक्कतन कूं दूरि करिबे कौ समाधान बताइ दीयौ। चैत महीना में पंडित कूं बुलाइ कै पोथी देखि कै सनीचर की सातैं कूं चालिबौ तै है गयौ। पत्नी आंगन लीपि रई ए, मां चौक पूरि रई ए और भैन टीके की तैयारी करि रई है परि 'घर ही में बाबुल बरजन लागे कठिन पंथ देवी कौ देवी कौ।'

भैया सिंह टहाइ कजरी कौ,
बारह कोस बनहि बन कहिये सिंह टहाइ कजरी को।

तबई बेटा कहै 'सिहैं मारि जालिपा परसों, तौ बालुक जननी कौ' जाती कूं तौ मां के जौरे जानो होइ चौंकि मांऊ बाट जोइ रही ए-

मैया लेजु कसनि कसु डारि जियरा मेरौ तोई सों लगौ
परबत चढ़ि कै देखे मोरी माय जाती मेरौ कहाँ बिलमौ।

सब दिक्कतन लांघि कै जात्री मैया के मंदिर के जौरे पहुँच गयौ ए। मंदिर कैसौ ए जा बारे में जात्री कहि रह्यौ ए-

दुखहरनी मैया मेरौ दुख तुम न हरो,
काहे कौ मन्दिर मैया कौ ए दुखहरनी मैया
काहे के लागे चारों खम्भ,
सौने कौ मन्दिर मैया कौ, ए दुखहरनी मैया चंदन चारों खम्भ।
तोइ सुमरि मैया तेरौ छंद गाऊँ, दुखहरनी, मैया जज्ञ में होउ सहाई।

मां कूं लौंग भौत अच्छी लगै। जात्री मां के भवन में पौंच गयौ ए परि माँ नांय मिली। वू प्रार्थना करि रह्यौ ए, माँ भवनि मांहि आऔ मैं तो तोरी आसा सूँ आयौ हूँ-

एक बनु कहियत फूलनि कौ फूल रहे मेहकाय देवी जी विराजि रही बाई बन में।
एक बनु कहियत लोंगनि कौ लोंग रहीं मेहकाय देवी जी विराजि रही बाई बन में।

माँ लौंग के बन मांहि लकड़ी बीननु कूँ गई तासूं मंदिर मांहि नांय हति। एक-एक लकड़ी बीनि कै बानैं जूने सूं गठरी बाँधी, ताई बखत एक असुर आइ गयौ बानैं मां की सिगरी लकड़िया बिखेरि दीनीं। जाइ देखि कै मां नें अपने लांगुर बीर कूं आज्ञा दई-

नौ-नौ ठौंको कील दरदु नैंको मति करिओ।

असुर की चतुर नारि नैं अपने असुर कूं समझाइ कै मां के चरनतु में भेज दयो। असुर नें मां के चरन पलोटे, इक इक लकड़ी बीनि कै मां को गठरी बांधि दई। तब माँ पिघलि गई याकी सेवा सूं और कहिवे लगी-

सुनि रे लांगुरिया बीर असुर मेरे चरननु आयौ,
नौ नौ खैंची कील कसरि नैंको मति राखियो।

मां 'फूलनि की लोभिनियां ए जाई सूं नन्दन वन चली जाइ। याके दुआर पै खड़ौ अंधौ आँखि मांगि रह्यौ ए, कोढ़ी ठाड़ौ काया मांगि रह्यौ ए, बाँझ खड़ी है कै पूत मांगि रई ए अरु निरधनु धनु को पुकारि करि रह्यौ ए। मां अपने भवन में नांइ, लांगुर इतै-उतै देखि रह्यौ ए-

ना तेरी मैया सोइ गई है परि ना गयी धरती समाइ।
कनहिं जाती कैं होम रच्यौ ऐ परि मांह रि जगी सिव राति।
धुजा औ नारियल लौंग सुपारी जे मोपै दए ऐं चढ़ाइ
सौनें कौ दिवला कपूर की बाती परि आरति लइ है उतारि।

मां अपने भवन मांहि लौटि आई। सिगरे जात्री मंदिर के कपाट खुलिवे की कहि रहे ए। किवाड़ खुलि गए, जात्री देखि रह्यौ ए-

भमन में लटकि रहे फुंदना,
हरौ हरौ गुबरा पियरी सी मांटी तो रोजु लिपाऊँ अँगना,
नंगेउ पाइनि आमैं जाती अरे हाथ जगड़ा
नंगेउ पाइनि आमैं तिरआ तौ हात लऐ गड़ुआ
अरु लट छुटकामें मैया आमै गोद लऐ ललना।
कर दे जोरि के ठाड़े जती अरे देत गउंनि की दच्छिना।
तोइ सुमरि मैया तेरौ छंदु गाऊँ औखा मैं होउ सहाई।

जात्री नैं देवी कौ कन्या रूपु ऊ देखौ ए-'कन्या रूप भमानो मैंने आजु देखो', 'इस देवी के घर अगवारे, घर पिछवारे पीपर धर्म द्वारे' है।

देवी की पूजा के काजैं जात्री तरै-तरै की तैयारी करै। भक्त इस्त्री कहै कैं 'लेउ मैया मोरा, मैं कब की ठाड़ी।' अर 'ध्वजा-नारियल' अपने राजा सूं चढ़वावैं लाल, हीराउ संग मे चढ़वावै। मैया वर माँगिवे की कहि रई ए, इस्त्री कहि रई ए 'राज पाटु मैया तेरौ दऔ ऐ रजवै अमर करि दीओ, मैया कहै, 'जा धरती पै रानी कोई ना अमर है, रजवा अमर कैसे हुइ है।'

'अमर जलफदे की चुंदरी कहिए, अमर लंगुरिया की पगिया।'

जात करिकै जाती जब लौटें तौ वु बतावैं माँ का होय-

अंधेनु नेत्तर दै रही, कोढ़िन काया दै रही,
बाँझन पुत्तर दै रही, सुरति थाई देश की।

कैला देवी के दरबार में 'जोगिनी' अर 'लांगुरिया' बनि कै जाय। खुले भये केश, भूरौ भक्क, धौरौ व कै, हरी चूड़िन सूं हाथ भरे भये। नदी मांहि नहाय कै नारियल अरु पुजापा धाइके, देवी मैया के दर्सन व

चैत महीना के धुलेंड़ी अरु भैया दूज की चर्चा तौ करि चुके एं। अब बचि गयौ ऐ-बासौरौ, नौ दुर्गा,गणगौर, देवी आठें और रामनौमी। बासौरा सीतला सातैं कूं होइ अरु कछु सीतला आठैं कूं मनावैं। बासी सामान सूं सीतला माता पूजी जाय। जा दिना बासौ खानौं खायौ जाइ। ठंडौ खायौ जाइ।

चैत महीना की (सुक्ल पाख) पैले पखवारे की पड़वा सूं नयौ संमत सुरू होइ। जाई दिना सूं सरू होइ नौ दुर्गा। ब्रज की वैयरबानी आठ दिनान तक व्रत रखें फिर नौवें दिंना बाय खोलें। कछु तौ आठैं कूं देवी कौ पूजन करें अरु कछु नौमी कूं करें अरु कन्या लांगुराऊन कूं जिमामें । नौ दुर्गनि में जागन्नु होइ। भगत आवै, जागन्नु में माता की भेंट, मोहन दे, सुआ सेवरा, मोरंग दाने कौ जुज्झु, पलंका चढ़ाई, जगदेव अरु देवी के साहिले, अहिरामन लीला गावैं। तीज कूं गनगौरि कौ मेला भरै, पूजा होइ।

देवी के गीत द्वै तरियां गाये जांय। फुटकर गीतनि में देवी की प्रार्थना, स्तुति, पराक्रम कौ उल्लेख, स्थान तथा शोभा कौ वर्नन, जात की तैयारी अरु जात्रीयनि की कठिनाई गाई जाऐ।

इक जनानी अपने पति सूं कहै कै 'चालि पीया दोऊ मिलि जाये, परसें देवी जालिपा ओ माय।' पति जात कूं न जा पाइवे पै अपनी दिक्कत बतावै। पत्नी नें सब दिक्कतन कूं दूरि करिबे कौ समाधान बताइ दीयौ। चैत महीना में पंडित कूं बुलाइ कै पोथी देखि कै सनीचर की सातैं कूं चालिवौ तै है गयौ। पत्नी आंगन लीपि रई ए, मां चौक पूरि रई ए और भैन टीके की तैयारी करि रई है परि 'घर ही में बाबुल बरजन लागे कठिन पंथ देवी कौ देवी कौ।'

भैया सिंह टहाइ कजरी कौ,
बारह कोस बनहि बन कहिये सिंह टहाइ कजरी को।

तबई बेटा कहै 'सिहैं मारि जालिपा परसों, तौ बालुक जननी कौ' जाती कूं तौ मां के जौरे जानो होइ चोंकि मांऊ बाट जोइ रही ए-

मैया लेजु कसनि कसु डारि जियरा मेरौ तोई सों लगौ
परबत चढ़ि कै देखे मोरी माय जाती मेरौ कहाँ बिलमौ।

सब दिक्कतन लांघि कै जात्री मैया के मंदिर के जौरे पहुँच गयौ ए। मंदिर कैसौ ए जा बारे में जात्री कहि रह्यौ ए-

दुखहरनी मैया मेरी दुख तुम न हरो,
काहे कौ मन्दिर मैया कौ ए दुखहरनी मैया
काहे के लागे चारों खम्भ,
सौने कौ मन्दिर मैया कौ, ए दुखहरनी मैया चंदन चारों खम्भ।
तोइ सुमरि मैया तेरौ छंद गाऊँ, दुखहरनी, मैया जज्ञ में होउ सहाई।

मां कूं लोंग भौत अच्छी लगै। जात्री मां के भवन में पौंच गयौ ए परि माँ नांय मिली। वू प्रार्थना करि रह्यौ ए, माँ भवनि मांहि आऔ मैं तो तोरी आसा सूँ आयौ हूँ-

एक बनु कहियत फूलनि कौ फूल रहे मेहकाय देवी जी बिराजि रही बाई बन में।
एक बनु कहियत लोंगनि कौ लोंग रहीं मेहकाय देवी जी बिराजि रही बाई बन में।

माँ लौंग के बन मांहि लकड़ी बीननु कूँ गई तासूं मंदिर मांहि नांय हति। एक-एक लकड़ी बीनि कै बानें जूने सूं गठरी बाँधी, ताई बखत एक असुर आइ गयौ बानें मां की सिगरी लकड़िया बिखेरि दीनीं। जाइ देखि कै मां नें अपने लांगुर वीर कूं आज्ञा दई-

नौ-नौ ठौंकौ कोल दरदु नैंको मति करिओ।

असुर की चतुर नारि नैं अपने असुर कूं समझाइ कैं मां के चरननु में भेज दयो। असुर नें मां के चरन पलोटे, इक इक लकड़ी वीनि कैं मां की गठरी बांधि दई। तब माँ पिघलि गई याकी सेवा सूं औरु कहिवे लगी-

सुनि रे लांगुरिया वीरु असुर मेरे चरननु आयौ,
नौ नौ खैंचो कील कसरि नैको मति राखियो।

मां 'फूलनि की लोभिनियां ए जाई सूं नन्दन वन चली जाइ। याके दुआर पै खड़ौ अंधौ आँखि मांगि रह्यौ ए, कोढ़ी ठाड़ौ काया मांगि रह्यौ ए, बाँझ खड़ी है कैं पूत मांगि रई ए अरु निरधनु धनु को पुकारि करि रह्यौ ए। मां अपने भवन में नांइ, लांगुर इतै-उतै देखि रह्यौ ए-

ना तेरी मैया सोइ गई है परि ना गयी धरती समाइ।
कनहिं जाती कैं होम रच्यौ ऐ परि मांह रि जगी सिव राति।
धुजा औ नारियल लौंग सुपारी जे मोपै दए ऐं चढ़ाइ
सौने कौ दिवला कपूर की वाती परि आरति लइ है उतारि।

मां अपने भवन मांहि लौटि आई। सिगरे जात्री मंदिर के कपाट खुलिये को कहि रहे ए। किवाड़ खुलि गए, जात्री देखि रह्यौ ए-

भमन में लटकि रहे फुंदना,
हरौ हरौ गुवरा पियरी सी मांटी तो रोजु लिपाऊँ अँगना,
नंगेउ पाइनि आमैं जाती अरे हाथ जगड़ा
नंगेउ पाइनि आमैं तिरआ तौ हात लऔ गडुआ
अरु लट छुटकामें मैया आमै गोद लऔ ललना।
कर दे जोरि के ठाड़े जती अरे देत गउनि की दच्छिना।
तोइ सुमरि मैया तेरौ छंदु गाऊँ औखा मैं होउ सहाई।

जात्री नैं देवी कौ कन्या रूपु ऊ देखौ ए-'कन्या रूप भमानी मैंनै आजु देखी', 'इस देवी के वरु अगवारे, वरु पिछवारे पीपर धर्म द्वारे ' है।

देवी की पूजा के काजैं जात्री तरै-तरै की तैयारी करै। भक्त इस्त्री कहै कै 'लेउ मैया वीरा, मैं कब की ठाड़ी।' अरु 'ध्वजा-नारियल' अपने राजा सूं चढ़वावैं लाल, हीराउ संग में चढ़वावै। मैया वरु माँगिवे को कहि रई ए, इस्त्री कहि रई ए 'राज पाटु *मैया तेरौ दऔ ऐ रजवै अमर करि दीओ, मैया कहै, 'जा धरती पै रानी कोई ना अमर है, रजवा अमरु कैसे हुइ है।'*

'अमर जलफदे की चुंदरी कहिए, अमरु लंगुरिया की पगिया।'

जात करिकै जाती जब लौटे तौ वु बतावैं वाँ का होय-

अंधेनु नेत्तर दै रहो, कोढ़िन काया दै रहो,
बाँझन पुत्तर दै रहो, सुरति याई देश की।

कैला देवी के दरबार में 'जोगिनी' अरु 'लांगुरिया' बनि कैं जाय। खुले भये केश, भूरो भक्क, धौरो कोरो धोवती पहिन कै, हरो चूड़िन सूं हाथ भरे भये। नदी मांहि नहाय कै नारियल अरु पुजापा चाढ़इके, देवी मैया के दर्सन करिके बाल संवारै,

ये है जोगिनीयाँ। सिर पै लाल टोपी, हाथ मैं लाल धुजा, ये है लांगुरिया। भक्ति भाव सूँ परिपूरन कैला मैया के दरबार मैं पहुँचि कै गावे लगै-

दुनियाँ में रोशन का नाम करौली वाली कैला का,
दूर दूर से जात्री आए, सुनि-सुनि तेरो नाम, करोली वाली कैला का।
पीकर मद का प्याला भवानी मैया सिंह चढ़ी।
कैला रानी सिंह चढ़ी पीकर मद का प्याला,
खड़्ग, खप्पर, कृपाण हाथ में और सम्भाले भाला।
भवानी मैया सिंह चढ़ी पीकर मद का प्याला,
वामन, भैरौ, छप्पन, कलुआ हनुमत है मतवाला
भवानी मैया सिंह चढ़ी रखिया बन में दानव मारे,
वहे रक्त का नाला,
भवानी मैया सिंह चढ़ी राजा नल की भई सहाई
कर दिया बोल वाला, भवानी मैया सिंह चढ़ी।

कैला मैया करौली राजवंस की कुल देवी ए। विनकौ जस चारों ओर फैलि रह्यौ ए। राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली अरु महाराष्ट्र तक के लोग लुगाई जोगिनी अरु लांगुरिया वनि कै मां के दरबार में आवैं। दरबार में आवे के बखत वे सुधवुध खोइ कै मतवाले बनि जाएं, लोकलाज कूं त्याग कै चंग अरु नगाड़ेनु पैं फिरकनी सी फिरी उठैं, सास ससुर की लाज नांय, मैया-याप सूं दुराव नायं, अपने पराये कौ भान नांय। मैया कौ भक्ति भाव कछु ऐसे ए-

जोगिन चलै मरोड़ा चाल, दिखाई रंग जवानी को,
मूर्ख सोसनी मन नहीं भावे रंग बसन्ती उड़ता जावे
जात करन को चली ओढ़ि, दुपट्टा रंगधानी को
जोगिन चलै मरोड़ा चाल, जोगिन में चढ़ रही जवानी
जात करन को दीवानी, रूप सह्यौ नहीं जाए दीवानी को।
जोगिन चले मरोड़ा चाल।

जव दुर्गा मैया की यात ब्रज में करैं तौ 'लांगुरिया' अपने ई आपु आ जाइ। म्हौं पै सिन्दूर, सरीर पै लाल कपड़ा, पैरनु में पंसरी अरु कमरि में गलगला अरु घूँघरा ऐसौ ए जि लांगुरिया। राति कौ जागन्नु होइ, जात होइ लांगुरिया सबसूं आगे।

लांगुरिया सूं जव जाति पूछी तौ कहिवे लगौ, 'वम्मन के हम बालका, उपजे तुलसी पेड़, 'लांगुर की मैया सोचति ऐ के यू कछु नांय खाइ परि यू' वारा वाल्टी मदु पियै सौ रे वोकरा खाइ।' लांगुर मैया कौ बड़ौ प्यारौ ए, विनकौ सहायक ए, अरु आज्ञाकारीउ ए। देवी मैया कौ पूत हैवे के कारन भक्त वाकी सेवा करिवौ करै। एक भक्त तौ सारे दिना गांजौं पिलावै, 'मेरो चिलम भरत दिन जाइ लांगुरिया बड़ौ पिवैया गाँजे कौ।' 'जोगिन-भक्तिन तरै तरै सूं लांगुरिया कूं रिझावे- 'कबऊँ कारी चुंदरिया में दाग न लगइयो लांगुरिया'। कहके सावधान करै। कवऊँ मक्कर वनाइ जाइ-

ए लांगुरिया तेरी धन खाइ लई कारे नाग नें,
अरे ए लाँगुरिया कछु खाई, कछु डसि लई, और कछु मारी फुसकारि
अरु
'मोय भयौ ऐ पीरिया रोग लांगुरिया नारी तौ दिखाइयो काऊ वैद कूँ।'

याखर माँहि घूमते देखि जोगिनि पूछिवे लगीं 'काहे आयौ मेरी याखर में वताय दे लांगुर मोय।' अरु रस्ता में देखि न्यौतो दियो कै- 'चरखी चल रही वर के नीचे रस पी जा लांगुरिया'। जव लांगुरिया नें जोगिनी सूं पूछौ तो जवाव मिलौ-'कैला मइया ने वुलाई जय आई लांगुरिया।' जय प्रेम जादा दिखै तव कहिवे लागी 'हम लुटिया तुम डोर सरक चलौ जाई वन में।' परि रूसिवे पै यै-

करि लीए दूसरौ ब्याउ लांगुरिया मेरे भरोसे मति रहियो।
मोइ लीपि न आवै लीपनौ और काढ़ि न आवै चूंट
मोइ पीसि न आवै पीसिनौ और डारि न आवै कौरू
मोइ राँधि न आवै राँधनौ और मोइ परसि न आवै थारू।

मालिनी सूं पूछी कै जि मूँदरा किन नै गढ़वायौ ए, लांगुर नैं गढ़वायौ ए, हाथनु की मैहँदी लांगुर नै रचाई ए, तेरी गोद के लला की छवि लांगुर पै जाय। तब मालिनी अपनौं भावु नांय छिपाय सकौ और कहिबे लगी-

ना काऊ के घर गई ना मैनें लीयौ बुलाइ। अनौखी मालनियां
रस कौ बोध्यौ लांगुरा, आइ गयौ मेरी सेज। अनौखी मालनियां

लांगुरिया जोगिनीनि के बीच में कूदतो-फांदतो मिलैगो जा तरियां-

दो दो जोगिनी के बीच अकेलौ लांगुरिया
एक जोगिनी यों कहे तू चूड़ला ला दे मोय
दूजी जोगनी यों कहै तू नथ गढ़वा दे मोय।

समसामयिक चीज अरु भाउ लांगुरिया के माध्यम सूं सबके सामने आ जाए, उजागर होय। सिंगार के संग कछु और ऊ ऐ-

लांगुर दसमी फेल बिचारौ जोगन भई एम. ए. पास।
कपड़ा छोटे तंग पहरती गिटपिट गिटपिट करे है

सुन्दर बड़ी बू मन में बनती, भोरो बलम बनाय लियो वाने पल में अपनो दास
डीजल फिर फिर मेंहगौ होय
फसल कैसे होयगी लांगुरिया।

जात करिवे वारी दीवानी अरु मतवाली जोगिनीनि कौ सबई भावनायें मैया के दरबार मांहि सिमट कै समुद्र की तरियाँ हिलोरें लैं, जगै कम पड़ि जाये, नाचु और गानेनि के बीच मौंकौ आंगन चौक थोड़ौ परि जाय। तब सबई लोगन के मन में जि विचार आवै-

दे दे लम्बौ चौक लांगुरिया, बरस दिना में आमेंगे
अबकी तो हम इकले आये, अबकी जोड़े से आयेंगे।
दे दे लम्बौ चौक लांगुरिया, अबकी तो हम जोड़े ते आये,
अबकी लला ऐ लावेंगे दे दे लम्बो चौक लांगुरिया
अबकी तो लाला ऐ लाए, अबकी बहुवै लावेंगे
दे दे लम्बौ चौक लांगुरिया

याई तरह भईया-दौज कौ पर्व ब्रज-संस्कृति की अनूठी धरोहर है। बहन भइया के माथे पै तिलक करिकैं वाके मंगल की कामना करै। मथुरा के बिसराम घाट पै हाथ पकरि कै संग-संग नहाइवेते बहन-भइया दोनौंन के जम के बंधन टूट जांय। या पावन त्यौहार पै बहन आनंद ते फूल उठै अरु भइया कूं काऊ देस कौ राजा हैवै की असीस देय-

दौज पुजै मेरौ मन हँसै, हियरा हिलोरे लेय।
हाथी के हौदा मेरौ भइया चढ़ै
दै मेरी बहन असीस दै-राजा तौ हूजै काऊ देस कौ॥

पति-पत्नी के संबंध-सन्दरभ-

परिवार अरु परिवारते इतर जितने संबंध एवं रिस्ते हैं, इनमैं पति-पत्नी कौ संबंध सबते अलगई है। इनके बीच कछुई छिप्यौ नहिं रहै। परस्पर एक दूसरे कूं पायकै निहाल ह्वै जांय। दाम्पत्य जीवन के स्नेहपूर्ण संबंधन के अनेक संदरभ ब्रज के लोकगीतन मैं जगह-जगह मिलैं। रति-भाव के संग दौनोंन मैं मित्रता अरु अन्योन्याश्रितता कौ भाव पल-पल जुरौ भयौ रहै। पत्नी कौ रूप-सौन्दर्य एवं मन कौ उछाह पति के संगई तौ निखरै-

गोरी कैं कजरा जब खुलै, वाकौ बालम निरखै आइ।
मुख भरि बतियाँ तब खुलैं, जब बालम हँस बतराइ।
बजने बिछिया तब खुलैं, जब बालम निरखै चाल।

जल भरबे गई पत्नी की अंतरंग भावनान के अनेक अछूते संदरभ आखिर पिया के साहचर्य की ई कामना करैं-

जल भरूँ हिलोरे लेइ, डोरी रेसम की।
रेसम की डोरी जब नीकी लागै, सोने की गगरी होय।
सोने की गगरी जब नीकी लागै, पतरी कमरिया होय।
पतरी कमरिया जब नीकी लागै, सोने की तगड़ी होय।
सोने की तगड़ी जब नीकी लागै, रेसम की साड़ी होय।

रेसम की साड़ी जब नीकी लागै, गोदी में ललना होय।
गोदी मैं ललना जब नीकौ लागै, संग मैं बलमा होय।

पति-पत्नी कौ संबंध तौ दूध-पानी की तरह होय। अपने आप कूं पति के रूप मैं तदाकार-एकाकार करिबे मैं ई तौ बाके जीवनकी सुन्दरता है-

1. तार मैं तार सितारा, मैं तारा होती।
तुम चादर मैं चंदा, मैं तारई होती
सिर बन्ने के साफा, मैं कलंगी होती।
कान बन्ना के बाला, मैं मोती होती।

2. आज मेरैं अनंद बधाए जी राज।
मैं तौ खोलूंगी डिब्बा, पहरूंगी गहने जी राज।
पहिर दिखाऊं छोटी बाईजी के बीरा जी राज।

गर्भावस्था मे अपनी मन की इच्छा पूर्ति के तांई पत्नी पतिते ई तौ कहै-'सईयाँ मोकूँ बेर मँगाउ मन चालौ खट्टे बेरन पै'। सपने मैं कौमरी देखिबे पै बिन्नैं बँटवाइबे कौ हठ करै-

सो राजा मेरे सोइ गई नींद सुनींद-
सपने मैं, सपने मैं देखी कौमरी जो महाराज।
सो राजा मेरे पीतर के टोकना मँगाउ-
बना की, बना की डारूँ कौमरी जी महाराज।

रन मैं जैसें तलवार चमकै, जल मैं मछरिया अरु घोड़ा पै पिया की पगड़ी, बैसेंई सेज पै प्रिया की माथे की बिन्दी सुसोभित होय-

जल मैं चमकै जल की मछरिया, रन चमकै तरवार रे। ,
घोड़ा पै चमकै पिय की पगड़िया, सेजिया पै बिंदिया हमार रे।

ब्याह के पीछैं तो दौनोंन कौ अलग रहिबौ असंभव सौ है जाय। पत्नी तौ बिना गौने के लिवा लै जाइबै के तांई संदेस भेजै,-मायकौ बाय उड़-उड़कैं खायबे लगै-

मोय पीहर उड़ि-उड़ि खाय लंगुरिया।
अब ना रहूँगी मइया-बाप कै।
जाय कहौ मेरे बलम ते, मोय बिन गौने लै जाय॥

उभरते यौवन मैं पति की याद बड़ी मनौवैज्ञानिक है-'मोय याद बलम की आवै, मेरौ जोवन झोका खावै।' पिया के बिना बाकौ जोबन पीरौ परि गयौ है अरु इतने पैऊ पपैया 'पीउ-पीउ' की रट लगावै। बिरह की मारी बिचारी कौन के तांई सिंगार भरै, पति तौ परदैस गयौ है-

मेरे बलम गये कलकत्ता, पिय बिन जोवन पीरौ पत्ता।
मैं कौन पै करूँ सिंगार, पपइया बोलो बोलै।।

आखिर, पति तौ जल है, बाके अभाव मैं 'पीरे पत्ता' हैबे की बात बड़ी संवेदनापरक है। सावन के बरसते दिनान मैं अकेलौपन सांचमांच बड़ौ भारी है जाय। तबई तौ परदेस ते पति कूं बुलायबे के तांई बो संदेस भेजै।'लहरिया' नाम के सावन

के लोकगीत में जी संवेदना देखेई यनै-

पाँच टका दऊँगी गाँठिके, है कोई लस्कर जाय, लहरिया-
सब रंग भीजै धन की डोरिया।

परिवारी जन जब पति कूं चाकरी के तांईं परदेस भेजिबे की तैयारी कर दें, तौ पत्नी की प्रतिक्रिया परिवार की मरयादाईए तोर दे, सावन के या लोकगीत के नाटकीय संवाद में पत्नी के हिये कूं निकास कैं धरदे-

किन त्यारौ घोड़ा भँवरजी! कसि दियौ जी।
ऐजी कोई, किन त्याहरी कसि दई जीन-
किनके कहे ते भँवर चाले चाकरी जी।
सहेलने नैं घोड़ा गोरी मेरौ कसि दियौ जी-
ऐजी कोई भइयाजी नैं कसि दई जीन-
बाबुल कहे ते चाले चाकरी जी।
सहेलने पै परियो बीजुरी जी-
ऐजी कोई भइयाजी कूं खइयो कारौ नाग-
भँवर बिछोयौ ससुरजी कर दियौ जी।

पति के सनेह कौ छप्पर पत्नी कूं सदा सुरच्छित रक्खै अरु बाहरी पानी के प्रभावते बचातौ रहै। सावन में पुराने छप्पर के ब्याज ते प्रौढ़ावस्था कौ संदर्भ भारतीय दाम्पत्य प्रेम की सारथकता के निमित्त बड़ौ बेजोड़ अरु भावात्मक बन्यौ है या लोकगीत में-

छप्पर पुराने मेरे पिया है गये जी,
कोई तरकन लागे हैं बाँस,
अब घर आइजा धन के साहिया जी। (सावन के गीत)

तन ते ऊपर मन के सूच्छम प्रेमपरक भाव कौ जी संस्पर्श अनूठौ है। नई-नवेली बहू कौऊ इन दिनान में ब्याह की पहली साल में हरियाली तीजन पै प्रिय कौ सोगी लैकें आइबे की आसा में बाट जोहिबे कौ सन्दरभ दम्पत्ति की अंतर्भावना ते जुरौ भयौ है-

अरी बहना तीजन कौ आयौ त्यौहार,
बालम तौ लामें सोहगी।
तीहर तौ लामें मोकूं रेसमी
अरी बहना, जंफर पै अजब बहार।

ब्रज के इन लोकगीतन में पति-पत्नी के मध्य के रति अरु संभोग के सन्दरभऊ बड़ी मार्मिकता, व्यंजना-वक्रता के संग व्यक्त भए हैं-

'अंधिरिया दइया झूकन लागी रे।'

परस्पर हास-परिहास की अवस्था इनके बीच बड़ी मोहक अरु उद्दीपक होय। याते जीवन में मिठास की अनुभूति होय तौ आत्मीयता कौ भावऊ समृद्ध होय। गाँव कौ खेतिहर पति जब सहरी पत्नी के आगें बड़प्पन की डींग मारै तौ पत्नी तुरंत नैला पै दैहला मार दे-

बरबंड बलम त्याहरौ देस तुम! सेखौ मोते मत मारौ।
हाथ खुरपिया मैंनें त्याहरे देखौ, भजि-भजि कैं छौंद रहे घास तुम... ॥

पर, मसखरे सुभाव की पत्नी तौ पति कूं खूब चलावै-

'बदलऊंगी बलमा तोय, काऊ जुलफनवारे छैला ते।'

जी बदलबे की बात तौ 20वीं सदी के अंत कौ प्रभाव है सकै, पर एक अन्य लोकगीत में तौ पत्नी बिचारे पति कूं छनै छुअनउ नहिं दे, रह-रह कैं तरसावै-

जुबना एँ छुअन नाएं दऊँगी
बलमा तोय मारूँगी तरसाय कैं।
लहँगा पहरि ओढ़नी ओढ़ी
सलूजा पहिरौ बनाय कैं।
सलूजा भीतर चोली पहिरी
ढोला ते छिपाय कैं ॥ बलमा......

पर, जो मसखरीऊ जब पति की बेदना कौ कारन बन गई, तौ पत्नी हैकैं पति कूं बेहाल कैसें देख सकै। जो तौ हास-परिहास हतौ। तुरंत व्यवस्था करै-'सासुल ते लाई दुधकाइ, दही कौ बैला लाई रे '। अपनी गलती कूं स्वीकारै अर पति कूं स्वस्थ करिबे के तांई दूधन की व्यवस्था करै-

पीरे परि गए, अब न सताऊँ बलमा,
तोय तीनों दूध पियाऊँ बलमा।
अरे गाय, भैंस, बकरी मिलमा ॥ पीरे.......

गइया-भैंस अरु बकरिया के दूधन कूं मिलायकैं पति कूं तन-मन ते स्वस्थ करिबे की गहराई के मरम कूं पति-पत्नी समझ सकैं।

निचिंत अवधि के पीछें लौट आयबे की कहकैंऊ जब पति नहिं लौटै, तौ पत्नी के विरह कातर हिये की पीड़ा अरु बाकी अभिव्यक्ति में अनेक भावनान के उतार-चढ़ाव कौ अहसास कोई स्वकीयाई करि सकै। एक संग आक्रोस अरु नमन, प्रेम अरु खीझ, तकरार अरु उपालंभ न जानें अन्त:करन में कब-कब कौ रुकौ भयौ ज्वार फूट परै-

मेरे पान रहे री कुम्हलाइ, नारंगी झोका लै रहीं।
खुद तौ अबई न आयौ बेईमान, छैता तौ धर गयौ दौज कौ।

पति-पत्नी के कोमल एकनिष्ठ प्रेम की जो बिसेसता बड़ी भावपरक है। ब्रज के लोकगीतन 'बारहमासा' की छटा और अनुभूतीन की मार्मिकता याईते देखेई बनै। प्रकृति के बदलते परिवेस में अरु तीज-त्यौहारन के औसर पै पति की स्मृति विरहिनी के हिये कूं झकझोर दे-

स्याम बिना मोय कल न परै री।
माघ मास रितु आयौ बसंत, अजहुँ न आयौ पिया तेरौ अंत।
लिखौं कैसें पाती को लैकें जाय, को निरमोही कूं बतावै समुझाय।
फागुन में सब घोरें अबीर, मैं कैसें घोरूं बिन जदुबीर।

एकई लाइन मैं तन अरु मन के न जानैं कितने गोपनीय रसीले सुखन की अभिव्यंजना पिचकारी के रंगन की तरह भरी भई है। दाम्पत्य जीवन कौ रहस्य साँचमाँच बड़ौ अनूठौ है। कबहुँ-कबहुँ मानसिक कुंठा अरु करए बोलन ते ऊ दरार परि जाय, मन फट जांय-

लहँगा तौ फाटत झकझोरन ते,
चित फाटत राजा के बोलन ते।

पति-पत्नी के सास्वत संबंध की मीठी अनुभूति बुढ़ापे मैं कै एक के न रहबे पै ई होय। बिधुर के तांईं घर काटिबे लगै। ब्रज की मसखरी औरत बहुधा बिधुरन कूं देख-देख कैं अनेक लोकगीतन नैं गावैं-

' रंडुआ तौ रोवै आधी रात, चूल्हे में जाके राख परी।'

' फूटी री रे तकदीर रंडुआ तोकूं नांय लुगाई रे।'

बिचारे बिधुर की दुरगति है जाय। बेदना अरु पीड़ा ते आँख डबडबाय उठें।

देवर-भाभी के संबंध-संदरभ-

लोक-जीवन मैं देवर-भाभी कौ संबंध बड़ौ मधुर अरु बिनोदपूर्ण मान्यौ गयौ है। बिपदा के समै देवरई संगी साथी बनै। तबई तौ द्वार पै ढोला गामती ब्रज की औरत लछमन जैसे देवर की कामना करै-

सीया ठाढ़ी जनक दरबार
सूरज कूं जल दै रही।
मैंनें बर माँगे सिरी राम,
देवर माँगे लछमन से।

फागुन के दिनान मैं तौ या संबंध की मधुरता कौ सहज साच्छात्कार होय। हास-परिहास अरु नौंक-झौंक कौ आनंद देखे ई बनै। बूढ़ी भाभीऊ देवर के हाथ ते रंग डरवाय कैं निहाल है जाय। राह चलती भाभी देवर के प्रेम की थाह पाइबे के तांई अरु स्वयं गद्‌गद् हैबे के तांईं कह उठै-'काँटौ लाग्यौ रे देवरिया, मोते गैल चली नायं जाय'। या संबंध मैं प्रेम की पावनता देखेई बनै, याई ते वात्सल्य कौ भावऊ यामैं पनप उठै-

छोटौ सौ प्यारौ देवर चिरई उड़ावै रे।
चिरई उड़ावै मेरौ जी ललचावै रे॥

ननद-भाभी के संबंध-सन्दरभ-

ब्रज के पारिवारिक परिवेस मैं ननद की स्थिति मधुर अरु सहेली जैसी हैबेपै ऊ कलहप्रिय एवं ईर्ष्यालु होय। भाभी के आइबे पै जैसें बाकौ सगरौ अधिकार छिन जाय। बात-बात मैं भाभी की चुगली अरु बाय नीचौ दिखाइबे की मनोवृत्ति बामैं देखी जाय। पर, भइया-भतीजे के तांई बामैं बड़ौ प्रेम अरु वात्सल्य होय। हरएक सुभ औसर पै बहिन-बुआई आयकैं सबते पहलैं देहरी-पूजन करै। भाभी के गर्भवती हैबे पै वो भतीजे की आसा मैं बाकौ मौंह चूमै अरु भतीजे के जनमबे पै तौ खुसी ते नाच उठै-'ननदिया आज छमछम नाचै।' वही नामकरन के समै सतिए रखै अरु हठ परिकैं अपुनौ नेग मांगै। भतीजे के जनम ते पहिलैंई वो भाभीते बचन लै लेय-

मैं लऊँगी, मैं लऊँगी, मैं लऊँगी भाभी तेरे कंगना।
जो ननदी मेरे पूत होयगौ, देऊंगी जड़ाऊ तोय कंगना।

कंगना लैकें अर पहिरकैं तौ ननद के आनंद कौ ठिकानौंई नाहिं रहै। भतीजे कूं असीस दैवे लगै- 'कंगना पहिर ननदी आंगन मैं ठाड़ी, भतीजौ मेरौ जुग-जुग जीवै'। भाभी के रहते वो अकेली भैया की प्रिय कैसें रह सकै। जी वेदना ई वाय कुंठित अर कुटिल बनाय दे। फलतः भइया-भाभी के बीच वो कलह कौ कारन बन जाय-

'मोय ऐसी ननद नंय चइए, जो पांच की सात लगावै।'

छठी के एक लोकगीत मैं तौ भावज अपने पति कूं ननद के ह्याँ निमंत्रन दैवेऊ नाहिं जान देइ-

गोरी आज छठी की रात तौ कौनें-कौनें नौंति आऊं रे।
नौंति आऔ मइया हमारी अरे बाबुल हमारे रे।
गोरी एक मेरी माँ की जाई बहन तौ वाउए नौंति आऊं रे।
ऐसौ वचन मत बोल राजा मरूँगी जहर विस खाय रे।

पुत्र के जनमवे पै भाभी नाइन ते ननद के घर कूं 'छेंकिवे' की कहैकै 'वाके घर कौमरी दैवे मत जइयो' अरु भूलते जब यो दै आवै, तौ उलटी मंगवाय ले-

नाइन, जइयो ठल्ली-पल्ली पार,
ननद कौ घर छेंकियौ जी महाराज।
सो राजा मेरे नाइन, असल गंवार,
ननदी कैं, ननदी कैं दै आई कौमरी जी महाराज।
सो राजा मेरे मरूँगी जहर विस खाय।
ठलटी तौ, उलटी तौ लाऔ कौमरी जी महाराज।

पति बहन के घर जायकैं कहै तौ बहन मोतिन की कौमारी लैकें लौटायवे आवै। भाभी पहलै तौ द्वार नाहिं खोलै पर मोतिन कौ सुनकैं लैले। ननदऊ कम थोरई है। मइया-बाप कूं असीस दे अरु अपने बड़े घर कौ भाभी कूं परिचैऊ करावै-

सो भाभी मेरी जियौ मेरे मइया-बाप।
बड़े घर, बड़े घर ब्याही हम गई जी महाराज। (छठी के गीत)

ननदऊ अपने बदले कौ औसर खोज ले। सावन के दिनान मैं जब 'मनिहार' चूरौ-चूरी पहरावे आवै, तौ मनिहार के संग भाभी के प्यार की बात भइयाते कह दे-

पचरंग चूरौ पहरिए, पहरूंगी भर-भर हाथ।
ननदी नैं भइया सिखाइयौ-
अरे भइया, मनिरा कौ भाभी ते प्यार॥ चूरौ तौ हाथी दांत कौ जी॥ (सावन के गीत)

इतनौ हैवेपै ऊ दोनौंन के प्रेममय मधुर संबंध की चरचा ब्रज के लोकगीतन मैं ह्या की संस्कृति कौ चित्र प्रस्तुत करै। भतीजे के जनम पै अन्नप्राशन के समै जब ननद बिना बुलाये पहुँच जाय अरु अपमानित हैकैं लौटवे लगै, तौ भाभी वाकी मनुहार करै-

उलटहु ननद गुसांइन, मेरी ठकुराइन रे।
ननदी हार महर घर जाउ, भतीजे के सोहरे जी। (छठी के गीत)

अर ब्रज संस्कृति के अनुरूप अपने सिर की लटन कूं वाके पामन मैं रखकै छमायाचना करै- 'ननदी, लट छोर लागूं

तेरे पाँम, भतीजौ खिलाऔ गो'। सावन के एक लोकगीत मैं जब भइया, भौजाई ते रुठ जाय, तौ ननदई दौनोंन कूं मिलावै-

> नाँइ खोलूं झंझन किवार, पराये पुरस ते ए बिजैरानी च्यों हंसी जो।
> जाकौ भइया हँसनौ सुभाव, हँसनौ तौ आइगौ ए बिजैरानी के जीय ते जो।
> लई धन हियरा लगाय,
> जरी के दुपट्टा ऐं बिजैरानी ढक लई जो।

भाभी प्रसन्न हैकें ननद कूं मौंह-भर असीस दैवे लगै-

> 'जीऔ नंदुल त्यारौ रे पूत, भँमर मिलायौ ए ननदरानी, सुभ किदौ जो।

सास-बहू के संबंध-सन्दरभ-

पारिवारिक जीवन मैं सास-बहू कौ संबंध बड़ौ महत्वपूर्न है। सास पुत्र कूं जन्म दैवे ते याये अपुनौ अधिकार मानैं अरु पत्नी अग्नि-साछात्कार के मारैं अपुनौ अधिकार जनावै। याई ते सास-बहू के बीच कटुता कौ बीज बुब जाय। युवावस्था मैं पति कौ पत्नी माहूं झुकबौ बड़ौ सारथक है। सास चाहै तौ पराई जाई बेटी कूं लाड़-प्यार दैकें घर कूं स्वर्ग बनाय सकै। पर, ऐसौ कमई देख्यौ जाय। सास-बहू के संबंध की कटुता ब्रज के लोक-जीवन की विसेसता है। अपने भौतिक सुख के तांई सास बहू पै अंकुस रखबे मैं गौरवान्वित होय। बाय दिनभर काम-काज मैं जुटायकैं रक्खै। तबई तौ सास के तांई बहू के हिये मैं श्रद्धा-सदभाव नहीं रहै। सास के रौब के मारैं वाय दूसरे सदस्यन की ताड़ना सहन करनी परै। देवी मइया की जात पै जाइकैं वो अपनी याई व्यथा कूं निवेदित् करै-

> ओ मइया, तेरी जात करन मैं आई
> मइया सास के पीसे मैंनें पीसने
> अरु ससुर की गाय चराई॥ ओ मइया..॥
> ननद के सहे उराहने अरु
> बालम की निठुराई। ओ मइया..॥ (देवी के जात के गीत)

कहूं-कहूं तौ सासकी कठोरता बहू-बेटा के रात मैं मिलिबेमैं ऊ बाधक है जाय। या असह्य वेदना कूं बहू एक लोकगीत मैं सहज आक्रोस के संग व्यक्त करै-

> मेरे राजा की ऊंची अटरिया,
> मिलन जानें कब होयगी।
> पलका बिछाय मैंनें रजाई-तकिया संभारे, तौलू आय गई सास डुकरिया॥ मिलन......

सास की यातनान कूं जब और ज्यादा बहू सहन नहिं कर पावै तौ अपने अधिकार कौ पूरौ प्रयोग करती भई सास कूं सबकऊ एक लोकगीत मैं सिखावै-

> सास तेरे बोलन पै बावाजिन है जाऊंगी
> घर कौ तारौ दै जाऊंगी।
> यौं मत जानैं सासुल भूखी जाऊंगी।
> चून कौ मटका लै जाऊंगी।
> यौं मत जानैं सासुल इकली जाऊंगी।
> संग तेरे बेटा ए लै जाऊंगी। सास......॥

इतने पै ऊ सास-बहू के विरोध में बेटाय भड़कावै। ब्रज की अनेक लोक-कथान में जी संदरभ मिलै। ब्याह के समै 'रतजगे' की रात ते पीछें प्रातःकाल गायबे के 'दाँतुन' नाम के लोकगीत में जी संदरभ देख्यौ जाय सकै। पर, सास यामें विवेक ते काम लेय अरु बेटा कूं समझावै कै बहू नंदलाल जनमैगी, याते तिहारे बाप अरु कुल कौ नाम चलैगौ-

ए मइया कहौ तौ दऊँ निकास
कहौ तौ खँदै दऊँ धन के बाप कैं।
ए बेटा, काहे कूं देऔ निकास,
काहे कूं भेजौ धन के बाप कैं।
ए बेटा जे तौ जनैगी नंदलाल
नाँऊ चलै तिहारे बाप कौ।

लाल जनबे के अपने गुन के मारें बहू कछु काम नहिं करै। देवर के पानी मांगबे पै बड़े अधिकारते वाकी अवग्या करै-

बाहर ते मेरे देवर आये।
भावज मोय पानीरा पिवाऔ हो राज।
पानी रे पिवावै तेरी मइया, बहनिया
मोपै उठौऊ ना जाय।

पुत्र जनम के औसर पै ब्रज में सास चरुए चढ़ाइवे कौ लोकाचार करै। पर, बहू वाकी उपेच्छा करिकैं अपनी मैया ते करवाये की सलाह दे-

सास न आवै मेरी काह करै
चरुए चढ़ावै मेरी मइया।- जच्चा के गीत।

ऐसे मौकेन पै सास कौ रूठिबौ ब्रज के परिवारन में अबऊ देखौ जाय। पर, हँसी-खुसी सगरे काम हैवे पै बहू सास-ससुर सबकी बलिहारी जाय। आखिर, परिवार के फलबे फूलबे में जी प्रसन्नताई तौ साधक होय-

फूल रह्यौ रस केयरौ मैं वारी-वारी।
हथिया चढ़ंते ससुर हमारे, पीढ़ा बैठंती सास॥ मैं वारी-वारी॥ (बधाए के गीत)

पर, आधी रात में जगायकैं चाकी पिसवावे वारी सास की बहू कामनाऊ नहिं करै-'मोय ऐसी सास नांय चइए जो आधी आधी रात पिसावै'। ब्रज के परिवारन की जी पुरानी परंपरा रही है। सास कौ स्थान मइया जैसौ है, तवई तौ बहू वाकौ सम्मान करै। एक लोकगीत में जी संदरभ देख्यौ जाय सकै-

ऐसी मइया या धरती पै द्वै बड़े
एक सासुल अरु माय
सास दियौ घर वास,
या जनु जरम दिखाइयै।। (देवतान के गीत)

तबई तौ बहू कौसल्या सी सास अरु दसरथ से ससुर की कामना करै-

'मैंने मांगी कौसल्या सी सास, ससुर मांगे दसरथ से।' (ढोला के गीत)

इन पारिवारिक जीवन के विविध संदरभन ते अतिरिक्ऊ अनेक संबंध अरु संदरभ अपने खट्टे-मीठे रूप मैं इन लोक-गीतन मैं चित्रित भए हैं। द्यौरानी-जिठानी के संबंध तौ बहन-बहन जैसे होंय। पर सम्पत्ति के काम में खटका-पटको ह्वै जाय। दोनों संग बैठकैं प्यारऊ करैं अरु कबहूँ झगरैऊं हैं-

> 'मैं कौन के पास बैठूँ जिठानी बिना।'
> 'बाँह पसारि कौनते झगरूं द्यौरानी बिना।'
> 'रसोई तपंती द्यौरानी मैं वारी-वारी।'
> 'भैंस दुहन्ते जेठ हमारे, आधौ बटंती जिठानी। मैं वारी-वारी।'

इनमैं ब्रज को संयुक्त परिवार-व्यवस्था कौ स्पष्ट संकेत भयौ है। जीजा-सारी कौ संबंध तौ ब्रज के लोक-जीवन कौ मधुरतम संदरभ है। हास-परिहास की मधुरता अरु स्नेह की आत्मीयता यामैं देखेई बनै। मीठे उपालंभन कौ तौ ह्यां रसई अनूठौ है-

> तैनें मेरी कदर न जानी रे बजमारे जीजा।
> सौने की थारी मैं भोजन परोसे, जैमें जीजा-सारी।

याई तरह सलहज-ननदेऊ के संबंध बड़े आंतरिक अरु स्नेहसिक्त होंय-

> ननदोइया ते यारी नांइ छूटै, बालम रूठै।
> जब रे ननदेउआ बागन मैं आये, चरर-चरर नियुआ टूटै।

सपत्नी-भाव के संबंध-सन्दरभऊ ब्रज के लोकगीतन मैं मिलैं। आखिर, 'सौत तौ चूनकीऊ बुरी होय', ब्रज मैं जो कहावत प्रसिद्ध है। फिर 'कुविजा' तौ ब्रज मैं सौत की प्रतीकई है गई है। सपत्नी, स्वकीया के सगरे सुख-सनेह अरु अधिकार कूँ छीन लेय। बहुत दिना परदेस मैं रहवेते ऊ पति काऊ सौत के जाल मैं फँस जाय, या फिर बाय संगई लिवाय लावै। सावन के 'जाटनी' नाम के एक लोकगीत नैं सौत के मारैं स्वकीया की वेदना कौ चित्रन भयौ है। स्वकीया-विवाहिता बाके डोला कूं वापस लौटायवे के तांई सगरे परिवारी जनन ते अनुनय विनय करै-

> 'गए मारू पटना के देस, लगाइ लाए जाटनी जी महाराज'।

अन्य संबधंन मैं बहन-बहन के संबंध, भाई-भाई के संबंध, सारे-बहनोई, सास-दामाद, समधी-समधी, ससुर-बहू आदि के सन्दरभऊ इन लोकगीतन मैं देखे जांय। इन संबंध-संदरभन कौ आयाम बड़ौ व्यापक है। लोक-संस्कृति के विसिष्ट अंग हैवे ते इन लोकगीतन की पारिवारिक सीमान कौ विस्तार बाखर ते बाहर, अड़ौस-पड़ौस तक भयौ मिलै। बधाए के लोक-गीतन मैं याई ते सबन को कुसलता अरु समृद्धि कौ संकेत मिलै-

> सौने के सब दिन रूपे की रात,
> सौने के कलस भरैयौ महाराज।
> पहलौ बधायौ ससुर घर आयौ,
> सासुल नैं लियौ भर गोद महाराज।
> दूसरौ बधायौ पड़ौसी घर आयौ,
> पड़ौसिन नैं लियौ भर गोद महाराज।

या प्रकार पारिवारिक जीवन के अनेकानेक संबंध-संदरभन कौ बड़ौई यथार्थ रूप ब्रज के लोकगीतन मैं देखौ जाय। लोक-जीवन अरु संस्कृति के ये सजीव चित्र ब्रज के आंचल की विसेसतान कौ सहज आकलन करैं। इनमैं एक ओर मांटू

इतनें पैऊ सास-बहू के विरोध मैं बेटाय भड़कावै। ब्रज की अनेक लोक-कथान मैं जी संदरभ मिलै। ब्याह के समै 'रतजगे' की रात ते पाछें प्रातःकाल गायवे के 'दाँतुन' नाम के लोकगीत मैं जी संदरभ देख्यौ जाय सकै। पर, सास यामें विवेक ते काम लेय अरु बेटा कूं समझावै कैं बहू नंदलाल जनमैगी, याते तिहारे बाप अरु कुल कौ नाम चलैगौ-

ए मइया कहौ तौ दऊँ निकास
कहौ तौ खँदै दऊँ धन के बाप कैं।
ए बेटा, काहे कूं देऔ निकास,
काहे कूं भेजौ धन के बाप कैं।
ए बेटा जे तौ जनैगी नंदलाल
नाँऊ चलै तिहारे बाप कौ।

लाल जनवे के अपने गुन के मारें बहू कछु काम नहिं करै। देवर के पानी मांगवे पै बड़े अधिकारते बाकी अवग्या करै-

बाहर ते मेरे देवर आये।
भावज मोय पानीरा पिवाऔ हो राज।
पानी रे पिवावै तेरी मइया, बहनिया
मोपै उठौंऊ ना जाय।

पुत्र जनम के औसर पै ब्रज मैं सास चरुए चढ़ाइवै कौ लोकाचार करै। पर, बहू बाकी उपेच्छा करिकैं अपनी मैया ते करवायवे की सलाह दे-

सास न आवै मेरी काह करै
चरुए चढ़ावै मेरी मइया।- जच्चा के गीत।

ऐसे मौकेन पै सास कौ रूठिवौ ब्रज के परिवारन मैं अबऊ देखौ जाय। पर, हँसी-खुसी सगरे काम हैवे पै बहू सास-ससुर सबकी बलिहारी जाय। आखिर, परिवार के फलवे फूलवे में जी प्रसन्नताई तौ साधक होय-

फूल रह्यौ रस केवरौ मैं वारी-वारी।
हथिया चढ़ंते ससुर हमारे, पीढ़ा बैठंती सास॥ मैं वारी-वारी॥ (बधाए के गीत)

पर, आधी रात मैं जगायकैं चाकी पिसवावे वारी सास की बहू कामनाऊ नहिं करै-'मोय ऐसी सास नांय चइए जो आधी आधी रात पिसावै'। ब्रज के परिवारन की जी पुरानी परंपरा रही है। सास कौ स्थान मइया जैसौ है, तबई तौ बहू बाकौ सम्मान करै। एक लोकगीत मैं जी संदरभ देख्यौ जाय सकै-

ऐसी मइया या धरती पै द्वै बड़े
एक सासुल अरु माय
मात दियौ घर वास,
या जनु जरम दिखाइयै।। (देवतान के गीत)

तपर तौ बहू कौसल्या सी सास अरु दसरथ से ससुर की कामना करै-

'मैंनें मांगी कौसल्या सी सास, ससुर मांगे दसरथ से।' (ढोला के गीत)

इन पारिवारिक जीवन के विविध संदरभन ते अतिरिक्त अनेक संबंध अर संदरभ अपने खट्टे-मीठे रूप में इन लोक-गीतन में चित्रित भए हैं। द्यौरानी-जिठानी के संबंध तौ बहन-बहन जैसे होंय। पर सम्पत्ति के काम में खटका-पटको है जाय। दोनों संग बैठकें प्यारऊ करैं अर कबहूँ झगरैऊं हैं-

'मैं कौन के पास बैठूं जिठानी बिना।'
'बाँह पसारि कौनते झगरूं द्यौरानी बिना।'
'रसोई तपंती द्यौरानी मैं वारी-वारी।'
'भैंस दुहन्ते जेठ हमारे, आधौ बटंतो जिठानी। मैं वारी-वारी।'

इनमैं ब्रज की संयुक्त परिवार-व्यवस्था कौ स्पष्ट संकेत भयौ है। जीजा-सारी कौ संबंध तौ ब्रज के लोक-जीवन कौ मधुरतम संदरभ है। हास-परिहास की मधुरता अर स्नेह की आत्मीयता यामैं देखेई बनै। मीठे उपालंभन कौ तौ ह्यां रसई अनूठौ है-

तैनें मेरी कदर न जानी रे बजमारे जीजा।
सौने की थारी मैं भोजन परोसे, जैमें जीजा-सारी।

याई तरह सलहज-ननदेऊ के संबंध बड़े आंतरिक अर स्नेहसिक्त होंय-

ननदोइया ते यारी नांइ छूटै, बालम रूठै।
जब रे ननदेउआ बागन मैं आये, चरर-चरर निबुआ टूटै।

सपत्नी-भाव के संबंध-सन्दरभऊ ब्रज के लोकगीतन मैं मिलैं। आखिर, 'सौत तौ चूनकी ऊ बुरी होय', ब्रज मैं जौ कहावत प्रसिद्ध है। फिर 'कुबिजा' तौ ब्रज मैं सौत की प्रतीकई है गई है। सपत्नी, स्वकीया के सगरे सुख-सनेह अर अधिकार कूं छीन लेय। बहुत दिना परदेस मैं रहबेतें ऊ पति काऊ सौत के जाल मैं फँस जाय, या फिर वाय संगई लिवाय लावै। सावन के 'जाटनी' नाम के एक लोकगीत नैं सौत के मारें स्वकीया की वेदना कौ चित्रन भयौ है। स्वकीया-विवाहिता वाके डोला कूं वापस लौटायबे के तांई सगरे परिवारी जनन ते अनुनय विनय करै-

'गए मारू पटना के देस, लगाइ लाए जाटनी जो महाराज'।

अन्य संबधंन मैं बहन-बहन के संबंध, भाई-भाई के संबंध, सारे-बहनोई, सास-दामाद, समधी-समधी, ससुर-बहू आदि के सन्दरभऊ इन लोकगीतन मैं देखे जांय। इन संबंध-संदरभन कौ आयाम बड़ौ व्यापक है। लोक-संस्कृति के विसिस्ट अंग हैबे ते इन लोकगीतन कौ पारिवारिक सीमान कौ बिखराव बाखर ते बाहर, अड़ौस-पड़ौस तक भयौ मिलै। बधाए के लोक-गीतन मैं याई ते सबन की कुसलता अर समृद्धि कौ संकेत मिलै-

सौने के सब दिन रूपे की रात,
सौने के कलस भरैयौ महाराज।
पहलौ बधायौ ससुर घर आयौ,
सासुल नैं लियौ भर गोद महाराज।
दूसरौ बधायौ पड़ौसी घर आयौ,
पड़ौसिन नैं लियौ भर गोद महाराज।

या प्रकार पारिवारिक जीवन के अनेकानेक संबंध-संदरभन कौ बड़ौई यथार्थ रूप ब्रज के लोकगीतन मैं देखौ जाय। लोक-जीवन अर संस्कृति के ये सजीव चित्र ब्रज के आंचल की विसेषतान कौ सहज आकलन करैं। इनमैं एक ओर मांटू

इतने पैऊ सास-वहू के विरोध में वेटाय भड़कावै। ब्रज की अनेक लोक-कथान में जी संदरभ मिलै। व्याह के समै 'रतजगे' की रात ते पीछें प्रात:काल गायवे के 'दाँतुन' नाम के लोकगीत में जी संदरभ देख्यौ जाय सकै। पर, सास यामें विवेक ते काम लेय अरु वेटा कूं समझावै कै वहू नंदलाल जनमैगी, याते तिहारे वाप अरु कुल कौ नाम चलैगौ-

ए मइया कहौ तौ दऊँ निकास
कहौ तौ खँदै दऊँ धन के वाप कैं।
ए वेटा, काहे कूं देऔ निकास,
काहे कूं भेजौ धन के वाप कैं।
ए वेटा जे तौ जनैगी नंदलाल
नाँऊ चलै तिहारे वाप कौ।

लाल जनवे के अपने गुन के मारें वहू कछु काम नहिं करै। देवर के पानी मांगवे पै वड़े अधिकारते वाकी अवग्या करै-

वाहर ते मेरे देवर आये।
भावज मोय पानीरा पिवाऔ हो राज।
पानी रे पिवावै तेरी मइया, वहनिया
मोपै उठौंऊ ना जाय।

पुत्र जनम के औसर पै ब्रज में सास चरुए चढ़ाइवै कौ लोकाचार करै। पर, वहू वाकी उपेच्छा करिकैं अपनी मैया ते करवाये की सलाह दे-

सास न आवै मेरी काह करै
चरुए चढ़ावै मेरी मइया।- जच्चा के गीत।

ऐसे मौकेन पै सास कौ रूठिवौ ब्रज के परिवारन में अवऊ देखौ जाय। पर, हँसी-खुसी सगरे काम हैवे पै वहू सास-ससुर सवकी वलिहारी जाय। आखिर, परिवार के फलवे फूलवे में जी प्रसन्नताई तौ साधक होय-

फूल रह्यौ रस केवरौ मैं वारी-वारी।
हथिया चढ़ंते ससुर हमारे, पीढ़ा वैठंती सास॥ मैं वारी-वारी॥ (बधाए के गीत)

पर, आधी रात में जगायकैं चाकी पिसवावे वारी सास की वहू कामनाऊ नहिं करै-'मोय ऐसी सास नांय चइए जो आधी आधी रात पिसावै'। ब्रज के परिवारन की जी पुरानी परंपरा रही है। सास कौ स्थान मइया जैसौ है, तबई तौ वहू वाकौ सम्मान करै। एक लोकगीत में जी संदरभ दैख्यौ जाय सकै-

ऐसी मइया या धरती पै द्वै वड़े
एक सासुल अरु माय
सास दियौ घर वास,
या जनु जरम दिखाइयै।। (देवतान के गीत)

तवई तौ वहू कौसल्या सी सास अरु दरसथ से ससुर की कामना करै-

'मैंने मांगी कौसल्या सी सास, ससुर मांगे दसरथ से।' (ढोला के गीत)

इन पारिवारिक जीवन के विविध संदरभन ते अतिरिक्त अनेक संबंध अरु संदरभ अपने खट्टे-मीठे रूप में इन लोक-गीतन में चित्रित भए हैं। द्यौरानी-जिठानी के संबंध तौ बहन-बहन जैसे होंय। पर सम्पत्ति के काल में खटका-पटको हैं जाय। दोनों संग बैठकें प्यारऊ करें अरु कबहूँ झगरेऊ हैं-

'मैं कौन के पास बैठूँ जिठानी बिना।'
'बाँह पसारि कौनते झगरूं द्यौरानी बिना।'
'रसोई तपंती द्यौरानी मैं वारी-वारी।'
'भैंस दुहन्ते जेठ हमारे, आधौ बटंती जिठानी। मैं वारी-वारी।'

इनमें ब्रज की संयुक्त परिवार-व्यवस्था कौ स्पष्ट संकेत भयौ है। जीजा-सारी कौ संबंध तौ ब्रज के लोक-जीवन कौ मधुरतम संदरभ है। हास-परिहास की मधुरता अरु स्नेह की आत्मीयता यामें देखेई बनै। मीठे उपालंभन कौ तौ ह्यां रसई अनूठौ है-

तैनें मेरी कदर न जानी रे बजमारे जीजा।
सौने की थारी में भोजन परोसे, जैमें जीजा-सारी।

याई तरह सलहज-ननदेऊ के संबंध बड़े आंतरिक अरु स्नेहसिक्त होंय-

ननदोइया ते यारी नांइ छूटै, बालम रूठै।
जब रे ननदेउआ बागन में आवे, चरर-चरर निबुआ टूटै।

सपत्नी-भाव के संबंध-सन्दरभऊ ब्रज के लोकगीतन में मिलें। आखिर, 'सौत तौ चूनकीऊ बुरी होय', ब्रज में जो कहावत प्रसिद्ध है। फिर 'कुबिजा' तौ ब्रज में सौत की प्रतीकई है गई है। सपत्नी, स्वकीया के सगरे सुख-सनेह अरु अधिकार कूँ छीन लेय। बहुत दिना परदेस में रहबेसूं ऊ पति काऊ सौत के जाल में फँस जाय, या फिर बाय संगई लिवाय लावै। सावन के 'जाटनी' नाम के एक लोकगीत में सौत के भाँ स्वकीया की बेदना कौ चित्रन भयौ है। स्वकीया-विवाहिता बाके ढोला कूं वापस लौटायबे के तांई सगरे परिवारी जनन ते अनुनय विनय करै-

'गए मारू पटना के देस, लगाइ लाए जाटनी जी महाराज'।

अन्य संबंधन में बहन-बहन के संबंध, भाई-भाई के संबंध, सारे-बहनोई, सास-दामाद, समधी-समधी, ससुर-बहू आदि के सन्दरभऊ इन लोकगीतन में देखे जांय। इन संबंध-संदरभन कौ आयाम बड़ौ व्यापक है। लोक-संस्कृति के विसिष्ट अंग हैबे ते इन लोकगीतन कौ पारिवारिक सीमान कौ विस्तार बाखर ते बाहर, अड़ौस-पड़ौस तक भयौ मिलै। बधाए के लोक-गीतन में याई ते सबन की कुसलता अरु समृद्धि कौ संकेत मिलै-

सौने के सब दिन रूपे की रात,
सौने के कलस भरैयौं महाराज।
पहलौ बधायौ ससुर घर आयौ,
सासुल नें लियौ भर गोद महाराज।
दूसरौ बधायौ पड़ौसी घर आयौ,
पड़ौसिन नें लियौ भर गोद महाराज।

या प्रकार पारिवारिक जीवन के अनेकानेक संबंध-संदरभन कौ बड़ौई यथार्थ रूप ब्रज के लोकगीतन में देख्यौ जाय। लोक-जीवन अरु संस्कृति के ये सजीव चित्र ब्रज के आंचल की विसेषतान कौ सहज आकलन करें। इनमें एक ओर माँहू

ब्रज प्रदेस कौ पारिवारिक व्यवस्था अरु स्थिति कौ सरूप स्पष्टत: उजागर होतौ भयौ मिलै, तौ दूसरी ओर माँहू याके करुए-मीठे अनुभव-अनुभूतीन की यादगारऊ तैरती मिलैं। ब्रज के पारिवारिक परिवेस मैं परस्पर खड़खड़ाहट के बीच मैं जीवन की सरस अरु मधुर सलिला कौ प्रवाह याके आकरसन-बिन्दू कूं काऊ तरह लुप्त नहीं हौंन दैय। ब्रज के लोकगीत साँचमाँच झाँकि पारिवारिक जीवन के हँसते-बोलते, रोते-बिलखते, रूसते-मटकते, लरते-झगरते, मिलते-बिछुरते, नाचते-गाते, खाते-खबाते अरु नौंक-झोंक करते मनुहार करते छिनन के बड़े संवेदनापरक, भावनासिक्त एवं संगीतात्मक सास्वत बिम्ब हैं। तबई इनके सहारे ब्रज की सामाजिक सांस्कृतिक धरोहर ते सहज परिचय है जाय। फिर, ब्रजभाषा कौ लोच-लावण्य इनकी सिल्पगत-अभिव्यंजना कूँ अलगई स्वरूप प्रदान करै। सावन को 'मल्हार' अरु फागुन के 'रसियान' कौ तौ रसई अनूठौ है। फिर, कृष्ण-भक्ति के संदरभन नैं तौ इन लोकगीतन मैं चार चांद लगाय दिये हैं।

-49, बी, आलोक नगर
आगरा-282010

❑

सामन के लोकगीतन में नारी की बिरह-वेदना

-श्री मेवाराम कटारा

नारी कौ हियौ लौनी घी की नाईं कोमल अर सनेह भर्यौ होय । भावुकता अर सहृदयता में नारी पुरुष ते ऊ बढ़िकें होय । भावुक हैये के कारन या पुरुष-प्रधान समाज माँहि अपने उद्गारन की अभिव्यक्ति के ताँई सदा लालायित रहै। समाज की कछू ऐसी विवस्था बन गई है कै नारी भीतर ई भीतर घुनती, बुनती, गुनती अर घुटती रहै । अपने मनगुन की बातन कूँ अपने पति के सिवाय काऊ ते नाँय कह सकै । परि जब म्हाँऊ वाकी बात नहीं सुनी जाय तौ फिर कौन सौं कहै। पति,सास, सुसर,जेठ,जिठानी, देवर,देवरानी की सिकायत करै तौ कौन ते करै । सो वाकी इच्छा होय कै सम्पूरन नारी जाति को या घुटनै सार्वजनिक रूप ते समाज के सांमई व्यक्त करै । स्यातै सुनके कोऊ वाकी पीर हरै।

पुरानौ साहित्य उठायकें देख्यौ जाय तौ सिद्ध होय कै नारी जाति सदा ते अपने हिये के उद्गार व्यक्त करती आई है । वैदिक युग की ऋषिका,उपनिषदकाल की विदुषी अर बुद्धकाल की भिक्खुणी याकौ प्रमान है । विज्जिका जैसी अनेकन नारी साहित्यकारऊ भई हैं । नारी सृजित साहित्य ते पतौ चलै कै नारी जाति अपने मन की बातै काऊ न काऊ माध्यम ते व्यक्त करती आई है ।

समै बीततौ गयौ । भारत पै विदेसीन की कारी छाया परी । भारतीय संस्कृति मरी अर मर्दन की मति हरी । सो बिचारी नारी के म्हौंपै परदा डारि दियौ,नाक में गहने के रूप में नकेल सी डार दई । गरे में हाथन में अर पामन में ऊ गहने के बहाने बेड़ी अर हथकड़ी पहराय दई । छाती पै गहने कौ पत्थर धर दियौ । विलासी संस्कृति के पुजारी विदेसीनें नारी कूँ विलासिता कौ साधन बनाय लियौ । बिचारी नारी गहने के हिसक की मारी घरबारी बनिकें घर की चारदीवारी में इन मोटे अत्याचारनें सहती रही । वाके विदुषी हैये के तौ सपने दूर रहे,आखर ज्ञान ते ऊ वंचित रह गई । सो एक भौत बड़ी सख्या अनपढ़ नारी की समाज में है गई परि लाज की मारी सब कछू सह गई ।

मांसि चाहै पढ्यौ होय या अनपढ़ अपने मनकी बात तौ कहनौई चाहै । पढ़े लिखेन कूँ तौ बात कहबे के भौत से साधन हैं परि अनपढ़न कूँ तौ मात्र लोक साहित्यई सार्वजनीन साधन है । लोक साहित्य की अनेक विधा होंय । नानी-दादी बच्चान कूँ कहानी सुनाय-सुनायकें अपनी अभिव्यक्ति करदें अर मन हलकौ करलें । भौत से अनेक औसरन पै लोकगीत गायकें अपने मन की टीसै कह दें। सार्वजनिक रूप ते मिलकें व्यक्त करी भई टीस काऊ एक नारी की नाँय होय,सम्पूरन नारी समाज की टीस होय ।

नारी बचपन तेई अभिव्यक्ति कौ औसर तौपती रहै । जैसेंई औसर मिलै,अपनी बातै कह दे । ये औसर है-सादी -ब्याह के गीत,संस्कार-गीत,तीज -त्यौहारन के गीत अर मौसम-महीनान के गीत । सामन अर फागुन कौ महीना नारी जाति कौअभिव्यक्ति कूँ सबते जादा औसर दैये वारे हैं । इन महीनान में ब्रजवासिनी नारी अपने मन की अच्छी तरियाँ निकार सकै। फागुन की होरी में तौ अपनी झिझकै पूरी तरियाँ खोलिकें मर्दन कूँ दो दो हाथ बतावै ।

सामन के गीत नवोढ़ान के गीत हैं। या औसर पै पहलौ वेर मैया के घरै छोड़िवे वारी, कै ज्याके ब्याहै चार छै सालई भये होंय, कै ब्याह की ठमर आय गई होय,नायिका के रूप में देखी जाय ।ल्हौरी-ल्हौरी लालीऊ पहले तेई लैन में लग जांय। सो वे गीत नवोढ़ान केई कहे जाय सकें ।पिया के घर जाये पीछें सास,सुसर ,जेठ, जिठानी अरु ननदन की दीवारन में घुटती भई यू जो कछू भोगै वाय झूला पै वैठकें गीतन में कह दे ।सुसरार में भैया के आयवे की वाट देखै अरु मैया वापन की याद करै तौ पीहर में आयकें पिया के प्यार कौ सुमरन करै ।दोनूं लंग के प्यारे विसार नॉय सकै सो दोनूं ठौर विरहा की आग में जलती रहै अरु याही धुनाधुनी में पलती रहै ।सूधी सादी भापा में गाये गये सामूहिक राग अरु लय वारे इन गीतन के भाव भौत गहरे अरु मार्मिक हॉय ।व्यंजना सब्दसक्ति के माध्यम ते वे अनपढ़ वालिका, किसोरी अरु नवोढ़ा नारीऊ न जानें कहा कहा मन की वातै कह जांय ।कवहु-कवहु तौ सूधी अभिधा में ई कह डारें ।विनकी भापा भाव अरु आवेस के अनुसार मीठी अरु करई होय ।जैसेंई सामन कौ महीना सिरू होय सवन के भैया अपनी-अपनी भैनान्नें लिवायवे जांय। भैन भैयानके आयवे की वाट अटान पै चढ़कें देखती रहें। विन्नें अपने मायके की याद सतामती रहै ।अपनी माँ ते अरदास करै-

मैया मोकूँ भैया खंदइयौ री कै सामन आयौ ।
वेटी तेरी भाभी कौ वरज्यौ री कै सामन आयौ ।
मैया मोकूँ चाचा खंदइयौ री कै सामन आयौ ।
वेटी तेरी चाची कौ वरज्यौ री कै सामन आयौ ।

या तरियाँ लड़की ज्याय खंदायवे की वात करै वायैमें कोऊ न कोऊ वरजवे वारौ तैयार है जाय ।भाभी,चाची ,ताई अपने-अपने मरदन नें वरज दें ।अखीर में विचारी अपनी मैयाते ई कहै-

मैया मेरी तूही अइयौ री , कै सामन आयौ ।

पुराने समै में नाई-वाम्हन छोरीन कौ सम्वन्ध करिवे भेज दिए जांते ।वे अपनी राजी ते दूर-दूर सम्वन्ध कर देंते। जहां विन्नें कोऊ वेटावारौ खातिरदारी ते राजी करि लेंतौ,चाहें छोरा कैसौऊ होय, वे रुपैया नारियलै म्हांई टिकाय देंते ।विनकी वात कौ कोऊ विरोधऊ नाॅय करतौ अरु नाक कौ सवाल समझौ जांतौ ।इन सम्वन्धन में छोरी की कोऊ सलाह नाॅय पूछी जाती अरु न वाकी कोऊ वात मानी जांती ।पसु की तरियाँ विना मरजी के वर के संग रथ में वैठायकें ढकेल दई जांती ।भौत से तौ क्षत्रिय कहायवे वारे निर्जीव माल की तरियाँ या ढोर की तरियाँ लूटकें कै जीतकेंऊ लै जांते। पीहर ते एक दम भौत दूर पहुँचतेई,जहां अपनौ कोऊ नहीं दीखै,विचारी विपदा की सी मारी, कोमल-कान्त भाव पुष्पन की क्यारी,वचपन की सहेलीन ते न्यारी कहा सोचती होयगी ।जो कछू यू सोचै वाय झूला की पटली पै वैठकें अपनी सहेलीन के संग न्यौं गावै-

ठल्ले पार मेरौ पटुवा भीजै
पल्ले पार मेरौ हार जी ।
आवेगौ मेरौ-----(नाम) सौ भैया
जिन्नें दई परदेस जी ।

एक संग वाकौ सनेह की सम्पति ते भर्यौ भयौ सुसरार रूपी पटुआ अरु दूसरी लंग पीहर के प्यार कौ हार,दोनूं लंग प्यार पलै,दोनून के तांई जीवै मरै ।दोनूं कुलन की लाज वाके हाथै ।या पच्छ में 'पटुआ' अरु वा पच्छ में 'हार' भीजै सो वड़ी नीधि कै या वातै कहै कै या विरह के कष्ट ते उवारवे की छिमता वाई भैया में है।अरु वूई आवैगौ ज्यानें मोय परदेस में डारौए। भैया सासरे ते आदर के संग लिवाय लैजायगौ अरु सासरे वारेऊ प्यार ते वाके संग पठाय दिंगे ।याते दोनूं कुल की लाज वनी रहैगी अरु मेरौऊ मन वंट जायगौ ।लोकगीतन की इन सूधी सादी पंक्तिन ते पतौ चलै कै विरह वेदना में डूवी भई लाड़िलीयै अपने भैया पै पूरौ भरोसौ है कै यूई या वियोग के सागर ते पार कर सकै ।परि फिर सोचै,या दूर डारिवे में भैया कौ का खोटै, खोट तौ विन नाई-वाम्हनन कौ है जो विना सोचे समझे इतेक दूर सम्वन्ध कर गये हैं। नायिकाय क्रोध आयजाय,आवेस के संग भाव वदल जाय अरु नाई-वाम्हनन कूं कोसवे लग जाय -

धीरे नीया वरके कौवा
क्यों डारी परदेस जी ?

बिचारी फिर आए ?, बुद्धि पै जोर डारै अरु सोचै,यामें बिनकौऊ कहा खोट । बेऊ तौ या बातै भाग्य पै टार सकें। सन्तोष करिबे के कार्जें भौत अच्छौ तरीका है । नाई-बाम्हन के मन की बातै ल्यौं कहै-

कहा करूं जिजमान की बेटी,
करम लिखे परदेस जी ।

जि बातऊ सांचै । भाग्य कौन के बसमें है? क्यौंकै भाग्य कौ जानबौ तौ सम्भव हैई नांय सकै । क्यौंकै-

चिट्ठी होय तौ बाँच लऊं,
करम न बाँचौ जाय जी ।

या प्रकार बू अपने मन की बिथाय मन में पालती जाय अरु सामन में झूला पै बैठकें गावै-

कच्चे नीम की निबौरी
सामन जल्दी अइयौ रे ।
दादा दूर मत दीजौ ,
मैया नहीं बुलावैगी ।
बाबा दूर मत दीजौ,
दादी नहीं बुलावैगी ।

सामन कौ महीना लगतेई असाढ़ के अंत में नीम के पेड़न में निबौरी लगबे लग जांय । राह तकती बिचारी मैया-बाप अरु भैया के बियोग ते दुखी भई निबौरी अरु मन्द मंद गन्ध वारे बौर ते लदे नीम के पेड़ देखकें सामन आयबे कौ अनुमान लगावै । या बीच के धीरे से दिनाऊं बाय भौत लगैं सो सामन कौ आह्वान करै अरु दादा-बाबान ते या बात की बिनती करै कि बाकौ ब्याह इतेक दूर मत करियौ कै मैया,दादी,भाभी बाय बुलामेंई नहीं अरु कोऊ लैवे जाय तौ बाय बरज दें । छोरी छोरीऊ सामन में झूलें और गामें । या गीत के माध्यम ते अपने दादा,बाबा,भैया आदि कूं पहलै ई राजी करलें ज्याते बिरह-वेदना सहन नहीं करनी परै । जि गीत काऊ न काऊ के कान परतौई होयगौ, कोऊ न कोऊ तौ कान धरतौई होगौ अरु या कष्ट के निवारन तांईं कोऊ न कोऊ तौ ध्यान रखतौ ई होयगौ ।

सासरे में ब्रजनारी सामन के आगमन पै पलक पांवड़े बिछायकें अपने भैया (बीरन)की बाट देखती रहै । आमतईं बाय आदर दैकें आसन पै बैठावै अरु बाकौ तन-मन-धन ते खातिर करै-

आमत देखूंगी---(नाम)से बीर,
बदलिया बे छोटी।
बैठौरे भैया तरवर,बिछाय,
तिहारी सौने की टोपी।
झरा झर मोती।
मैदा की वे पूरी
जैपौ से भैया ।
मोती छल्ला भात मैदा की पूरी।

लड़की चाहै पीहर में होय चाहै ससुरार में ,सुख में होय चाहै दुख में, दूर रहै चाहै पास,क्वारी होय चाहै ब्याही, अपने पीहर कूँ कबहूं नाँय बिसरै ।गीत गीत में वाकौ सुमरिन करै ।वाय अपने भैया की सदा बाट लगी रहै।वाके स्वागत के ताईं सदा ठाड़ी रहै।याते वाकी विरह वेदना कौ प्रमान मिलै है ।जैसेई मगरे पै कौवा बोलै वाय और कोऊ नाँय सूझै,अपने भैया के आगमन की सूचना समझै अरु राजी हैकै गावै-

मगरे ऊपर भैया कागा रे बोलै
बोलै वचन सुहावने ।
माँ जाये आमें,
बोलै वचन सुहावने ।
चुगवे कूँ दऊंगी रे कागा ,
सांठो रे चाँमर
सौने की चोंच मढ़ामने ॥

या विरहन के मन में भैया मिलन की कितेक प्रबल लालसा है ।जब आय जाय तौ वाकौ आदर अरु खातिर करिकैं राजी करै फिर अपने सासरे वारेन ते पीहर जायवे की अनुमति माँगै परि वे वा विरह वेदना ते व्यथित के संग कैसौ अन्याव करैं या गीत ते पतौ चलै-

आयौ री मैया जायौ वीर,
नंदी नखता डाक कें ।
हिरना की वे डोड़ी ।
कहौ तौ सासुल हम पीहर जामें ?
पीहर डरे हिंडोरे जी राज ।
हम का जानें हमारी कुलबहू रानी,
पूछौ ए अपनी जिठानी ते जाय
जब दुरि जइयौ माई बाप कें ।हिरना---
कहौ तौ जिठानी हम पीहर जामें ?
हम का जानें हमारी कुल बहू रानी
पूछौ ए अपनी द्यौरानी जाय ।

या तरियों विचारी सबन ते पूछै ।वे नखरा करती भई एक दूजे के माथे पै वातै डार दें । अन्त में विचारी बड़ी आस के संग ननदुल ते पूछै,परि ननदुल तौ सबन ते ई कठौर निकरी ।आगे याही गीत में ननद कौ अत्याचार देखिबे कूँ मिलै-

कहौ तौ बाई जी हम पीहर जांय
पीहर डरे हिंडोलने ।

ननद अनुमति तौ दे परि कछूक सर्त लगावै।सर्तऊ ऐसी है जो कबहुं पूरी होंनी नाँय।न सर्त पूरी हुंगी अरु न अपने पीहर जायगी।कठोर हिरदै वारी ननदुलकौ जवाब सुनौ-

जितनौ री भाभी कुआ में नीर
इतनौई पानी भरि जाइयौ ।हिरना----
जितने री भाभी पीपर में पात,

यदि यथा वदति क्षितिपस्तथा
त्वमसि किं पितरत्कुलया त्वया ।
अथ तु वेत्सि शुचि व्रतमात्मनः
पति कुले तव दास्यमपि क्षमम् ।।

कहकै नारी सुतन्त्रता पै रोक लगाय कै वू अविस्वसनीया यनाय दई है अर महत्वहीन प्रानी की नांई उपेक्षित करि दई है । कालिदास जैसे महान कवि की बात कौऊ असर या समाज पै आदर्स के रूप में परयौ है ज्याय नारीजाति कबहुँ छिमा नहीं कर पावैगी।

भौत से मैया-बाप अबोध बच्चान कौ अनमेल ब्याह करि दें । यिनें अपनौ सम्मत्र भयौ ब्याहु याद नांय रहें । वे कहा जानें ब्याह की बीमारी । वे तौ न्यौं समझें कै यिनके तांई कोऊ एक और साथी खेलवे के तांई मंगाय दियौ है । ऐसे ब्याह ते छोरी बिचारी जीवन भर दुख पामती रहै ।

गरमीन के दिनां तौ सासरे में बड़ी कठिनाई ते निकरें । याऊ में पति कौ बिरह अर होय तौ कैसें सहै । कैसें सहै वू सास-ननद के अत्याचारनें । या गरमी में पीसनौ-पोयबौ कितेक कष्टदायक होय,याय वूई समझ सकै ज्याय अनुभव होय। ऐसी कस्ट की घरी में भैनाय भैया की याद सतावै अर गीत के माध्यम ते अपनी या बिथाय न्यौं बतावै -

पाँच पसेरी रे भैया पीसनौ
अरे भैया ज्याय पीसतई दिन जाय
कहत दु:ख घोर सौं ।

इत जब पति सौमा पै देस की रछा करिबे चल्यौ जाय तौ वाके बिरह वेदना ते जरती भई मिलन की आस ते सन्देस-वाहक कूँ इनाम दैवे की कहै अर वाकूँ भौत से तरीका बतावै कै वाकौ सन्देसौ कैसें प्रभावसाली बन सकै। या लहरिया ते स्पस्ट होय-

पाँच टका तोय दऊंगी गांठ के
है कोऊ लसकर जाय लहरिया
अब रंग भीजै धन कौ डोरिया ।
या लसकरिया ते न्यौं कहै
घर मरीयै तेरी माय,लहरिया । अब---
माय मरीयै मर जान दै
घरखा की सोभा उठ जाय,लहरिया । अब--

या लसकरिया ते न्यौं कहै

घर मरीयै तेरी भाभी लहरिया । अब -----।
भाभी मरीयै मर जान दै,
चाकी की सोभा उठ जाय लहरिया । अब---।
या लसकरिया ते न्यौं कहै
घर मरीयै तेरी छोटी लहरिया ।अब---।
छोटी मरीयै मर जान दै
रसोई की सोभा उठ जाय लहरिया । अब---।
या लसकरिया ते न्यौं कहै

आप न्याई रहिंगे तौ मैं सिंगार करूंगी ,पूजा करूंगी । परि विरहनी झूलती झूलती अपनी विन सहेलीन ते ईर्ष्या करिबे लगै जिनके पति विनके पासई रह रहे हैं । ऐसी सहेलीन्नें भाग्यवती वतावै परि अपने पति तेई नेह राखै। कोऊ दूसरौ बाते ठट्टेऊ करै तौ वाय अच्छौ नाँय लगै । या प्रसंग पै विचार करौ –

वर के डुग्गे झूलती डावर नयनी
सात सहेली वीच ।
गैल वटोही नीकस्यौ,
लीले घोड़ा असवर ॥

वटोही झूलती युवतीन में ते विरहनी कूँ पहचान जाय । मलिन मुख कान्तिवारी वियोगिनीयै देखिकैं पूछै–

हैं विनके मुख ऊजरे
त्यारौ मैलौ वेस ?

नायिका उत्तर देइ–

उनके ढोला घर रहैं,
हमारौ वसै परदेस ।

उत्तर सुनकैं राही वाय अपने संग लै चलिवे कौ न्यौंतौ दे– मेरे संग चलौ,तुमन्नें प्रीतम के पास पहुंचाय दऊँ। परि नारी कौ पतिव्रत धर्म जाग उठै अरु पराये पुरुष की भर्त्सना करती भई कहै–

डाढ़ी मूडूँ तेरे वाप की,
पराये ढोला,गोंछन सेत समेत ।

राही विचारौ झेंप कौ मारौ वाते वाके पति कौ परिचै अरु सकल सूरत पूछै परि वानें तौ विचारी नें अपने पिया की सूरतई नाँय देखी । वारी सी उमर में व्याह है गयौ,गौने कौ समै आयौ तौ परदेस चलौ गयौ । विचारी घर कौ कामकाज करिबे वारी घरवारी वनिकें ई रह गई । यू अपनी सास ते सवरी वात जाननौ चाहै । ज्याते पिया कौ समाचार मिल सकै,आपऊ पिया ते मिल सकै अरु अपने विरहा की आगै वुझाय सकै । सास वाकूं जो सूरत सकल वतावै बू सब बटोही ते मिलै। पहचान के सब चिह्न या वटोही में पावैं । सास कूँ जब यू या वातै वतावै कै याई सूरत सकल और पहचान वारौ एक वटोही कुआ के पनघट पै ठाड़्यौ है तौ सासऊ याते मिलवे के तांई लालायित है जाय अरु वहू ते वाय घर वुलायकें लायबे की बात कहै । जाऔ बहू यू वटोही मेरौ वेटा है ।

या समस्या कौ मूल कारन है वाल-विवाह। छोरी तौ या समाज नें ऐसी समझ राखी है कि जि तौ दूसरे के तांई जनमी है सो जल्दी ते जल्दी काऊ दूसरे कूँ दैकैं अपनौ वोझ कम करौ । याकौ समर्थन महाकवि कालिदास नें ऊ अपने नाटक 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्' में पुरजोर तरीका ते करूयौ है–

'अर्थो हि कन्या परकीय एव,
तामद्य सम्प्रेष्य परिग्रहीतुः ।
जातो ममायं विशदः प्रकामं,
प्रत्यर्पित न्यास इवान्तरात्मा ।।'

इतेकई नाँय ,शार्ङ्गरव के या वाक्य नें तौ विचारी या विरहिन की कमर तोर दइयै–

शार्ङ्गरव-किं पुरोभागे ! स्वातन्त्र्यमवलम्यसे शकुन्तले!

यदि यथा वदति क्षितिपस्तथा
त्वमसि किं पितरत्कुलया त्वया ।
अथ तु वेत्सि शुचि व्रतमात्मन:
पति कुले तव दास्यमपि क्षमम् ।।

कहकै नारी सुतन्त्रता पै रोक लगाय कै वू अविस्वसनीया बनाय दई है अर महत्वहीन प्रानी की नांई उपेच्छित करि दई है । कालिदास जैसे महान कवि की बात कौऊ असर या समाज पै आदर्स के रूप में परयौ है ज्याय नारीजाति कबहूं छिमा नहीं कर पावैगी।

भौत से मैया-बाप अबोध बच्चान कौ अनमेल ब्याह करि दें । बिन्नें अपनौ सम्पन्न भयौ ब्याहु याद नांय रहें । वे कहा जानें ब्याह की बीमारी । वे तौ न्यौं समझें कै बिनके तांई कोऊ एक और साथी खेलवे के तांई मंगाय दियौ है । ऐसे ब्याह ते छोरी बिचारी जीवन भर दुख पावती रहै ।

गरमीन के दिनां तौ सासरे में बड़ी कठिनाई ते निकरें । याऊ में पति कौ बिरह अर होय तौ कैसें सहै । कैसें सहै बू सास-ननद के अत्याचारनें । या गरमी में पीसनौ-पोवनौ कितेक कष्टदायक होय,याय वूई समझ सकै ज्याय अनुभव होय। ऐसी कस्ट की घरी में भैनाय भैया की याद सतावै अर गीत के माध्यम ते अपनी या बिथाय न्यौं बतावै -

पाँच पसेरी रे भैया पीसनौ
अरे भैया ज्याय पीसतई दिन जाय
कहत दु:ख बीर सौं ।

इत जब पति सीमा पै देस की रछा करिबे चल्यौ जाय तौ वाके बिरह बेदना ते जरती भई मिलन की आस ते सन्देस-वाहक कूं इनाम दैबे की कहै अर वाकूं भौत से तरीका बतावै कै बाकौ सन्देसौ कैसें प्रभावसाली बन सकै। या लहरिया ते स्पस्ट होय-

पाँच टका तोय दऊंगी गांठ के
है कोऊ लसकर जाय लहरिया
अब रंग भीजै धन कौ डोरिया ।
वा लसकरिया ते न्यौं कहै
घर मरीयै तेरी माय,लहरिया । अब---
माय मरीयै मर जान दै
चरखा की सोभा उठ जाय,लहरिया । अब--

वा लसकरिया ते न्यौं कहै

घर मरीयै तेरी भाभी लहरिया । अब ----।
भाभी मरीयै मर जान दै,
चाकी की सोभा उठ जाय लहरिया । अब---।
वा लसकरिया ते न्यौं कहै
घर मरीयै तेरी छोटी लहरिया ।अब---।
छोटी मरीयै मर जान दै
रसोई की सोभा उठ जाय लहरिया । अब---।
वा लसकरिया ते न्यौं कहै

घर मरीयै तेरी भैन लहरिया । अव रंग---।
यहन मरीयै मरजान दै
आये साजन फिर जाँय,लहरिया । अव रंग---।
या लसकरिया ते न्यौं कहै
घर मरीयै तेरी गोरी लहरिया । अव रंग---।

या समाचार कूं सुनते इ पति चल्यौ आवै-

पूछी कुआ की पनहारियाँ
पूछी घर की कुसलात,लहरिया । अव रंग---।

पनिहारी असलियतै यताय देइ-

मायतौ कातै त्यारी कातनौ
भैना तौ खेलै गुड़िया ख्याल लहरिया । अव ---।

या मिथ्या यातै सुनकें भरतारै क्रोध आय जाय और कहै-

लाओ कंटीली रे वन की लौदरी
झूरूं लाड़ लड़ीली कौ लाड़,लहरिया
अव रंग भीजै धन कौ डोरिया।

झूला झूलती भई या'नागनियां' गीत में एक व्रज नारी नागिन के डसिवे पै अपनी सुसरार वारेन के वियोग ते और विनके प्रति अपनौ धरम न निभाय पायवे तांईं छिमा याचना करती भई कह रही है । अपनौ फर्ज नहीं निभाय पायवे कौ वाय भौत परेखौ है-

झूला रे झूलत नागिन डस गई जी
ऐजी डस गई अंगुरी की पोर । झूलारे---
सासुल सौं कहियौ मेरी वीनती जी,
और ससुर सौं कहियौ प्रनाम
यहुअल की सेवा अय ना यदी जी । झूला रे---
सैंया जी सौं कहियौ भूलै भूल जी,
घर कूँ यसामें,लामें दूसरी जी
लैमें न भसम रमाय । झूला रे--

परमारथ के कारन सरीर धरिये वारी व्रजनारी अपनी चिंता नाँय करै,याय चिन्ताय अपने सास-ससुर की वुढ़ापे में सेवा की,याय चिनाय अपने पतिकी गिरस्ती की । दूसरे के तांईं अपने अधिकारऊ ए छजोड़ दे ।

या लोकगीत में सामन में झूला झूलती व्रज यनिता वैसे तौ प्रकृति कौ वरनन करै परि व्यंजनार्थ लियौ जाय तौ याके माध्यम ते जि कहनौ चाहै कै भैया अय तौ लैये आय जाय,मैया अय तौ मोय वुलाय ले । या लोकगीत ते पिया कौ विरहाऊ व्यंजित होय कै या यातायरनै देख कै विरहिन कौ प्यार उमड़ परै । भावुकता में भरो दोऊ कुलन के विरह में अपने मनें कैसें यतावै-

सामन आयौ अजब सुहावनौ
एजी कोई आइयै अजब बहार ।
सखियन बागन झूला झूलतीं जी
कारे कारे बदरा बिजुरी चमकती जी । एजी--
नदियन किस्ती अम्मा मेरी चलि रहीं जी,
भंवरा गुंजारैं अमुआ की डार पै जी । एजी--
बागन कोयल कुहु कुहु कर रही जी,
चम्पा चमेली फूली केतकी जी । एजी--
चमन की सोभा गैंदा दै रहे जी ।

झूलते बाय अपने भैया की याद आय जाय । कल्पना करै भैया घोड़ा पै चढ़िकें आय रह्यौ होयगौ जो सबन कूं कछू न कछू जरूर लावैगौ अरु बहन के तांईं तौ चूंदरी जरूरई लावैगौ नहीं तौ लोग बाय बोलन नहीं दिंगे –

बाबाजी के बाग में हम झल झलर झूले हे ।
बाबा जी के बाग में दो चिड़िया चूं चूं करती हीं ।
इतते आये---(नाम)भैया, का सौदा लाये जी ।
आप कूं घोड़ा बाप कूं घोड़ा कै मां कूं जोड़ा लाये जी ।
बहन कूं चूंदरी न लाये तौ सौ सौ नाम धराये जी ।

सासरे में रहै तौ पीहर बारेन की विरह वेदना अरु पीहर में रहै तौ सासरे बारेन की विरह वेदना सतावै। पीहर में सखीन के संग झूलती भई गरजती बिजुरियाय देखकें पिया के विरह में डरप रही है–

सावन आयौ सुघड़ सुहावनौ
एजी कोई आइये अजब बहार ।
झूला तौ झूलै सखियन बाग में जी
एजी कोई गामैं गीत मल्हार
नहनी नहनी बुंदियन झर लग्यौ जी
एजी कोई झुक झुक कृष्ण मुरार ।
पिहु पिहु पपीहा देखौ करि रह्यौ जी ,
एजी कोई मोरन की किलकार ।

परदेस में गये पिया कौ विरह बाके गीत-गीत में व्यक्त होय –

अरी भैना घटा तौ उठीयै घनघोर,
सामन में चमकै बीजुरी जी ।
कारे कजरारे री बदरा झुकि रहे,
अरी भैना उमड़ घुमड़ चहुं ओर ।
झूला झूलती री भैना डर लगै
अरी भैना पिया गये परदेस ॥

पर फिर बदरियानें उमड़ती-घुमड़ती देखके विचार करै कै या पिया कूं विरह की वेदना सतावैगी सो वेऊ जरूर आमिंगे, राजी करिबे कूं चूंदरीऊ लामिंगे । ऐसौई एक गीत–

वदरिया वरसत है चहुं ओर
किवरिया खोलौरी सजनी ।
दादुर मोर पपैया वोलैं,
अंग कँपत डरपत मन मोरे ।
अव तौ आवौ विदेसी पिया ,
पचरंगी तोहै चूनर लायौ ।

परदेस गये पिया के वियोग की विथा तौ होय ही है। संग में वाय एक चिंता औरऊ सतावै कै पिया कहूँ परायौ नहीं है जाय ।

वर्षा होय। पानी वहै। वहते पानीयै देखकें पीहर के वियोग ते दुःखी वहन के मन में मैया-वाप अरु भैया की चिंता वनी रहै । छिन छिन याद आमते रहें । न्यौं कहौ एक छिनऊ विन्नें अपने मन ते त्याग नाँय पावै, भुलाय नाँय सकै ।

रिमझिम रिमझिम मेहा वरसै
जी पानी कहां जाय जी
आधौ पानी नन्दी किनारे
आधे में मेरौ भैया न्हाय जी ।

वावुल के घर ते विदा होती भई व्रज व्याहता अपने वावुल के घर की अरु वचपन की यादन में ऐसी डूब जाय कै पिया के घरऊ जायवे कौ मन नाँय करै । या गीत में नारी की विरह वेदना की चरम सीमा झलकै-

नियला तले डोला धर दे मुसाफिर
सामन को वहार रे ।
अपने महल में गुड़िया खेलती रे,
झूला झूलती रे,
सैंया के आये कहार रे
गुड़िया तौ खेलन न पाई
झूला तौ झूलन न पाई
डोली लैगये कहार रे ।

जि विरह की विथा वेटी कूँई नाँय रहै मां कूँऊ वरावर होय । मांऊ तौ नारी है । वेटी के आयवे की वाय सदां बाट रहै। या गीत ते पतौ चलै कै मैया की विरह विथा काऊ ते कम नाँय । वू सदा अपनी लाड़िली ते मिलवे की लालसा राखै-

कोठे पै चढ़िकैं वाकी मैया देखै
आज तौ लाड़ी वेटी आवैगी ।

पर जव वू भैया के घोड़ाय खाली देखै तौ दूरतेई पछार खाय जाय-

रीतौ सौ घुड़ला वाकी मैया नें देख्यौ
ठाड़े ते खाई पछार ।

या गीत में मां पच्छ की वेदना चरम सीमा पार कर गई है ।

पति नारी कौ सिंगार है, मांथे की विंदिया है, मांग कौ सिंदूर है, वाके अधरन की मुसकान है, वूई वाकौ वार है, वूई त्यौहार है । या पति के सुखै पायवे कूँ वू सब दुःखन्नें हँस हँसकें सहती भई संघर्ष करै । पति के विरह में वाय न कोऊ त्यौहार अच्छौ

लगै अरु न कोऊ उच्छव । रिमझिम बरसते सावन के बदराऊ वाय नांय सुहामें अरु उल्टी विरह की आग में जरामें । पिया के संग रहकें जो घनघोर घटा बरदान बन आवें अरु आनन्दित करें येई कारी कजरारी घटाटोप अँधेरी करिबे वारी घटा पिया के विरह में नागिन सी डसें, मन कौ धीर छुड़ामें अरु पीर पहुँचामें –

अरी भैना घटा तौ उठीयै घनघोर
सावन में चमकै बीजुरी जी ।
कारे कजरारे री बदरा झुकि रहे
अरी भैना उमड़ घुमड़ चहुं ओर ।
झूला झूलती री भैना डर लगै
अरी भैना पिया गये परदेस जी ।

सावन की गुहार अरु कोयल की गुहारऊ वाय नांय भावै। ज्या झूला पै वू बड़े चावते झूलै वू बाय विरह-वेदना के दोनूं पच्छ के भावन में झुलावै अरु अपने मनें सतावै ।

–36 जसवंत नगर,प्रदर्शनी मार्ग,
भरतपुर 321001

□

ब्रज के लोकगीतन में सास-ननद

-डॉ. नज़ीर मुहम्मद

समाज भाव विभोर हैकें सहज भाव ते जो गाइ उठै है वुई लोकगीत है जाए है। मानव समाज सदा ते ही अपनी-अपनी भासान में लोकगीतन कूं गावत रह्यौ है। लोकगीत हमारे जीवन-विकास के इतिहास हैं, इनमें संगीत अरु काव्य कौ सम्मिश्रन होए है।

वैसे तो सब भासान में लोकगीतन की अटूट परम्परा रही है परि मिठलौनी भरी ब्रजभासा के लोकगीत तौ रस के सागर, प्रेम भाव के निर्झर और ब्रज संस्कृति के उजागर हैं। इनमें मानव जीवन के समस्त क्रिया कलापन कौ सफल चित्रन भयौ है। ब्रजभासा के लोकगीत सुख-दुख, हर्स-विसाद, आसा-निरासा, इच्छा-अनिच्छा, संजोग-वियोग, राग-विराग, प्यार-तकरार के ताने बानेन ते बुने गए हैं। इनमें सामजिक रीति रिवाजन कौ घनौ वर्नन है। समय-समय पै गाए गए लोकगीतन कौ संग्रह करिकै इन्हें क्रमते सजाइ दयौ जाइ तौ ब्रज लोक महाकाव्य बन जाएगौ। सास-ननद के सम्बन्ध के अनेक लोकगीत मिलें हैं।

माँ बड़े उत्साह सौं बेटा कौ ब्याह करै है। बहू के आइबे पै बेटा कूं बाके बस में भयौ समझिकें बहू के विरुद्ध है जाए। ननद बाय और भरै और कहति है-

> मां भाभी कौ मुंहड़ौ कैसौ ?
> नाक चना सी, मुंह बटुला सौ घूंघट में घुर्राई।
> बहुतै खानी, नैंक कमानी जै जग जीती आई।
> माँ रोटी कितनी खावै?
> बेटी चही की चही उड़ावै।
> माँ सौनौ कितनौ लाई
> नाक की लोंग हाथ कौ छल्ला सब मैके धरि आई।

सास-ननद दोऊ बहू पै पहरौ सौ लगावन लगैं और बाय अपने आदमी तेऊं नांय मिलन देंइ।

गामन में पानी दूरि कूँअन पै ते बहू-बेटी ही भरिकें लावैं। एक दिना बिचारौ कुआ पै ही पहुँच जाए अरु रसीली बातन्नें करिबे कौ प्रस्ताव करै है। पर ननद के डर तें बहू बोऊ नांय करि पावै-

> पनियाँ भरन चली बांकी रंगीली।
> मटका उतारि गोरी कुआ पै धरि देउ ।
> हमतें करौ कछु बातें रसीली।

याते तौ रसिया कैसें कहूं मैं
छोटी ननद मेरे संग गरयोली।

प्यार भरी यातें करिकें यतरस लैबे की चाह तौ यहू के मन में ऊ है। एक दिना मोकों देखिकें अकेली ही पानी भरिवे चली जाए। पनघट पै मिलि जाएं यंसी यारे, नटखट नन्द किशोर और याय घेरि लेंत। येचारी पनिहारी कन्हैया जू सूं निहोरे करै है-

कान्हा गागरिया मति फोरै मेरे घर सासु लरैगी रे।
परि कन्हैया नांय मानै
यंसी यारे नें घेरि लई, अकेली पनियाँ गई।
सिर पै घड़ा, घड़े पै गागर, गागरि फोरि दई।
हार मेरी भीजौ, सिंगार मेरौ भीजौ चुनरी भीजि गई।
सासु मेरी मारै, ननद फटकारै जग में हंसाई भई।

जाड़े की रात में अटारी पै सोयबे वारौ आदमी बेर-बेर खाँसिकें अपनी बहू कूं बुलाइवे कौ इसारौ करै। बहू नीचे बैठी सोवती सासु के पांय दबाय रई है। सोची अब तौ सबु सोय गए। इते में ही ननद कुलबुलाय उठी। बहू बेचारी बोली-

सोइजा सोइजा ननद प्यारी सोइजा
तेरो भैया बुलावै छज्जे पै।

ननद सोय जाय, परि सासु खाँसि देय, बहू फिर बोली-

सोइजा सोइजा सासु रानी सोइजा
तेरौ येटा बुलावै छज्जे पै।

सासु सोवती सी है जाए। बहू जैसे ही उठिवे की कोसिस करै सासु बोली-

बहू पीठि खुजाइदै कुतरी काटि गई है।

बहू पीठ खुजान लगै। परि मन ही मन कहै-

डुकरिया हत्याखोर मरत हति नाहैं।

फिरि खांसिवे की अवाज सुनिकें सासु कहै है जा गडुआ में गुड़ डारि कें दूध लै जा-

बहू दूध लैकें जाए तौ देखै कै नसैनी सबरी टूटी भई है। तौ कहै है-

नसैनी बिनु भाएली
कैसें पिया की अटारी चढ़ौ जाइ।

जैसे-तैसे ऊपर चढ़ जाए तो देखै कि रिस के मारे पती ने किवार ही बंद कर लई-

बिचारी कह उठी-

खोलौ सैंया जी खोलौ किवार
तिहारी धन द्वार खड़ी

येला हू लाई कटोरा हू लाई, दूध भरौ गडुआ लाई
लाई जुवनवा में प्यार, तिहारी धन द्वारा खड़ी।

बहू के गर्भाधान होय है। पतौ लगै तौ उमंगति और उछरत सी बल खात भई ननद आवै और भाभी के कान पै मोंह धरिकै हौले ते बोली 'सुनो! हे भाभी, तैनें तौ ठढ़ की दार खाय लई।'

भाभी खिलखिलात भई बोली 'ऐ, मेरी बहना! तुमनें कहाँते सुन लई', और ननद के मोंह पै प्यारौ सौ स्वीकारोक्ति सूचक चुम्बन दैकें चुप है जाए। ननद एक पांयते उछरत भई मौहल्ला भरि की भाभी और सखी सहेलीन कूं संदेसौ दै आवै।

प्रसव हैवे ते पैलैंई ननद नें बेटा हैवे की भविस्यवानी करी है। भावज प्रसन्न हैकै वाकौ गले कौ हार दैवे कौ वचन दै डारै।

जो बीबी मेरे होगौ नंदलाल, तुम्हें दूंगी गलहार।

लाल हैवे पै ननद जब गलहार मांगै तौ भावज मुकरवे लगै, बोली-

लाली जे हरवा मेरे बाप कौ
तिहारे बिरन गढ़ायौ सोई लेउ।

ननद क्रोधित हैकें चल देय और बोली-

पूत जनन्ती भावजी, जनियौ नौ दस धीय।

भावज ननद कूं लौटाय के गलेते लगाय लेय। ननद प्रसन्न हैकें गायवे लगी-

धीय जनन्ती भावजी, जनियौ नौ दस पूत।

इन गीतन में ननद-भाभी के मलिन व्यवहार कौ चित्रन है। जातें लोक की मनोवृत्ति कौ पूरौ पतौ लगै है।

याही तरह एक अन्य गीत में आयौ है जन्ति की पीर ते परेसान बहू सास-ननद ते कहै है कि तुम मेरी पीर कूं बांटि लेउ तौ सासु कूं हँसुला और ननद कूं कँगना दूंगी। और वु दै देय। बेटा कौ जन्म है गयौ। पीर मिटि गई तौ बहू कहै है कै मेरे लल्ला तौ राम की कृपा ते भयौ है। सास ननद तुमनें जामें कहा करौ है। दोनों जनी मेरे हंसला और कंगन लौटाय देउ -

तैनें सासु का कीयौ
मोहि लल्ला राम नें दीयौ
फेरिजा मेरौ हंसला
तैनें ननद का कियौ
मोहि लल्ला राम नें दीयौ
फेरि जा मेरौ कंगना।

बच्चा हैवे पै ही जच्चा और सोहिले गाए जाऐं। गीतन तें जच्चा कौ मन हू लगौ रहै और सबकी प्रसन्नता और खुसी हू व्यक्त है जाए। जच्चा के तांई गुड़, गोंद, गोला और मेवा डारि कें स्वादिष्ट कैबकौ बनायौ जाए वाय चाखिवे के काजें सबन के संग सासु-ननद कौऊ मन चल निकरै परि जच्चा कैबकौ खवाइवे की बड़ी करौ सर्त लगावै, बोली-

मेरे कौरे तें ननदुल उझके, भाभी एकु पोटुआ मोकूं।
मेरे लाला की माई है जा, भर पेट कैबकौ तोकूं।

मेरे कौरे तें सासुल उझकै, बहू एकु पौदुआ मोकूं।
मेरे लाला की नानी हैजा, भर पेट कैयकौं तोकूं।

इतनौ सुनिकें कौन चुप्प रह सकै। जच्चा पै डलियन छबरियन गारी परि निकरें। ढोलक की थाप दूनी है जाए। बिछुअन की छनछनाहट और झाँझन की झनझनाहट तें घर गूंजि उठै, तब गलौ फारि कें सब गामन लगैं-

सब लपु-लपु खाइ, छिनरिया कौ।
सासु कूं न पूछै ननद कूं न पूछै।
परी-परी इतराइ, परी-परी मुसकाइ, छिनरिया कौ।

नए जन्मे भतीजे की आँखिन में काजर आंजिये कौ नेग बुआ माँगि रही है-

लैकें भतीजे कूं बैठी सहोदरी अब कछु देउ भौजाई।
सौ लाख गउअर सवा लाख भैंसियां तौ हम करें अँजाई।

इन नेगन में इतनौ जादा खरच देखिकें बहू घबराय जाए और अपने घर वारे ते बोलै है इन नेगन में तुम सबु घर मति लुटाइ दीजौ। इन सब कामन्ते तुम मेरी मैया-भैना पै कराय लेउ तौ कछु ना दैनौ परैगौ-

घर में अकेली सैंया घरु न लुटाइ दीजौ।
सासु जो आवें सैंया द्वारे ते लौटाइ दीजौ।
सासु कौ नेगु मेरी मैया पै कराइ लीजौ।
ननदी जो आवें सैंया उनहू कूं लौटाइ दीजौ।
ननदी कौ नेगु मेरी भैना पै कराइ लीजौ।

एक ओर गीत में ननद ते वचन दैकेंऊ भाभी कठोर व्यवहार करै है। बु रिस हैकें बोली-

भाजि भाजि यहाँ ते भाजि ननदिया।
छीनौ छिनार कौ घाघरौ
और छिनार की ओढ़नी ।

तब हो भैया आय जाए है और बाप सान्त करै है। एक और गीत में अपने भैया के बेटा हैवे की खबर सुनिकें ननद बिना बुलाये ही आय जाए। मां-बाप और भैया तौ स्वागत करैं पर सोभर में ते भावज पूछै-

किन्नें ननद बुलाई
बिना बुलाये चौं आई
बड़ी बेसरमी करी।

जगमोहन लुगरा के गीतन मे हू ननद-भाभी की नोंकझोंक फिर सुलह सत्कार सुनाई देवै। छठी के दिना ननद भतीजे के तँई कुरता टोपी लावै। रुक्मिनी सुभद्रा के रूपक द्वारा बात चलाई जाए कि सुभद्रा नें रुक्मिनी कूं पुत्र हैवे की भविष्यवानी करी तौ रुक्मिनी नें उन्हें जगमोहन सारी और लुगरा नाम कौ लंहगा दैवे कौ वचन दियौ पर बाद में बु मुकर जाए-

राजे ननद भावज दोऊ बैठिए
राजे रुक्मिनी नौ दस मास गरभ ते।
राजे ननदुल बात चलाइए

राजे जौ तिहारे होइ नंदलाल जगमोहन लुगरा दीजीए
लाली जे लुगरा ना देऊँ कुमर जी के सोहिले।
लाली, लौटि वगदि घर जाउ, फिरि मति अइए।

तौ ननद दुखी होय। इत्ते में भैया आ जाए और बहू कूं छोड़िकें दूसरी लावे की धमकी दै उठै। तब भावज ननद कूं जगमोहन लुगरा पहिरावै। ननद तब खुस हैकें दूधन न्हाइवे और पूतन फलिवे कौ आसीर्वाद दै देय-

लाली पहरि ओढ़ि घर जाउ तौ मुख भरि आसीस जु दीजिए
भाभी! अमर रहै तिहारी चूरियाँ, अमर तिहारे बोछिया
भाभी! जीऔ तिहारे कुमर कन्हैया
कुमर तिहारे चौक में, खेलै तिहारे आंगन में।

पारिवारिक सम्बन्धन की प्रगाढ़ भावनान कौ और पारस्परिक नेह कौ ऐकसौ ही चित्रन भौत से गीतन में भयौ है। इन गीतन में अनेक अन्तर्कथान कौऊ सुन्दर प्रयोग भयौ है। लोक में प्रचलित है कि सीता की ननद ने रावन सीता ते कौरे पै कढ़वाइ कें राम कूं दिखाय दियौ ताते क्रोधित हैकें राम नें सीता कूं निकारि दियौ-

ननदुल तेरौ जइयो नासु कै रावनु कौरे पै कढ़वायौ
भैयन कूं दिखराइ कै हमकूं बनोवासु दिलवायौ।

सीता जी ननद कूं श्राप दै देय कि ननद 'टिटहरी' पंछी बनकें बन-बन में टिटियाति फिरैगी। अबहू ब्रज की बैयरबानी टिटहरी की आवाज कूं असगुन की निसानी मानें और सुनिकें झट्ट धरती पै तीन पोत थुक्थुकाय बोलै हैं "रांड! टिटियाय रई है। निपूती रातें का करैगी?" परित्यक्ता सीता के बन में लाल पैदा होंय हैं। सीता घर वार की और सासु ननद की याद करकें कहै है-

सीता ठाड़ी पछिताय लाल बन में भए।
जो घर होती सासु हमारी चरुए देती धरवाय।
जो घर होती ननद हमारी सतिए देती धरवाय।

समय के संग-संग ब्रज के लोक-गीतन के विषय और सरूप में ऊ परिवर्तन आयौ है। धीरे-धीरे परदा प्रथा कम हैवे लगी है। पर पुरानी चाल की परम्परावादी सासु कूं जि कहां भावै। अपनी बहू ते वू जरति भई कहै है-

बहू तोहि लग्यौ है जमाने कौ रंग
देखि तोहि जियरा जरि-जरि जाय।
उल्टौ पल्लौ तैनें लै लीयौ
और घूंघट दियौ छिटकाइ।
नैंकहु ना सकुचावै सबसौं
हंसि-हंसि कें बतराय
बिजली घर में तैनें लै लई
नलहू लियौ लगवाइ ॥ बहू... ॥

ऊपर में नारी-जागरन की प्रतीक बहू नए रीति रिवाजन के अपनाइवे कूं उचित बतावै और प्रौढ़ा सास कूं हो पढ़ाइवे की बात बोलै है-

सासु! अब काहे कूं ओर जनाइ जमानों आग्यौ है।
अब तेरौ घुंघटा मोहि न भावै
घूंघटा में जी अकुलाय॥ जमानौ.. ॥
जो मैं पढाऊ प्रौढ़न तांई
अंधियारौ भजि जाय॥ जमानौ.. ॥
बैल बेचि टैक्टर मगांवाऊँ
कूआ में टू बैल लगाऊं
लरिकनु लेंउ पढ़ाय।
जमानों आग्यौ है।

आ तरह ब्रज लोक गीतन में सास-ननद कौ सरस बर्नन भयौ है।

-प्रोफेसर हिन्दी विभाग
अलीगढ़ मुस्लिम वि. वि.
अलीगढ़, (उत्तर-प्रदेश)

◻

ब्रज के लोकगीतन में देशभक्ति के संदर्भ

-डॉ. श्रीमती हर्षनन्दिनी भाटिया

ब्रज कौ लोकसाहित्य लोकगीतन की सहज, स्वाभाविक एवं सरल अभिव्यक्ति है। ब्रज अंचल के अज्ञात रचनाकारन नें ब्रज लोकसाहित्य कौ अनुपम सृजन कियौ ऐ। लोकजीवन की सहृदयता, कोमलता औ निर्मलता-निस्छलता प्रमुख रूप ते लोकगीतन में प्रतिबिम्बित होय है। लोकगीतन में मानव-मन के हृदय कौ स्पन्दन छिपौ भयौ ऐ। सरल हृदय की सहज अभिव्यक्ति य मार्मिक उक्तिन में ब्रज लोक जीवन तथा ब्रज लोक संस्कृति को चित्रन गीत बनकें ओठन सौं प्रस्फुटित होवै। लोकगीतन में लोकजीवन के मर्न कूं लैकें सजायौ-संवारौ जाए। मानव जीवन कौ हास-परिहास, हर्षोल्लास, दुःख-पीड़ा हृदयस्पर्शी गीतन के माध्यम ते प्रकट होय। जि लोकसाहित्य अपने लोकगीतन के माध्यम ते समाज कौ प्रतिबिम्ब बनकें हृदै के अंतरंग भावन कूं प्रकट करिबे में सक्षम और समर्थ होय ऐ। ब्रज के सर्वस्व कृष्ण-कन्हैया ने अपनी सीधी सादी रसीली बातन में ब्रजवासिन कूं अपने भरोसे में लैकें बिनके हिये मांहि चेतना की अनुभूति जगाई है। ब्रज कूं दुष्टन के जंजाल ते बचाय लियौ। आजऊ ब्रज लोक साहित्य मांहि वाकी भावना चेतना कौ संदेस दै रई ऐ। ब्रज लोक साहित्य में माधुर्य की छटा भौत अनूठी दीठ परै। जा साहित्य में राष्ट्रीय चेतना कौ ऊ रूप विद्यमान है। ब्रजवासी लोकभासा में ई अपने हिरदे की बात कर सकैं। जाई ते साहित्य कौ उपदेस अति मिठलौनौ होए। जा प्रकार के उपदेसन ते मन मैं चेतना कौ भाव जागै।

ब्रज लोक साहित्य में गीतन के माध्यम ते, समै-समै पै, परिस्थिति सापेक्ष स्वर उभरते रहे हैं। स्वतन्त्रता संग्राम में देशभक्ति के स्वर चहुं दिसान में सुनाई देते रहैं।

'सबते अच्छौ देस मम, आन देस सब धूल' की भावना, ब्रजवासीन में कूट-कूट कर भरी ऐ,। अंग्रेजन के प्रति घृणा की भावनान ते ई जा गीत कौ जनम भयौ:

फिरंगी नल मति लगवावै रे, फिरंगी नल मति लगवावै ।
नल कौ पानी भौत बुरौ रे, मेरी तबियत घबरावै ।।

जा प्रकार एक अन्य गीत में बिनकूं डाकू कहकैं अंग्रेजन के विरुद्ध जनभावना कौ उजागर कियौ गयौ। 'रे धंसि गए डाकू देस में।..'

स्वतन्त्रता आंदोलन के संग महात्मा गांधी भी जुर गये। वाकौ पूरौ पूरौ प्रभाव लोकगीतन पै परौ। ब्रज की चौपारन पै बैठकें नर तौ देशभक्ति के स्वरन में ही बातचीत करते पर बैयरबानी भी लोकगीतन के द्वारा वाकी सूचना देतीं। चरखा अरु खादी के प्रति आकर्षन, लोकगीतन मैंऊ प्रकट भयौ । पत्नि पति से कहै-

चरखा लाइ दै रे मोय भरतार, सूत कातूं न्हैनौ न्हैनौ।

यहाँ पैन भाई ते कहै-

भइया रख भारत को लाज भात खद्दर को सदयौ रे।

ब्रजबनितान की रुचि चरखा कातवे में अधिक होय। आलस्य छोड़िकैं, अति लगन ते, प्रतिदिन चरखा चलावें तौ सूत की बरसा सी है जाए। अधिक सूत ते अधिक वस्त्र तथा अच्छे वस्त्र मिलवे ते बाहर मुद्रा जाइवे पै रोक लग जाय। या प्रकार चरखा की घरर घरर ध्वनि हू कर्णप्रिय लगै-

घरर घर घरर चलै चरखा रे ।
चलै चाक पै माल तौ चरखा करै सूत बरखा॥
घर घर कातौ सूत ओत सब कपड़ा कौ कीजौ ।
तज देउ सब आलस्य किफायत पैसा की कीजौ।
घरर घररर चलै चरखा ।
शुद्ध सूत के कपड़ा पहरौ स्वच्छ रहैं दिन रात ।
पैसा बाहर ना जाये तौ सदा रहै अपने पास ॥
घरर घर घरर चलै चरखा ॥

गृहकार्य के बाद चरखा चलायवे कौ नियम अति प्राचीन ऐ। पहलें हू ब्रजबनिता अपने समय कौ उपयोग चरखा चलायवे में करतीं। अपने हाथ के कते व बुने कपड़े पहनके अति हर्षित होंय। चरखा आय कौ साधन बन जाय:

अरे तेरो चरखा हत्थेदार पड़ौसिन सुनियौ बहना।
जा दिन ते मेरी कती कतार,
नथ सौने की बनवाई,
बनवायौ गरे कौ हारु, पड़ौसिन सुनियौ बहना॥

ब्रजनारी की इच्छा है कि बाकौ चरखा निरन्तर चलतौ रहे-

मेरे चरखे को टूटै न तार, चरखा चलतौ रहै।
काहे कौ चरखा बनवायौ काहे की डारी माल॥ चरखा चलतौ रहै..
चन्दन कौ चरखा बनवायौ, रेसम की डारी माल॥ चरखा चलतौ रहै..
प्रेम कौ मैंनें तकुआ बनवायौ, ज्ञान कौ तार निकालौ।
सुद्ध सूत कौ कपड़ा पहिनौ, गर्मी लगै न ठण्ड॥ चरखा...
गांधी जी नें कर्म करिकैं, कियौ भारत आजाद॥ चरखा..
जो चरखा नित प्रति, कातै, कटैंगे दुःख अपार।
जैंसे नाम अमर गांधी कौ, तैसैं ई रहै मेरौ तार।

राष्ट्रीय चेतना के सुर इन लोकगीतन में खूब गूंजवे लगे। अंग्रेजन के अत्याचारन की निन्दा, गांधी, नेहरू आदि नेतान के त्याग, बलिदान कौ स्वर गूंजवे ते चेतना जागरित भई-

जाग उठे हैं भारतवासी अब सोवन कौ कछु काम नहीं।
देशभक्त नवयुवकन कूं, कहूं मिल्यौ कर आराम नहीं।
बढ़े चलौ या रन भूमि पै जहां सबन कौ है अधिकार।
आज देश की सीमा मांहि मचि रहे कैसे अत्याचार।
सांचो धन है आज हयामें रन से पाछे पांम नहीं।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद ऊ देश-भक्ति के स्वर, चुनाव के समै सुनाई देवें। ब्रज नारियाँ ब्याह में बन्ना गाती जायँ और देशभक्ति के संदर्भ उभर कैं स्पष्ट दिखाई परैं-

गांधी पार्क में मोटर घुमाना हरियाले बन्ने।
झंडा तिरंगा लगाना।
वोट थैलों के बक्से में देना हरियाले बन्ने। झंडा तिरंगा....
पूछें तो दीपक दिखाना, हरियाले बन्ने, झंडा तिरंगा लगाना.........

देश भक्ति की सुधा-धारा के स्वर बिनके रोम-रोम ते निकलते भये प्रतीत हॉय हैं।

जब-जब देश पै संकट के बादर घुमरे तौ देशभक्ति कौ स्वर गूंज उठौ। बंगला देस की लड़ाई के दिनान में रसिया के माध्यम ते चेतावनी दई-

चलैगी गोली सीमा पै, तुम रहियो वीर हुस्यार
दगाबाज छलिया बैरी बिह दुबकि लगावै घात।
समय ले रह्यौ तैयारी कूं करै मेल की बात ।
बिनके दांत सांप के तोरौ तब लीजौ बिसराम।
पानी आगे पारि बांधनौ यही सयानौ काम।
झूठे बाइदे करै जो बैरी बाकौ का विस्वास।

बंगला देस की आजादी कौ बरनन करते भये गाय उठे वीरन कौ बलिदान-

या बंगला की आजादी में है गये बहुतेरे बलिदान।
हँस-हँस वीरन नें जंग कीयौ।
दुसमन कौ हौसलौ तंग कीयौ।
गये छोड़ मैदान, या बंगला की आजादी में हूवे गये बहुत बलिदान।

मातृभूमि, मातृभासा, अरु सबकैं ऊपर स्वदेसी बस्तुअन सौं प्रेम होनों चहिए-

जाकूं अपनी मातृभूमि सौं, अन्तर्तम सौं प्यार नहीं।
कह देओ तुम लोगन कूं, जीबे कौ अधिकार नहीं।।

राष्ट्रीयता के संदर्भ में अरु देशप्रेम में होरी के रंगे ये हुरियार काऊ तरियां पीछैं नांय दिखाई दैं। शिवाजी अरु राणा प्रताप सौं लैकैं भगतसिंह अरु बाके बाद गांधी तक सबई नें देसप्रेम की होरी खेली हती। सबई नै तो सुतंत्रता पाइबे कै तँईं त्याग-भावना की गागर माँहि संगठन कौ रंग उडेलौ है।

खेलौ री प्रेम की होरी।
रंग-संगठन की मिलि खेल्यौ, त्याग गगरी को री।
तीन रंग की लै पिचकारी, निर्भय है कै बढ़ौ अगारी।
देखौ अपनी अपनी बारी खूब करौ बरजोरी।

गया शिवा सहज ही खेले, तन पै कष्ट अनेकन झेले।
खेले भगतसिंह जत प्यारे, राजगुरु सुखदेव सितारे।
बानूं खेले हरि के आगे, हम देखत रह गये अभागे।
डटे रहे सब ममता त्यागी, प्रीत राष्ट्र सौं जोरी।

जा प्रकार होरी के गीत में देशप्रेम की भावना भर दई ऐ। या तरियां होरी के हुरियारन्नें देस कूं सुतंत्र किदौ। देश कूं नवीन दिसा दिखाई।

स्वतन्त्र हैये के याद देश कौ विकास कियौ गयौ। स्वतन्त्रता की लड़ाई में अनेक यलिदान किये। पं. जवाहरलाल और लाल यहादुर शास्त्री नें यड़ौ काम कियौ और याद में भी प्रधान मंत्री के रूप में काम करते रहे। या तरै विनकूं भी याद किदौ जाय-

मां कठिन मुसीयत झेल हिन्द लौ आजादी।
अत्याचार अंगरेजन कियौ यहुत जनता दई मार।
यड़े-यड़े वीरन चढ़ाय दिये फाँसी यहु कूअन दीये डार।
करीयै अति यरयादी। मां कठिन......
सिरी महात्मा गांधी जी नें नारे दिये लगवाय।
भारत कूं आजाद कर्यौ दिये अंगरेज भजाय।
रोय रही शहजादी। मां कठिन.........
पंडित जवाहर लाल नैहरू यन गये अय परधान।
हाथ तिरंगा झंडा लियौ, राजनीति में मान।
पहर तन पै खादी। मां कठिन..........
मंत्री लाल यहादुर जी नें कही खुले मैदान।
ईंट कौ जवाय मिलै पत्थर ते भगजा पाकिस्तान।
सीमा सेना लादी। मां कठिन.............

सरदार भगतसिंह के यलिदान कूं कयहूं कोऊ नांय भुलाय सकै। जिन शहीदन नें अपनी कुर्यानी दई विनकूं कौन भुलाय सकै-

भूल न जईयो भारतवासी उन वीरन की कुर्यानी।
हँसते-हँसते प्रान गँवाये अमर रखौ मां कौ पानी।
जात-पात औ मजहय नाम पै आज मचाऔ हल्ला
धरम यचाऔ, शक्ति यढ़ाऔ, जगह-जगह पर है गिल्ला।

याकेयाद हरित क्रान्ति सौं देस में अन्न उत्पादन यढ़ायौ गयौ और स्वेत क्रांति से दूध खूय यढ़ौ-

ठड़ी क्रान्ति किशोरी।
खेलौ री इनसौं मिल जुरि करि कै होरी।
हरित क्रान्ति कौ रङ्ग से खेलौ-नव उपकरण यटोरो।
स्वेत क्रांति कौ दूधन खेलौ, यात करौ मत कोरी।

देश भक्ति के गीतन ते जिजीविसा कूं नयौ जोस मिलै। देश-प्रेम के इन गीतन तें शक्ति मिलै। स्वतन्त्रता के याद सामाजिक, राजनैतिक तथा आर्थिक परिवर्तन दिखाई दैवे लगे ऐं। भविष्य में आसा है कि सामाजिक दायित्व के प्रति हमारी चाह और यढ़ैगी और गहरी होतौ जायेगौ तथा देसभक्ति के संदर्भ आगे खुलते जांयगे।

-भारती नगर, मैरिस रोड
अलीगढ़

जच्चा तौ मेरी भोरी भारी रे।
पाँच कनस्तर आटौ खावै, सात कनस्तर घी के।
जच्चा तौ मेरी खायौ न जानें रे।
जच्चा तौ मेरी भोरी भारी रे॥ 1॥
पाँच मटुकिया पानी पीवै, दूध के मटका सात।
जच्चा तौ मेरी पीयौ न जानें रे।
जच्चा तौ मेरी भोरी भारी रे ॥ 2॥
साँप कूँ मार बगल में दाबै, बीछू मार सिहावै।
जच्चा तौ मेरी मच्छर सों डरपै रे।
जच्चा तौ मेरी भोरी भारी रे॥ 3॥
सास ननद कौ लंहगा फारै, आई गईन को फरिया।
जच्चा तौ मेरी लड़ियौ न जानें रे।
जच्चा तौ मेरी भोरी भारी रे॥ 4॥

नामकरन संस्कार के समैऊ ऐसेई हास्य व्यंग के गीत जच्चा के ताँई गाए जामें।

बालक जब तीन बरस कौ है जाए तो पाठशाला में पढ़िबे कूँ जावै। गनेस जी कूँ भोग धराइकें लड्डू बाँटे जात्। घर में मंगलगीत गवैं। जा औसर पैऊ ब्रज गोपी अपने सुभाव के कारन ठट्ठा(व्यंग) करिबे में नाँय चूकें। बे मिलि जुरिकें गाइबे लगें-

लाला तौ देखौ पढ़िबे जावै है।
बगल में पट्टी बस्ता लैकें, रौब दिखावै है।
लाला तौ देखौ पढ़िबे जावै है।
तीन बरस भए-आ ई.उ. नाँ आखर आवै है।
कान पकरिकें धौल जमावै, बाप रिस्यावै है।
लाला तौ देखौ पढ़िबे जावै है।

पढ़ाई ते पीछें ब्याह कौ समै आवै। ब्याह बरात के रस रंग में तौ हास्य-व्यंग की तरंग अपने आपई उमड़ी करै है जो लोकगीतन में देखी जाय सकै। अगर जे कहें कै ब्याह के सिगरे संस्कारगीतई हास्य व्यंग सौं भरे भए होंय तौ झूँठ नाँय होगो। सगाई अरु लगन के समै जो खेल के गीत गाए जामें बो तौ सिगरे हास्य-व्यंग के ई गीत होंय। जो पुराने समै तेई गवते चले आय रहे हैं। जाकी थोरी सी झाँकी आपुकूँ आगें देखिबे कूँ मिलैगी। यहाँ तौ नेग-जोगन के कछु, परम्परा ते गवते आय रहे हास्य-व्यंग गीत प्रस्तुत करि रह्यौ ऊँ।

कछु साल पैले ताँई ब्याह में गिंदौरा(250 ग्राम खाँड की बड़ी टिकिया) बाँटिबे कौ चलन हो, जो मँहगाई के कारन अब बंद सौ हैतो जाय रह्यौ है। जामें बेटा बारे की ओर सौं महिला सज-धजिकें, गीत गामती भई, अपने ब्यौहारीन के द्वारे जामती हीं। या समैं बो उछाह में भरिकें हास्य के ऐसे-ऐसे गीत सुनामें हीं जिनें सुनिकें लोग खिलिर-खिलिर करिकें हँसे बिना नाँय रह पामते। बिन गीतन को कछु सैन जा तरियाँ ते हैं-

मौहल्ला रँडुअन कौ न्यारौ रे, मौहल्ला रडुँअन कौ न्यारौ।
देखि पराई नारि मूँड़ पत्थर ते दै मारौ ॥ 1॥
मटर पै अधर चलै चारौ रे, मटर पै अधर चलै चारौ।

लोग बड़े बदमास लुगाई घर-घर की साँची ॥ 2 ॥
सहर के सो गए हलवाई रे, सहर के सो गए हलवाई।
अबतौ मुखड़ा खोलि जलेबी लायौ हूँ प्यारी ॥ 3 ॥

गिंदोरा बाँटिबे जा ब्यौहारी के द्वारे पै जे महिला टोली जावै, या घर की बड़ी-बूढ़ी, कै फिर अपनी बराबर की कूँ हास्य व्यंग में खरी खोटी सुनाइबौ जे अपनों अधिकार मानें हैं। जैसें-

क्यौं ठाड़िऐ ओट किवारन की? क्यौं ठाड़िऐ?
यार बुलावै दौरी दौरी आवै,
खसम बुलावै सिर धमकै। क्यौं ठाड़िऐ......

ये फिर तरंग में गाइबे लगें-

चम्पो ते चौखट चिपट जाऐ तौ?
ऐसौ मारूँ मंत्र, दारी टूट जाऐ तौ?
गुल गैंदा लगाय दै रे, छोरा माली के।

इनते मिलेजुले से ई हास्य-व्यंग के गीत, चाक पूजिबे के समैऊँ गाए जामें। चाक कौ पूजन ब्रह्मा कौ पूजन मान्यौ जाए। दूल्है दुलहैन की मैया चाक कूँ पूजें, कुम्हार की पीठ पै हरदी कौ थापौ रक्खें, याकी घरवारी (कुम्हारी) कूँ लहँगा-फरिया भेंट दैकें नेग पूरौ करें। ता पीछें विनकूँ हास्य-व्यंग के गीत गामें। जे गीत ब्याह के सगुन माने जाऐं।

ब्याह के 'रतजगे' (रात कौ जागरन) में 'रजना' गीत गाए जाऐं। रजना में हास्य-व्यंगई होंय जो दोहान में अपनी अनूठी धुनि पै रात भर गवें। जा की कछु कड़ी जा प्रकार सौं हैं-

आगरे की गैल में लम्बौ पेड़ खजूर।
यापै चढ़िकें देखती मेरौ बालम कितनी दूर ॥ मर गई...
गैल भरतपुर बीच में, पर्यौ भुजंगी नाग।
खा लई होंती बच गई या छैला के भाग ॥ मर गई...
भरौ कुठीला मोंठ कौ, घर में चाकी नाँय।
गली-गली में डोलियौ, मेरे बस की नाँय ॥ मर गई...
खूँटी पै चरखा टंग्यौ, उर कातन की हूक।
देवर ते भाभीऊ लड़ै करै गजब के टूक ।। मर गई...
भरी अँगीठी आँच की, धक धक करें अंगार।
मोधू के पालें परी, सौवै पाम पसार ॥ मर गई....

जा रचना गीत में हर दोहा के पीछें -'मर गई मर गईरे रजना, पीरी परिगई रे रजना, मेरी जल्दी खबर सुधि लीजौ रे रजना। मेरी जल्दी खबर......।' जा टेक में हास-परिहास के संग महिलान कौ आनंद-उछाह देखिबे जोग होय।

हमारी लोक संस्कृति में छोटी ते छोटी चीज कूँ कितनों सम्मान दियौ जाऐ। जे ब्याह में घूरौ पूजिबे ते जानो जाऐ, घूरौ पूजिबे में 'हुल्लमार' हास्य गीत बड़ौ पुरानौ है। ढोलक मजीरा के संग जब रसोई के चीमटा, फूँकनी कूँ वाद्य यंत्र के रूप में बजामती भई महिला 'हुल्लमार' गामें तौ दूर-दूर तक पतौ परि जाए कै ब्याह वारे के घर घूरौ पुजि रह्यौ है। वे गामें-

'हुल्लमार रे सारे अक्खो कें द्वै-द्वै बहौरियां।
हुल्लमार! हुल्लमार रे जाकी इक गोरी इक कारियाँ।'

जे हुल्लभार कहा है जाकूँ कोई नाँय जानें
पर 'सावरी' मंत्र की तरियाँ जासौ प्रभाव खूब होय।

ब्याह में बरात के आइबे ते लैकें बिदा हैबे तक तौ सिगरे संस्कार गीत हास्य-व्यंग के ई होंय जो न जानें कबते गवते चले आय रहे हैं। बरात द्वारे पै आई, दूल्है तोरन मारिकें चौकी पै ते उतरौ ई हो कै तबई बेटी वारेन की ओर सौं सुगाई ठट्ठा(व्यंग) करिकें गाइबे लगें-

रंडी न लायौ नचाइबे कूँ, समधी के द्वार।
बाजौ न लायौ बजाइबे कूँ, समधी के द्वार।
नंगौई आयौ लजाइबे कूँ, समधी के द्वार।
अपनी भैनाँ न लायो रिझाइबे कूँ, समधी के द्वार।

बेटा बारौ चाँहे सब कछु लायौ होय, पर बाते का? बेटी वारे की सुगाइन कूँ तौ कछु कहनों है। एक गीत पूरौ भयौ कै दूसरौ छिड़ गयौ-

समधी न आयौ मेरी खातिर में, हम्बै खातिर में,
जाके डेरा तौ लगाय देऔ पल्ली बाखर में।
दूल्है न आयौ मेरी खातिर में, हम्बै खातिर में ,
जाके डेरा तौ लगाय देऔ पल्ली बाखर मे।

जाई तरियाँ ये सिगरी बस्तुन कौ नाम लै लै कें गामें अरु मे काई कूँ अपनी खातिर में नाँय लामें। जाई तरियाँ तौ बारौठी पै गवबे बारौ एक गीत होय-'कूर-कूर' जामेंऊ समधी सौं छेड़छाड़ करी जाऐ।

मैंनें हाथी मँगायौ घोड़ा लायौ रे समधी।। सारे कूर कूर....
मैंनें गोरे बुलाए कारे आए रे समधी॥ सारे कूर कूर.......

जे कूर कूरऊ द्रोपदी के चीर की तरियाँ लम्बी हैती जाए। द्वारे पै ऐसे हास्य-व्यंग के अनेकन गीत गाए जामें, जिनकूँ सुनिकें बराती मगन है जामें।

वैसे गारी बहौत बुरी चीज मानी जाऐ। अगर काईकें म्हौंड़े ते भूल-चूक मेंऊ काईके ताँई गारी निकर जाए तौ समझौ गारी दैबे वारे की खैर नाँए। पर ब्याह की गारी के तौ ठाठई कछु और होय। प्रीत की तौ रीतई न्यारी होय। जे गारी दई नाँय, गाई जाऐं। द्वै परिवारिन कूँ प्रैम के धागे में पिरोमें। छत के अट्टा पै बैठी कोकिल कंठी जब सुमधुर धुनि ते गारी गामें तौ रस की बरसा सी होंन लगै। भोजन के ताँई पत्तर पै बैठे बराती, उचक-उचककें, बड़े चाव सौं बिनकौ आनंद लियौ करें। इन गारीन में काव्यकला, इतिहास अरु संस्कृति के संग हास्य-व्यंग कौ अनूठौ संगम देखिबे कूँ मिलै, जैसें-

मुकुट धर सामरे रे लाला द्वै बापन कौ जाम।
एक बाप मथुरा बसै रे लाला दूजौ गोकुल गाम॥
पहिली मैया देवकी रे लाला कंस कैद दई डार।
दूजी माय जसोधरा रे लाला गोकुल की छछिहार॥
भैन तिहारी सहोदरा रे लाला अर्जुन संग सिधार।
भुआ तिहारी कुंती रे लाला क्वारी करन दियौ जाय।।
भाय तिहारी द्रोपदी रे लाला पाँच पुरष इक नार।
मुकुट धर सामरे रे लाला द्वै बापन कौ जाम॥

ऐसी प्रेम पगी गारी के संग तरंग में आयकें नारी फिर सीधम सट्ट सुनाइवे लग जाएं-

अट्टा ऊपर अट्टा समधी, व्याह करै कै ठट्ठा,
ड्यौढ़ी वान लगाय दुंगी-सारे जायगौ कहाँ?
गडुआ ऊपर गडुआ समधी, जे गौने के लडुआ,
ड्यौढ़ी वान लगाय दुंगी, सारे जायगौ कहाँ?
कलसा ऊपर कलसा समधी जे ऐं मेरे झलसा,
ड्यौढ़ी वान लगाय दुंगी सारे जायगौ कहाँ?
चेला ऊपर चेला समधी, मती मचावै हेला,
ड्यौढ़ीवान लगाय दुंगी, सारे जायगौ कहां?

जब इन प्रेम पगी गारीन सोंऊ गाइवे वारीन कौ पेट नाँय भरै तौ वे ततइया गीत सुनाइवे लग जाऐं। जे ततैया गीत बरातीन कूं भोजन हजम करिवे में चूरन कौ सौ काम करैं। ततैया के वोल जा तरियाँ हैं-

अव नाऐं छूटै हमारौ ततैया॥ अव नाऐं छूटै.......
कारौ नाऐं पीरौ नाऐं लाल ऐ ततैया॥ अव नाऐं छूटै....
जा समधी की भैनें लग गये ततैया॥ अव नाऐं छूटै.....

और फिर जे गीतन के ततैया ऐसे लगें कै ये फिर वेटा वारे की मैया, भुआ, घरवारी तौ का दूल्है के वाप, वावा, चाचा, ताऊ, तक काइऐ नाँय छोड़ें। वेटा वारे इन ततैयान के डंक सौं हाय-हाय करिवे की जगै हंसिकें हा....हा.... करिवे लगें।

जब वराती भोजन करिकें उठिवे लगें तवऊ हास्य व्यंग के गीत विनकौ पीछौ नाँय छोड़ें। वइयर गाइवे लगें-

काहे उठि वैठे और लै लैंते,
पूरी लै लैंते कचौरी लै लैंते, अपनी मैया कौ दान करि दैंते।
काहे उठि वैठे और लै लैंते।
लड्डू लै लैंते इमरती लै लैंते; अपनी भुआ कौ दान करि दैंते।
काहे उठि वैठे और लै लैंते।

जा तरियाँ ये हरेक कड़ी में पकवानन कौ नाम लै लैकें, वाके संग वेटा वारेन के घर की महिलान कौ दान करिवे कौ सुजाय दैं। जाके संगई ये दूल्है की दादी, मैया, ताई, चाचीन के ताँई अलग ते गीत गायौ करें-

गंगा कैसी वहै मोऐ देखिवे कौ चाव।
दूल्है की मैया न्हावे चाली संग लिए लगवार,
धारा कैसी वहै मोऐ देखिवे कौ चाव।
जब दारी नें गोता लीने चिपट गए सव यार,
जब दारी ऐ भूख लगी तौ लडुआ लामें यार,
गंगा कैसी वहै मोऐ देखिवे कौ चाव।

जा तरियाँ व्याह में एक ते एक ऊँचे अरु वढ़ि-चढ़िकें हास्य-व्यंग के गीत गाए जामें। इनमें सिरमौर होय है मंडप सोभा पे सनै गयवे वारे 'ललमुनिया गीत'। ललमुनियाँ में नाचिवे, गाइवे अरु वजाइवे कौ सिगरौ खजानौई, हास्य-व्यंग में एक

संग खोलिकें धर दियौ जाऐ। इत पै जमी ललमुनियाँ गाइये वारीन के टोल में एक मुखिया होंय, जो पुरुषन कौ भेष धारन कर अपनी हास्य मुद्रा सों जा खेल कौ संचालन करै। मुखिया अपने म्हौंकूँ हलके लत्ता ते ढँके रहै, जाते [illegible] कोऊ वाकूँ पहिचान नाँय सकै।

ललमुनियाँ में 'पहिलै लै.....लै परमेसुरी...मेरो खेलै भवानी', गीत गायौ जाऐ। साँची मानों जा गीत के संगई गाइबे वारी लुगाई पै भवानी सी चढ़ि यैठै। फिर तौ वे यराती कूँ ऐसी ऐसी कथा गाइकें सुनामें कै पूछौई मत? पुरुष रूप धारी मुखिया गीत में पूछै–

च्यौं समधी मैं युड्ढौ ऊँ?

पीछें ते सिगरी यइयर मिलिकें गामें–

कौन कहै तू युड्ढौ ए?
तेरी भैनाऐ लै जाऊँ युड्ढौऊँ?
कौन कहै तू युड्ढौ ऐ?
तेरी मैयाऐ लै जाऊँ युड्ढौऊँ?
कौन कहै तू युड्ढौ ऐ?

जे ऐ ललमुनियाँ की खोपरी में ते सम्हरिकें निकारौ भयौ एक चामर कौ दानौं। जाई सों अनुमान [illegible] कै ललमुनियाँ में कैसे-कैसे हास्य-गीत गाऐ जातें। पर अय तौ एक दिनां के ब्याह में ललमुनियाँ [illegible] है।

इतकूँ येटी यारे के यहाँ ब्याह के समै हास्य-व्यंग गीतन के रंगल-मंगल होंय तौ [illegible] में चले जाइये के कारन 'खोइया' के नाम ते तिरियान कौ राज है जाए। खोइया सिगरौ [illegible]। [illegible] यइयर पुरुषन कौ भेस धारन करिकें हाथ में यलरामजी कौ अस्त्र 'मूसर' लैकें अनजानें [illegible] चाहै जाकूँ मूसर मार कौ परसादऊ चखाइदें।

ब्याह-यरात ते हटिकें यार-त्यौहारन के गीतन में ऊँ हास्य व्यंग के गीत अच्छे [illegible] जातें। सावन में झूला पै गाइबे यारौ एक हास्यगीत जा तरियाँ ए–

चाकी के नीचें धनियाँ योयौ,
हाँ सहेली धनियाँ योयौ।
धनियाँ मैनें गैया खवायौ,
हाँ सहेली गैया खवायौ।
गैया ने मोकूँ दुद्धा दीनों,
हाँ सहेली दुद्धा दीनों।
दुद्धा की मैनें खीर यनाई,
हाँ सहेली खीर यनाई।
खीर ते मैनें यामन जिमायौ,
हाँ सहेली यामन जिमायौ।
यामन नें मोऐ दई असीष,
यच्चा होयें नौ-दस-यीस।

जाई तरियाँ साँझी अरु टेसू के गीतन में ऊ हास्य-व्यंग पूरौ पूरौ मिलै है। साँझी कौ एक गीत देखौ-

भैया! भैया! कहाँ-कहाँ व्याहे ? ॥ पारे बरिया.. ॥
अलवर व्याहे, जैपुर व्याहे, दिल्ली सहरते लाए॥ पारेबरिया... ॥
भैया! भाभी कैसी आई?॥ पारेबरिया... ।
आँख चनाली म्हों बटुला सौ घूँगट में घुरामें॥ पारेबरिया... ॥
भैया! भाभी का-का लाई?॥ पारेबरिया.... ॥
आठ बिलैया नौ चकचूंदर, सोलह मूसे लाई॥ पारेबरिया... ॥
भैया! भाभी कितनी खामें?॥ पारेबरिया... ॥
घागे भरिकें मठा महेरी सौ रोटी घर जानें॥ पारेबरिया... ॥

जा गीत में लोइवे की ऐसौ हास्य में बरनन है कि सुनिबे वारे खिलखिलाय परें। जाई तरियाँ 'टेसू' कौ गीत और दैखौ-

टेसू रे टेसू घंटार बजइयों,
दस नगरी दस गाँव बसइयों।
बस गए तीतर बस गए मोर,
बूढ़ी डुकरियाएँ लै गए चोर।
चोरन के घर खेती भई,
खाय डुकरिया मोटी भई।
मोटी हैकें दिल्ली गयी,
दिल्ली ते द्वै बिल्ली लाई।
एक बिल्ली कानी,
टेसुरा की नानी।

साँझी अरु टेसू गीत तेऊ अलग हटिकें अनेकन ऐसे हास्य गीत होंय जो ब्रज मंडल में नितई गाए जाँए। इनमें ते एक गीत देखौ जाकूँ घर में गायकें छोटे बालकन कूँ प्रसन्न कियौ करें।

अटकन बटकन दही चटाके,
बरकूलो बंगाले।
मामा लायौ सात कटोरी, एक कटोरी फूट गई
मामा की बहू रूठ गई।
का बात पै रूठ गई?
दूध दही पै रूठ गई।
दूध दही मुकतेरौ,
दै दारी में पूरौ।

घर-त्यौहार अरु नेग जोगन के गीतन ते अलग 'खेल के गीत' और होंय जो परिवार में हैवे वारे उच्छवन में संस्कार गीतन के पीछें मनहूँ गुदगुदावे के ताँई गाये जाएँ। इन हास्य गीतन में ब्रज के लोक जीवन कौ खुलौपन झलकै है। इनमें हंसोड़ी सुभाव की वहू अपनी खास सास सौं ऊ ठट्ठा करिवे में नाँय चूकें। इन हास्य गीतन कूँ कोऊ नाँय जानें कबते गवते चले आ रहे ऐं अरु आजऊ गाए जा रहे ऐं-

कजरा बिकन कूँ आयौ रे, कजरा लै लै बुढ़िया
चढ़ूँ अटारी परसा की लौनों।

बुढ़िया नें रुपया खुलायौ रे। कजरा लै लै बुढ़िया...
बहु येटिन नें डिबिया में राख्यौ,
बुढ़िया नें डिब्बा उठायौ रे। कजरा लै लै बुढ़िया.....
बहु येटिन नें सलाई ते लगायौ,
बुढ़िया नें मूसर उठायौ रे। कजरा लै लै बुढ़िया......
बहु येटिन नें दरपन में देखौ,
बुढ़िया नें बुड्ढौ बुलायौ रे। कजरा लै लै बुढ़िया.....

दूसरौ गीत तौ जातेऊ कर्यौ ए देखौ-

जे बुढ़िया हत्याखोर, मरै हत नाँऐं।
जे दूधऊ पीवै नाँऐं, और छाछहु पीवै नाँऐं।
जे रबड़ी माँगे रोज, मरै हत नाँऐं ॥ जे बुढ़िया.....
जे दरिया खावै नाँऐं, जे रोटी खावै नाँऐं।
जे पूरी माँगे रोज, मरै हत नाँऐं ॥ जे बुढ़िया......
पट्टा पै बैठें नाँए, पीढ़ा पै बैठे नाँऐं।
जे पलका तोरै रोज, मरै हत नाँऐं॥ जे बुढ़िया.....
जे मंदिर जावै नाँऐं, देवालय जावै नाँऐं।
जे रार मचावै रोज, मरै हत नाँऐं ॥ जे बुढ़िया.....

खेल कौ एक और गीत देखौ जाकी एक एक कड़ी में सिंगार के संग हास्य कूँ पिरोयौ गयौ ऐ-

राजा एक मझोली सोलह जने,
पायन मत जइयों एकउ जनों।
राजा एक धोयती सोलह जने,
नंगौ मत रहियौ एकऊ जनों।
राजा एक फुलकिया सोलह जने,
भूखौ मत रहियौ एकऊ जनों।
राजा एक खटोला सोलह जने,
धरती मत सोइयौ एकऊ जनों।
राजा एक रजाई सोलह जने,
जाड़े मत मरियौ एकऊ जनों।

ब्रज के लोक जीवन में तौ हास-परिहास के गीत जीव अरु ब्रह्म की तरियाँ दोऊँ आपुस में ऐसे रच-पच गये ऐं कै मरिवे के पीछेंऊ जे पानी कौ पीछौ नाँय छोडें। ब्रजमंडल में बड़े बूढ़े की मृत्यु पै, वाके समधी के यहाँ, मदयर यानी गेये-बिलाप करिवे नाँचती-गामती-बजामती नाँच कुदना करिवे कूँ आमें। जाके तांईं वे दस बीस सहेलीन कूँ संग लैकें पूरी तैयारी ते आमें और गांम (कस्या,सहर होय तौ गली मौहल्ला) में घुसतेई ढोलक की थाप पै जोर-जोर सौं गावे लगें-

पंछी बोलना, औ हमारी राम-राम।
आज सहर में को मरिगौ?
पंछी बोलना औ हमारी राम-राम।
आज सहर में लछमा कौ बाप मरौ,

पंछी योलना, औ हमारी राम-राम।
आज गांम में को मरिगौ?
पंछी योलना, औ हमारी राम-राम।
आज गांम में रूपो कौ ससुर मरौ,
पंछी योलना, औ हमारी राम-राम।

जाई तरियाँ मृतक सों सम्बन्ध जोड़िकें याकौ नाम लै लैकें 'पंछी योलना औ हमारी राम-राम' गाते भए द्वार पै आमें और म्हाँ हास्य-व्यंग के गीतन के संग अपनों नाँचियौ प्रारम्भ कर दें। जामें व्याह के समैं गाइवे वारी 'गारी' जादा होय। जासमै गवैये वारी गारी जा प्रकार है जो श्री कृस्न की 'चीरहरन लीला' सों जुरी भई ऐ-

दारी समधिन न्हायवे चाली संग लगे गिरधारी।
रंग यरसैगौ हाँ-हाँ राम रंग यरसैगौ॥
चीर उतार तीर पै धर दिऐ, जल में घुसी उघारी।
रंग यरसैगौ हाँ-हाँ राम रंग यरसैगौ॥
चीर चुराय किसन जी लै गए, जाय कदम पै यैठे।
रंग यरसैगौ हाँ-हाँ राम रंग यरसैगौ॥
चारों ओर निरख रहीं तिरिया, कोई दीख न पावै।
नाँय कोई पुरुस नाँय कोई यंदर कौने यादर फारे?
रंग यरसैगौ हाँ-हाँ राम रंग यरसैगौ॥
ताई समै यजाई यंसी देख रही जे तिरिया।
हमरौ चीर हमें देऔ लाला, जल में निपट उघारी।
रंग यरसैगौ हाँ-हाँ राम रंग यरसैगौ॥
चीर तिहारे जयई मिलिंगे, जलते आऔ प्यारी।
आपु हँसौ सय यिरज हँसैगौ, ग्वाल हँसें दै तारी
रंग यरसैगौ हाँ-हाँ राम रंग यरसैगौ॥
दादी चाची न्हाइवे चालीं संग लगे गिरधारी।
रंग यरसैगौ हाँ-हाँ राम रंग यरसैगौ॥

यड़ौ-यूढ़ौ जितनो यड़ौ आपु कौ मरै याकूँ यितनेई घने हास्य गीत गाये जाएँ। जाके पीछें भाव जेएं कै भगवान सयकूँ लम्यी उमर दें जासें ये नाती पंती के आनंद देखिकें जाएँ।

व्रज के लोकगीतन में हास्य-व्यंग इतनों भरौ परौऐ कै जाकूँ समैटकें इकठौरौ कियौ जाए तौ भारी पोथन्ना यनि जायगौ जे लोकगीत नाँय जानें कयते प्रेम की डोरी में यांधिकें समाज कूँ जोरें भएं एं? समाज इनकौ रिनीऐ।

-यड़ा याजार,
गोवर्धन (मथुरा)

❑

ब्रज के कछु चटपटे लोकगीत

-श्री आनन्द वल्लभ शर्मा 'सरोज'

ब्रजभूमि सदैव सों नटखट कृष्ण कन्हैया की केलिस्थली रही है। या कृष्ण-कन्हैया की, वाके प्रत्येक क्रिया-कलाप में पल-पल चंचलता और छिन-छिन हास-परिहास, आमोद-प्रमोद और नाना प्रकार को जन-मन रंजनो क्रीड़ान को समावेस रह्यौ है। गिरि गोवरधन की तरहटी और जमना के कछारन के बीच गोरस कौ नित्य निरन्तर आस्वादन करवे वारे कान्हा नें कबहु दान, कबहु मान, कबहु चोरी, कबहु होरी, कबहु रास और कबहु विलास की नाना विध लीला रचकें ब्रज भूमि *कों एक ऐसी रस धारा सों सिंचित कर दियौ जाते हहाँ के कण-कण में माखन जैसी मृदुता और मिसरी जैसी मधुरता मिल* गई। मनमोहन की मोहिनी मूरत सदा सदा के तांई हर ब्रजवासी के उर अन्तर में पैठ गई। रसेश श्री कृष्ण की मादक अनुभूति सों अनुप्राणित हैकें समस्त ब्रज मण्डल राममय है उठो। ऐसी ब्रज की भाषा हू रूखो-सूखो कौं रहती। कन्हैया के केलिकलापन ते जुरिकें यामें हू अद्‌भुत माधुर्य को संचार भयौ और यो हू जन-जन को हिय हार बन बैठो।

अपनी सनातन परम्परा सौं सरसते विहँसते ब्रज लोक जीवन नें अपनो ही प्राणदायिनी ब्रजभाषा में अपने हृदय की भाव-भित्ति पै ऐसे-ऐसे जीवन्त और मनोरंजक शब्दचित्र अंकित करे हैं जो आज हू हर ब्रजवासी के मन मानस में गुदगुदी सी मचायकें वाहि सदा रसविभोर बनाएं भए हैं। मात्र ब्रज वासिन कौ ही नहीं अपितु हर रसिक हृदय कौं मायवे लुभायवे की वृत्ति इनमें निहित है। इनमें ते कछुक शब्दचित्र यहाँ पाठकन के सम्मुख रखवौ हमारौ अभीष्ट है।

ब्रज में 'रसियान' की और 'छैलान' की कमी न पहले रही न आज है। जो कहूँ फागुन को महीना और होय तब तौ कहनों ही कहा। फिर तौ गिलोय कौं नीम चढ़ते देर नाँय लगै। फागुन तौ मानों उमंग और उल्लास, राग और रंग कूं संग लैकें विसेषत: होरी के मिस ठिठोली और छेड़-छाड़ करवे कूं ही आवै। वा समै बूढ़ेन पै हू जवानी छा जाय है। छैलान की मटकन-*झटकन देखवे लायक होय है। उनकी अटपटी बानी ते छूटे राग-अनुराग के तीखे तीर जब काऊ ब्रज-बधू कूं जाय लगैं तौ* वाहू को अहं आहत है उठै और प्रतिक्रिया स्वरूप बोहू इठलावे-इतरावे लगै, अपने हाव भावन ते, चाल-ढाल ते तब रसिया और हू मुखर हैकें जि कहवे कू विवस है उठै कै:-

बरसाने की गुजरिया-कमर तेरी छल्ला मुदरिया
बरसाने की गूजर तेरो नैनों-नैनों कजरा
हँस-हँस के मारै नजरिया। कमर तेरी.........

कहूँ गोरी की पतरी कमर पै फिकराकसी तौ कहूं वाकी चाल पै-

'गोरी चलै मरोरा की चाल दिखावै रंग ज्वानी को।'

रसिया हर पल मानों वा के गोरे गदराए अंगन पै निगाह गड़ाए रहै है। गोरी को सौन्दर्य [illegible]

तौ वो स्पष्ट कहवे में नाँय चूकै-

ढर गई ज्वानी पर गई सलवट लोग करें बकवाद

अब पहले जैसी रौनक नांय रही-

गयौ मिसरी कौ स्वाद-रह्यौ गुड़धानी कौ, गोरी चलै......

या मिसरी और गुड़धानी के स्वाद कौ अन्तर रसिक जन ही पहचान सकें हैं। 'रस की बात रसिक ही जानें-रस कूं कूर कहा पहचानें।'

कैसी अनूठी उपमा है और कैसे अनूठे प्रतीक। छैला कूं गोरी के कजरारे नयनन में घटा उठती नजर आय रही है-

गोरी तेरे नैना कारी घटा।
घर के बलम की रबड़ी न भावै-यारन कौ पी गई खट्टौ मठा......

और हू-

छम-छम पूजन चली हनुमान कौं
तेल की मिठाई हनुमान पै चढ़ाई
घी की मिठाई काऊ ज्वान कौं....

हद है गयी सैतानी की। गोरी के पातिव्रत्य कूं चुनौती। तब ही तौ वुऊ मुखर होयगी। बाध्य होयगी कछु न कछु बोलवे कूं। बुलबुलाहट चहिये रसिया कूं तौ गोरी के बोलन की। चौं न वु गुड़-मिसरी, मठा-महेरी की चर्चा करकें गोरी के हृदय-प्रदेस में रस घोरवे की चेष्टा करै। कबहु-कबहु तौ वो काहू नई गुजरिया के तौ सूधौ दरवज्जै पै ही जाय पौंहौंचै और निःसंकोच कहवे लगै-

खातिर करलै नई गुजरिया रसिया ठाड़ौ तेरे द्वार

अरी, ओ! देख जि रसिया तेरे द्वारे बेर बेर नाँय आयवे वारौ। जल्दी ते एक काम कर डार-

हिरदय की चौकी कर हेली-नेह कौ चन्दन चरच नवेली।
पुतरिन पलंग बिछाय पलक के करलै बन्द किवार.........

ऐसे दिवाने कूं जब वाकी अपनी ही गोरी भली भाँति मजा चखायवे कूं तत्पर है जाय तौ जिही रंग रंगीलौ मस्त मौला रसिया अपनी मित्र मण्डली के मध्य अपनी ही रामकहानी निसंक हैकें सुनायवे में नाँय चूकै-

मारौ-मारौ मेरे यार मोय घरवारी नें मारौ

मित्र पूछैं कै बात का भई तौ कहबे लगै कै-

मैनें कही तू दार-भात कर वाने चून निकारौ मेरे यार.....
याही बात पै भई है लड़ाई-कछु नाँय दोस हमारौ मेरे यार...

फिर का भयौ-

ओढ़ चुनरिया पीहर कूं चल दई
घर कौ लगाय गयी तारौ मेरे यार.......

अब तौ बिचारे के पास रोयबे के सिवाय और कोई चारौ नाँय। रोयबौ हूँ सिसकी भर-भर कै-

गोरी चली पीहरवा बलम सिसकी दै-दै रोवै
तालन पै रोवै-तलैयन पै रोवै-घाटन पै दै दै मूड़ फोरै....

बिचारौ माथौ फोरबे कूं बिबस। का कहने जा आकर्षण और ऐसी अनन्यता के। और जि चूनरी ब्रज की जि चुनरिया तौ गोरी नें जैसें ही ओढ़ी नाँय कै समझ लेउ अब यु नाँय रकबे बारी। कहूं न कहूं चल दैबे कूं तत्पर है। कहाँ? वाही के मुख ते सुनौ-

अरे मैं तौ ओढ़ चुनरिया जाऊँगी मेले में

रसिया नें पूछी, चौं? चौं कै-

नाँय मानें मेरौ मनुआँ मैं तौ गोवरधन कूं जाऊँगी
और पांच आना को पाव जलेबी बैठ सड़क पै खाऊँगी

हाँ, जो सड़क पै बैठे चाहे चौखण्डी पै ब्रज में तौ 'सबै भूमि गोपाल की यामें अटक कहा' सूधौ-सादौ ग्राम्य जीवन। अस्तु गोरी जब जिद करबे लगै तौ रसिया हास-परिहास की सृष्टि करतौ भयौ वाकूं बरजै कै देख तू ब्हौत मलूक है याते-

मेला कूं मत जाय मेरी प्यारी बड़े-बड़े 'दद्दुआ' आंगे
सात पाँच मिलकें तोय गोरी संग उठाय लै जांगे

जानें कितने रसिक छैला म्हाँ घूम फिर रहे होंयगे। तेरौ हरन कर लियौ तौ? ना बाबा ना। मैं तोय म्हाँ न जान दूंगौ। अब भला ऐसे अनुरागी रसिया पै गोरी प्रतिपल अपनौ प्रेम-घट न उँड़ेलती रहै तौ फिर प्रेम की अनन्यता ही कैसी। जिही कारण है कै ब्रजबाल हू अपने प्रियतम कूं प्रतिक्षण प्रसन्न राखबे की चेष्टा में निमग्न रहै है। कबहु उल्टी-पुल्टी बोल हू जाय तौ वाकूं बड़ौ पश्चाताप होय है और यु भविष्य में प्रण करै है कै-

मेरौ पीरौ परि गयौ बलमा याहि अब न सताऊँगी
भूरी भैंस लाई पीहरते भर भर बेला प्याऊँगी।

हाँ, गोधन गैया, भैंस ही तौ ब्रजबासिन कौ सबते बड़ौ धन है। नन्दबाबा की तौ नौ लाख गैया हीं। 'नौलख धेनु नन्द बाबा के घर घर माखन होय।' वाही माखन कूं खाय खाय कैं ब्रजजन हृष्ट-पुष्ट बने रहत हैं। वाही निमित्त यह ब्रजललना हू अपने पीहरते भूरी भैंस लैकें आई है। वाहि भरोसौ है कै जाकौ दूध पीकैं वाकौ बलमा फिर सुरख है जायगौ। ब्रज में भाभी-देवर कौ नातौऊ बड़ौ अनूठौए। या आत्मीय सम्बन्ध कूं कैसी बढ़िया संज्ञा दीनी है काहू गीतकार नें-

रेल बनी भौजाई इंजन बन गयौ ल्हौरौ देवरिया

जि रेल गंगा घाट तक जाय पौहोंची है। भाभी-देवर दोनों संग-संग स्नान करिंगे। पर म्हाँ तौ कोई घाट ही खाली नाँय।

घाट नाएँ खाली देवर गंगा कैसें न्हाऔगे

तौ फिर विचार होय कै चलौ गंगा पार चलैं किन्तु समस्या है कै म्हाँ तौ केवल चना मटर ही खायबे कूं मिलिंगे। गोरी तैयार है-

लै चल गंगा पार सिपहिया चना-मटर ही खाय लुंगी

तौ यो स्पष्ट कहवे में नाँय चूकै-

ढर गई ज्वानी पर गई सलवट लोग करें चकवाद

अब पहले जैसी रौनक नांय रही-

गयौ मिसरी कौ स्वाद-रह्यौ गुड़धानी कौ, गोरी चलै......

या मिसरी और गुड़धानी के स्वाद कौ अन्तर रसिक जन ही पहचान सकैं हैं। 'रस की बात रसिक ही जानें-रस कूं कूर कहा पहचानें।'

कैसी अनूठी उपमा है और कैसे अनूठे प्रतीक। छैला कूं गोरी के कजरारे नयनन में घटा ठठती नजर आय रही है-

गोरी तेरे नैना कारी घटा।
घर के बलम की रबड़ी न भावै-यारन कौ पी गई खट्टौ मठा......

और हू-

छम-छम पूजन चली हनुमान कौं
तेल की मिठाई हनुमान पै चढ़ाई
घी की मिठाई काऊ ज्वान कौं....

हद है गयी सैतानी की। गोरी के पातिव्रत्य कूं चुनौती। तब ही तौ वुऊ मुखर होयगी। बाध्य होयगी कछु न कछु बोलवे कूं। चुलबुलाहट चहियैं रसिया कूं तौ गोरी के बोलन की। चौं न वु गुड़-मिसरी, मठा-महेरी की चर्चा करकें गोरी के हृदय-प्रदेस में रस घोरवे की चेष्टा करै। कबहु-कबहु तौ बो काहू नई गुजरिया के तौ सूधौ दरवज्जै पै ही जाय पौहोंचै और निःसंकोच कहवे लगै-

खातिर करलै नई गुजरिया रसिया ठाड़ौ तेरे द्वार

अरी, ओ! देख जि रसिया तेरे द्वारे बेर बेर नाँय आयवे वारौ। जल्दी ते एक काम कर डार-

हिरदय की चौकी कर हेली-नेह कौ चन्दन चरच नवेली।
पुतरिन पलंग बिछाय पलक के करलै बन्द किवार.........

ऐसे दिवाने कूं जब वाकी अपनी ही गोरी भली भाँति मजा चखायवे कूं तत्पर है जाय तौ जिही रंग रंगीलौ मस्त मौला रसिया अपनी मित्र मण्डली के मध्य अपनी ही रामकहानी निसंक हैकें सुनायवे में नाँय चूकै-

मारौ-मारौ मेरे यार मोय घरवारी नें मारौ

मित्र पूछैं कै बात का भई तौ कहवे लगै कै-

मैनें कही तू दार-भात कर वाने चून निकारौ मेरे यार.....
याही बात पै भई है लड़ाई-कछु नाँय दोस हमारौ मेरे यार...

फिर का भयौ-

ओढ़ चुनरिया पीहर कूं चल दई
घर कौ लगाय गयी तारौ मेरे यार......

अब तौ बिचारे के पास रोयबे के सिवाय और कोई चारौ नाँय। रोयवौ हूँ सिसकी भर-भर कै-

गोरी चली पीहरवा बलम सिसकी दै-दै रोवै
तालन पै रोवै-तलैयन पै रोवै-घाटन पै दै दै मूड़ फोरै....

बिचारौ माथौ फोरवे कूँ विवस। का कहने जा आकर्षण और ऐसी अनन्यता के। और जि चूनरी ब्रज की जि चुनरिया तौ गोरी नें जैसें ही ओढ़ी नाँय कै समझ लेउ अब बु नाँय रुकबे वारी। कहूँ न कहूँ चल दैबे कूँ तत्पर है। कहाँ? वाही के मुख ते सुनौ-

अरे मैं तौ ओढ़ चुनरिया जाऊँगी मेले में

रसिया नें पूछी, चौं? चौं कै-

नाँय मानें मेरौ मनुआँ मैं तौ गोवरधन कूँ जाऊँगी
और पाँच आना की पाव जलेबी बैठ सड़क पै खाऊँगी

हाँ, जो सड़क पै बैठें चाहे चौखण्डी पै ब्रज में तौ 'सबै भूमि गोपाल की यामें अटक कहा' सूधौ-सादौ ग्राम्य जीवन। अस्तु गोरी जब जिद करबे लगै तौ रसिया हास-परिहास की सृष्टि करतौ भयौ वाकूँ बरजै कै देख तू कैसौ मलूक है मतो-

मेला कूँ मत जाय मेरी प्यारी बड़े-बड़े 'ददुआ' आंगे
सात पाँच मिलकें तोय गोरी संग उठाय लै जांगे

जानें कितने रसिक छैला म्हाँ घूम फिर रहे होंयगे। तेरौ हरन कर लियौ तौ? ना बाबा ना। मैं तोय म्हाँ न जान दूँगौ। अब भला ऐसे अनुरागी रसिया पै गोरी प्रतिपल अपनौ प्रेम-घट न उँड़ेलती रहै तौ फिर प्रेम की अनन्यता ही कैसी। जिही कारण है कै ब्रजबाल हू अपने प्रियतम कूँ प्रतिक्षण प्रसन्न रखबे की चेष्टा में निमग्न रहै है। कबहु उल्टी-पुल्टी बोल हू जाय तौ वाकूँ बड़ौ पश्चाताप होय है और बु भविष्य में प्रण करै है कै-

मेरौ पीरौ परि गयौ बलमा वाहि अब न सताऊँगी
भूरी भैंस लाई पीहरते भर भर बेला प्याऊँगी।

हाँ, गोधन गैया, भैंस ही तौ ब्रजवासिन कौ सबते बड़ौ धन है। नन्दबाबा को तौ नौ लाख गैया हीं। 'नौलख धेनु नन्द बाबा के घर घर माखन होय।' याही माखन कूँ खाय खाय कें ब्रजजन हृष्ट-पुष्ट बने रहत हैं। याही निमित्त यह ब्रजललना हू अपने पीहरते भूरी भैंस लैकें आई है। वाहि भरोसौ है कै वाकौ दूध पीकें वाकौ बलमा फिर सुरख है जायगौ। ब्रज में भाभी-देवर कौ नातौऊ बड़ौ अनूठौए। या आत्मीय सम्बन्ध कूँ कैसी बढ़िया संज्ञा दीनी है काहू गीतकार नें-

रेल बनी भौजाई इंजन बन गयौ ल्हौरौ देवरिया

जि रेल गंगा घाट तक जाय पौहोंची है। भाभी-देवर दोनों संग-संग स्नान करिंगे। पर म्हाँ तौ कोई घाट ही खाली नाँय।

घाट नाएँ खाली देवर गंगा कैसें न्हाओगे

तौ फिर विचार होय कै चलौ गंगा पार चलैं किन्तु समस्या है कै म्हाँ तौ केवल चना मटर ही खायबे कूँ मिलिंगे। म्हेंऊ तैयार है-

लै चल गंगा पार सिपहिया चना-मटर ही खाय लुंगी

विरही विरहिया कबहू गोरी कूं लांगुरिया के रूप में दृष्टिगोचर होय है तौ वाकूँ दूर वटवृक्ष के नीचे ते टेर लगावै-

चरखौ चल रहौ बर के नीचे रस पीजा लांगुरिया

निश्चै ही ये रस भर्यौ आमंत्रन गांडे(गन्ना) कौ रस पियायवे के लिए प्रेम-रस कौ पान करायवे हेतु दियौ गयौ है।

कहाँ तक बरनन कियौ जाय। ब्रज लोकगीतकारन ने गूढ़ गहन प्रेम के, पवित्र प्रीति-रीति के ऐसे-ऐसे मनमोहक शब्द-चित्र सहज सरल रूप ते अपनी अपनी भाव भूमि पै अंकित किये हैं, जिनकूँ सुन सुन कैं हृदय उत्फुल्ल है उठै और ब्रज बासिन की विनोदप्रियता, उनकी मस्ती, उनकी हासोल्लासमय जीवनचर्या मूर्तिमान हैकें प्रत्येक सुधीजन के रोम-रोम कूं पुलकित करती भई ये कहवे कूं विवस कर देय है कि-

'ब्रज भूमि मोहिनी मैं जानी'

-जे-जी-ई-45/III, कौंसिलर कालौनी,
पोर्ट ब्लेयर (अण्डमान द्वीप समूह)

□

ब्रजभाषा कौ एकु मनोरंजक लोकगीत

-श्री हीरालाल शर्मा 'सरोज'

आजकल्ल तौ मनोरंजन के एक नांय सैकरान साधन-स्रोत बनि गये हैं। आकासवानी अरु दूरदर्सन सबते अधिक लोकप्रिय साधन बनि गए हैं जन साधारन के। इनमें जुरि गए हैं-आडियो, वीडियो, टू-इन-वन, थ्री-इन-वन, और न जानें कहा कहा। अब तौ कवि सम्मेलन जैसे साधन गाम्मन माँऊ पाँय पसारिबे लगे हैं। पर या जुग की कल्पना करौ जब सिगरौ भारत घोर गरीबी, अज्ञान के अंधेरे अरु पिछुरेपन में आकण्ठ डूबौ भयौ हो। या समै लोक कौ बिसेस रूप ते ग्रामीन छेत्र माँहि मनोरंजन कौ कोई साधन हतो तौ बू ओ-ढोला अरु आल्हा। होरी के औसर पै रसिया अरु धमार, अरु कबऊ-कभार नौटंकी अरु छोटे-मोटे नाटक-छटे चौमासे। लोक मनोरंजन के काजैं भूखौ मरतौ, मर्यौ जीमतौ।

भौत पुरानौ किस्सा है। जब रेल चलोई चली। एक बाबा रेल में बैठके गयौ अरु द्वै दिना में गंगा जी न्हायकें बगद्‌आयौ। गाम के सग निवासीन कैं बड़ौ अचम्भौ भयौ कै गंगा जी जाये और बगद के आये में तौ महीनान लग जाते, जा बाबा पै ऐसौ कौन-सौ जादू आ गयौ कै द्वै दिना मांहि ई जि गंगा जी न्हा आयौ। बिन दिनान में रेल जन साधारन की पौंच ते भौत दूरई। याके बिसै में जानिबे की गाम के लोग-लुगाईन की जिज्ञासा भौत-भारी बढ़िबे लगी। एक नये नवेले रेंठ उठान छोरार गंगा न्हावे कौ भूत सवार हैगौ अरु बू बाबा के ढोरे जाकें बोल्यौ-

> बताय दै बाबा, कैसे चलन की गाड़ी रेल।
> बताय दै बाबा, कैसे चलन की गाड़ी रेल॥

बाबा नें वाँकू ब्वाब दियौ-

> बाबा कही, सुनौ मेरे बेटा फक-फक धुँआ देवै है।
> चलै पवन ते तेज रंग कारे-कारे कौ होवै है॥
> अट्टेसन ते छूट जाय दम गंगा जी पै लेवै है।
> एक दिना में गंगा नभाय दे ऐसौ कुदरती बाकौ खेल।
> बताय दै बाबा कैसे चलन की गाड़ी रेल॥
> सुन बूढ़े की बात रंग फिर गंगा कौ चढ़ि आयौ।
> नौजवान भोरौ किस्सान पर भऊ ते जाय बतायौ।
> सेर कौ अंगा एक गठरिया बाँध मौंठ कौ लै आयौ।
> बू अट्टेसन पै जाय तुरत बाबू ते न्यों बतरायौ।
> तू दै दै मोकूँ टिकट, गंगा कौ रंग मोप चढ़ि आयौ।
> तू लै लै मेरी दार-मौंठ मैं छाँट-फटक कें लायौ।

आज मोइ गंगा जी नभाय दै, खूब मिलैगी मेल।
बताय दै बाबा कैसे बरन की गाड़ी रेल॥

बुकिंग बाबू कूँ या किसान की बातैं सुनकै भौत क्रोध आयौ। ठीक ऊ औ, कोई नाज के बदले में टिकट थोरेई मिल्यौ करै। पर फिर बाबू किसान के भोरेपनै समझ गयौ अरु बानैं किसान कूँ समझायौ कै बाय टिकट लैवे के काजैं का करनौ चहिए। किसान नैं यूई कर्यौ और टिकट ऐसैं लई-

सुनि कैं किसान की बात भौत बाबू फिर न्यौंओ रिसियानौ।
का दियौ तोहि मैंनें करज गठरिया बाँध मौंठ मेरे ढिंग आनौ।
याइ बनिया कैं दै बेच फेर वू बाबूजी नैं समझानौ।
वू बनिया कैं दई बेच रुपय्या सवा टिकट कौ पकरानौ।
गंगाजी के सुनौ रंग में बेझर बिकी है अधेल।
बता दै बाबा कैसे बरन की गाड़ी रेल॥

टिकट तौ बाय मिलि गई, पर बिचारौ वू किसान कहा जानैं कै गाड़ी कैसी होय, कहाँ ठाड़ी होय, कैसें बामैं बैठ्यौ जाय और या टिकट कौ वू कहा करै। या टिकट बाबू नैं भोरे किसान कूँ सब कछु संछेप मांहि न्यों समझाय दियौ-

सुन लै रे भोरे किसान इन बैंचन पै बैठौ रहियौ।
जब आवै गाड़ी रेल सवारी बापैइ तुम कर लइयौ।
कोई कहै उतर परि गाड़ी ते तौ ज्वाब साफ न्यौं दै दीऔ।
पूरौ चारज भरि दियौ, टिकट मुँह के तौ सामई कर दीऔ।
देखत-देखत बाट रेल की, है गयौ वू नफसेल।
बताय दै बाबा कैसे बरन की गाड़ी रेल॥

बात न्यौं भई कै रेलगाड़ी घण्टान लेट है गई। अचानक प्लेटफार्म पै कारे रंग कौ सूट पहिनैं भयौ अरु सिगार फूंकतौ भयौ ऐनकधारी अट्टेसन मास्टर प्लेटफार्म के किनारे किनारे टहलवे लग्यौ। अनपढ़ भोरे किसान कूं ऐसौ भरम भयौ कै कछू कहिबे कौ नाँय-

गाड़ी लेट भई बाबूजी पलट रहे अपने नैना।
कारे रंग के सूट-बूट सिगरेट लगी मुंह पर ऐना।
भोरे किसान नें वू देख्यौ तौ बानैं समझी रेल खरी।
अंगा सोटा समगाय लिए, बाबू पै सवारी जाय करी।
गंगा जी कौ भूत मूड़ पै, लख्यौ ना मेल-कुमेल।
बताय दै बाबा कैसे बरन की गाड़ी रेल॥

ज्योंई या किसान नैं अट्टेसन मास्टर की सवारी करी, त्योंई वू झल्लाय कैं पर्यौ। बड़ी भारी धमकी दैवे लग्यौ। ऊल जलूलऊ बोल्यौ, परि किसान काहाँ उतरिबे वारौ। बाकूं तौ पैलेंई सग समझाय दियौ हत्यौ बुकिंग के बाबू नैं। सो आगे कौ बानक कछू ऐसौ बन्यौ कै, न कबहू देख्यौ और न सुन्यौ।

अट्टेसन मास्टर किल्लायौ-

उल्लू के पट्ठे उतरि बेगि नहिं परवाय दुंगौ हाथ कड़ी।
पूरौ चारज भर दियौ, टिकट मुंह के तौ सामई तुरत करी।

फिर कसकैं लीनी पकरि, सवारी लात दई औरउ जपरी।
यायू जी घुटमन गिरे लैन पै तऊ न उतर्यौ येमगरी।
ऐसौ कौतुक कर्यौ कै याने मार निकास्यौ तेल।
बताय दै बाबा कैसे चलत की गाड़ी रेल॥

फागुन मास ब्रजमण्डल कौ सबते अधिक महत्वपूर्ण महीना ए। अमराई की बगुरावी, कोकिला की गूंजबौ अरु [illegible] में मादकता कौ विलास रसियन अरु गोरीन के मन माँहि उमंग अरु उमंग भर देय। फिर बाजैं चंग, मृदंग अरु ढोलक, झांझता उठैं और ढफ अरु बम्ब (नगारे) बमक उठैं। ब्रज में समारोहन की धूम मच जाय। नगारेन के संग ब्रज गोप रसिया गावैं और गोरी नाचैं, भरि-भरि फिरकैंया। एक प्रतियोगिता कौ माहौल बनि जाय। रात-रात भर नाच-गान में [illegible] जाए। एक बेर की बातै कै ऐसेई सई सांझ ते अखाड़ौ जम गयौ। या नाच-गान के दंगल में गोरीन नैं एक मिलजुट बनाई कै आज [illegible] है जाय, रसियन कूं पानी पियानौ है, पाठ सिखानौ है कि ब्रजबालान ते बे ऊपर नाँयें। दंगल जम गयौ। नगारे पै [illegible] लगौ डंकान की। रसिया गयबे लगे और इतमैं गोरी बीच मैदान माँहि आकें ठसट्टा सरपट्टा भरिबे लगीं। रसिया गाबे अरु नगारे बजायबे बारे बारी-बारी सौं बदलते गये अरु इतमें गोरी ऊ एक के अनन्तर दूसरी मैदान में उतरती रही। कोई पार्टी हटिबे कौ नाम नाँय लै रही । प्रातः के आठ नौ बजे कौ समै हैगौ। नगारे पै चोट मारत-मारत रसियन के हाथ [illegible] दै गए। पर इज्जत कौ प्रश्नौ नगारौ बजाबे की सामर्थ कौ ना रहयौ, अरु खेतन पै काम-काज कौ टैम हैबौ बड़ौ मसला बन्यौ। तबई एक अधेड़ बोल्यौ, भैय्याऔ, अब मेरौ रसिया होगौ। सब तैयार। अधेड़ रसिया नैं ऊँची अवाज लगाई और रसिया के बोल न्हौं निकस परे–

अरे टर जा यहां ते मानस खानी।
सई साँझ के रसिया ठाड़े,
इन्नैं अन्न मिल्यौ नाँय पानी
टर जा यहां ते मानस खानी।

इन बोलन नैं सुनिकैं मैदान के बीच में भरपूरौ नांच करती भई गोरी बाहर कूं [illegible] भई भाग गई। रसिया हू या स्थिती कूं तैयारई ठाड़े। सबन्नैं जोर ते हल्ला मचायौ, हार गई, हार गई...... भाग गई...... अरु बे झट-पट [illegible] (नगारे कूं) उठाय कैं घर भाजे।

जान बची अरु लाखों पाये।

आज कल्ल जमानौ तेजी सौं करवट लै रह्यौ है। कोई समौ हो जब पढ़े-लिखे [illegible] ढूंढ़बे ते नाँय मिलते हते। पर अब जुग पलट्यौई नाँय पर उल्टौऊ होत जा रह्यौ है। नयौ [illegible] अरु [illegible] की [illegible] दिन दूनौ रात चौगुनौ उठतौ जा रह्यौ है। एक ब्रजबाला कौ *आधुनिक* प्रिय कॉलेज [illegible] है–

आऊँ जाऊँगी बलम कॉलेज,
तू चौकस रहियौ बंगला पै।
क्रीम-पाउडर बीत गये हैं, बिनैं [illegible] मैं [illegible]।
सखी-सहेलिन संग [illegible] मैं, [illegible]।
आके खाऊँ बलम [illegible]
तू करतौ रहियौ [illegible] पै
आऊँ जाऊँगी..............

रिपरा में जाते भए दो सवारिन की बीच बजार में ऐसी टक्कर भई कै दोनों उछरकें रिक्शा मैं ते बीच बजार में ऐसे गिरे कै कितऊ कूँ थैला, कितऊ कूँ अटैची अरु कितऊ कूँ झण्डा-झोरी। ऊपर ते लहू-लुहान और है गये बिचारे। ऐसी चोट खाई कै सूधौ अस्पताल जानौ परयौ। सहानुभूति दिखाइबे वारे तौ कम होंय पर ऐसे में हँसिबे वारे अरु तमाशगीर बहौत इकट्ठे है जाँय। भीर में ते काऊ नैं सुर अलाप्यौ-

दुनियाँ देखै बीच बजरिया।
घुटमन परि गए लांगुरिया।
कपड़ा फाटे माल बिखर गौ,
टूटी है पांसुरिया।

या तरियाँ सौं जो कहूँ लोकगीतन कौ संग्रह करयौ जाय , खोज करी जाय, तौ विनमें ऐसौ-ऐसौ मनोरंजन अरु हास्य-व्यंग्य मिल सकै जो नगरीय गीतन माँइ बाँस डारे ते ऊ नाँय मिल सकै।

-पुरोहित मौहल्ला, भरतपुर (राज.)

ब्रज लोकगीत और ब्यौपार

-श्री राम गोपाल शर्मा 'गोपाल भैया'

ब्रज लोकगीत ब्रज-वसुन्धरा की मांटी की सांस्कृतिक विरासत है। याकी भीनी-भीनी मधुर गन्ध नें जनजीवन के अमिट रंगन कूँ प्रसारित व प्रकाशित कियौ है। ब्रजभाषा की अनेक विधा और ब्रज लोकगीतन की अपार वर्णीकरन याके विपुल भण्डार कौ साक्षी है। संस्कार गीत, रितु, पर्व, उत्सव गीत, सामयिक गीत, ब्रज मण्डल कौ महत्व दरसौते रहे हैं।

रससिद्ध कवि श्री हरीहर गुरुजी हाथरसी नें महत्व पै प्रकाश डारते भए कही हो-वेद शास्त्र के मंत्र तौ हर अनुष्ठान पै एकसेई उच्चारित होंवें हैं पर ब्रज लोकगीत घर में हैवे वारे उत्सव व अनुष्ठान कूँ घर तेई स्पष्ट बताय देत है कि घर में गायबे वारे जच्चा, सोहले, बालक के जन्म कूँ; घोड़ी-बन्ना, वर पक्ष के विवाह कूँ और उत तै यो लाड़ो बांनी मरंगी जहर विष खाय बारौठौ हैबे कूँ इंगित करै। लोकजीवन के चार पदारथन में धनोपार्जन कौ दूसरौ स्थान है। अतः ब्रज प्रान्तर के गाम-खोपन में फेरी वारे मधुर कंठ सौं अपनी वस्तु के बेचबे कौ प्रचार करैं झुनझुना, बांसुरी, भौंपू, ढोलक, आदि बजाय बजाय कैं मनगढ़न्त गीत बनायकें गावें और खरीददारन कौ चित्त आकर्षित करैं। यह परम्परा आज सौं नहीं द्वापरकाल सौं चलत भई मानी जात है।

श्री श्याम सुन्दर श्री कृष्ण अपनी प्रियतमा रासरासेश्वरी श्री श्यामा जू कौ सानिध्य पायबे कूँ कबहू मनिहारिन बनें, कबहूं लिलिहारिन, कबहू फूल बेचन हारी बनें। एक प्रसंग वार्ता विक्रेता (श्री श्याम सुन्दर) एवं क्रेता (श्री श्यामा जू) कौ या प्रकार श्री सूरदास जी नें कही है-

> सुन्दर तेल फुलेल उबटनों, अतर सुगंध मिलाई
> जोइ जोइ रुचै सो लेबहु श्याम बेर भई मो आई।

देरी के कारन कूँ नकारत भए किशोरी जी कहैं-

> बेर-बेर तू जिन कह मालिन, दयौ माल उधार,
> होरा लाल मणि मानिक, भूषन बसन बनारसी।

श्री कृष्ण श्याम सखी के रूप में अपनी गरिमा बतात भए कहैं-

> बड़े घरन की मालिन मैं हू, धन की रचि है नाय
> हम सौदागर प्रेमरतन के, और कछु न सुहाय।

श्री किशोरी जी अहंकारी बतन सौं खीज कैं उपालम्भ करैं-

फूल-फूल की बेचन हारी।
कहा अधिक इतराइ
लेउ लेउ कह फिरत गलिन में,
हमसे करत बड़ाय।

सामिग्री की सुन्दरता और शुद्धता के कारन बह स्थान प्रसिद्ध ह्वै जात है। या ब्रज लोकगीत में गोरी अपने प्रियतम सौं जयपुर की छपी लंहगा-चूनर लाबे की कामना करै-

पिया जैपुर शहर तुम जइयौ।
मांते लंहगा चूनर लइयौ।
चोली सीसा टँकी हो भारी।
चमकै गोरे बदन पै कारी।

हाथरस की तगड़ी लाइबे के तांई तौ भूसा, बैल, खेत, बालक और स्वयं पिया के बिकवाइबे की बात चलाबै-

मैं गई हाथरस मण्डी,
बहां एक जनी पै देखी।
मेरौ बहुत दिना ते जिया ललचाय,
तगड़ी सौने की देउ मंगवाय।

ब्रज लोक गीतन में आगरे कौ घाघरौ दिवाइ दै रसिया। मथुरा के पेड़ा, खुरचन, बंगाली मिठाई, फिरोजाबाद की चूड़ी-चूड़ौ तौ हाथी दांत कौ, बरेली कौ काजर, करौली की गागर आदि नित्य प्रति प्रयोग की वस्तुन पै अनेक गीत सुनाई परैं।

आधुनिक काल के सामान विक्रेता गीत गाय-गायकें कैसौ मन मोहत हैं याके कछु उदाहरन नीचे दिये जात हैं।

ब्रज में मसालेदार चना-चिरवा बेचबे कौ प्रचलन है। अपनी वस्तु की विशेषता बतात भयौ कहै-

मेरा चना मसाले वाला।
इसको घर ले जाना लाला।
चना जोर गरम बाबू।
मैं लायौ चना जोर गरम।
चना मैरौ हनुमान नैं खायौ।
लंका में जाय दुर्ग ढहायौ।
सीता कूँ खोज कें लायौ।
सबते ज्यादा राम कूँ भायौ।
जो कोई पुड़िया लेता जाए।
तापै दुलहिन बलि-बलि जाए।
फिर-फिर बार-बार ले जाए॥ चना जोर....

ब्यौपारी छोटौ होय या बड़ौ एक सादा बोर्ड अपनी दुकान पै जरूर टाँग राखै-

आज नगद कल उधार।
परसौं मुफ़्त मिलेगा यार॥

गर्मी में सुबह ही सुबह, सर्दी में दुपहरी में ठेल पै कबाड़ी सुमधुर आवाज लगावैं-

लोहा टीन टप्परवाला
डिब्बे रद्दी अखबार वाला

सब्जी मंडी में प्राय: पूनौ कूं बन्दी राखौ जावै। चौदस वारे दिना गली फाड़-फाड़ कें गीत गावैं-

कल है मेरे भैय्या पूनौं।
लै जइयौ साग तू दूनौं।

बरसात के दिनन में जामुन वारे कौ मनमोहक गीत कौन कूं रिझावे कौ सामर्थ नाँय रखै-

कारे कारे नैन में हिराए।
देवर भाभी कूं खिलाए।
जमुना बाग ते हैं आए।
हरियल तोतन नें गिराए।
अमई बीन बीन के लाए।
कारे कारे नैन में हिलाए।

बर्तनन पै कलई टाँके लगावे वारे हू गीत गावे में पीछे नाँहि रहैं-

पीतल के बर्तनों पर
कलई ई ई करालो।
टूटे फूटे बर्तनों पर
टाँका लगवा आ आ लो।

ब्रज क्षेत्र में कोई भी फेरी लगावे वारौ बिना अलाप के अपने सामान कौ प्रचार कर ही नाँ सकै। ब्रज लोकगीतन कौ माध्यम बनायकें अपनी बिक्री बढ़ावे कौ माध्यम बनाय राखौ है। सावन के महीना में मल्हार की तर्जन पै, फागुन में फाग रसिया की तर्ज पै तुक मिलाय मिलाय कें गलिन में जात फिरैं और चार पैसा कमावैं हैं।

ब्रज माधुरी में रचे बचे ब्रजवासी अपने जीवन के हर पहलू कूं गाइकें गुनगुनाइकें गुजार देंय हैं। गीत अपने आप कूं आप ही मुखरित करैं। ब्रजवासी बालक कबड्डी में 'ओय कबड्डी आला, लाला नें तीतर पाला' गाइकें खेल जीत जावैं। पाठशाला जाइबे वारे बालक गिन्ती पहाड़े गाए-गाए कें याद कर लेत हैं। अंग्रेजी तक कूं गेय पदन में ढाल कें याद कर लेवैं हैं और तौ और तांगे वारौ वृन्दावन सवारी लै जाइबे वारौ कैसौ गीत गाइ रह्यौ है-

दो रुपया सवारी।
वो हल्की होय या भारी।
चाहे जीजा हो या सारी।
वो गोरी होय या कारी।

या प्रकार सौं ब्रजवासी मस्ती भरौ जीवन जीवत भए श्री राधा-कृष्ण की अनुरागी भूमि पै 'पुनरपि जन्म पुनरपि मरण:' की कामना करत भए लालित्य भरे दिनन की याद में भोर की मधुरिमा, मध्यान्ह की रमणीयता, सन्ध्या के शान्तिमय वातावरण में आनन्द प्राप्त करत रहैं।

9/218, गुदड़ी गली
आगरा (उ.प्र.)

❑

अरे दही रे बिलोवै रानी राधिका और कान्हा माखन रे खाद।
अरे और रे खवावै मोरा बांदरा और बंसीवट पै रे ज्याद॥

पौराणिक साहित्य में भलेई राधा-कृस्न के ब्याह कौ बर्नन नांय भयौ होय किन्तु लोकसाहित्य राधा-कृस्न के बिवाह कौ साखी है। एक 'होरो' में बर्नन है कै वृषभानु जी के ह्यां श्री कृस्न कौ बिवाह रचायौ जा रह्यौ है। श्री कृस्न दूल्हा बने हैं और राधिका जी दुल्हन बनी भई हैं-

अरे ब्याहु रच्यौ ऐ रे श्री कृस्न कौ और बिरखभान के रे द्वार।
अरे दुलहनि रे बनी ए रानी राधिका और दूल्हे रे नंद कुमार॥

बालपने में चपलता होंते भएऊ श्री कृस्न के सुभाव में बाल सुलभ सरलता ही। एक 'होरो' में वे मात जसोदा सौं कह रहे हैं कै-मैया, मोय एक कारी कम्मर देदै, एक सफेद सी गाय ला दै और मधुर स्वरन बारी एक बंसी दिवा दै जासौं बर्षा रितु के ये दिना खेलते गाते ब्यतीत है जांय-

अरे कारी रे सो लै दै मैया कामरी और धौरी सी दै रे गाइ।
अरे बंसी रे सो लै दै मैया बाजनी जाते चौमासौ कटि रे जाइ॥

भगवान श्री कृस्न की अनन्य प्रियतमा वृंदावन बिहारिणी राधिका की केलि-स्थली वृन्दावन के बृच्छन की मर्म-ब्यथा कूं भला कौन जान सकै है? आजऊ वृन्दावन के बृछन की डाल-डाल और पात-पात सौं 'राधे-राधे' के सुर गूंजै है। 'होरो' में प्रस्तुत मार्मिक अनुभूति कौ यह एक उदाहरन है-

अरे वृन्दावन के रे बिरछ कौ और मरमु न जानैं रे कोय।
अरे डार-डार और पात पै ए प्यारे राधेई राधे रे होय॥

कातिक माह के द्वै प्रमुख उत्सवन कौ ऊ 'होरो' में बर्नन भयौ है। दीवारी भारत कौ प्रमुख पर्व है किंतु जि आस्चर्ज कौ बिसै है कै अन्य लोकगीतन में दीवारी कौ चित्रन प्राय: नांय भयौ है। एक 'होरो' में दीवारी के दिन अरु रात्रि कूं अत्यन्त महत्वपूरन बतायौ गयौ है-

दिवारी रे प्यारे दिन बड़ौ और मावस बारी रे राति।
पहले रे आयौ प्यारे जा के और फिर गूजर के रे द्वार॥

एक अन्य 'होरो' में दिवारी की रात कूं 'मानसी गंगा' में सौं साधु सन्तन के अपने पात्रन में दूध भरबे कौ चित्रन है। दिवारी पै मानसी गंगा में भक्त जन दूध चढ़ावैं हैं। यासौं मानसी गंगा के दूध सौं भरी हैबे की कल्पना करी गई है-

मानसी रे के गंगा दूध की और भरी भरी रहति दिन रे राति।
संतन रे के तूमा भरि लिए और स्यौं दिपावली रे राति॥

'होरो' कौ सबसौं अधिक रंग गोवर्धन पूजन कै समै जमै है।

दिवारी के दूसरे दिना कातिक सुक्ल पड़वा कूं ब्रज में 'गोवर्धन' की पूजा करी जाय है। घर के आंगन में मानवाकार आकृति के 'गोवर्धन' बनाए जात हैं और रात कूं बाकी प्रदक्षिणा(परकम्मा) करते भये बाकी टूंडी में दूध चढ़ायौ जाय है। या औसर पै 'होरो' गाये जाबे की बिसेष परंपरा है। एक 'होरो' में गोवर्धन पूजन कौ दृस्य चित्रित है-

गोवर्धन रे मांसू तू बड़ौ और तो ते बड़ौ न रे कोइ।
तेरे ऊपर रे क्यौ धुवै और दही बिलोवै रे लोइ॥

मानसी गंगा कूँ स्वर्ग कौ प्रवेश द्वार ऊ बतायौ गयौ है। जहाँ भगवान के दर्सन होंय हैं-

मानसी गंगा रे दूध की और गिरिवर से परवान।
सिढ़ी लागी रे बैकुण्ठ की जहाँ आइ मिले रे भगवान॥

ब्रजभूमि कौ वर्नन करते भए एक 'होरे' में वृन्दावन, मथुरा, बरसाना तथा नन्दगाम कूँ पावन स्थान बतायौ गयौ है-

अरे ब्रज चौरासी रे कोस में और चार गाम निजधाम।
अरे वृंदावन रे मधुपुरी और बरसानों रे नंदगाम॥

'होरे' में नीति और लोक रीति कौ पक्ष ऊ प्रबलता के संग प्रस्तुत भयौ है। एक 'होरे' में वर्नन है कै गांडर(एक तरियाँ की घास) तौ झील में अच्छी लगै है, मोर सरस की डार पै, कन्या अपनी ससुराल में और पशु घर के द्वार पै ई सुशोभित लगैं है।

गांडर सोहै रे झील में और मोर सरस की रे डार।
बेटी तो सोहै रे सासुरे प्यारे गोधन घर के द्वार॥

एक अन्य 'होरे' में अभीष्ट काम की सिद्धि के लयें इष्ट देवता कूँ मनाकै गुरु कौ नाम स्मरन करवे कौ निर्देश करौ गयौ है-

अरे पहले रे कौनु मनाइए और कौन कौ लीजे रे नाम।
अरे पहले रे रामु मनाइए और गुरु कौ लीजे रे नाम॥

-ज्ञानदीप, डैम्पियर नगर,
मथुरा (उत्तर प्रदेश)

□

ब्रज कौ लोक-महाकाव्य- ढोला

-डॉ. श्याम सनेही लाल शर्मा

सगरे ब्रज-मंडल में प्राप्त लोक-साहित्य में ब्रज लोक-जीवन और ब्रज लोक संस्कृति कौ सच्चौ संवाहक ब्रज कौ लोक महाकाव्य 'ढोला' है। आजु तें लगभग दोसौ पचास बरस पैले 'ब्रजलाल मदारी' नें ब्रज में 'ढोला' कौ बीज वपन करयौ। 'मदारी' मथुरा जनपद में 'लोहवन' गाम कौ रहियेवारौ हतो। 'मदारी' नगर कोट वारी देवी कौ भगत हतो। वानें कैऊ बेर नगर कोट की जात्रा करी। एक बेर नगर कोट की जात्रा के समै वानें याई कथा कूँ आधार बनाइकें और नई बिधि सें 'ढोला' कूँ कथिकैं गाइबौ आरम्भ करयौ। 'मदारी' के 'ढोला' गाइबे की सैली इतनी सरस हती कि याई सैली कौ सहारौ लैकें मथुरा जिले में ई 'रायसिंह के नगरा' के रहियेवारे लोक-कवि 'गणपति' नें 'नल अरु दमयन्ती' के पौराणिक आख्यान कूँ कथ्यौ और गायौ। 'गणपति' नें कैऊ मैदानु की सर्जना करी। यु कल्पनासील कवि हतो। याके बाद निरन्तर 'ढोला' हमें मिलै है। एक महाकाव्य के ताँई जैसी विसदता, व्यापकता और विविधता की आवस्यकता परै है, वैसीई व्यापकता और विविधता 'ढोला' में मिलै है।

ढोला की बस्तु संयोजना:

ब्रज के 'ढोला' की सबरी कथा 'नल अरु दमयन्ती' के जीवन सौं सम्बन्ध रखै है। कथा के तीनि भाग करे गये हैं 1- पैले भाग में मुख्य रूप तें मंझा कौ देस निकारौ, नल कौ जनमु, बनियानु के हयाँ नल कौ पालन-पोषनु, भौमासुर दैत्य कौ बध और वाकी अपसरा बिटिया ते नल कौ ब्याह, बाप(पिरथम) और पूत (नल) कौ पुनर्मिलन, 'कनिगाढ़' के राजा 'फूलसिंह पंजाबी' के संग 'नल' कौ युद्ध और चंदनवन के दैत्यन कूँ परास्त करिकैं वन ते चन्दनकाष्ट लाइबे की घटना कौ बरनन है। 'ढोला' की कथा के पूरबभाग में जिन प्रसंगन की संयोजना भई है उनकौ उल्लेख 'नल' के जीवन तें सम्बन्ध रखियेवारे काऊ प्रामानिक ग्रंथ में नाँहि मिलै। जासूँ जे प्रसंग लोक-मानस प्रतिभा-प्रसूत ई लगै हैं, जिनकौ आधार परम्परागत प्राप्त अभिप्राय और लोक-विस्वास में देख्यौ जाइ सकै है।

'ढोला' की कथा के मध्य भाग की घटना कौ आधार महाभारत-पुराणादि ग्रंथनु में प्राप्त नलाख्यान है। पै लोक कवियन नें उन ग्रंथनु में प्राप्त नल कथा में ऊ कैऊ परिवर्तन करे हैं। मध्य-भाग में मुख्यरूप ते-दमयन्ती के ब्याह कौ 'टीका' लैकें 'हंस' इन्द्रपुरी जाय है। मारग में प्रचंड आँधी के आइ जाइबे ते आहत हैकें 'नल' के उद्यान में गिरि परै है। सबेरे सिकार के ताँई निकसे नल कूँ हंसु आहत दसा में मिलै है-जि प्रसंग पूरौ लौकिक नयौ और मुख्य है। दूसरे प्रसंगन में हंस कौ उपचार, नल कूँ टीका चढ़ानौ, नल कौ दमयन्ती ते ब्याह कौ निस्चय करौ। मोतिन-मरन, नल-विचार, इन्द्र और नल मे सामान्य मानवीय स्पर्धा हैं। इन्द्र और नल में युद्ध, नल-दमयन्ती-परिणय, मझा मरन तौ प्रमुख हैं ही याई अपने अपमान ते पीड़ित

1- ब्रज क्षेत्र में प्रचलित ढोला साहित्य का साहित्यिक और सांस्कृतिक अध्ययन शोधकर्ता स्वयं लेखक [illegible] का [illegible] अध्ययन अवलोकनीय है।

घटनानु में 'भंगिन की कथा' कौ उल्लेख घटना की निर्रथकता कूं दिखाइबे के लएं भयौ है, संगई जि प्रसंग 'नियम' कूं निरपेक्षता कौ आभास कराइबे मेंऊँ सहायक सिद्ध भयौ है।5- दच्छिनपुर के सेठन की कथा आगरा-जनमन में नल कूं स्थापित देवे के तांई और सैसव मेंई वाके चरित्र की महत्ता दिखाइबे के तांई समायोजित करी गई है।6- भौमासुर दैत्य और मन-मोतिनी के ब्याह की कथा कौ मुख्य उद्देश्य नल की पराक्रम प्रदर्शन और मानव-अमानव-सम्बन्ध कूं दिखाइबे के लएं है।7- ऐसांई न जानें कितनी घटनाएं हैं, जिनकौ उल्लेख 'ढोला' में मिलै है। इन सबरी घटनान कूं एक क्रमते 'ढोला' में प्रस्तुत कर्यौ गयौ है। वे सब मुख्य-कथा के अंग रूप में आई हैं।

'ढोला' में लोक-गायकन नें ऐसे रसात्मक वरननऊ अपनाएं हैं, जिनमें रसोद्‌बोधन में पूरो सहायता मिलै है। नगर कौ किलौ, युद्ध, जात्रा, बाग-बगीचा, सौन्दर्य आदि के वरनन में विविध वस्तुअन की योजना करत भये लोक-गायकनु नें अपने काव्य-कौसल कौ परिचय दयौ है।'अजय नगर' के मैदान में मां की अमराई, सरोवर, नगर और किले के वरनन में वस्तुवरननगत रसात्मकता देखी जाइ सकै है-

1. गढ़ कोटु बनौ रुरुकैसा।
   खाखा बुर्ज बनौ परयत पै जिअ कछु परयत पै नांहैं।
   तेरे गढ़ के नके कँगूरा जाकै पार नके नांईं॥
   तेरौ किलौ गिरिवर सम ऊँचौ, आमति बिचारि रुरुकैसा॥ 8

2. बर पीपर आम कदम्ब खिरै सेमरि जो खिली बागन में अकेली।
   महकत तार खजूरन में फल गूलर जामुन नीम चमेली।
   खट्टा-मिट्ठा सेव इमीरी, चकोतरा अंगूर डार नींबुन तें पीरी।
   लखै नारियल दाख सुपारी किसमिस सीरी।
   नरवर वारौ लखै बागु सब लखै अमीरी॥ 9

   फूलौ न अंग समाइ, रम्य बाग के बीच में एकु तालु भव्री भरि जाइ।
   जल में खिलि रहे कमल भँमर ऊपर गुँजारैं,
   ताल में मंदिर बनि रहे गोल।
   सिंगमरमर के बने कँगूरा झुकि रई सुनहरी जिनरै झोल॥ 10

ऐसे ई अनेकानेक रसात्मक वरनन 'ढोला' में मिलें हैं। इन वस्तुवरनन की रसात्मकता में लोक-गायकन की अनुभव कौऊ अच्छौ परिचय मिलि जावै है। मंझा कौ देस-निकासौ और हिंसक जन्तुअन तें भरे निरजन बन में नल के जनम के प्रसंग में-11 मोतिनी कौ पिरान त्याग और नल के विलाप के प्रसंग में-12 नल-औंधा के वरनन में -13 और नल घोड़ा के मिलन-14 प्रसंग में लोक-गायकनु की मार्मिक अभिव्यक्ति मिलै हैं।'ढोला' की सौन्दर्य-वर्नन परम्परागत है।

5- नल पुराण, पृ -48-49, 6-वही पृ -70-72, 7-वही पृ -2-5

8- अजयनगर (हस्तलिखित सौं)

9- वही।

10- वही।

11- नल पुराण, पृ. 56-67, 12- दमयन्ती कौ ब्याहु (हस्तलिखित सौं)

13- नल-औंधा (हस्तलिखित सौं) 14- घोड़ा खेलना (हस्तलिखित सौं)

'ढोला' की सबते बड़ी विसेसता जि है कि जामें कथा सूत्रन कूँ ऐसे क्रमबद्ध रूप में सुगुम्फित कर्यौ गयौ है, कि कथा कहूँ ते ऊ टूटी नाँएँ। रसात्मक औरु भावात्मक स्थलन की प्रधानता होते भयै कथा-प्रवाह कहूँ अवरुद्ध नाँइँ है पायौ अपितु रसात्मक बरनन कथा कूँ गतिसील करिवे औरु सहृदयपन की रागात्मक वृत्ति कूँ उभारिवे में सहायक हैकैं आए हैं। 'दमयन्ती' के सौन्दर्य-बरनन नें न केवल वाय पाइवे की लालसा जगाई, अपितु वाकी प्रेम-भावना कूँऊ पक्कौ कर्यौ है।-15 'लखियावन' की बनी के बरनन नें नल के मारग की कठिनाई कूँ ई निरूपित नाइं कर्यौ अपितु वाके प्रयत्नपच्छ कूँऊ पुस्ट कर्यौ है।-16 जा तरियाँ सभी वस्तुबरनन मुख्य कथा तें पूरी तरियाँ जुरे हैं औरु मुख्य कथा कूँ सरस बनाइवे में सहायक भये हैं।

'ढोला' में कार्य की दृष्टि तेंऊ एकरूपता पाई जावै है। जितनौं बड़ौ कामु 'रामचरितमानस' में 'रावन बधु' कौ है, उतनौई बड़ौ कामु 'ढोला' में 'नल की कीरति कौ विस्तार' है। जा 'कारज' की प्राप्ति के ताँईं नल के सबरे प्रयत्न हैं अरु अंत में बू सबरी विघ्न बाधान पै विजय पावतौ भयौ अपने जतन ते वाय पाइ लेइ है। जाके अतिरिक्त जा कारज कौ प्रभाव नैतिक, सामाजिक अरु धार्मिक ऊ है। जाई प्रभाव कूँ दिखाइवे के लिये 'ढोला' की सबरी घटना नियोजित करी गई हैं। सबरी कथा कौ अनुसीलन अरु परीच्छन करिवे के बाद जि तथ्य स्पस्ट है जाय है कि नल कूँ दयौ गयौ नागात्मजा कौ सरापु-17 फल की दृस्टि तें जा कथा कौ बीजु है जो क्रमते दमयन्ती ब्याह अरु मोतिनी कौ नल कूँ दयौ गयौ सरापु-18 के रूप में अंकुरित भयौ है अरु धीरै-धीरै एक छोटे विरछ के रूप में विकसित है गयौ है। नल की औखा समाप्ति अरु फिरिते राज्य प्राप्ति तक आमत आमत या बीज कौ पूरौ पूरौ विकास है जाय है। बाद में कथा 'कारज' की ओर उन्मुख है जाय है अरु नरवर कौ तालु नामक मैदान में नल कूँ फल की प्राप्ति है जाय है। जा तरियाँ 'कारज' संकलन के माध्यम ते 'ढोला' की सबरी कथा एक प्रमुख फल की ओर उन्मुख दिखाई देय है।

ऊपर के विवेचन ते जि तथ्य स्पस्ट है जाय है कि ब्रजकौ "ढोला" एक प्रबन्ध काव्य है अरु यामें महाकाव्य के सबरे गुन पाये जाय हैं।

-हिन्दी विभाग, कुसुमबाई जैन कन्या महाविद्यालय,
भिण्ड (म. प्र.)

15- दमयन्ती कौ ब्याहु (हस्तलिखित सौं) 16- लखियावन (हस्तलिखित सौं)

17- 'तुम पै कुगरी याऊ सांपा। घनी पौरै तू राठौरी के मां तेरे जनमैगौ बेटा। मैं अबै करौकै करमनु की हेटी। बुध के जनमूँगी मारू बेटी। [illegible] तेरौ [illegible] [illegible]। सवर तूबै नरवारां नरवर में रहैगौ एकु सूखौ तालुं'-नल पुरान, पृ. 15

18- 'बरल तैं [illegible] है हंस को [illegible]। एक बेर कोढ़ी है जइगौ, तेइ घर-घर को मंगनी होयगी भीख।'-दमयन्ती कौ ब्याहु (हस्तलिखित सौं)

ब्रज लोकगीत : संस्कृति अरु इतिहास

-डॉ. राधेश्याम शर्मा

जनमानस की संवेदना कूँ व्यक्त करिबे कौ सशक्त माध्यम है लोकगीत। जाकी सबसौं बड़ी विसेसता जि है कै सब्द संरचना सौं ज्यादा लय (Tone) कौ महातम ज्यादा होय। (1) लोकगीतन के गायक कौ जासौं मनोविनोद हू है जाय। 'लोकगीत' सब्द के तीन अर्थ है सकैं-लोक माँहि प्रचलित गीत, लोक निर्मित गीत अरु लोक विसयक गीत। परि यहाँ पै 'लोक-गीत' सब्द कौ अर्थ लोक विसयक गीत सौं लैबौ ठीक नाँय। जहाँ तलक लोक माँहि प्रचलित गीतन के अर्थ कौ सम्बन्ध है-ऐसे गीतन के द्वै भेद माने जाइ सकैं। अस्थायी रूप सौं प्रचलित अरु स्थायी रूप सौं प्रचलित गीत। अस्थायी रूप ते प्रचलित गीत लोकगीतन की परिभासा में नाँय आमें। स्थायी रूप ते प्रचलित गीत लोकगीत माने जाइ सकें। परि तुलसी, सूर अरु कबीर आदि कवीन के भजन स्थायी रूप सौं प्रचलित हैं परि येऊ 'लोकगीत' नाँय है सकैं। लोकगीत तौ गीतन कौ ऐसौ प्रकार है कैं जाय ऐसे व्यक्ति सौं नाँय जोड़ौ जाय सकै जाकी मेधा लोकमानस सौं नाँय जुड़ी होय। साँची बात तौ जि है कै लोकगीतन माँहि रचयिता कौ व्यक्तित्व नाँय होय। जा व्यक्तित्वहीन रचना माँहि सिगरे लोक (समाज) कौ व्यक्तित्व ध्वनित होय अरु लोग याय अपनी चीज मानिबे लगैं। जि मौखिक परम्परा माँहि आ जावै फिर वामें समै-समै पै परिवर्तन होयौ करै। जा बारे में लोक साहित्य के मर्मग्य डॉ. सत्येन्द्र नैं लिखौ है-'यह गीत' जो लोक मानस की अभिव्यक्ति होय अथवा जामें लोक-मानसाभास होय तौ याय लोकगीत मानि सकैं, (2) प्रो सिजविक नैं लोकगीतन के बारे में लिखौ है-"It is older than literature, older than alphabet It is lore and belongs to the illeterate." (3) अर्थात लोकगीत तौ वर्णमाला अरु साहित्य सौं ज्यादा पुरानौ है। जि तौ लोक की चीज है अरु समाज विसेस के बिना पढे-लिखे लोगन की धार्नी मानी जावै।

कछु लोकगीतन माँहि लोकवार्ता के तत्त्वन कौ समावेस होतु है, जिनसौं लोकमानस अपने मनोरंजन कौ उपकरन जुटावत है। जाके संग-संग इन लोकगीतन माँहि लोक संस्कृति के तरै-तरै के चरनक मिलि जावैं। कछु लोकगीतन माँहि ऐतिहासिक प्रसंगउ मिलि जात हैं।

जि कहिवे की जरूरत नाँय कै लोकगीत एक आँचर विसेस की थाती मानी जावैं। यहाँ पै हम ब्रज आँचर के लोकगीतन तक अपनौ अध्ययन समेटें हैं। 'ब्रज' नामु कैसैं पड़ौ है जा पै कछू विचारु करिबौ जरूरी है। संस्कृत में 'ब्रज धातु' कौ प्रयोग 'चलिवे' के अर्थ के रूप में होय। जि प्रदेश लीलावतार अरु रसिक सिरोमनि श्री कृष्ण कौ विचरन क्षेत्र हैवे के कारन ज्यादा गतिसील, स्पन्दनसील अरु रौनक वारौ है। यासौं जि आकरसन कौ केन्द्र वनि कैं रहि गयौ है। अत: 'ब्रज' अर्थात् चल् वा क्षेत्र कूँ कहौ जाय जो श्री कृष्ण की लीला भूमि है। याही सौं जा क्षेत्र कौ नामु 'ब्रज' परि गयौ। डॉ. जय किशन खण्डेलवाल कौ मानिवौ है कै 'ब्रज' सव्द कौ प्रयोग गायनि के चरागाह के लिए होवै। श्री कृष्ण कौ गायनि के लिए वहौत प्रेम हौ। श्री कृष्ण जा क्षेत्र माँहि गाय चराइवौ करते वा क्षेत्र कूँ 'ब्रज' मानौ जावै।

ब्रज लोक साहित्य ब्रज लोकगीतन सौं समृद्ध है जामें विवाद की कोई गुंजाइस नाँय। या कारन ब्रज लोकगीतन कौ वर्गीकरन करिवौ कठिन है परि पाठकन की ध्यान माँहि रखिकैं वर्गीकरन यहाँ दियौ जाय रह्यौ है। (4)

ऊपरि लिखित वर्गीकरन के अलावा लोकगीतन कौ वर्गीकरन जा तरियाँ हू करौ जाय सकै-

लोकगीत (5)

लोक-कला	लोकोपासना	लोक-साहित्य	लोक नाट्य
चौक, भितिचित्र, मेंहदी, ललमनिया, होली, टेसू एवं झाँझी, साँझी।	देवी-देवता, बूढ़ौ बाबू, जाहरपीर, अछूत, प्रेत, शीतला देवी, पथवारी के गीत	जिकड़ी,भजन, रसिया, आल्हा, ढोला, मल्हार, होली, बारहमासा, सावनी, जन्म, विवाह और अन्य संस्कारन सौं सम्बन्धित गीत	नौटंकी, स्वांग, रासलीला एवं कठपुतली आदि

श्री भास्कर रामचन्द्र भालेराव नैं लोकगीतन कौ वर्गीकरन या समै करी ही जब ये गीत संकलन करि रहे हे-

लोकगीत

संस्कार विषयक	माहवारी गीत	सामाजिक-ऐतिहासिक
पुत्र जन्म, सोहर, चरुया, चौक, साध, कौंधनी बांधवे के, मुण्डन, यज्ञोपवीत, टीका, विवाह, द्विरागमन, अन्न-प्राशन, पलने, पत्तल बांधने, समधी-समधिन की गाली, भरनी, मेले के गीत, जन्म-गोठ के गीत	बारहमासा, नौरता, रामनौमी, सावन हिण्डोला, साँझी, झाँझी, कृष्ण-जन्माष्टमी, करवा चौथ, महालक्ष्मी, नौ दुर्गा, गणगौर, कार्तिक-माघ स्नान के गीत, होली, श्रावणी तीज	ढोला, बाबू के गीत, हीरामन, जाहरपीर, गोरा-बादल, राम और केवट आदि के गीत

ब्रज लोकगीतन के इन वर्गीकरनन माँहि डॉ. सत्येन्द्र कौ वर्गीकरन सबसौं अच्छौ वैज्ञानिक मानौ जाय। (6)डॉ. धीरेन्द्र वर्मा ऊ जा वर्गीकरन सौं सहमत हैं। (7) फिरिऊ, लोकगीतन कौ वर्गीकरन वस्तु, रूप, प्रकृति, लिंग, उपयोगिता, क्षेत्र अरु जातिन के आधार पै करौ जाय सकै। काव्य-रूप के हिसाब सौं लोकगीत-साहित्य कूँ द्वै भागन माँहि बाँटि सकैं-कथा प्रधान अरु विचार प्रधान। दूसरी तरियाँ इनकूँ प्रबंध अरु मुक्तक लोकगीत मानि सकैं। पहले प्रकार के लोकगीतन कौ उपजीव्य तौ पुरान अरु इतिहास रहौ है तथा दूसरे प्रकार के गीत काऊ घटना या विचार विसेस कूँ लैकैंआवैं। जि मानि सकैं कै जेई लोकगीत संस्कृति कूँ अपने संग लैकैं चलैं, जीवित राखैं। इन ब्रज लोकगीतन माँहि ब्रज के मानवन की आदिम मनोवृत्तियाँ, भावनाएँ, हर्स-उल्लास, सोक-विवाह, प्रेम-ईर्सा, भय-आसंका, घृना-ग्लानि, अचरज अरु विसमय, भक्ति-निवृत्ति आदि भाव बड़े सरल अरु रागात्मक रूप में प्रकासित हैबौ करैं हैं।

अब जि देखिवौ जरूरी है कै ब्रज के इन लोकगीतन माँहि इतिहास अरु संस्कृति कहाँ तलक प्रतिफलित भई है। यहाँ संस्कृति कौ मतलब लोक संस्कृति सौं ई मानौ जाय। चूँकि लोक संस्कृति अरु

अभिजात्य संस्कृति सदैव भिन्न होय। (8) डॉ. रामधारी सिंह 'दिनकर' नें संस्कृति कूँ जीवन जी
कौ एक तरीका मानौ है। (9) समाज विसेस के संस्कार, रीति रिवाज, लोक-विस्वास, व्रत, त्यौहा
मेले, सकुन-अपसकुन, जादू-टौना, भूत-प्रेतन के प्रति आस्था, देवी-देवतान के प्रति अटूट विस्वा
आदि के ताने-बानेन सौं वा समाज की संस्कृति निर्मित होय। ब्रज लोकगीतन माँहि उपर्युक्त संस्कृ
के सबई तत्त्व भरे पड़े हैं। जि तौ कहि चुके हैं कै लोकगीतन कौ वर्गीकरन करिबे के अनेक आध
हैं अरु ब्रज लोक साहित्य खूब सम्पन्न है। तरै-तरै के वर्गीकरनन के आधार पै लोकगीत अरु बा
भेद, उपभेदन के आधार पै अलग-अलग उदाहरन दैवौ जगह की कमी के कारन मुनासिब नाँय समझ
अरु संस्कृति के तत्व अरु बाते सम्बन्धित लोकगीतन कौ दैवौ उचित लगौ है। कछु गीत तौ भौतु लम
हैं। विनमें ते कछु अंसु ई दियौ गयौ है।

भारत माँहि सोलह संस्कारन सौं जीवन कौं संस्कारित करिबे कौ आदर्सु अरु आदेस रह्यौ है। जा
कछु संदेह नाँय कै गीत संस्कार के प्रधान अंग हैं। विनमें ते प्रमुख संस्कार हैं-जनम, विवाह अरु मौत
जब जातक जननी गर्भ में आवतु है तब जि गीत गायौ जाय-

पहलौ महीना जब लागिये, बाकौ फूलु गयौ फल लागिए।
ए बाई दूजौ महीना जब लागिये, राजे तीजौ महीना जब लागिये।
बाकौ खीर खांड मन भाइए।
ए बाई पंचयौ महीना जब लागिए, ए बाकूँ कोल के आम मंगाइए।

तत्पस्चात् सोभर, छठी, चरुवे धराई अरु साँतिये आदि के लोकगीत नारी गावैं। जच्चा के गीत क
जि निदर्सन देखिवे लाइक है-

चार बरस पानी के पीए, नौं बोतल सरबत की पी गई
जच्चा मेरी पीनौं न जानै री।

इतनौं ई नाँय, लापसी, पालनौ, काजल, नारंगफल अरु जनम के सातवें दिना ननद जब जातक के
काजैं कुर्ता-टोपी लावैं तौ एक गीतु गायौ जावै-जगमोहन लुगरा। बाकी कछु पंक्ति एं-

"लालो! बगदौ बगदि घर आउ, जगमोहन लुगरा पहरिए।
लालो पहरि ओढ़ि घर आउ, तौ मुख भरि असीसउ दीजिए।
भाभी अमर रहैं तिहारी चूरियाँ अमर तिहारे बीछिया,
भाभी! जीऔ तिहारे कुमर कन्हैया।"

ऊं ई तरियाँ विवाह संस्कार सौं सम्बन्धित अनेक लोकगीत ब्रज लोक नारीन सौं सुनिबे कूँ मिलैं
सगाई, पीरी-चिट्ठी, लगुन, भात-न्यौतने, हरदहात, रतजगा, तेल, बरनी-बरना ते सम्बन्धित गीत गाये

जावैं। कंगन तौ वर-वधू दौनूँन के हातनि में बाँधौ जावै। कंगन में का-का होवै, जि देखिवे लायक ए-

कम्बर कौ लयौ टूँकु, छानि कौ फूँसु, गिरारे कौ रेतु, अन्न की भुसी, नीम के पत्ता।
रँग्यौ कारौ लत्ता, लोह की कील, भयौ मन ढकना, बान्ध्यौ कुमर के कंकना॥

याई तरियाँ घूरौ पूजन, अछूतौ, बूढ़े बाबू के गीत गाए जावैं। बूढ़ौ बाबू सायद हनुमान कौ प्रतीक ए। लोकगीत की जे पंक्ति देखिवे लायक हैं-

न्यों मति जानैं रे स्वामी अन्न अछूतौ, अनु सुरैहरी विढ़ारियै।
न्यों मति जानै रे स्वामी पानी अछूतौ, पानी कोरनु विढ़ारियै।

भातु सम्बन्धी जि लोकगीत पढ़िवे लाइक ए जामैं भातु नौतिवे के समै वहिन कहि रई ए-

तेरौ भरोसौ बड़ौ भारी रे मैया के जाये
अपने जीजा कौं कपड़ा तौ लैयौ भैया,
बहना कौं लैयौ कंचन सारी, रे मैया के जाये।

भात लैकैं आए भतैया के सुआगत में गविवे वारौ गीत-

रिमझिम बरसत मेह कै मेरे भीजत आमें रे भातई।
ए मेरे छोटे से बन्ना कौ ब्याहु कै बहना नैना भरि कै रे कह रही।
बारौठी अरु बरात के भोजन के समैं 'गारी' गायी जाँय-
गोरे बुलाये कारे आये री बिल्ली, परि कूंइ-कूंइ।
काए कूँ आयौ लजाइबे कूँ सरदारों के द्वार, जिमीदारों के द्वार।

भोजन के समै-

ल्हौरी-ल्हौरी समधिन डोलै पहरि हाथ में चूड़ौ।
हौलैं-हौलैं जैंऔ बराती, फिर परसूंगी बूरौ, जुगति सौं जैंऔ जी।
बहू कौ नचाइवौ, दई देवता कौ सिरानौ, दई-देवता पूजिबे के ऊ लोकगीत गाये जावैं।

मौत के समै गाये जावे वारे गीत ब्रज माँहि नाँय मिलैं अर्थात् मौत संस्कार के गीत नाँय मिलैं। ब्रह्मा और चीन की सीमा पै भवीना गांव में जरूर ये गीत गाये जावैं चौंकि म्हाँपै नर-नारी मानव के जनम पै रोवें कै एक सुद्ध आत्मा यहाँ आयकैं फँस गयी अरु बाकी मौत पै प्रसन्न हैकैं गीत गावैं जि सोचकैं कै बाकौ उद्धार है गयौ। (10) बचे भये तेरह संस्कारन के ऊ गीत गाये जावैं।

सगुन-अपसगुन के हिसाब सौं पानी ते भरौ बासन लैकैं सुहागिन कौ आनौ, दही-दूध लैकैं आनौ, हरे पेड़ पै सौनचिड़ी कौ चहकिवौ, दायौं ओर गाय आदि कौ आनौ, बछड़ा कूँ दूध पिलावति भई गाय,

जे सब सुभ सगुन माने जावैं। साँप कौ रस्ता काटिवौ, विधवा कौ रीते घड़ा लैकैं निकसिवौ, तेल लैकैं तेली कौ निकसिवौ आदि सब अपसगुन माने जावैं-

अव न्यां सुनि लेउ अरज हमारी, सर्प देवता नैं काटी है अगारी,
विधवा नारि अगारी ते आई, रीते वासन धरि कैं लाई,
सगुन-सगुन पर डारत डेली, तीन कोस पै मिलि गयौ तेली।
मानों मौत सीस पर खेली।

भूत-प्रेत सौं छुटकारौ पाइवे के लिएं थाली बजाई जाय अरु बाके संग गीत गाये जाँय। 'भरनी' गाइकैं साँप कौ विस उतारौ जावै। चारित्रिक आदर्स के हिसाब सौं ब्रज लोकगीतन माँहि विस्वास-घात करिवौ जघन्य अपराध मानौ जाय-

पाँच विसे हारै जो पंच कह्यौ टारै, दस विसे हारै जो प्यासी गाइ बिडारै।
पन्द्रह विसे हारै जो होत कन्याऐ मारै, बीसों विसे हारै जो विस्वासु दैकैं मारै॥

देवी-देवतान ते सम्बन्धित गीतन में देवी की आराधना माँहि लांगुरिया गायौ जाय अरु देवी की स्तुति माँहि जि गीतु गायौ जावै-

आदि की भमानी तेरौ ग्रंथन में परिमाण,
जानि कैं अग्यान मोहि हिरदै में दीजौ ग्यान।
ब्रह्मा विस्नु सहसफन कालिका धरत ध्यान,
नाम सरूप संवारौ, तैंनें सब दिन ते
पन पारौ भगत कौ री।

मेलेन पै गविवे वारे गीतन माँहि जग विख्यात गीतउ ए-

पाँच रुपैया दै दै रे वालम मैं मेला कूँ जाउंगी।
पाँचाना की पाउ जलेवी वैठि सड़क पै खाउंगी।
मेले में मत जाइ मेरी प्यारी वड़े गजव है जाइंगे।
मेला में तौ जुरैं रण्डवा, अधर उठाइ लै जाइंगे।

उपरि लिखित विवेचन सौं जि तौ साफ जाहिर है कै ब्रज लोकसंस्कृति के वाहक जे गीत मुक्तक परम्परा के गीत एं। ब्रज लोकसंस्कृति ते संवंधित औरु निरे गीत यहाँ दै सकैं परि विस्तार भय के कारन ब्रज लोकसंस्कृति विसयक विवेचन कूँ यहीं विराम दै रहे एं।

ब्रज लोकगीतन माँहि अब हम इतिहास खोजिवे की कोसिस करि रहे एं। जि साफ करिबौ जरूरी

है कै पौरानिक कथा इतिहास नाँय है सकै परि जनमानस सौं इतनी निकटता ते जुड़ि गई है कै इतिहास ते ऊ जादा सच लगैं। पौरानिक कथान कूँ लोक गीतन माँहि ऐतिहासिक कथान के रूप में देखौ जाइ। प्रवन्ध गीत अरु नाट्य गीतन के जरिए पौरानिक अरु ऐतिहासिक वृतान्तन कूँ ब्रज प्रदेस माँहि प्रकास मिलौ ए। प्रवन्ध गीत तौ व्यक्ति विसेस या समूह गावै परि नाट्य गीत तौ एकु ई मानुस मंच पै प्रस्तुत करै। नाट्य गीतन कौ जन मानस पै जादा प्रभाव पड़ै। ब्रज के प्रबंध गीतन माँहि आल्हा, ढोला, बारहमासी, जिकड़ी, भजन अरु पँवारा आदि कूँ सम्मिलित करि सकैं। इन गीतन माँहि कोई न कोई कहानी होय। सबसौं पैलें हम आल्हा गीत पै बात करिंगे। जा गीत कौ नाम महोबा के निवासी आल्हा के नाम पै पर्‌यौ है। जि गीत वीरकाव्य की कोटि माँहि आवै। आल्हा-ऊदल की वीरता जा गीत माँहि गायी जावै।

आल्हा लोकगीत इतनौ चर्चित है गयौ है कै वीरता कौ बखान न हैवे पै ऊ जाइ आल्हा छंद माँहि गिनौ जाइ। युद्ध कौ विवरन 'आल्हा' छंद माँहि देखिवे लायक है-

चारिन मारै चारि टाप ते, पाँचए मुख तें जाइ चबाइ।
छटये पै तेग चलै आल्हा की, सातयौ मरै पैधकाखाइ।
बोले आल्हा जब ललकारे लाला सुन लै कान लगाइ।
बड़े लड़ैया महोबे बारे, जिनकी मार सही ना जाइ।।

'आल्हा-ऊदल' के पराक्रम कौ वर्नन हैवे के कारन जाकौ नामु 'आल्ह खण्ड' पर्‌यौ ए। कविवर जगनिक नैं . 1173 ई. के आसपास आल्हा छंद माँहि 'आल्ह खण्ड' लिख्यौ ए, जाकी खूब चर्चा ए। जा बारे में डॉ. योगेन्द्र प्रतापसिंह के विचार जानिवे लायक एं-'' यानैं (आल्ह खण्ड) नैं जनता की सोवती भई भावनान कूँ सदैव गौरव ते गरव ते सजीव राखौ ए। आल्ह खण्ड जन समूह की निधि ए। '' (11) आल्हा के बाद आवै 'ढोला' प्रबन्ध गीत। 'ढोला' प्रबन्ध गीत कौ वितान भौतु विसाल ए। चिकाड़ें, ढोलक अरु मंजीरनु आदि बाद्य यंत्रन पै गावे जावे वारे जा गीत माँहि इतनी कथा है कै लगातार पन्द्रह दिनन तक राति में गाइबे पैऊ जाकौ अन्तु नाँय। गाइबे वारौ मुखिया चिकाड़ा बजावतु ए, याकी सहायता करवैया सुरैया कहौ जात है। एक पहरी खतम हैवे पै गवैया थोरौ सौ सुस्तावै अरु स्रोतान कूँ चुटकले आदि सुनावै जासौं बिनकौ रस-परिवर्तन है जाइ। नित्त की कथा सुनाइबे कूँ 'मैदान' कहौ जाय। ब्रज प्रदेस के अलावा पूरे उत्तर प्रदेस माँहि जा प्रबंध लोकगीत में नरवर के राजा नल, ढोला मारू, नल दमयन्ती अरु रघुवंशीय नल की कथान कूँ गूँथिकैं ऐसौ गायौ जावै कै बामैं कोई संधि नाँय दिखाई दे। जामैं तुकन कौ मोहु जादा ए। जब राजा नल अपनी ननसाल अजैनगर पौंहचौ ए तौ वा जगै के बाग कौ वर्नन जा तरियाँ करैं-

जे सब सुभ सगुन माने जावैं। साँप कौ रस्ता काटिवौ, विधवा कौ रीते घड़ा लैकें निकसिवौ, तेल लैकें तेली कौ निकसिवौ आदि सब अपसगुन माने जावैं-

अब न्यां सुनि लेउ अरज हमारी, सर्प देवता नैं काटी है अगारी,
विधवा नारि अगारी ते आई, रीते बासन धरि कैं लाई,
सगुन-सगुन पर डारत डेली, तीन कोस पै मिलि गयौ तेली।
मानों मौत सीस पर खेली।

भूत-प्रेत सौं छुटकारौ पाइबे के लिएं थाली बजाई जाय अरु बाके संग गीत गाये जाँय। 'भरनी' गाइकें साँप कौ विस उतारौ जावै। चारित्रिक आदर्स के हिसाब सौं ब्रज लोकगीतन माँहि विस्वास-घात करिवौ जघन्य अपराध मानौ जाय-

पाँच विसे हारै जो पंच कह्यौ टारै, दस विसे हारै जो प्यासी गाइ बिडारै।
पन्द्रह विसे हारै जो होत कन्याऐ मारै, बीसों विसे हारै जो विस्वासु दैकैं मारै॥

देवी-देवतान ते सम्बन्धित गीतन में देवी की आराधना माँहि लांगुरिया गायौ जाय अरु देवी की स्तुति माँहि जि गीतु गायौ जावै-

आदि की भमानी तेरौ ग्रंथन में परिमाण,
जानि कें अग्यान मोहि हिरदै में दीजौ ग्यान।
ब्रह्मा विस्नु सहसफन कालिका धरत ध्यान,
नाम सरूप संवारौ, तैंनें सब दिन ते
पन पारौ भगत कौ री।

मेलेन पै गविवे वारे गीतन माँहि जग विख्यात गीतउ ए-

पाँच रुपैया दै दै रे बालम मैं मेला कूँ जाउंगी।
पाँचाना की पाउ जलेबी बैठि सड़क पै खाउंगी।
मेले में मत जाइ मेरी प्यारी बड़े गजब है जाइंगे।
मेला में तौ जुरैं रण्डवा, अधर उठाइ लै जाइंगे।

उपरि लिखित विवेचन सौं जि तौ साफ जाहिर है कै ब्रज लोकसंस्कृति के वाहक जे गीत मुक्तक परम्परा के गीत एं। ब्रज लोकसंस्कृति ते संबंधित औरु निरे गीत यहाँ दै सकैं परि विस्तार भय के कारन ब्रज लोकसंस्कृति विसयक विवेचन कूँ यहीं विराम दै रहे एं।

ब्रज लोकगीतन माँहि अब हम इतिहास खोजिवे की कोसिस करि रहे एं। जि साफ करिबौ जरूरी

है कै पौरानिक कथा इतिहास नाँय है सकै परि जनमानस सौं इतनी निकटता ते जुड़ि गई है कै लोग ते ऊ जादा सच लगैं। पौरानिक कथान कूँ लोक गीतन माँहि ऐतिहासिक कथान के रूप में देखौ जातौ। प्रबन्ध गीत अरु नाट्य गीतन के जरिए पौरानिक अरु ऐतिहासिक वृतान्तन कूँ ब्रज प्रदेस माँहि प्रचलन मिलौ ए। प्रबन्ध गीत तौ व्यक्ति विसेस या समूह गावै परि नाट्य गीत तौ एकु ई मानुस मंच पै प्रस्तुत करै। नाट्य गीतन कौ जन मानस पै जादा प्रभाव पड़ै। ब्रज के प्रबंध गीतन माँहि आल्हा, ढोला, बारहमासी, जिकड़ी, भजन अरु पँवारा आदि कूँ सम्मिलित करि सकैं। इन गीतन माँहि कोई न कोई कहानी होय। सबसौं पैलें हम आल्हा गीत पै बात करिंगे। जा गीत कौ नाम महोबा के निवासी आल्हा के नाम पै पर्‌यौ है। जि गीत वीरकाव्य की कोटि माँहि आवै। आल्हा-ऊदल की वीरता जा गीत माँहि गायी जावै।

आल्हा लोकगीत इतनौ चर्चित है गयौ है कै वीरता कौ बखान न हैवे पै ऊ जाइ आल्हा छंद माँहि गिनौ जाइ। युद्ध कौ विवरन 'आल्हा' छंद माँहि देखिवे लायक है-

चारिन मारै चारि टाप ते, पाँचए मुख तें जाइ चवाइ।
छटये पै तेग चलै आल्हा की, सातयौ मरै पैधकाखाइ।
बोले आल्हा जब ललकारे लाला सुन लै कान लगाइ।
बड़े लड़ैया महोबे वारे, जिनकी मार सही ना जाइ।।

'आल्हा-ऊदल' के पराक्रम कौ वर्नन हैवे के कारन जाकौ नामु 'आल्ह खण्ड' पर्‌यौ ए। कवियर जगनिक नैं, 1173 ई. के आसपास आल्हा छंद माँहि 'आल्ह खण्ड' लिख्यौ ए, जाकी खूब चर्चा ए। जा बारे में डॉ. योगेन्द्र प्रतापसिंह के विचार जानिवे लायक एं-" जानैं (आल्ह खण्ड) नैं जनता की सोवती भई भावनान कूँ सदैव गौरव ते गरब ते सजीव राखौ ए। आल्ह खण्ड जन समूह की निधि ए। " (11) आल्हा के बाद आवै 'ढोला' प्रबन्ध गीत। 'ढोला' प्रबन्ध गीत कौ वितान भौतु विसाल ए। चिकाड़ें, ढोलक अरु मंजीरनु आदि वाद्य यंत्रन पै गावे जावे वारे जा गीत माँहि इतनी कथा हैं कै लगातार पन्द्रह दिनन तक राति में गाइवे पैऊ जाकौ अन्तु नाँय। गाइवे वारौ मुखिया चिकाड़ा बजायतु ए, बाकी सहायता करवैया सुरैया कहौ जात है। एक पहरी खतम हैवे पै गवैया थोरौ सौ सुस्तावै अरु स्रोतान कूँ चुटकले आदि सुनावै जासौं विनकौ रस-परिवर्तन है जाइ। नित कौ कथा सुनाइवे कूँ 'मैदान' कहौ जाय। ब्रज प्रदेस के अलावा पूरे उत्तर प्रदेस माँहि जा प्रबंध लोकगीत में नरवर के राजा नल, ढोला-मारू, नल-दमयन्ती अरु रघुवंशीय नल की कथान कूँ गूँथिकैं ऐसौ गायौ जावै कै यामैं कोई संधि नाँय दिखाई दे। जामैं तुकन कौ मोहु जादा ए। जब राजा नल अपनी ननसाल अजैनगर पौंहचौ ए तौ वा जगै के बाग कौ वर्नन जा तरियाँ करै-

वाग में उठि रही है सुगन्ध कुमरु परसन्द जी ऐसो लागो म्हैरि, केरा पै पका धैरि।
भूख सवु भाजी, जानें करी ए वाग की सैल कुँवरु भयौ राजी।
ताल कौ मोती वरनों नीर, मारै महक उठै खसबोई ए जाकौ सीतल भयौ रे सरीर।

ढोला गीत गवैया वीच-वीच में कवित्त, दोहा आदि छन्दन कौ प्रयोग करैं। जा तरियाँ जा प्रबन्ध गीत माँहि अनेक छंद है सकैं। उदाहरन कूँ एक छंद कवित्त ए-

गोरे-गोरे अंग पै गुमान प्यारे च्यों करै, रंग तौ पता लौं जाकौ यों ही उड़ि जाइगौ।
धुँआ से हाड़ गोड़ जरत में न लागै देर, नदी के किनारे पेडु कबजू ठहराइगौ।
कंचन सौ सरीर जामें लोह की न लागी कील मोह की नदी में बैठि कव जू इतराइगौ।
कहँ पंडित मुरलीधर गन्दौ ई बह्यौ रे जाइ, ज्वानी के मांस यै कोई कूकरा न खाइयौ॥

'ढोला' पै विचारु करिवे के वाद अव बारहमासी पै विचारु करिवौ जरूरी ए। नाम सौं ई साफ ए कै कथा कूँ वारह महीनान में बाँटिकैं गायौ जाइ। जामैं ध्रुव की कथा तौ पौरानिक ए। ध्रुव की तपस्या की कथा कूँ वारहमासी कौ माध्यम वनाइ कैं प्रस्तुत करौ गयौ है। भादौं महीना कौ चित्रन देखिवे लायक हैं-

महलन करति विलाप ध्रुव की रोवै महतारी (टेक)
भादों रैनि अँधेरी छाई कैसें धीर धरूँ
मोइ दीखै वेटा के विरह में बिन ही मौत मरूँ
दरस तू दै मोकूँ छैया,
ऐसें तड़पै मात तेरी, ज्यों विन बछरा गैया,
लगी लौ हृदय में भारी। महलन......
पूस मास जाड़ौ अति भारी वस्त्र न तन माँही
कैसें सोमतु होइगौ मेरौ वेटा वन माँही
नहीं कछु ओढ़नु कूँ लीयौ
करि-करि पिछली याद लाल मेरौ यों ही चल दीयौ
सौत नें करि दीन्ही ख्वारी,
महलन.......

जि वात पैंलें कहि आये हैं कै लोकगीतन माँहि कथ्य सौं लय, धुनि जादा महत्ता राखैं। बारहमासी अपने आपु ई छंद ए, काऊ कथ्य कूँ लैकैं काहू माह के उल्लेख विना चलि सकै। उदाहरन के तौर पै ढोला लोकगीत माँहि नल की नानी अपने जीवन की व्यथा नल के प्रति जा तरियाँ प्रस्तुत करि रही है-

अरज जब नल ते बुढ़िया नें करी, है गई बालापन की राँड कि हिम्मत बंटन पै बाँद सई।
नृप जिनें छोड़ि गये बारे, मैनें दई पेट में गाँठि लाल तो नौ हाथन ते पारे।
कै गंगा हरद्वार न्हाई, बाई घाट पै छोरी चेटा एक बंगाली की आई।
चुराई जानें छोरी डेरन में, खबरि परी है बाके धरम पिताए बैरी आइ गयौ छन में।
करि दयौ लाला पै हम्म, लायौ फौज चढ़ाइ लगि रहे हाथन में बम्म।
फौज जब अजय नगर आई, लीनी मुसक चढ़ाइ कि बैरी नैं दहसत नाँय खाई।
कुंवर कह कैसें धीर धरूँ, जाइ बताइ चेटा घोड़ा वारे, कुन से कूआ में खिसिल परूँ।
डोकरी पेटु पकरि..........फाँसी।
कै दाँती बुढ़िया नें भींची, तू मेरी काट जा नारि कै गरदन करि दीन्हीं नीची।

यहाँ पै काऊ महीना कौ जिकर नाँय। मंझाकी, ध्रुव की, राम-निर्वासन की बारहमासी प्रसिद्ध हैं, विन में पौरानिक अरु ऐतिहासिक कथा प्रतिबिम्बित होंय।

प्रबन्ध गीतन की परम्परा में जिकड़ी भजन सामूहिक रूप ते गाये जाँय। इनमैंऊ पौरानिक अरु ऐतिहासिक कथानकन कूँ लयौ जाय। जि गीत जाड़े की रातिनि में गामन में किसान काऊ ठौर पै रोजीना गामैं, बाद में प्रतियोगिता होय, जाय 'फूल डोल' कहैं। जिऊ राति में होय। जाकौ कारन ए कै सीतकाल की (जाड़े की) राति लम्बी होय। गावे के समै ढोलक, बाजे, नगाड़े के संग खरताल कौ प्रयोग करैं। राजा दंग, प्रहलाद अरु राम-निर्वासन आदि प्रसंगन पै अच्छे जिकड़ी भजन गाये जाँय। एकु प्रसंग है-सीता बाल्मीकी आश्रम माँहि रहिकैं अपनी संतान कूँ पालि रई ए, लव अकेलौ ए। मुनि बाला पानी भरिवे के समै अपने बालकन कूँ संग लै जातीं परि सीता तौ अपने लव कूँ पालने में छोड़ि जाती। एक दिना सब महिलान नैं सीता सौं कही कै अपने सपूत कूँ संग लायै नईं तौ जंगली जनावर याके पूत कूँ खाय सकैं। मुनि सौं बिना कहे सीता दूसरे दिना पानी भरिबे काजें अपने संग लव कूँ लै गई। महर्षि बाल्मीकि नैं जब ई देखौ कै पालनौ सूनौ ए तब बिननैं सीता के भावी दुख को सोचि कैं लव जैसौ ई अपनी तपस्या के बल सौं छोरा बनाइ दयौ। चच्चा कुस (घास विसेस) पै जल छिड़कि कैं बनायौ, जासौं बाकौ नाम परि गयौ कुश। सीता अरु बाल्मीकि अचरज में पड़ि गये। बाद में तै करी गयी कै दोनों बालकन कूँ पालौ जाय। जा कथानक कूँ जिकड़ी भजन माँहि जा तरियाँ गायौ गयौ है-

अरे भखि जाइ कोई जोव बनी कौ (टेक)
दूजे दिन जल भरन गई, और सुत कौं लै गई गोदी में
मुनि कुटी के भीतर आये, भारी सोच भयौ मन में।
सो भारी सोच मुनीसुर कीयौ उड़ि गयौ होस मुनी कौ
अरे.................

'पँवारे' लोकगीत पै विचारु जरूरी ए। 'पँवारा' ब्रज में मुहावरे के रूप में झगरौ-झंझट के लियें काम में आवै अरु युद्ध कौ परिणाम मानौ जावै। कथा चाहें भलैंई ऐतिहासिक न होय परि बामें कथावस्तु कौ विन्दु ऐतिहासिक जरूरी ए। ब्रज लोकगीतन में 'जगदेव कौ पँवारौ' मिलै। 'रासमाला' के आधार पै जगदेव मालवा के राजा उदयादित्य (1059-87) के सपूत ए। धारा नगरी सौं घरेलू झंझटन के कारन वाहिर चले गये और जिय मानौ जाय कै वे गुजरात के राजा जैसिंह के यहाँ नौकरी करिबे लगे। 18 वरस तक नौकरी करिकैं जव वे वापस आये तव विननैं अपनौ पराक्रम दिखायौ। (12) जाई तरियाँ 'होमपाल के पँवारे' कौ उल्लेख मिलै। 'अमर सिंह' कौ ऊ पँवारौ मिलै। अमरसिंह में पहलैं सारदा माँ कूँ स्मरन करौ जाय, फिर उस्ताद की वन्दना करी जाय, ताके वाद पंचपीर अरु सब औलियान कूँ मस्तक झुकायौ जाय। फिर वाद में गाथाकार जि कहै-

'अमरसिंह' नें कियौ पँवारौ, कहौ तौ गाइ सुनाऊँ,
अरु आगे कहै-
कहाँ ते उत्पन्न भई, कहाँ ते भई लड़ाई
दीघ सहर उत्पन्न भई, आगरे ते भई लड़ाई। (13)

अव हम नाट्यगीतन माँहि इतिहास अरु पुरान कूँ खोजिवे की कोसिस करिंगे। नाट्य-गीत कछु मानसन के समुदाय द्वारा प्रस्तुत होंय। वाय मण्डली कहें। अव 'रास मण्डली' सब्द तौ कृष्ण-कन्हैया सम्वन्धी रास तेई सम्वन्धित मानौ जाय। जासौं इन नाट्य मंडलीन कूँ 'स्वाँग मण्डली' कहौ जाय। 'स्वाँग मण्डली' में वाजा, नक्काड़ा, ढोलक आदि कौ प्रयोग करौ जाय। संस्कृत में जिय मानों जाइ कै 'काव्येषु नाटकं रम्यम्' परि नाटकनि में देखिवौ और सुनिवौ दोनों मिलै। नाट्य गीतन माँहि अभिनय, गीत, संवाद सव कछू मिलैं जासौं जनता माँहि जादा मनोरंजन होय। मँहगाई के जमाने में मंडली के दस-पन्द्रह कलाकारन कूँ भोजन कराइवौ मुस्किल होय। सिनेमा, टेलिविजन आदि नैं सस्तौ मनोरंजन दैवौ सुरू करि दयौ है यासौं अव नाट्यगीत प्रस्तुत करिवेवारी मंडली एकाध ई दिखाई दे। जामें स्त्रीन कौ अभिनय पुरुष करै। आज ते 30-40 वरस पहलैं नाट्यगीत कछू आदमीन की जीविका कौ साधन बनि गयौ ओ। सत्यवादी राजा हरिश्चन्द्र, भक्त प्रवर मोरध्वज, सत्यवान-सावित्री, भक्त पूरनमल आदि पौरानिक वृतान्तन कूँ इन नाट्य गीतन में लियौ जाय। दर्सकनु के सामई वड़े अच्छे तरीका सौं रखौ जाय। बीच-वीच में हँसी-मजाक की वात ऊ है जाय। जो हँसी ठट्ठा करै वाय कहैं 'मनसुखा'। भक्त अम्बरीश, प्रतापी अभिमन्यु औरु ऐतिहासिक नाट्य गीतन में 'अमर सिंह राठौड़' बूँदी नरेश सम्वन्धी नाट्यगीत प्रसिद्ध है। 'अमरसिंह राठौड़' की कछू पंक्ति देखिवे लायक हैं-

चौ तरफा से तौ लगी गढ़ बूंदी में आगि।
चाकर कौं व्याही गई, अरु फूटे मेरे भागि॥
फूटे मेरे भागि डसै वावुल कौं विसियर कारौ।

अरु पै बीजुरी बामन पै मरियौ नाई बजमारौ।
मरौ वो बामन नाईजो जिनन मेरी करी सगाई जो,
सुख कौ रह्यौ न सहारौ,
कौन जनम कौ पाप उदै भयौ। हे जगदीश हमारौ।

जा गीत में अनेक छन्दन कौ प्रयोग मिलै-लावनी, दोहा अरु कवित्त आदि।'सत्य हरिश्चन्द्र' नाट्य-गीत की कछूक पंक्ति यहाँ दैबौ जरूरी ए। जामें राजा हरिश्चन्द्र कौ चरित्र बड़े उदात्त ढंग सौं प्रस्तुत कियौ ए। संझा कूँ माली राजा कूँ सूचना देतु ए कै एक जंगली सूअर नैं राजसी बगीचा उजार दयौ ए। जब वाय रोकिबे की कोसिस करी तौ वानैं माली कूँ ऊ घायल कर दीनौ। खुद राजा सौं अपनी रच्छा के लिएं कहि रह्यौ ए। वा समै कौ राजा हरिश्चन्द्र कौ जि संवाद देखिबे लायक है-

आनि हुआ संध्या समै अरु जा माली निज धाम।
इस दम जीव सताना अरु महापाप का काम।।
महापाप का काम रोकि रखना गुस्सा भारी को।
वक्त साम के नहीं सताऊँ किसी जीवधारी को।
कि हनि दूँ एक बान से जी
न जिन्दा छोडूँ जान से जो
जो इतना कर न दिखाऊँ,
मुझको है सौगन्ध कि बेटा अपनी माँ का नाऊँ।

अपने सपूत रोहित की लास कूँ लैकैं रानी तारामती मसान पहुँचति ए, यहाँ पै कालू के नौकर के भेस में राजा हरिश्चन्द्र खुद ई पहरौ दै रहे एं कै कोई बिना आधौ कफ्फन दिये लास कूँ नाँय जराय जाय। कालू के नौकर नैं अपनी खुद की पत्नी अरु मरे भये पूत कूँ अच्छौ तरै देखि लियौ परि अपने कर्तव्य कौ पालन करत भयौ वानैं आधौ कफ्फन मांगौ। परि आधौ कफ्फन दैबे पै तौ रोहित अधनंगौ है जातौ। वा वक्त रानी अपने पति के सामई विलापु करति भई कहि रही है-

रानी-बेटे की सूरत को निरख करि प्यार सौं पुचकार लो।
छोनां पिरोना लाल की सूरत को आज निहार लो।
पहला तौ बिछुड़ा मिल गया अरु अब नहीं है मिलन का,
उठ अन्न-जल जग से गया पीतम तुम्हारे ललन का।
राजा- जब तक मैं रहा राजा, तब तक हे सुकुमारि।
रोहित मेरा लाल था, तू अर्धांगिनि नारि।
अब मैं बाप न यह बेटा न तू नारि है हरिश्चन्द्र की।
कासी में बिकते ही गईं बातें सकल सम्बन्ध की।

विस्तार भय के कारन जि चर्चा यहीं समाप्त करि रहे हैं। इतनौं निवेदन है कै ब्रज के लोकगीतन माँहि संस्कृति अरु इतिहास भरौ पड़ौ ए। विसै तौ इतनौ व्यापक है कै पूरौ सोध प्रबन्ध लिखौ जाय सकै। हौं ऐसौ दावा नाँय करि रह्यौ कै विसै के संग पूरौ न्याव करि सकौ हूँ। गागर माँहि सागर भरिबे की मोमें सम्बाई नाँय।

संदर्भ-.

1. Kenneth Richmond-Poetry and the people-In all folk songs it is a common thing to find that the words are inferior to the tunes and because of this it is often stated that it was the tune which mattered most.
2. डॉ. सत्येन्द्र-लोक साहित्य विज्ञान, पृ.-390
3. ढोला मारू रा दूहा (प्राक्कथन)-नरोत्तम स्वामी
4. डॉ. सत्येन्द्र-लोक साहित्य विज्ञान, पृ-404
5. डॉ. भगवान सहाय पचौरी-ब्रज साहित्य का मूल्यांकन, पृ.-276
6. डॉ. सत्येन्द्र-ब्रज लोक साहित्य का अध्ययन, पृ.-400-404
7. डॉ. सत्येन्द्र-ब्रज लोक साहित्य का अध्ययन, पृ.-399
8. डॉ. भगवान सहाय पचौरी-ब्रज साहित्य का मूल्यांकन, पृ.-277
9. डॉ. रामधारी सिंह 'दिनकर'-संस्कृति के चार अध्याय, पृ.-159
10. डॉ. सत्येन्द्र-ब्रज लोक साहित्य का अध्ययन, पृ.-106
11. हिन्दी साहित्य कोश भाग-2. पृ.-33-34
12. डॉ. सत्येन्द्र-ब्रज लोक साहित्य का अध्ययन, पृ.-313-14
13. डॉ. सत्येन्द्र-ब्रज लोक साहित्य का अध्ययन, पृ.-313-14

-राजकीय महाविद्यालय, करौली (राजस्थान)

ब्रजभाषा लोकगीत परम्परा-आन्ध्रवासीन में

-डॉ. राकेश तैलंग

भारतीय संस्कृति कौ मूल आग्रह कह्यौ जाय सकै है वो समाहारमूलक व्यौहार जो देश, जाति, भाषा की सीमान कौ ध्यान न दैकैं विनमें छिपी अच्छी-अच्छी बातन सौं अपने रूप कौ श्रृंगार करयौ चाहै।

कछू ऐसी ही घटना घटी आज ते लगभग 900 बरस पहलैं जब दक्षिण के आन्ध्र प्रान्त सौं शुद्धाद्वैत दर्शन के आचार्य वल्लभाचार्य कौ प्रत्यावर्तन भयौ उत्तर भारत में ब्रज की ओर। दक्षिण की एक पूरी की पूरी शास्त्रीय परम्परा जामें जीवन के हर मंगल-अमंगल पक्ष कूँ ईश्वरीय अनुग्रह के रूप में शिरोधार्य करबे की बात निहित ही, दक्षिण के सुदूर अंचलन में व्याप्त कैई प्रकार के रीति-रिवाज, खान-पान, भाषा कौ ओज और रहवे, पहनवे, ओढ़वे के अलावा मनुष्य जीवन के सिगरे संस्कारन सौं मनुष्य कूँ संस्कारित करबे वारी सुगन्ध व्याप्त ही अरु एक मैनरिज्म, शास्त्रोक्त विधि, संस्कृत जीवन के आगैं पीछैं लोकजीवन की परोक्ष झलक के बहाने अपनी मूल जातीयता, उत्स सौं जुड़े रहवे की ललक ही- सब कछू ब्रज में आ गयौ।

दक्षिण सौं आई विद्योपजीव या ब्राह्मण समाज की परम्परा नैं अपनी जातीय परम्परा की रक्षा के लिए कोऊ संगठनात्मक प्रयास तौ नहीं करे लेकिन द्वै प्रकार को जीवन शैली में दक्षिण और ब्रज कौ मिलौ-जुलौ एक मीठौ सौ व्यौहार विनकी एक विशेष पहचान बनी-गोस्वामी वर्ग कौ आचार्य परम्परा जो पुष्टिमार्गीय पीठन के अधिष्ठाता बने और विनही के संग-संग अपनी स्वतंत्र वृत्ति सौं गृहस्थ जीवन बितावे वारे दूसरे वे लोग जो आर्थिक दृष्टि सौं यहाँ-वहाँ जीवन की आवश्यकतान कूँ पूरी करबे के ताँई भागते रहे।

ये दोनों ही प्रकार के जातिवर्ग अपने परिवार-कुटुम्ब में दक्षिण की परम्परा लैकैं ब्रज आए जहाँ

ब्रज को आनन्द उल्लास प्रिय संस्कृति के रंग, वहाँ को उत्सवप्रियता जीवन कूँ एक मनोरथ के रूप में जीवे की इच्छा इनकी संस्कृति में रच बस गई। ये ही सब फिर औरंगजेब के समय माँहि श्रीनाथजी, द्वारकाधीशजी, मथुराधीशजी के स्वरूपन के संग 16वीं सदी के उत्तरार्द्ध में आकें मेवाड़ में बसे। तब यों कहैं कि दक्षिण में ब्रज कौ जो पुट मिलौ वामें मेवाड़ की परम्परान कौ हू थोरौ-थोरौ समावेस हैबौ अनिवार्य बनौ।

आज गोस्वामी जी के आचार्य परिवार समेत तैलंग भट्ट वर्ग के अनेक परिवार मथुरा, कामाँ, जयपुर, बीकानेर, चौंपासनी, नाथद्वारा, काँकरौली में बसे भए हैं। वे अपने आप कूँ ब्रज के कहवे में गौरव कौ अनुभव करें, राजस्थान कूँ वे जनम और करमभूमि दोनों मानें और इनमें कहूँ गहरे में दक्षिण भारत के रीति ब्यौहार हू बीज बने बिखरे परे हैं जिनकी खबर बिनें हू नाँय। इन तीनूँ संस्कृतिन के रंग सौं रँगे भए हैं, इनके परिवारन में समय-समय पै बहू-बेटिन द्वारा गावे जावे वारे ब्रजगीत।

ये गीत मुख्यत: ब्रजराज कृष्ण के जीवन प्रसंगन कूँ अपने पारिवारिक प्रसंग में लावे की भावना सौं जुरे हैं। बालक के जनम के बाद छटी के दिन दूध खाजा के बीच जब लाला कृष्ण के जनम की बधाई बटें तौ 'बिरज कौ कान्हा अपने घर आयौ, मंगल छायौ' की अभिव्यक्ति होइ। आज हू इन शुभ गीतन कूँ इन परिवारन में 'चानन के गीत' (जैसौ कि कह्यौ गयौ है या शब्द कौ मूल 'चरणु' है जो तेलगु में आनन्द या शुभ अवसर कूँ इंगित करे है) कह्यौ जाय।

ब्याह-जनेऊ में कृष्ण यजुर्वेद पद्धति के ठेठ मंत्रोक्त परम्परा के सिगरे रिवाजन के संग-संग ब्रजभाव कौ आनन्द अनुभव कियौ जा सके है-बन्ना-बन्नी वारे गीतन में। इन गीतन में जहाँ एक ओर बन्ना-बन्नी के फूलन के ऐसे श्रृंगार कौ वर्नन है जो दक्षिण भारत की विवाह सज्जा कूँ आँखन के आगें लाय दे है, वहाँ इनके बीच विशुद्ध लोक शैली में बन्ना और बन्नी के बीच आँखिन के कोरन सौं एक दूसरे कूँ सन्देस निवेदन करवे कौ हू बड़ौ बारीक वर्नन होय है-'बन्नी मेरी मिश्री की डली, निहारे बन्ना वाकूँ खड़ी खड़ी, बन्ना मेरौ रहै बेली की घड़ी, निहारे बन्नी खड़ी खड़ी।' इन पंक्तियन में 'बेली की घड़ी' शब्द खबर नहीं का है। लगै ऐसौ है कै बेली शब्द वेलिनाडु शब्द कौ अपभ्रष्ट रूप है जो दक्षि...त्य इन परिवारन कौ मूल उद्‌गम देश है। आन्ध्र में 'वेलि' ब्राह्मण के वा समुदाय कूँ कहैं जो वेदपाठी हैं और नाडु कौ मतलब है, देश।

इन ब्याह प्रस्तावन में अलग -अलग प्रसंगन पै छोटे गणेश स्थापना, बड़े गणेश, वृद्धि पठौनी, नागबली (विदा), समध मिलाई, मधु पर्क आदि नामन सौं विवाह की शुभकामना भाव सौं जुरे भए गीत गाइवे की परम्परा है जाके व्यापक अनुशीलन की जरूरत है।

समय के संग ये गीत फिल्मी तर्जन पै 'आगरे का ताजमहल लस्कर का किला' जैसे हल्के-फुल्के

गीतन के रूप में परिणत है रहे हैं। वीडीओ रील की चकाचौंध में विवाह, छठी, गंगा पूजा, चम्आ आदि गीत धीरे-धीरे फिल्मी गीतन के संग मिक्स होते जा रहे हैं। फिरि हू कबहूं-कबहूं जब ये गीत कानन में पड़ें तौ इनकौ ऑरिजिन ढूंढ़वे की इच्छा है जाय। शब्द नैं कितनी लम्बी यात्रा तय करी है- दक्षिण सौं ब्रज और ब्रज सौं राजस्थान, शुद्धाद्वैत दर्शन कौ स्वरूप ब्रज में जा भोग, राग और श्रृंगार सौं वलयित करवे कौ काम कियौ तैलंग भट्ट विट्ठलनाथजी नैं यो ही आज या जाति के हर कर्म में कहूं न कहूं रचौ बसौ है। या रचावट बसावट में अब कितनौ दक्षिण रहौ, कितनौ ब्रज और कितनौ राजस्थानी - ये तौ सुधी शोधकर्त्तान के सोचिवे कौ काम है।

-प्रधानाचार्य
राजकीय सीनियर माध्यमिक विद्यालय, राजसमंद, (राजस्थान)

□

ब्रज की आनन्द उल्लास प्रिय संस्कृति के रंग, वहाँ की उत्सवप्रियता जीवन कूँ एक मनोरथ के रूप में जीवे की इच्छा इनकी संस्कृति में रच बस गई। ये ही सब फिर औरंगजेब के समय माँहि श्रीनाथजी, द्वारकाधीशजी, मथुराधीशजी के स्वरूपन के संग 16वीं सदी के उत्तरार्द्ध में आकें मेवाड़ में बसे। तब यों कहें कि दक्षिण में ब्रज कौ जो पुट मिलौ वामें मेवाड़ की परम्परान कौ हू थोरौ-थोरौ समावेस हैबौ अनिवार्य बनौ।

आज गोस्वामी जी के आचार्य परिवार समेत तैलंग भट्ट वर्ग के अनेक परिवार मथुरा, कामाँ, जयपुर, बीकानेर, चौपासनी, नाथद्वारा, काँकरौली में बसे भए हैं। वे अपने आप कूँ ब्रज के कहवे में गौरव कौ अनुभव करैं, राजस्थान कूँ वे जनम और करमभूमि दोनों मानें और इनमें कहूँ गहरे में दक्षिण भारत के रीति व्यौहार हू बीज बने बिखरे परे हैं जिनकी खबर बिनैं हू नाँय। इन तीनूँ संस्कृतिन के रंग सौं रँगे भए हैं, इनके परिवारन में समय-समय पै बहू-बेटिन द्वारा गावे जावे वारे ब्रजगीत।

ये गीत मुख्यत: ब्रजराज कृष्ण के जीवन प्रसंगन कूँ अपने पारिवारिक प्रसंग में लावे की भावना सौं जुरे हैं। बालक के जनम के बाद छठी के दिन दूध खाजा के बीच जब लाला कृष्ण के जनम की बधाई बटें तौ 'बिरज कौ कान्हा अपने घर आयौ, मंगल छायौ' की अभिव्यक्ति होइ। आज हू इन शुभ गीतन कूँ इन परिवारन में 'चानन के गीत' (जैसौ कि कह्यौ गयौ है या शब्द कौ मूल 'चरणु' है जो तेलगु में आनन्द या शुभ अवसर कूँ इंगित करै है) कह्यौ जाय।

ब्याह-जनेऊ में कृष्ण यजुर्वेद पद्धति के ठेठ मंत्रोक्त परम्परा के सिगरे रिवाजन के संग-संग ब्रजभाव कौ आनन्द अनुभव कियौ जा सकै है-बन्ना-बन्नी वारे गीतन में। इन गीतन में जहाँ एक ओर बन्ना-बन्नी के फूलन के ऐसे श्रृंगार कौ वर्नन है जो दक्षिण भारत की विवाह सज्जा कूँ आँखन के आगें लाय दे है, वहाँ इनके बीच विशुद्ध लोक शैली में बन्ना और बन्नी के बीच आँखिन के कोरन सौं एक दूसरे कूँ सन्देस निवेदन करवे कौ हू बड़ौ बारीक वर्नन होय है-'बन्नी मेरी मिश्री की डली, निहारै बन्ना वाकूँ खड़ौ खड़ौ, बन्ना मेरौ रहै बेली की घड़ी, निहारै बन्नी खड़ी खड़ी।' इन पंक्तियन में 'बेली की घड़ी' शब्द खबर नहीं का है। लगै ऐसौ है कै बेली शब्द वेलिनाडु शब्द कौ अपभ्रष्ट रूप है जो दक्षि...त्य इन परिवारन कौ मूल उद्‌गम देश है। आन्ध्र में 'वेलि' ब्राह्मण के वा समुदाय कूँ कहैं जो वेदपाठी हैं और नाडु कौ मतलब है, देश।

इन ब्याह प्रस्तावन में अलग -अलग प्रसंगन पै छोटे गणेश स्थापना, बड़े गणेश, वृद्धि पठौनी, नागवल्ली (बिदा), समध मिलाई, मधु पर्क आदि नामन सौं विवाह की शुभकामना भाव सौं जुरे भए गीत गाइवे की परम्परा है जाके व्यापक अनुशीलन की जरूरत है।

समय के संग ये गीत फिल्मी तर्जन पै 'आगरे का ताजमहल लस्कर का किला' जैसे हल्के-फुल्के

गीतन के रूप में परिणत है रहे हैं। वीडीओ रील की चकाचौंध में विवाह, छठी, गंगा पूजा, घन्आ आदि गीत धीरे-धीरे फिल्मी गीतन के संग मिक्स हौते जा रहे हैं। फिरि हू कबहूँ-कबहूँ जब ये गीत कानन में पड़ें तौ इनकौ ऑरिजिन ढूंढ़वे की इच्छा है जाय। शब्द नैं कितनी लम्बी यात्रा तय करी है- दक्षिण सौं ब्रज और ब्रज सौं राजस्थान, शुद्धाद्वैत दर्शन कौ स्वरूप ब्रज में जा भोग, राग और शृंगार सौं वलयित करवे कौ काम कियौ तैलंग भट्ट विट्ठलनाथजी नैं वो ही आज या जाति के हर फर्म में कहूँ न कहूँ रचौ बसौ है। या रचावट बसावट में अब कितनौ दक्षिण रहौ, कितनौ ब्रज और कितनौ राजस्थानी- ये तौ सुधी शोधकर्त्तान के सोचिवे कौ काम है।

-प्रधानाचार्य

राजकीय सीनियर माध्यमिक विद्यालय, राजसमंद, (राजस्थान)

❑

मेवाड़ माँहि गविवे वारे ब्रज लोकगीत

-श्री दुर्गाशंकर यादव 'मधु'

या मेवाड़ भूमि आड़ावल की गोद में, जहाँ श्रीकृष्ण लीला के तीरथ राय सागर की पाल पै, प्रभु द्वारकाधीश, काँकरोली अरु श्रीनाथजी नाथद्वारा विराजमान हैं, ऐसे ब्रजधाम आँचल में वल्लभ सम्प्रदाय की महर ते, लीला धाम के नित नये उत्सव होयौ करें, जिनकौ भक्तजन दर्शन कर अपनौ जीवन सफल बनावें।

धर्म रक्षार्थ अरु औरंगजेब के आतंक ते बचवे की खातिर उत्तर प्रदेस ब्रजभूमि के गोकुल, मथुरा, वृंदावन आदि गाँवन ते अनेकानेक आयवे वारी जातिन में, कछू रूपन में या मेवाड़ आँचल में यादव समाज के बहुतेक नरनारी हू बसे भये हैं जिनकी ब्रज भाषा की ही खास पहचान है।

आज हू इनके परिवार समाज में प्रभु श्रीकृष्ण के मुखारविंद तैं बोली जावे वारी भाषा ही अमरता लिये भए हैं।

या समाज में व्याह-काज तीज-त्यौहारन में ब्रजभाषा ही सिरमौर है।

व्याह में गणपति वंदना या तरियाँ सौं है-

महाराज गजानन आजइयो
मेरे मंगलाचार करा जइयो। महा.....

यही नहीं पहलें जब तीन-तीन दिना तक बरात बेटीवारे के यहाँ ठहरती तब श्रीकृष्ण लीला कौ प्रसंग रुकमणि मंगल गायकें कलाकारन ते विवाह जैसे मांगलिक काम कूँ सफल मानते-जाकौ उदाहरण, मेरौ आँखन देख्यौ अरु कानन सुन्यों प्रसंग या तरियाँ सौं है-

शिशुपाल की बरात अपने पूरे ठाठ-पाट ते रुकमणि जी ए ब्याहवे आय गई है-पर रुकमणिजी की

लौ तौ प्रभु श्रीकृष्ण वर के ताँई लग रहो है। महलन में विप्र बुलाय कैं पाती लिख रही है-

बोली मंदरी बानी पाती लिख रही रुकमन रानी,
विप्र महलन में बुलाए जो
सिंह की सिकार प्रभु स्यार कैसें लिये जाय,
नहीं आओगे तौ मरूँगी जहर खाय।
देवकी के लाल तुम बिन रुकमन तजत है प्राण,
जसोदा के लाल, तुम बिन रुकमन तजत है प्राण॥

या तरियाँ सौं पूरी लीला गाई जावै और सरस्वती के भात की पातल कलाकारन कूँ दैकैं अपनौ काज सफल करतें।

ब्याह ते पहलें लड़की कौ पिता जब वर ढूँढवे ताईं जावै वो भाव या गीत की पंक्ति ते मिले-

वर ढूंढन वाके बाबुल चाले
मामल पै छाय गई उदासी बरनी कूँ वर कैसे मिलेंगे।
बरनी मेरी गेंदा-चमेली बरनी कूँ वर कैसे मिलेंगे....

याही तरिया सौं, लरिका के ब्याह में बरना गायौ जाय वो या तरियाँ सौं है-

बरना के सासरे ते चिट्ठी जो आई-2
बाँचो-बाँचो गिरधर लाल चिट्ठी सासरे ते आई
बरना के सासरे ते मेंहदी जो आई-2
राचो-राचो गिरधर लाल मेंहदी सासरे ते आई।

बड़यर बानी बरना-बरनी लम्बी टेर ते झोरी दै-दै कै गायवे लगें हैं। देव पूजन में धरती के देवता भोमिया कौ गीत हू गायौ जाय और धूप लगै, जैसें-

भोमिया तो सोवे महलन में वाय कौन जगावै जाय
ऐसौ बलधारी जोधा लाड़लौ जी-2
कै तौ जगावै वाकी गोरी जालम दे
कै जगावै वाकी माय।।
ऐसौ बलधारी....

बरात आयवे के पहलें भैया कौ मान रखवे खातिर बहना मायरो पहरे वाय भात बोलैं। ये भात के गीत या तरियाँ सौं हैं जैसें-

मेरे लछमन बीर भात घनेरौ लइयो
मेरे श्रवन बीर भात घनेरौ लइयो ॥

—

मत बरसै इन्दर लाल मेरौ रतन भतइया भींजै

—

भैया लै-लै रस की झनकार।
राजा की रोरी मेरौ भातइया।
भैया पहलें बड़े ससुर पहराय,
ससुर के संग सास पहराय।। राजा....

समय के फेर ते काऊ कारन भैया ना आ सकै या देर ते पहुँचै तौ ससुराल पक्ष के बहन ते ताना़कसी करें। वा भाव कौ एक गीत जैसें-

बहुअल तेरौ ऐसौ नकीलो बीर,
भात क्यों ना लैकैं आयौ री।
गोरी तेरौ ऐसौ नकीलो बीर।
भात क्यों ना लैकैं आयौरी।
जी! मेरे बाबुल गये परदेस
नायल की सरदा नाँय जी
जी! मेरौ बीरा थानेदार
भावज की चलता नाँय जी ॥ तेरौ.....

ऐसें ही आरती उतारें लड़का या लड़की की शादी में, वाय ब्रजभाषा में झारे झमके बोलें-

झारे झमकेन बरसैगौ मेह
झमकारे ना मांगर बाजने
वाकी भुआ करेंगी, आरती
तुम बैठौ लाड़ लड़ेऊ चौक......

बरात कूँ जिमावे बखत जौनार गाई जाय, जामें लड़की बारे की तरफ सौं विनम्रता कौ भाव जगै, और भारत की गौरव-गाथा की झलकी सुनवे कूँ मिलै जैसें-

राजा जनक दईए जौनार,
साजन आए हमारे द्वार।
गरीबी मेरी हरे-हरे लाचारी मेरी सहाय करियो।

शादी के राग रंग बहुतेरे हैं। रात जागरण में लम्बे-लम्बे गीत व प्रभाती, साँझ सही समय-समय में गाई जाँय। जामें प्राकृतिक वरनन समायौ भयौ है अरु प्रकृति के आनंद के संग ही जीवन कौ आनंद प्रारंभ होय। ऐसें ही बेटी की विदाई करते समय गीत गायौ जाए-जाकौ भाव या तरियाँ सौं है-जा विरियाँ विरह कौ वातावरन है जाए-

बाबुल अब की घड़ी मोय राखिले
मायल अब की घड़ी मोय राखिले।
धीयर नौ रे महीना राखी पेट में
धीयर अब मोपै राखी न जाय
दूल्है असवार बराती ठाड़े खेत में
लाड़ो अब मोपै राखी न जाय।

राम-राम के गीत ते बरात कूँ विदा करौ जाय-जैसें-

साजन राम-राम ते हेत हमें कछु चइए हूँ नाँय
एक पाँव दो पाँव समदी राम राम।

ब्याह में गारी गाई जाय जाकौ गीत या प्रकार सौं है। इन मीठी गारिन कौ कोई बुरौ ना मान सकै-

ये हरि ते गावैं गारी री जनकपुर की नारी,
इन गारिन कौ बुरौ मत मानो, कोई सास कोऊ सारो री
जनकपुर की नारी.......

या तरह सौं ब्याह के औरु गीत गाए जाएँ, जाकी छोटी-मोटी किताब बन सकै। थोड़े में खास-खास बानगी ही लई गई है।

या तरियाँ सौं विवाह इत्यादि के सांस्कृतिक कामन के अलावा ऊ बारह महीना तक के तीज-त्यौहारन के मौके-मौके पै भाव भरे गीत गाए जायें। जैसें दीपावली पूजन पै, गोवर्धन पूजा करते समय पूजा कौ गीत गायौ जाय-

गोर्धन जी के खेत में हो काना,
गाय चरावै नंदलाल।
मेरौ मन हर लियो हो,

कान्हा नटवर नंद किसोर।
काहे की तेरी बाँसुरी हो,
कान्हा काए के मौंचंग।
हरे बाँस की बाँसुरी हो,
राधे रूपे के मौचंग॥
मेरौ मन हर लियो हो कान्हा........

श्रावन महीना आवे के पहलें, नीम की निबौरी पकवे लगें तब गीत गायौ जाय-

पकी नीम की निबौरी
सावन बेगो अइयो रे॥

-

पिया साड़ी छपवाय दै मूँगे मोल की,
जापै अगल-बगल दादुर मोर,
घूँघट पै माना गूजरी॥

-

अंबुआ की डार पकर, गोरीधन क्यूँ खड़ी,
का तेरौ पीयर दूर कहा घर सास लड़ी।
ना मेरौ पीयर दूर ना रे घर सास लड़ी,
मेरे पिया गये परदेस अंदेसे में खड़ी॥

या तरियाँ सौं पावस ऋतु में या हरियाले खुशहाल वातावरण में अनेकानेक गीत गाये जाँय।
नव रात्रि के मौके पै माता जी के गीत गाये जाँय, लाँगुर हूँ गावैं जैसें-

ऊँचे भवन पै मैया बैठी जालम दे।
जिन नैं मेरे कारज सारे हो माय।
दूध कौ दूध मैया पानी कौ पानी,
बोलत अमृत बानी हो माय॥

याही तरह सौं लाँगुर कितेकऊ तरियाँ सौं गायौ जाय-भाव विह्वल हैकैं बइयर बानी नाचती हू जाँय औरु गावैं जैसें-

कैसें आयौ महल जनाने में बताय दै लाँगुरिया
मेरे ससुर की जुड़ै कचहरी

वहीं बुलाय लूँगी तोय
हाथ हथकड़ी पामन वेड़ी
मजा चखाय दूँगी तोय॥ कैसें.....

भगत लोग नवरात्रि में माता जी कौ जागरण करें तब सब देवतान कूँ सुमरें। पीरजो कूँ याद करें जैसें-

वाबा मेरौ मेंड़ी वैद्यौ, मुजरौ लेय,
पीर मेरौ मेंड़ी वैद्यौ, मुजरौ लेय,
कित्ती कोस तेरे दिल्ली आगरे, कित्ती कोस अजमेर।। वावा .....
साठ कोस तेरे दिल्ली आगरे, अस्सी कोस अजमेर॥ वावा......
साम्प्रदाइकता कौ मेल मिलाप ऐसे गीतन ते जाहिर होय।

याही तरियाँ सौं भरपूर मधु मास में फागुन में रसिया गाये जाँय-

राजा चलौ ना विरज में होरी ए,
कै मन घोरी कस्तूरी, कै मन घोरी गुलाल,
नौ मन घोरी कस्तूरी, दस मन भई गुलाल।
मैं रसिया नैं रंग में बोरी रे।। राजा.......

फागुन के मौके पै अनेकानेक श्रृंगार अरु रसिया गाये जाँय जैसें-

आज बिरज में होरी रे रसिया
होरी रे रसिया बरजोरी रे रसिया।
कौन-गाँव के कुँवर कन्हैया।
कौन गाँव राधा गोरी रे रसिया।। आज.....

नवेली काजर सारें, वा काजर कौ गीत, जैसें.....

मेरी अँगिया के बीच, रतन डिबिया रे-2
ढोला के दै तो चटक सुरमा सारूँ रसिया
सारूँ रसिया रे घुटाऊँ रसिया-ढोला.....

याही तरियाँ स्थानीय वातावरण कौ ऊ प्रभाव कितनेन पै परै -

मेरे सलुआ के बीच पीयर घहरो रे
हट मत करियो री ननदिया पीयर तेरौ री
मेरे सागर की पार झाँकी मंदिर की-2
ठंडी आवै ढोला लहर समन्दर की।

याही तरह सौं विरछन के महत्व कौ गीत युवती गावैं जैसें-

वारे रसिया अंगना में, लीमरली लगाय दीज्यो
या लीमरली की शोभा जब लागै
याकी गहरी-गहरी छैंया होय। वारे रसिया......
व्रज भाषा में युवक प्रौढ़ भजन गामें, जैसें-
भंवरा बन के मजा उड़ाय लै,
गेंदा बड़ौ हजारी फूल॥
बड़ौ हजारी फूल, गेंदा

-

करनी कर पार उतर जायगौ, करनीकर......
आकासन तक, सीढ़ी बनी है, सिढ़ियन-सिढ़ियन चढ़ जायगौ, करनीकर..........

भजन

मेरे सतगुरु दइए बताय
दलाली दलूलालन की
हीरा पर्यौ बजार में रे रेतन में लुड़काय,
मूरख ठोकर दै गए रे,कोक चातुर नैं लियौ है उठाय॥ दलाली............

-

वारे जोवना तेरे रहे ते मेरौ मान दगा मत दीज्यो।
तू है तौ गोरी लगै सुहानी, रसवन्ती मनुहार॥ दगा......

प्रभाती कौ गीत-

उठौ हो सुहागल नारी झार डारौ अँगना
झार डारौ अँगना बुहार डारौ अँगना।
पथ के पथिक चालैं पंछी चालैं चुगना॥

या तरियाँ सौं व्रज भाषा लोक संस्कृति के जीवन में समायी भई है और ये ब्रजराज के रास की तरियाँ सौं ही अमरता प्राप्त करै है।

-कांकरोली (राजस्थान)

ख्याल-लोकगीत : एक झलक

-डा. डी.एल. शर्मा

ईसा ते कोई एक हजारवें साल के पाछैं तुर्की-भाषी तुर्कन नैं भारत हिया पंच-नद-प्रदेश पै अपनौ अधिकार स्थापित कर लीनौ। उननें छः सात सौ सालन तक राज करते-करते खुद अपने आपकूँ और संगई अपनी भाषा अरु संस्कृति कूँ भारतीय संस्कृति एवं भाषान के संग या प्रकार सौं मिश्रित कर दीनौ कै कहूँ-कहूँ तौ बिनकौ अलग-अलग पहचानबौ हू कठिन है जाय।

गजनी, गौर और मुसलमान बादशाह अरु भारत में मुगल सासन की नींव डारबे वारे बाबर कौ वंश तुर्की ही हतो। इस्लाम धरम और ईरानी सभ्यता के प्रभाव के कारन उत्तर भारत में मुसलमानी साहित्य की भाषा फारसी है गई और धरम की भाषा अरबी रही। इन दोनूँ भाषान के सब्दन नैं हिन्दी-साहित्य के महल कौ निरमान करबे में बड़ौ ही महत्वपूर्ण काम कीनौ। हमारे साहित्य के संगई वे हमारे जन-जीवन मेंऊ रमि रहे हैं और हिरदे के भावन कूँ व्यक्त करबे के काजैं काम में आवैं। इनई सब्दन में ते अरबी भाषा कौ एक शब्द है-"ख्याल।"

'ख्याल' अनेक रूपन में हमारे सामईं आवै है। ख्याल आवै, जावै, चलै, जनै, बिगड़ै, बनै, उतरै रहै और न जानै कौन-कौन रूपन में हमकूँ दीखै। या ख्याल कौ लगाव भाव, बिचार, मनोवृत्ति, स्मृति आदि ते मानौ जाय जो काऊ मनोवैज्ञानिक की विवेचना कौ विषय होय। इहाँ तौ हम लोकगीतन के रूप में प्रचलित ख्याल की झलक प्रस्तुत करिंगे।

लोकगीतन के विवेचन और न्यारी-न्यारी छाँट करिबे के काजैं बड़े-बड़े अधिकारी विद्वानन नैं अपने श्रम और शक्ति कौ खूब उपयोग कीनौ है। बिनमें डॉ. सत्येन्द्र, श्री रामनरेश त्रिपाठी, डॉ. श्याम परमार, डॉ. कृष्ण बल्देव उपाध्याय, श्री सूर्यकरण पारीक आदि के नाम लिये जा सकैं। इहाँ हम डॉ. सत्येन्द्र की लोकगीतन कौं दई भयी परिभाषा ते पूरी तरियाँ सहमत हैं जाके अनुसार-

"लोकगीत वह गीत है जो लोक मानस की अभिव्यक्ति हो अथवा जिसमें लोकमानसाभास भी हो।"

'ख्याल' लोकगीत कूँ डॉ. सत्येन्द्र नैं ग्रामीण मुक्तक लोकगीतन में रसिया, होरी आदि के संग तथा साधारन लोकगीतन में नागरिक ख्याल, स्वाँग के संग राख्यौ है। हमारौ अभिप्राय यहाँ पै खासतौर ते ग्रामीण मुक्तक लोकगीतन सौं ही हतै, जो राजस्थान के करौली, भरतपुर, हिण्डौन, दौसा आदि ठौरन के ओर-पास के गामन में अरु कहूँ-कहूँ कस्बान तक में गाये जामैं। इनकूँ ख्याल (हेला) के नाम तेऊ पुकारौ जाय।

'ख्याल' की 'तुर्रा' और 'कलंगी' दो न्यारी न्यारी शैली होंय, जिनमें शिव कूँ मानवे वारे ख्यालबाज 'तुर्रा' शैली कूँ और शक्ति कूँ मानवे वारे ख्यालबाज 'कलंगी' शैली कूँ अपनावैं। ये 'ख्याल' करौली आँचर में खासतौर ते प्रचलित हतैं। इनकौ वाद्य 'ढफ' होय। जबकि और स्थानन पै 'ख्यालन' कौ वाद्य 'नगाड़ौ' (व्रजभाषा-भाषी जायै बम्ब कहैं) होय। डॉ. सत्येन्द्र नैं ख्यालन के काजैं वाद्य ढफ, बेला अरु हारमोनियम मानौ है। परि हमारे विवेच्य ख्यालन में मुख्य वाद्य नगाड़ौ है। संभव होय कै वर्गीकरन करिबे के वखत डा. साहब की निगाहन में या आँचर के ये 'ख्याल' नाँय आये होंय कै बिननैं 'ख्यालन' कूँ तुर्रा, कलंगी या काऊ और सीमा तक सीमित कर दीनौं होय। इहाँ हमारौ तुर्रा और कलंगी की और शैलीन ते कोऊ प्रयोजन नाँय।

हमनैं 'ख्याल' के संग 'हेला' शब्द कौ उल्लेख कीनौ। 'हेला' संस्कृत कौ तत्सम शब्द है, जाकौ सम्बन्ध नायक ते मिलन के समै नायिका की विनोद-सूचक क्रीड़ा की मुद्रा ते अथवा हाव-भावन के एक प्रकार ते है। या दृष्टि ते 'ख्याल' लोकगीतन में प्रेम-क्रीड़ा या श्रृंगार कौ प्राधान्य रहनौ चहिए। किन्तु ऐसौ नाँय होय। फिर जो जनता अरबी फारसी के प्रभाव ते संस्कृत कूँ भूलती जाय रही होय वाकूँ अरबी शब्द 'ख्याल' के संग संस्कृत के 'हेला' शब्द कौ जोरिबौ जँचै नाँय। तबई तौ या हेला कौ सम्बन्ध बोलचाल की भाषा में "हल्ला" चल निकसौ। हल्ला कौ अर्थ होय हाँक-पुकार या शोरगुल। साँची पूछौ तौ जिही अरथ इन गीतन की विशेषता कौ द्योतक है। या कारन ते ई इन्हें 'हेला' के 'ख्याल' कौ नाम दीनौं, क्योंकि इनके गायबे में एड़ी चोटीन कौ पसीना एक है जाय और इनकूँ चिल्लाइ कैं ही गायौ जाय। धीरैं-धीरैं याके सरूप मेंऊ परिवर्तन है रह्यौ है।

लोकगीतन में टेक, तोड़, भरती, मोड़ आदि कौ प्रमुख स्थान होय। 'ख्याल' हू इनते ही पूर्णता कूँ प्राप्त करै। 'ख्याल' कौ जनम कब भयौ, याकी परम्परा कब ते चालू भई या विषै में कछू नाँय कहौ जा सकै। हाँ, पिछली कैई सदीन ते इनकूँ जन-मानस कूँ आनन्द-सागर में डुबायबे कौ श्रेय दियौ जा सकै। यदि हम 'ख्याल' शब्द कूँ गौर सौं देखें तौ याकौ प्रचलन मुसलमानन के भारत में आयबे के पाछैं ही भयौ होगौ। ऐसौ अनुमान होय कै 'ख्याल' लोकगीतन कौ विशेष प्रचार बादशाह अकबर के

शासनकाल में मुगलन की भाषा अरु बिनकी संस्कृति के भारतीय जन-मानस में एकमेक है जाने के पाछैं ही भयौ होयगौ।

'ख्याल' कौ खिलाड़ी नगाड़े कौ वादन करतौ भयौ जब अपनी मीठी-मीठी बानी ते वायु मण्डल कूँ गुंजाय रह्यौ होय, ता समय सुनवैयान कौ मन, मोरन की नाँईं नाचिबे लग जाय और येऊ या गवैया के संग-संग अपनौ सुर मिलायबे कूँ उत्कंठित है जाँय। इन गीतन के गायबे ते पहलेंई चारों दिसान कौ वातावरन बड़ौ मनमोहक है जाय। सुनवैया आनन्द सौं झूम उठैं। फिर रह-रह कैं यू वातावरन कबहूँ शान्त है जाय तौ कबहूँ उत्तेजना भरौ बन जाय। ऐसौ लगै मानौ मद की सरिता लहराय रही होय और अपनौ पूरौ प्रभाव दिखाय रही होय।

इन लोकगीतन ते भारत के जन-जन के हिरदे माँहि समाये भये, संगीत, साहित्य और कलान सौं गहरी अरु विशिष्ट अभिरुचि कौ पतौ चलै है। वह बिना पूँछ-सींग के पशु की भाँति साहित्य, कला अरु संगीत ते विहीन नाँय जैसौ कि कछू सयाने और चतुर लोग गामवारेन कूँ समझबे की भूल करौ करैं।

इन लोकगीतन की विषयवस्तु महाभारत, रामायण अरु न्यारी-न्यारी पुरान कथान सौं राई जाय। भारत कौ लोकमानस अति प्राचीन काल तेई इन परम पावन ग्रन्थ-सागरन में ते अपने गीतन की कथनी ढूँढ़तौ भयौ अपने भाव और भाषा के परिधान पहरामतौ रह्यौ है। इन गीतन के माध्यम ते करुण, शृंगार, वीर और शांत आदि अनेक रसन की सृष्टि भई है पर करुण रस की धारा ही अधिक प्रबल रूप ते प्रवाहित भयी है। जे गीत गज, द्रौपदी, सरवन कुमार आदि की आर्त-पुकार ते भरे हैं। याही कारन ते इनकूँ लोकभाषा में *"करुना के गीत"* कह्यौ जाय।

गज-मोक्ष की कथा और गज की करुन पुकार एक अति प्रसिद्ध प्रसंग मानौ जाय। या प्रसंग के बेर-बेर बरनन करिबे ते भक्तन के हिये में सान्त्वना अरु आशा कौ संचार होय अरु अपनौ-उद्धार हैबे की प्रेरना कूँ बड़ौ सहारौ मिलै। गज-मोक्ष कूँ कथबे वारे एक ख्याल की नीचे लिखी पंक्ति देखबे जोग हैं-

ए गज टेरत-टेरत हारी जो सुन म्हारी
पधारो क्यों ना गिरधारी।
तिलभर सूँड़ रही जल ऊपर
टेक-तिल भर सूँड़ ....
संकट पड़ रह्यौ भारी.........

महाभारत युद्ध के बीच ई एक पक्षी टिटहरी (लोकभाषा में टींटोड़ी या भारई) के अन्डान की रक्षा की कथा लोक-गायक या तरियाँ ते गावै-

ए तुम विन कौन तौ हरैगौ रे, विपति बिहारी
टेक-ए विपति विहारी.........
भारई करै पुकार, करुना सुन जो कृष्ण मुरारी
मेरे बच्चान के प्रान, अब तौ आन बचा भगवान
देऔ टीटोड़ी पै ध्यान मैं तौ कह हारी।

पक्षी की करुन पुकार कूँ लोकगीतकार नैं कितेक सरलता, सहृदयता अरु मार्मिकता ते व्यक्त कीनौ है। जा प्रकार सौं लड़ाई में लगे कौरव-पाण्डवन की सेनान के बीच में बिना धनी-धोरी पड़े अन्डान की रक्षा भगवान नैं करी ताकौ स्मरन करकैं लोक कवि कछु औरहू भगतन की कथान कौ बरनन करतौ भयौ तुलसी अरु सूर के सुर में सुर मिलातौ भयौ कहै है-

तुमनें ही तौ उबारे गजराज, जल डूबत अरजी कर दई।
तुमनें द्रौपदी लज्जा राखी, सब जग दै रह्यौ याकी साखी॥
बाहु दुशासन की थाकी, सारी बढ़ी भारी।
वस्त्र रूप धरि लियौ श्री कृष्ण मुरारी॥

अनेक ख्यालन में महाभारत ते पांडवन की जुआ में हारबे की, अज्ञातवास की अरु युद्ध ते जुड़ी अन्य अनेक कथान कूँ ग्रहन कियौ गयौ है। याही प्रकार सौं रामायन ते सरवन कुमार, राम-वन गमन, विश्वामित्र यज्ञ, केवट, शबरी, सुग्रीव, अशोक वाटिका-विध्वंस, अहिल्या कौ उद्धार आदि अनेक प्रसंगन कूँ लियौ गयौ है। विस्तार भय ते बिन सबन की चरचा करिबौ संभव नाँय।

रसराज श्रृंगार कूँ इन लोकगीतन में उचित स्थान मिलौ है। श्रृंगार के दोनूँ पक्ष संयोग अरु वियोगन की झाँकी इन ख्यालन में देखवे के काजैं मिलै। इनमें सीधे-साँचे नायक-नायिकान के संयोग-वियोगन के मन हरबे वारे वरनन के संगई-संग, उषा-अनिरुद्ध, गोपी-कृष्ण, पूरनमल-फूलनदे आदि प्रेम-कथान में संयोग के संग वियोग कौ अधिक निखरौ रूप देखौ जा सकै। ऊषा-अनिरुद्ध की प्रसिद्ध प्रेम-कथा तौ पहलेंई सूफी कविन नैं लिख दई हती। वाही भाव-धारा कूँ ख्यालन में देखकैं ऐसौ लगै कै इन ख्यालवाजन की दृष्टि बड़ी दूर-दूर ते कथानक ढूँढ़ कैं लावै।

श्रृंगार की एक मधुरिम झाँकी वा गीत में दीखै है जामैं एक प्रिया अपने प्रियतम सौं अभिसार करनौ चाहवै पर वाके सोवे की ठौर अरु वाके बीच परिवार के लोग सोय रहे हैं, तौ बू बिचारी विवस है जाय। संगई चंदा कौ प्रकास चारौं दिसान में बिखर रह्यौ है जिहू बड़ी बाधा हतै। कहूँ अँधेरौ हौंतौ तौ अटारी चढ़िकैं चली जाती। जा कारन बू अपनी बा विषम स्थिति कौ बरनन या प्रकार सौं करै है-

ए चन्दा छिप क्यों न जावैरे, कारी सी बदरिया में?

प्रत्युत्तर में सखी कहवै-

चन्दा देखि कैं छिपैगौ री, आलो अर्घ दैलै आँगन में।

यहाँ सखी नैं चन्दा के छिपवे कौ उपाय अर्घ दैबौ यतार्कैं यड़ी बढ़िया युक्ति बनाई कै चन्दा लज्जित हैकैं छिप जायगौ। नायिका कौ सौन्दर्य चन्दा कूँ हीन बना देय ऐसी काव्य-रूढ़ि प्रचलित है, याकौ प्रयोग श्री मैथिलीशरण गुप्त नैं 'पञ्चवटी' काव्य में सीता-सौन्दर्य-वरनन में या प्रकार ते कीनौ है-

'यह मुख देख पांडु सा पड़कर,
गया चन्द्र पश्चिम की ओर।'

याही ख्याल में आगे चलकैं काव्यन में प्रसिद्ध उपमानन के माध्यम ते यौवन-वसन्त ते भरी या नवोढ़ा नायिका के रूप-सौन्दर्य की छटा या प्रकार सौं बिखेरी गई है-

रथ-पथ छदनन पै सवार, करते विहँस भ्रमर गुञ्जार
झुक-झुक परत लता औ डार, तोसौं लिपटन में।

-

नाभी सरस निहार, सप्तऋषि कामातुर तारागन में।

-

चोटी नागिनयान, छटा पै हरपै विद्युत मन में।

'ख्यालन' में वीर-रस कौ परिपाक हू भली-भाँति भयौ है। महाभारत के अनेकन युद्ध-प्रसंग, *आल्हा-ऊदल आदि* कौ कथानक ओज-गुण ते भरौ भयौ है, जामें भाव प्रमुख होय और शब्द गौण है जाँय। जब श्रृंगार पै वीरता की जीत दिखाई जाय तौ गीत औरहू सुन्दर बन जाय। उदाहरन के काजैं एक आपसी संवाद ते युक्त 'ख्याल' दैखौ जा सकै जामें एक वीर की प्रेयसी अपने पति कूँ अपने यौवन-बसंत ते भरी पूरी शरीर-वाटिका कौ लालच दिखायकैं युद्ध में जावे ते रोकवौ चाहै पर वीर पति रण-भूमि जावौ ही सही समझै-

स्त्री-

पहले जोवन जंग मचाऔ, पीछे दरबार में जाऔ।
अब मोहि हँसि कै कंठ लगाऔ, जाऔ परभात में।
जाऔ परभात में.............(टेक)
ऋतु पै पके हैं नींबू, नारंगी, अनार

मत जाऔ! मानों कहन आधी रात है।
अरे हे रे! जोवन लहर-लहर लहराय, लूटौ सेजन पै
सेजन पै........................(टेक)

वीर पुरुष-

अव तौ सुन ले मेरी प्यारी, क्यों करती है मेरी ख्वारी
तू है रजपूतों की नारी, डरपौ रे अब दिल में।
पहले वादशाह को मारूँ, फिर मुगलन कूँ पकरि पछारूँ
पीछे सेज तेरी पग धारूँ, नारी, हे! सुन प्यारी!

ख्यालन में अन्य साहित्यिक प्रवृत्ति हू पाई जाँय। खुसरो अरु कबीर जैसी बूझ पहेली, या कहमुकरी बड़ी चकित करिवे वारी हैं। खेलबे की चौपड़ कूँ लक्ष्य करकैं बाकूँ एक अनौखी नारी कौ स्वरूप प्रदान करकैं एक रहस्य ते भरी अटपटी पहेली सी बनाकैं कही है-

एक नारि हमर्नें जो देखी, मुख से बोलै सीस बिना।
टूँड़ी तीन बनी कन्या के सोलह सीस बिचारी के।
एक-एक मुख में नौ-नौ जिह्वा पुरुष नहीं बा नारी के।

पौराणिक प्रसंगन कूँ लैकैं अनेक रहस्यन भरे गीत लिखे गये हैं, जिन में निरगुन-पन्थीन की जिज्ञासा प्रकट भयी है। आदिशक्ति सृष्टि के सृजन कौ केन्द्र-बिन्दु हतै अरु सगरौ संसार वाही कौ रूप प्रसार हतै। नीचे एक 'ख्याल' में जी बिचार या भाव कूँ प्रकट करै-

अरे हे रे, चतुर नारि कैसी बनि आई।
अरे, धरती कौ यानैं कियौ घाँघरौ, अम्बर फरिया पहर्याई।
शेष नाग कौ नाड़ौ कीन्यौ, इन्दर बिछुआ पहर्याई।
अजी ए, अजी हो ....(टेक)
अरे, महादेव कौ सुरमा सार्यौ ब्रह्मा बैंदी दै लाई
मैं तोय पूछूँ सुघर खिलारी, चतुर नारि कहाँ ते आई?

या प्रकार ते सैकड़ान प्रश्न ख्यालबाजन नें पुरानन में ते लिए जो बिनकी रहस्यमय प्रवृत्ति कूँ बतावैं। ख्यालन में ऋतु-वरनन, नगर वरनन अरु समसामयिक प्रसंगन मैंऊ घनी मात्रा में लोकगीत मिलैं हैं।

'ख्याल' लोकगीतन में लोकभाषा कौ ही प्रयोग भयौ है। इन गीतन में बहुतेरे शब्द और क्रिया ठेठ बोलचाल की भाषा के लीने हैं जैसें-दीजौ, याकौ, चक्काबू (चक्रव्यूह) भयौ, समन्दर, तिरलोकी,

परभात, सेज, जमुना आदि। इनमें तद्भव शब्द जादा हैं। बोलबे की सुविधा के कारण संयुक्त शब्द तोड़-मरोड़ कैं काम में लीने हैं। प्राय: दन्त्य 'स' कौ प्रयोग होय। भाषा में प्रसाद, माधुर्य अर ओज गुण मिलैं।

साहित्य अरु लोकशैली के अनेक छन्द ख्यालन में मिलैं। अनेक अलंकार स्वाभाविक रूप सौं आ गये हैं।

संक्षेप में कहैं तौ ख्यालन कौ ख्याल हम सबन के ख्यालन में रमि जायगौ अर [illegible] कै साहित्यवाटिका कूँ सुरभित करैगौ।

-प्राचार्य
उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान
गांधी विद्या मंदिर, सरदारशहर

□

घर में सुंदर नारि बलम तोहि परनारी भावै

-श्री मोहन स्वरूप भाटिया

ब्रज भूमि में काऊ गाँम या नगर माँहिं हैकें निकसि जाऔ। संयोग सौं कहूँ कुआ पूजन है रह्यौ होय या ब्याह-बरौंद, बैयरवानी लुचाय लुचाय कैं या गीत कूँ गामती मिलिंगी- 'घर में सुन्दर नारि बलम तोहि परनारी भावै'। जि गीत न तौ राधाकृष्ण की लीलान सौं संबंधित है, न जि देवी-देवतान की स्तुति है। या गीत में सम्पन्न हैवे वारे उत्सव के अनुरूप भाव हू नाँय।

या गीत की तौ लीला ही विचित्र है। जि गीत अपने अन्तर माँहिं न जानैं कौन-कौन सी व्यथा-कथान कूँ सँजोए भए है। पतौ नहीं यामैं इतिहास कौ कौन सौ पन्ना बिना पढ़े रह गयौ है। न जानैं कौन से युग कौ स्वर मुखरित हैकैं मौन पड़ौ है? पतौ नहीं या गीत में नारी की कौनसी अन्तर्भावना उमड़-घुमड़ रही है, या मानव प्रकृति कौ एक सदा-सदा कौ सत्य चुनौती दै रह्यौ है? नृतत्व विज्ञान के तांई जहाँ या गीत में कैई अंसन में एक अनुत्तरित सवाल है वहां भावुक और संवेदनशील मनन के ताँई रस की सृष्टि होय और चंचल-चपल उच्छृंखल मनन में उत्तेजना की विचार सृष्टि।

गीत कौ अपनौ साहित्यिक वैभव हू है। प्रतीक सौं प्रारम्भ भयौ है जि गीत। पहली पंक्ति है-

चिड़ी तोय चामरिया भावै।
घर में सुन्दर नारि बलम तोहि परनारी भावै॥

चिरैया कूँ चाँवर अच्छे लगनौ स्वाभाविक है। पर, घर में सुन्दर नारि होय तौ पति कूँ दूसरी स्त्री अच्छी लगनौ का स्वाभाविक है? स्वाभाविक नाँय होय तौऊ जि अस्वाभाविकता जहाँ एक ओर पुरुष वृत्ति की परिचायक है, वहाँ दूसरी ओर यामें युग-युग सौं कुंठित नारी कौ करुण क्रन्दन हू है। महापंडित राहुल सांकृत्यायन नैं मेरे टेप रिकार्डर पै जि गीत सुनौ तौ एक संग कह उठे, "इस गीत की केवल एक

पंक्ति में उसके रचयिता ने एक बहुत बड़ा सूत्र दे दिया है। एक प्रश्न दे दिया है, उत्तर के लिए, एक समस्या दे दी है, समाधान के लिए। ''

पूरौ गीत याही तरियाँ की दो-दो पंक्तिन में गुँथकैं माला बनतौ चलौ जाय। प्रतीक कौ सहारौ लैकैं गीत की अगली पंक्तीन में मान्सन द्वारा महिलान के प्रति करे जावे वारे अत्याचारन कौ चित्रन और संग में पूरी पुरुष जाति के झूठे और नारि जाति के सच्चे हैवे की बात कितने कम सब्दन में कितनी सरसता सौं कही है-

मटर पै अधर चलै चाकी, मटर पै अधर चलै चाकी।
लोग बड़े बदमास, लुगाई घर-घर की साँची॥

मटर के दानेन पै चक्की चलवे की बात कहकैं यह बात कही है कै जैसें मटर के दाने पिस जाँय ऐसें ही नारी मान्स के अत्याचारन सौं पिसै। लोग बहुत बुरे होंय जब कै लुगाई साँच बोलैं, साँचे आचरन करैं।

पति-पीड़ा सौं पीड़ित नारी की वेदना अगली पंक्तीन में देखौ-

हर्यौ नगीना आरसी सो कोई ऊँगरी में दुख देइ।
ऐसे के पालैं परी सो कोई हँसै न उत्तर देइ॥

जाकौ मतलब है जैसें हरौ नगीना आरसी में जड़ौ भयौ ऊँगरिया कूँ कष्ट दे ऐसैं ही पति पीड़ा देय। ऐसे अरसिक पति के संग निर्वाह कैसें होय जो न हँसै और पूछवे पै न कोऊ उत्तर देइ।

छै छल्ला छै आरसी सो कोई छल्लन भरी परात।
इक छल्ला के कारनैं सो मैंनें छोड़े माई बाप॥

यामें पति के संग जीवन बितावे की बात कही है। पीहर में तौ छै छल्ला, छै आरसी और छल्लन की परात भरी भई यानी आभूषनन कौ ढेर हौ पर पति के एक छल्ला के ताँई पति के संग दाम्पत्य जीवन बितावे कूँ माई-बाप तक छोड़ दिए।

या तरियाँ गीत की इन दो पंक्तीन में पति के प्रति अगाध प्रेम दरसायौ है। पति कूँ प्रेम करवे वारी, सर्वस्व न्यौछावर करवे वारी जब अपने पति कूँ पराई स्त्री के आकर्षन में बँधौ देखै तौ वाकौ फरियाद उठनौ सहज है, स्वाभाविक है। वह यह सवाल पूछ उठै कै घर में सुन्दर नारि हौते भए हू हे पति, तोय पराई नारि क्यों मन भावै? यह सवाल कल हू विना उत्तर रह्यौ। आज हू विना उत्तर कौ है और मानव मन की अन्तर व्यथा कौ सूक्ष्मतम विश्लेषण करबे वारे अन्वेषकन के सामहैं न जानैं कब तक यह प्रश्न-

चिह्न बनकैं बिना उत्तर खड़ौ रहैगौ। जो हो , सो हो, पर आजहू ब्रज के गिरारेन में, घरन में ब्रज बनितान कौ जि चुनौती भरौ स्वर गूंज रह्यौ है-

घर में सुन्दर नारि बलम तोहि परनारी भावै।

-ज्ञानदीप
डेम्पियर नगर, मथुरा।

❑

ब्रज कौ झूलना साहित्य

-श्री गोपाल प्रसाद मुद्गल

बरसत है रस माधुरी, ब्रज अंचल के मांहिं।
याही सौं या धरा पै, ब्रज सौ दूसर नांहिं।
ब्रज सौ दूसर नांहिं, गीत गावत नर नारी।
लोकगीत मन हरत, लगत मिसरी सी गारी।
सुनि रसियन की तान, सबन के तन-मन हरसत।
साज बाज बिन अजहु, झूलना में रस बरसत॥

झूलना में रस बरसै। झूलना मीठौ लगै। बिना साज बाज के हू झूलना मन हरले। झूलना सुनिवे कूँ लोग खिंचे चले आवैं। मन ते आवैं। झूलनान के बीच रात-रात रहैं। झूलनान में एकम एक है जावैं।

झूलना गायक बड़े उतार-चढ़ाव ते गावैं। गामते-गामते वे मीठे-मीठे झोटा से दैं। श्रोतानैं अपनी मीठी-मीठी गायकी सौं झोटा दै दैकें झुला से दैं। याही सौं या छन्द कौ नाम झूलना परौ है।

श्री रामनारायण अग्रवाल कौ माननौ है कै यह छन्द पिंगल के त्रोटक छन्द के निकट है। पर, झूलना के अन्त्यानुप्रास की छटा में जो सुन्दरता है बु त्रोटक छन्द में नाँय मिलै। या गायकी के प्रारम्भ में एजी और अन्त में जी हू लगायकैं गावैं।

झूलना गायकी यों तौ अन्तरप्रान्तीय विधा रही है फिरऊ ब्रजप्रदेश में याकौ तूती सबके सिर पै चढ़कैं बोली है। झूलना की भाषा, अलंकार और कलात्मक गुम्फन सदा गौरव सौं मंडित रह्यौ है। याही सौं याकूँ साहित्यिक विधा कौ गौरव मिलौ है।

झूलना छंद के कई रंगत और रूप होंय। याके प्रत्येक चरण में अन्त्यानुप्रास एकई पंक्ति में जोड़े

जाइवे सौं या छन्द कौ सौन्दर्य औरहू बढ़ जाय।

झूलनाकारन कौ कहनौ है कै 250 बरस पहलैं या गायकी की बड़ी धूम ही। सन् 1940 तक यह गायकी चलती रही। पहलैं झूलनान के अखाड़े हौंते। ब्रज के गाँव-गाँव में झूलना गाए जाते। खुर्जा, हाथरस, कामां, डीग, भरतपुर, मथुरा, कोसी, होडल, बंचारी, आगरा, सौंख तौ ता समैं झूलनान के गढ़ है। इन ठौरन पै झूलना दंगल वाही तरियाँ हौंते जैसें रसिया और भजन-जिकड़ीन के दंगल हौंय।

या छन्द के साहित्य नैं इतनी लोकप्रियता पाई कै हाथरस के स्वांग कलाकार राय मुरलीधर जी नैं या छन्द कौ प्रयोग अपने स्वाँगन में बहुतायत सौं कियौ। वा समै बहरतवील कौ पतौ नाहौ। बहरतवील के आते ही स्वांगन में ते झूलना छन्दन नैं अपने हाथ-पाँव समेट लिए।

स्वांगन में झूलना छन्द कौ प्रयोग उस्ताद इन्दरमल जी नैं कियौ। इन्दरमल पं. नथाराम गौड़ के दादाभाई गुरु हे। इन्दरमलजी कूँ पं. नत्थाराम गौड़ के गुरु चिरंजीलाल लैकैं आए। यहाँ विन्नै झूलनान के स्वांग रचे। उस्ताद इन्दरमलजी पढ़े लिखे नाँए। वे बोलते जाते और विनके चेला उतारते जाते। इन्दरमलजी हाथरस ज्यादा दिन नहीं रहे। वे चिरंजीलाल कूँ आसीस दैकैं चले गए। झूलना लेखन कौ सुर मंदौ परि गयौ। या तरियाँ या सहित्य कौ सृजन कम है गयौ।

हाँ, स्वांगन में झूलनान कौ प्रयोग दो तरियाँ सौं लाभदायक रहौ। एक तौ कथानकन की सोभा बढ़ी। दूसरे कथानकन कूँ आगैं बढ़वे की एक कलात्मक विधा हाथ लगी। इन झूलनान में ब्रज कौ प्राकृतिक सौन्दर्य, सामाजिक रीति-रिवाज, आमोद-प्रमोद, रहन-सहन, पौराणिक आख्यान और ब्रज रज सौं लैकैं स्यामास्याम की ललित लीलान कौ समावेस प्रमुख रूप सौं रहौ। इनमें जैसौ कलात्मक सरूप दिखाई दे वैसौ अन्यत्र दुर्लभ है। दो चार दिना पहलैं भाई भगवानदास बजाज झूलना गायक कामां वारेन सौं बातचीत में एक झूलना हाथ लगौ। झूलना में अनुप्रास की छटा और कलात्मकता देखौ-

आलू, अलीचा, अंजीर, अदरक, अखरोट, अरबी अमरूद खाओ।
आड़ू, आमरे, अनार अव्वल, अंगूर अच्छे अकल लड़ाओ।
आमी-आमी की अलग-अलग दर, आला आचारी अमरस बनाओ।
अगर अदा अपनी आप राखो, अठंग ऐते अमल में लाओ।

या झूलना में 'अठंग' शब्द अमल में लावे की कही है। यानी हर पंक्ति में आठ बेर 'अ' वर्ण के आ जाइवे की बात बताई है। झूलना लिखिवे के ताँई एक पद्धति, रीति और रचना-प्रक्रिया के दर्सन कराए हैं।

कामाँ में स्व. गोपाल प्रसाद पुजारी झूलनान के बारे में बतायौ करै हे कै सन् 1940 के आसपास तक झूलनान के दंगल हौंते रहे पर अब तौ खतम से है गए हैं। विन्नैं पुराने दिनान के किस्सा सुनाए।

कबहू-कबहू बरातन में जनवासे में ही झूलना शुरू है जाते। दंगल रुप जाते। हल्ला मच जातौ। दूर-दूर ते झूलनाकार बस्तान नैं लैकें आ जमते। जब तक दंगल नहीं सुरझतौ तब तानूं बरात बिदा नहीं हौंती।

झूलना साहित्य के रचयिता स्व. श्री पन्नीलाल जी के सहित्य कौ अवलोकन करवे कौ औसर मिल्यौ। पहलें दंगलन में अपनौ परिचय दैते। बिनके झूलना में बिनकौ परिचै देखौ-

बरसाने नंद गाँव के निकट कामयन धाम।
तहाँ दास की झोंपड़ी, मुरसद सालगराम।
मुरसद सालगराम, के सागिर्द हैं लड़ाके सभी,
सामलिया सुखनंदन करते कविताई का काम हैं।
लाला चिरंजीलालजी दिमाग ते निकारें चाल,
बिनकी रंगत सुनकें, नुगरे चक्कर खांय तमाम हैं।
जुगल गुपाल पन्नालाल हैं इष्ट मित्र,
हरफन में हुरियार, नुकता चीनी में सरनाम हैं।
द्विज परसादी लाल जय गोपाल राधेश्याम कहैं,
जनता को जय हिन्द, सब गुनियों को राम-राम है।

बड़ी विनम्रता सौं बात शुरू हौंती पर ठन जाती तौ यहाँ तक कह बैठते-

मिसरी कौ ढेला हूँ नहीं, पी जाय जिसको घोल जी।
जितने खिलाड़ी हैं जमा, सब खेल लो दिल खोल जी।

झूलना साहित्य में राधाकृष्ण विषयक झूलनान की अधिकता दिखाई परै। नंद के आंगन में आनंद की झाँकी देखौ-

नंदराय के द्वार, बंदी बोलें जै-जैकार,
ताजा मालन के भंडार पूरी भंडारी कूँ मालकी.
गोपी लाईं चाव, नाचें दिखा हाव अरु भाव,
बाजे बजत अनूप घोर संखन की अरु घड़ियाल की।
कंसा कूँ ना चैन, चिंता रहवै है दिन रैन,
लीनी पूतना बुलाय, दहसत गालिब काल कराल की।
पन्नी है परसंद, भजौ सभी जै गोविंद
भए नंद कै आनंद, बोलौ जै कन्हैया लाल की।।

स्व. श्री पन्नीलाल कौ 'राधाबाग' एक अद्भुत रचना है जामें स्यामसुन्दर मालिन कौ रूप धरकें

वरसाने राधाबाग जामैं। मालिन के रूप में स्यामसुन्दर कौ सिंगार देखौ-

शैर-

ब्रज में नित नई लीला करैं भगवान मुरारी हैं
दंत धावन धरौ मिस्सी, सुगन्धी केस डारी है।
उवटना मलकैं तन धोया, किए असनान पुन उज्ज्वल।
आइना सामने धरकर, माँग मोहन संवारी है।

झूलना-

मोहन रचिपचि माँग सँवारी, चोटी गुह लई पटिया पारी,
घिस मलियागिर अंग लगायौ, फरजी तिल कपोल दरसायौ।
चरनन में दै आड़ महावर, म्हेंदी रचा लई दोऊ कर,
जवाहरात के डिब्बा खोले, कंचन जेवर जड़े अमोले।
धारन सीसफूल कर लीनौ, हिंगुर माँग मध्य भर लीनौ,
चीतौ फगुआ चमक सितारे, चन्द्रानन में ललित मरोर है।
श्रवन झूमका काँटे बारी, बिन्दी भाल लाल उनहारी,
नासा में बेसर झलकारी, झोखा लै रह्यौ कीर हजारी।
गल वैंजंती माल छिपाऊ, हँसुली हार हमेल जड़ाऊ,
चम्पकली जौमाला पहरी, हिरदै भूषण की छवि गहरी।
टिस्सी, तिमनी, सीतारामी, झुक हियरा कूँ देय सलामी,
दोउ दृग अंजन रेख सिंगारे, चितवत ही चित लेते चोर हैं।
बनमाली डाली लई, बनमाली की नारि।
चाली राधा बाग को, फूल लैन सरकार।।

झूलना साहित्य सिंगार तकई सीमित नाँय रह्यौ। स्यामास्याम की ही चरचा नाएं। यामें आधुनिक समस्यान कौ हू जिकर है। वर्गभेद की झाँकी देखौ-

किसी को कुछ भी न दे सुनाई, किसी को टैलीफून मिलै।
किसी को मिलती नहीं फितूरी, किसी को रेशम ऊन मिलै।
किसी को मिलती हलुआ पूरी, किसी को माँगा चून मिलै।
किसी को मिलता कलंक टीका, किसी को यशी प्रसून मिलै।

ब्रज के उत्सव, पर्व, त्यौहारन कौ बरनन झूलनान में खूब मिलैं। जीवन के सुख-दुख, हर्ष-विषाद

और आकर्षण के ताने-बाने झूलनान में भरे परे हैं। भाव पक्ष के संग कला पक्ष कौ हू संयोग अद्भुत है। रचना की मधुराई अरु अलंकारन की छटा कौ रूप.देखौ,नगन कौ एक रूप निहारौ-

कल कल कलक कलक कह कह, कलश कनक कर धरत अचक।
कट कर कटक कसक कस कस कर, कटक कटक कर करत लचक।

या तरियाँ झूलना साहित्य में भाव पक्ष और कला पक्ष कौ सुन्दर समन्वय दिखाई दे। झूलना के ऐसे महत्वपूर्ण साहित्य कौ पुस्तक रूपन में प्रकाशन कम है पायौ है। यही सोच कौ विषय है। जो झूलना साहित्य जन-जन के हृदय कौ कंठहार हौ, अब अंतिम सांस गिन रह्यौ है। जरूरत है ऐसे अमोल झूलना साहित्य के संरक्षण की।

-पांडेय मौहल्ला, डीग
(भरतपुर)

❑

रसियान की सृष्टि और लोककथा दृष्टि

- श्री गोपाल प्रसाद मुद्‌गल

रसिया होरी कौ प्रमुख लोकगीत है। डा. धीरेन्द्र वर्मा नैं या लोकगीत के बारे में लिखौ है, ''संगीतज्ञों की धारणा के अनुसार रसिया ध्रुपद घराने की चीज है। रसिया ब्रज के लोकगीतों में अपने वैशिष्ट्य के कारण प्रसिद्ध और प्रिय है, जो सभी अवसरों पर अपना प्रभाव डालने की क्षमता रखता है। रसिया को ध्रुपद शैली का लोक प्रचलित, शास्त्रीय संस्कार कहा जा सकता है।''

हिन्दुस्तानी संगीत जो देव ब्रजभाषा और स्वामी हरिदास सौं प्राप्त भयौ, बाकौ छेत्र बहुत कछू रसिया के लोक और शास्त्रीय दोनों स्वरूपन कौ है। आइने-अकबरी में जा ध्रुपद कौ बरनन है वह स्यात रसिया सौं सम्बन्धित हो।

रसिया गायिकी कौ प्रचलन कब भयौ? याके बारे में पक्कौ पतौ नाएँ। विद्वानन कौ विचार है कै 16 वीं सदी में भक्ति संगीत याकी पृष्ठ भूमि रही है। मंदिरन में भक्तिपरक पद गाए जावै हे। बिन भावन कूँ रसिया गायिकी में लै लियौ गयौ। श्री रामनारायण अग्रवाल कौ कहनौ है कै आजहु नंदगांव और बरसाने में अष्टछाप के कविन के पद रसिया के रूप में गाए जावैं हैं। हमारे लोकगायकन नैं बिन पदन की परम्परागत धुनन कूँ बदल कैं रसिया की धुनन में ढाल लियौ। उदाहरण कूँ सूरदास कौ एक पद है, '' मैया मोरी मैं नहीं माखन खायौ।'' या पद कूँ हमारे लोकगायकन नैं रसिया की धुन में ढाल कैं यों गायौ है- '' अरी मैं नहीं माखन खायौ, सो मैया मोरी मैं नहीं माखन खायौ।''

श्री रामनारायण के कथनानुसार भक्त कविन के पद लोक धुनन में ढले, और रसिया गायिकी प्रारम्भ भई। इनसौं पहलैं कोऊ रसिया नाँय मिलै। बिन्नैं बतायौ है कै रसिया कौ उदय भक्त कविन की बानी सौं 16वीं सदी के पूर्वार्ध्द में भयौ। गोस्वामी विट्ठलनाथजी नैं सम्वत 1602 में अष्टछाप की स्थापना करी। अष्टछाप की मूल गायिकी ध्रुपद की परम्परा सौं उद्‌भूत ही। वाही कूँ लोकधुन सौं जोड़ कैं नाद

लोक कथान कूँ रसियान में प्रमुख स्थान मिलौ। प्रारम्भ में रसियान में राधाकृष्ण की लीलान कूँ समाहित करौ गयौ। कृष्ण के जन्म सौं ही बाल लीला प्रारम्भ भई।" श्री कृष्ण चन्द्र भगवान, लियौ जनम जेल दरम्यान, सो गए पहरिन वारे ज्वान, तारे टूट गए" जैसे रसिया कथा कूँ लैकैं चल पड़े। श्री कृष्ण की माटी लीला कौ रसिया खूब प्रसिद्ध है-

जसोदा सुन माई, तेरे लाला नैं ब्रजरज खाई
जसोदा सुन माई॥
इतनी सी माटी कौ डेलौ,
तुरत स्याम नैं मुख में मेलौ,
जानैं गटक-गटक गटकाई, जसोदा सुन माई........
चौं लाला तैनैं खाई माटी,
माखन कूँ कबहूँ नाँय नाटी,
जसुदा धमकावै लै सौंटी,
याहै नैंक सरम नाँय आई, जसोदा सुन माई........

याकौ उत्तर जो स्याम नैं दियौ, बाकूँ रसिया में यों पिरोयौ गयौ है-

मारै मत मइया वचन भरवाय लै
सौंह गंगा की खवाय लै, चाहै जमुना की खवाय लै।

या तरियाँ सवाल-जवाबन में रसिया में कथानक आगैं बढ़ै। याही तरियाँ गौचारन लीला, नागनाथ लीला, दान लीला, माखन लीला, चीरहरन लीला, बंसी लीला, आरसी लीला, चन्द्रावलि लीला, सुनारी लीला, रंगरेजन लीला, मालिन लीला, जोगिन लीला आदि के कथानक रसियान नें भरे पड़े हैं। लिलहारी लीला तौ आजहू सबन के होठन पै नाचै-

श्री राधा सौं मिलन कौ, कीयौ कृष्ण विचार।
बंसी मुकुट छिपाय कैं, धरौ रूप लिलहार॥
बन गए नन्दलाल लिलहार, लीला गुदवाय लेऔ प्यारी।
लहँगा पहर ओढ़ि सिर सारी,
अंगिया पहरी जापै जड़ी किनारी,
सीस पै सीस फूल बैना, लगाय लियौ काजर दोऊ नैना
पहर लियौ नख-सिख सौं गहना,
नख-सिख गहनौं पहर कैं, कर सोलह सिंगार।
बलिहारी नँद नंद की, बन गए नर सौं नारि॥

बन गए नर सौं नारि, कि झोली कंधा पै डारी। बन गए..........
धरी कन्था झोली गठरी।
गैल बरसाने की पकरी।
महल वृषभान चले आए, नहीं पहचान कोऊ पाए,
स्याम मन में अति हरसाए
महल श्री वृषभान के, दई आवाज लगाय।
नंदगाम लिलहार मैं, कोऊ लीला लेहु गुदाय॥
लीला लेहु गुदाय, अरी मैं हूँ गोदन हारी॥ बन गए...............
राधिका सुन लिलहारिन बैन।
लगी ललिता सौं ऐसे कहन।
बुलाऔ लिलहारिन कूँ जाय, यापै लीला लऊँ गुदवाय।
बिसाखा लाई तुरत बुलाय,
लिलहारिन कौ रूप लख, श्री वृषभानु कुमारि।
हँस हँस कैं कहवे लगी, सु लई पास बैठारि।
लीला मो तन गोद सुघड़, कैसी गोदन हारी॥ बन गए...........
सीस पै लिख दै श्री गिरधारी जी।
माथे पै लिख मदन मुरारी जी।
दृगन में लिख दै दीनदयाल, नासिका पै लिख दै नंदलाल।
कपोलन पै लिख कृष्ण गुपाल,
श्रवनन पै लिख साँवरौ, अधरन आनंद कंद।
ठोड़ी पै ठाकुर लिखौ, गल में गोकुल चंद॥
छाती पै लिख छैल, दोऊ बाहन पै लिखौ बिहारी॥ बन गए..........
हाथन पै हलधरजू कौ भैया जी।.
अंगुरिन पै आनंद करैया जी
पेट पै लिख दै परमानंद, नाभि पै लिख दै तू नदनंद,
जाँघ पै लिख दै जै गोविंद,
घोंटून पै घनस्याम लिख, पिंडरिन पै प्रतिपाल।
चरनन में चितचोर लिखौ जगपति जै गोपाल।
रोम-रोम में लिखौ रमापति, राधा बनवारी॥ ....बन गए
लीला गोद प्रेम गस आयौजी।

तन मन कौ सब होस भुलायौजी।
खबर झोली झन्डा की नाँय, धरन पै चरन नांय ठहरांय
सखी सब देखत ही रह जाँय।
देखत सखी सब रह गईं, झगड़ौ निरख के फन्द कौ।
वीसौं विसै दीखै सखी, छलिया ये ढोटा नंद कौ।
अँगिया में वंसी छिप रही, राधे नैं लई निहार कैं।
हे प्यारे, हे प्यारी कही भेटे हैं भुजा पसार कैं।
'घासीराम' जुगल जोड़ी पै, वार-वार वलिहारी ।
वन गए नंदलाल लिलहार, लीला गुदवा लेऔ प्यारी॥

श्री कृष्ण की लिलहारी लीला कौ कथानक रसिया के विविध छन्दन में जा खूवी के संग गुँथौ है, वू लोककथा कौ एक उदाहरन है। याही तरियाँ अनेक लीलान के कथानक रसियान में भरे भए हैं। यहाँ कछु रसियान के वोल दिये जा रहे हैं। दान लीला रसिया या तरियाँ है-

इकली घेरी वन में आय स्याम तैनैं कैसी ठानी रे।
स्याम मोहि वृन्दावन जानौं, लौटि कैं वरसाने आनौ
मेरी करजोरे की मानौं
जौ कहुँ होय अवार, लड़ै घर नंद जिठानी रे॥ इकली.........
दान दधि कौ तू दैजा मोय, जवई ग्वालिन जावन दऊँ तोय।
नहीं तकरार वहुत सी होय,
जो तू नाहीं करै, होय तेरी ऐंचातानी रे॥ इकली........

ग्वालिन नैं मुकतेरी मना करी। कंस राजा के पास पुकार करवे की धौंस दिखाई । कृष्ण नैं कंस कौ सर्वनाश करवे कौ खुलौ ऐलान करौ। कन्हैया नैं अपने ग्वाल वाल वुला लिए। ग्वालिन लौट कैं खिसियानी सी चली गई। रसिया में भरे भए भावन कूँ सव समझैं। कंस कूँ कमजोर करवे के काजैं सिगरी घेरावंदी ही।

एक और कथानक चीर हरन लीला कौ है। कछु सखी नगन हैकैं जमुना में नहा रहीं। विनकूँ समझायवे के ताँई कन्हैया नैं कहा कियौ, एक रसिया में देखौ-

कोई लै गयौ चीर हमारे, जुलम कर डारे।
अपने-अपने वस्त्र खोलि कैं पारन पै हम धर दीने
सव गोपिन नें जुर मिलिकैं, धँस जमुना में गोता लीने
उछरत चीर लखे नहीं गोपी जमुना तीर किनारे। जुलम.....
देखत चारों ओर गोपिका, कोई नजर नहीं आयौ।

होकर नगिन खड़ीं जमुना में, निज मन सोच बहुत छायौ।
नहिं कोऊ मनुज नहीं कोऊ बंदर, कौनें बादर फारे।। जुलम.......

कथानक या तरियाँ प्रारम्भ होय। श्री कृष्ण कदंब पै बैठे दिखाई दें। विन्नैं बंसी बजाई। उराहने-तुराहने भए। कृष्ण नैं चीर नहीं दिए। गोपीन नैं कंस सौं सिकायत करबे की कही। कृष्ण नैं कही- कंस जैसे मैंनें कितेक संहार दिए। सिगरी गोपीन कूँ पाठ पढ़ा दियौ कै नगन ह्वैकैं स्नान करिबौ ठीक नाँए।

याही तरियाँ कृष्ण विसयक कथानक रसियान माँहि पिरोए भए हैं। कृष्ण विसयक रसियान की तरियाँ राम विसयक रसियाऊ गाए जाएँ। बानगी के रूप में एक उदाहरन देखौ-

बताय दै लक्ष्मण भैया, तेरैं कहाँ लग्यौ है तीर।
मेघनाद नैं तीर चलायौ, स्रो तेरे तन तीर समायौ,
तनमन कौ सब होस गँवायौ, व्याकुल भयौ सरीर॥ बताय......
अवधपुरी में कैसैं जाऊँ, पूछै माता कहा बताऊँ,
रोय-रोय वन में रुदन मचाऊँ, बहै दृगन ते नीर॥ बताय........
एक तौ संग ते सीता छूटी, तो विन भ्रात भुजा मेरी टूटी,
नाँय बगदे हनुमत लै बूँटी, का विधि धारूँ धीर॥ बताय......
इतने में श्री हनुमत आए, द्रोणागिरि संजीवन लाए,
लखनलाल के प्राण बचाए, भेटे दोनों वीर॥ बताय......
मूर्छा ते जब लक्ष्मण जागे, जै जै कार करन सुर लागे,
'घासीराम' सकल दुख भागे, सज गए सब रणधीर॥ बताय......

रसियान माँहि औरहु कथा लिखी भई हैं। कृष्ण सुदामा मित्रता, सत्य हरिश्चन्द्र, मोरध्वज लीला आदि। मोरध्वज लीला उदाहरन के रूप में दई जाय रही है-

अर्जुन और कृष्ण मुरारी, तपसी कौ भेष लियौ धारी।
दो संत बने हैं आला, सिर जटा गले में माला।
कमंडल हाथ बगल मृगछाला, संग में केहर मतवाला,
झड़-गए भूप के धाम, कह्यौ सियराम, भूख हमैं लागी।
हम सुने मोरध्वज भूप, भक्त बड़भागी
दरवारी ते कही, खबर राजा ते करौ हमारी।। तपसी......
सुन टेर चलौ दरवान, बोल्यौ राजा ते बानी।
दो सन्त खड़े निरवानी, संग में केहर अगवानी।
झड़-चलौ आप सरकार छोड़ दरबार, याद तुम्हें करते।

तुम चलकैं दर्सन करौ, संत हैं रमते।

सुनिकैं आतुर चल्यौ, आप राजा नैं अरज गुजारी। तपसी.....

सुन भूप हृदय हरसायौ, महलन ते दौड़ौ आयौ

आसन जल्दी विछवायौ, फिर ऐसे वचन सुनायौ।

झड़-जो कछु होय दरकार, करूँ सत्कार, आप फरमाऔ।

जो इच्छा के अनुसार, कहौ सोइ पाऔ।

केहर कूँ भोजन मँगवाऊँ, इच्छा होय तिहारी॥ तपसी......

क्षुधा नैं हमें सतायौ, दिन तीन अन्न नहीं खायौ

केहर नैं अति दुख पायौ, विन आहार ये घवरायौ

झड़-चीरौ रतनकुमार, करौ दो फार, सिंह जव पावै।

रानी ते पूछौ जाय, क्यों देर लगावै।

हम हैं रमते राम, हमें जानौ है वहुत अगारी। तपसी......

सुन भूप महल में आए, रानी कूँ वचन सुनाए।

दो संत द्वार पै आए, तिन ऐसे वचन सुनाए।

झड़-चीरौ राजकुमार, करौ दो फार, सिंह जव पावै।

सुत चीरत में इक आँसू, गिरन न पावै।

धर्म तिहारे साथ, सोच तुम मन में लेऔ विचारी। तपसी......

अपनौ मन करकैं गाढ़ौ, कियौ वीच कुँवर कूँ ठाड़ौ।

रानी राजा लियौ आरौ, सुत कर दियौ न्यारौ-न्यारौ।

झड़-चीरौ राजकुमार, करीं दो फार, हियौ जव फाटौ।

रानी इक आँसू गिरौ, डटौ नहीं डाटौ।

वैठे आसन मार, संत रानी की दसा निहारी।। तपसी......

सुन राजा वचन हमारौ, इक फार सिंह कूँ डारौ।

दूजे कूँ आप सम्हारौ, ढक देऔ रहै न उघारौ।

झड़-धरौ महल में जाय, कहूँ समझाय, वात सुन लीजै।

अव पत्तर लाऔ पाँच कै पंगत कीजै।

घर ठाकुर जी कौ भोग; फेर भोजन की करौ तैयारी।। तपसी......

मेरे सन्देह यही है, राजा कर जोर कही है।

स्वामी कहौ सही-सही है, पाँचई पत्तर किसकी है?

झड़-कुँवर महल रहयौ सोय, नींद में होय कै हेला मारौ।

पाँचई पत्तर पै आवै कुँवर तिहारौ।

भूप दई आवाज महल ते आयौ कुँवर हजारी॥ तपसी......

धन-धन प्रभुभाग हमारे, महलन में आप पधारे।

भए लोचन सफल हमारे, नारायन नैन निहारे।

झड़-गोवरधन शुभ धाम, 'घासीराम' नाम है मेरौ।

तुम जानौ बड़ौ बजार, मुहल्ला खेरौ।

रखी भूप की लाज, कि भैया राधेश्याम बिहारी। तपसी........

या ढब सौं समाज में प्रचलित पौराणिक, धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक आदि कथानकन के रसिया प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। रसिया छंद की सीमा तौ हत नाँए। पर हर रसिया की कथा जीवन के एक प्रसंग सौं जुड़ी होय। अब तक काऊ खंड काव्य या प्रबन्ध काव्य की कथा रसिया कौ विसै नाँय रह्यौ। हम यों हू कह सकैं कै रसिया लोकगीत में काऊ खंडकाव्य या प्रबन्ध काव्य नाँय लिखौ गयौ। याहो सौं रसिया संग्रह मुक्तक काव्य की श्रेणी में आवै है। हर रसिया अपने में स्वतंत्र है। काऊ रसिया कूँ काहू क्रम में रख सकैं। हाँ कालक्रम में घटी घटनान के आधार पै रचे भए रसियान कौ क्रम रखौ जाय सकै।

अंत में रसिया छन्द की महिमा कौ बरनन प्रस्तुत करौ जाय रह्यौ है। श्री छेदालाल 'छेद' नैं रसिया की महिमा यों गाई है-

तान जाकी मस्तानी, रसिया रसिकन कौ प्रान।

बजै-कहरवा जब ढोलक पै, सारंगी सरसाइ।

मौंड गमक वंसी कौ सुर मिलि, आर-पार है जाइ।। तान......

मीठी-मीठी धुनि सुनि-सुनि कैं, हिय में उठत हिलोर।

लगै ध्यान हरि के चरनन में, है जाइ भाव विभोर॥ तान.......

बरबस पाँय उठैं नाचन कूँ, मनुआ मानैं नाँय।

कूदि-कूदि कैं भरैं उछट्टा, दुल्लर है-है जाँय॥ तान......

और गीत सब गीतरी है रसिया गीत महान।

जैसे गोला तोप कौ होइ, करत जात मैदान।

जो कहुँ रसिया गीत कौ रे, गायक रसिया होइ।

श्रोता हू रसिया मिलै, तौ जाइ भाव में भोइ।। तान.........

ब्रह्मानंद सहोदर रस कौ, वेदन जानैं भेद।

धन्नि वुही है जो जा रस कूँ छकि-छकि पीयें 'छेद'।।

काऊ के सजि गये-ढोलक मजीरा काऊ की बजि रही झाँझ
मेरे सँकर कौ बाजै डमरू सब पंचन के माँझ
ए भामरिया मेरी........
काऊ के सजि रहे रथा-मंझोली काऊ की सजीए तुरंग
मेरे बलम कौ सजौ नादिया उड़ै पवन के संग
ए भामरिया मेरी........
ओर पास जांमें आक धतूरा बीच में बोइ दई भंग
सब कोई पीवै सुलफा गांजा हम पीवें दोऊ भंग
ए भामरिया मेरी...

—

छोरा की लगुन चढ़वे कौ गीत

रघुनन्दन फूले न समांइ, लगुन आई हरे-हरे लगुन, आई मेरे अँगना
बाबा सजि गए, ताऊ सजि गए, सजि गई सबरी बरात
रघुनन्दन तौ ऐसे सजि गए, जैसे सिरी भगवान
लगुन आई हरे हरे.......
चाचा सजि गए, बाबुल सजि गए, सजि गई सबरी बरात
रघुनन्दन तौ ऐसे सजि गए, जैसे सिरी भगवान
लमुन आई हरे हरे........
भैया सजि गए, जीजा सजि गए, सजि गई सबरी बरात
रघुनन्दन तौ ऐसे सजि गए जैसे सिरी भगवान
लगुन आई हरे हरे........
फूफा सजि गए, मौसा सजि गए, सजि गई सबरी बरात
रघुनन्दन तौ ऐसे सजि गए जैसे सिरी भगवान
लगुन आई हरे हरे........

—

भात पहरते समय कौ गीत

पहली सेली तौ चमकै बीर की रे
आये सासुलिया के बीर। मोतिन जड़ि लइयौ रे मैया चूँदरी रे

खोलूँ तौ हीरा मोती झरि परैं रे
ओढ़ति लागै जग जोति। मोतिन जड़ि लइयौ रे मैया चूँदरी रे
दूजी सेली तौ चमकै बीर की रे
आये जिठनियाँ के बीर। मोतिन जड़ि लइयौ रे मैया चूँदरी रे
खोलूँ तौ हीरा मोती झरि परैं रे
ओढ़ति लागै जग जोति। मोतिन जड़ि लइयौ रे मैया चूँदरी रे
तीजी सेली. .....
आये दौरनियाँ के बीर। मोतिन जड़ि लइयौ रे मैया चूँदरी रे
खोलूँ तौ हीरा मोती झरि परैं रे
ओढ़ति लागै जग जोति। मोतिन जड़ि लइयौ रे मैया चूँदरी रे

—

दौहनियाँ

एक हरीऔ चना की दार ऊपर दौहनियाँ
बाबा हरि गुन गाइ सकारे की दौहनियाँ
त्यारे रोग धोग बहि जांय सकारे की दौहनियाँ
ब्याऊ करौ लाला जाइ सकारे की दौहनियाँ
ताऊ हरि गुन गाइ सकारे की दौहनियाँ
ब्याऊ करौ लाला जाइ सकारे की दौहनियाँ
एक हरीऔ चना...........
चाचा हरि गुन गाइ सकारे की दौहनियाँ
त्यारे रोग धोग बहि जांय सकारे की दौहनियाँ
ब्याऊ करौ लाला जाइ सकारे की दौहनियाँ
एक हरीऔ चना.............

—

विवाह लोकगीत : हाथरस क्षेत्र

—संकलनकर्ता— डॉ. सतीश चतुर्वेदी '[illegible]'

ऐसे बोल मति बोलै
कुआ तेरौ ठंडौ पानी-ठंडौ पानी

काऊ के सजि गये-ढोलक मजीरा काऊ की बजि रही झाँझ
मेरे सँकर कौ बाजै डमरू सब पंचन के माँझ
ए भामरिया मेरी........
काऊ के सजि रहे रथा–मंझोली काऊ की सजीए तुरंग
मेरे बलम कौ सजौ नादिया उड़ै पवन के संग
ए भामरिया मेरी........
ओर पास जांमें आक धतूरा बीच में बोइ दई भंग
सब कोई पीवै सुलफा गांजा हम पीवें दोऊ भंग
ए भामरिया मेरी...

—

छोरा की लगुन चढ़वे कौ गीत

रघुनन्दन फूले न समांइ, लगुन आई हरे–हरे लगुन, आई मेरे अँगना
बाबा सजि गए, ताऊ सजि गए, सजि गई सबरी बरात
रघुनन्दन तौ ऐसे सजि गए, जैसे सिरी भगवान
लगुन आई हरे हरे.......
चाचा सजि गए, बाबुल सजि गए, सजि गई सबरी बरात
रघुनन्दन तौ ऐसे सजि गए, जैसे सिरी भगवान
लगुन आई हरे हरे........
भैया सजि गए, जीजा सजि गए, सजि गई सबरी बरात
रघुनन्दन तौ ऐसे सजि गए जैसे सिरी भगवान
लगुन आई हरे हरे........
फूफा सजि गए, मौसा सजि गए, सजि गई सबरी बरात
रघुनन्दन तौ ऐसे सजि गए जैसे सिरी भगवान
लगुन आई हरे हरे........

—

भात पहरते समय कौ गीत

पहली सेली तौ चमकै बीर की रे
आये सासुलिया के बीर। मोतिन जड़ि लइयौ रे भैया चूँदरी रे

खोलूँ तौ हीरा मोती झरि परें रे
ओढ़ति लागै जग जोति। मोतिन जड़ि लइयौ रे भैया चूँदरी रे
दूजी सेली तौ चमकै बीर की रे
आये जिठनियाँ के बीर। मोतिन जड़ि लइयौ रे भैया चूँदरी रे
खोलूँ तौ हीरा मोती झरि परें रे
ओढ़ति लागै जग जोति। मोतिन जड़ि लइयौ रे भैया चूँदरी रे
तीजी सेली.......
आये दौरनियाँ के बीर। मोतिन जड़ि लइयौ रे भैया चूँदरी रे
खोलूँ तौ हीरा मोती झरि परें रे
ओढ़ति लागै जग जोति। मोतिन जड़ि लइयौ रे भैया चूँदरी रे

—

दौहनियाँ

एक हरीअै चना की दार ऊपर दौहनियाँ
बाबा हरि गुन गाइ सकारे की दौहनियाँ
त्यारे रोग धोग बहि जांय सकारे की दौहनियाँ
ब्याऊ करौ लाला जाइ सकारे की दौहनियाँ
ताऊ हरि गुन गाइ सकारे की दौहनियाँ
ब्याऊ करौ लाला जाइ सकारे की दौहनियाँ
एक हरीअै चना...........
चाचा हरि गुन गाइ सकारे की दौहनियाँ
त्यारे रोग धोग बहि जांय सकारे की दौहनियाँ
ब्याऊ करौ लाला जाइ सकारे की दौहनियाँ
एक हरीअै चना.............

—

विवाह लोकगीत : हाथरस क्षेत्र

—संकलनकर्त्ता— डॉ. सतीश चतुर्वेदी 'शाकुंतल'

ऐसे बोल मति बोलै
कुआ तेरौ ठंडौ पानी—ठंडौ पानी

काऊ के सजि गये-ढोलक मजीरा काऊ की बजि रही झाँझ
मेरे सँकर कौ बाजै डमरू सब पंचन के माँझ
ए भामरिया मेरी........
काऊ के सजि रहे रथा–मंझोली काऊ की सजीए तुरंग
मेरे बलम कौ सजौ नादिया उड़ै पवन के संग
ए भामरिया मेरी........
ओर पास जांमें आक धतूरा बीच में बोइ दई भंग
सब कोई पीवै सुलफा गांजा हम पीवें दोऊ भंग
ए भामरिया मेरी...

-

छोरा की लगुन चढ़वे कौ गीत

रघुनन्दन फूले न समांइ, लगुन आई हरे–हरे लगुन, आई मेरे अँगना
बाबा सजि गए, ताऊ सजि गए, सजि गई सबरी बरात
रघुनन्दन तौ ऐसे सजि गए, जैसे सिरी भगवान
लगुन आई हरे हरे.......
चाचा सजि गए, बाबुल सजि गए, सजि गई सबरी बरात
रघुनन्दन तौ ऐसे सजि गए, जैसे सिरी भगवान
लगुन आई हरे हरे........
भैया सजि गए, जीजा सजि गए, सजि गई सबरी बरात
रघुनन्दन तौ ऐसे सजि गए जैसे सिरी भगवान
लगुन आई हरे हरे........
फूफा सजि गए, मौसा सजि गए, सजि गई सबरी बरात
रघुनन्दन तौ ऐसे सजि गए जैसे सिरी भगवान
लगुन आई हरे हरे........

-

भात पहरते समय कौ गीत

पहली सेली तौ चमकै बीर की रे
आये सासुलिया के बीर। मोतिन जड़ि लइयौ रे भैया चूँदरी रे

खोलूँ तौ हीरा मोती झरि परैं रे
ओढ़ति लागै जग जोति। मोतिन जड़ि लइयौ रे मैया चूँदरी रे
दूजी सेली तौ चमकै बीर की रे
आये जिठनियाँ के बीर। मोतिन जड़ि लइयौ रे मैया चूँदरी रे
खोलूँ तौ हीरा मोती झरि परैं रे
ओढ़ति लागै जग जोति। मोतिन जड़ि लइयौ रे मैया चूँदरी रे
तीजी सेली.......
आये दौरनियाँ के बीर। मोतिन जड़ि लइयौ रे मैया चूँदरी रे
खोलूँ तौ हीरा मोती झरि परैं रे
ओढ़ति लागै जग जोति। मोतिन जड़ि लइयौ रे मैया चूँदरी रे

—

दौहनियाँ

एक हरीअै चना की दार ऊपर दौहनियाँ
बाबा हरि गुन गाइ सकारे की दौहनियाँ
त्यारे रोग घोग दहि जांय सकारे की दौहनियाँ
ब्याऊ करौ लाला जाइ सकारे की दौहनियाँ
ताऊ हरि गुन गाइ सकारे की दौहनियाँ
ब्याऊ करौ लाला जाइ सकारे की दौहनियाँ
एक हरीअै चना...........
चाचा हरि गुन गाइ सकारे की दौहनियाँ
त्यारे रोग घोग दहि जांय सकारे की दौहनियाँ
ब्याऊ करौ लाला जाइ सकारे की दौहनियाँ
एक हरीअै चना.............

—

विवाह लोकगीत : हाथरस क्षेत्र

—संकलनकर्ता— डॉ. सतीश चतुर्वेदी 'शाकुंतल'

ऐसे बोल मति बोलै
कुआ तेरौ ठंडौ पानी—ठंडौ पानी

रे सासु रानी ऐसे बोल मति बोलै
अभी तौ मेरौ पीहरु भारी, पीहरु भारी
रे कुआ तेरौ.....
जिठानी रानी ऐसे बोल मति बोलै
अभी तौ मेरौ न्यारौ साजौ न्यारौ साजौ
रे कुआ तेरौ.....
दौरानी रानी ऐसे बोल मति बोलै
अभी तौ मेरे देवर बस में, देवर बस में
रे कुआ तेरौ.....
ननद रानी ऐसे बोल मति बोलै
अभी तौ मेरौ भैया क्वारौ, भैया क्वारौ
रे कुआ तेरौ.....
सौति रानी ऐसे बोल मति बोलै
अभी तौ मेरौ जीजा रँडुआ, जीजा रँडुआ।

—

राजी हैकें कहि देउ (मथुरा क्षेत्र)

राजा राजी हैकें कहि देउ तौ घर करि लेउँ डलिया।
गोरी, को लावै मोकूँ रोटी–बेला, को लावै दरिया?
गोरी, पकरि हात में जेबरा को प्यावै बधिया?
राजा तुमई लाऔ रोटी–बेला, तुम लइयों दरिया।
राजा, पकरि हात में जेबरा, तुम प्यइयों बधिया।
गोरी, नाले पार मेरी ज्वार कौंन टारैगौ हरिया?
राजा, राँधि मेंड़ पै कोंमरी तुम टारौ हरिया।
राजा, सामन झूलन जाऊँ, कै लाऊँ पचरँग फरिया।
गोरी, मारूँ लात झुलाइ देउँ, सामन करवाइ देऊँ डलिया।
राजा, धोकौ दै जाऊँ सफा निकरि जाऊँ, करि जाऊँगी रँडुआ।
राजा, राजी हैकें कहि देउ तौ घर करि लेउँ डलिया।

—

नृत्य गीत (गुरसाल क्षेत्र)

मेरे दिल कूँ तोड़ मेरे से बोलै क्यों ना रे?
सबके बालम घर सोमें, घर सोवै क्यों ना रे?
मैंनि, मेरौ एकु कह्यौ करि दीयौ,
मैंनि, जाकूँ थारी में खीरि सिरइयौ,
मैंनि, जाकूँ चम्मच कोई मति दीयौ,
खाइगौ सप्प ई सप्प कै चम्मच माँगै क्यों ना रे?
सबके बालम.......
मैंनि, मेरौ एकु कह्यौ करि दीयौ
मैंनि, जाकी चौरे में खाटै बिछइयौ
मैंनि, जाकूँ बिस्तर कोई मति दीयौ
सोइगौ पाँइ सकोढ़ि कै बिस्तर माँगै क्यों ना रे?
सबके बालम.......
मैंनि, मेरौ एकु कह्यौ करि दीयौ
मैंनि, जाबै खाई में हलु चलवइयौ
मैंनि, जाकूँ रोटी कोई मति दीयौ
जोतौ बारै बीघा रोटी माँगै क्यों ना रे?
सबके बालम.......
मैंनि, मेरौ एकु कह्यौ करि दीयौ
मैंनि, जाइ पीहर कूँ भिजवइयौ
मैंनि जाकूँ पैसा कोई मति दीयौ
पौंचौ कोस पचास कै पैसा माँगै क्यों ना रे?
सबके बालम.......

—

न पैलै कारी बेलि की टेहँन रे –2
लढ़े सासुलि लढ़े ससुरा रे–2
लढ़े राजा फटे छाती रे
जौ होते मेरे पंख उड़ि जाती रे
फटे धरती समाइ जाती रे, न पैलै.....
लढ़े जेठा लढ़े जिठानी रे –2
लढ़े राजा फटे छाती रे

रे सासु रानी ऐसे बोल मति बोलै
अभी तौ मेरौ पीहरु भारी, पीहरु भारी
रे कुआ तेरौ.....
जिठानी रानी ऐसे बोल मति बोलै
अभी तौ मेरौ न्यारौ साजौ न्यारौ साजौ
रे कुआ तेरौ.....
दौरानी रानी ऐसे बोल मति बोलै
अभी तौ मेरे देवर बस में, देवर बस में
रे कुआ तेरौ.....
ननद रानी ऐसे बोल मति बोलै
अभी तौ मेरौ भैया क्वारौ, भैया क्वारौ
रे कुआ तेरौ.....
सौति रानी ऐसे बोल मति बोलै
अभी तौ मेरौ जीजा रँडुआ, जीजा रँडुआ।

—

राजी हैकैं कहि देउ (मथुरा क्षेत्र)

राजा राजी हैकैं कहि देउ तौ घर करि लेउँ डलिया।
गोरी, को लावै मोकूँ रोटी–बेला, को लावै दरिया?
गोरी, पकरि हात में जेबरा को प्यावै बधिया?
राजा तुमईं लाऔ रोटी–बेला, तुम लइयों दरिया।
राजा, पकरि हात में जेबरा, तुम प्यइयों बधिया।
गोरी, नाले पार मेरी ज्वार कौन टारैगौ हरिया?
राजा, राँधि मेंड़ पै कोंमरी तुम टारौ हरिया।
राजा, सामन झूलन जाऊँ, कै लाऊँ पचरँग फरिया।
गोरी, मारूँ लात झुलाइ देउँ, सामन करवाइ देऊँ डलिया।
राजा, धोकौ दै जाऊँ सफा निकरि जाऊँ, करि जाऊँगी रँडुआ।
राजा, राजी हैकैं कहि देउ तौ घर करि लेउँ डलिया।

—

नृत्य गीत (गुरसान क्षेत्र)

मेरे दिल कूँ तोड़ मेरे से बोलै क्यों ना रे?
सबके बालम घर सोमें, घर सोवै क्यों ना रे?
भैंनि, मेरौ एकु कह्यौ करि दीयौ,
भैंनि, जाकूँ थारी में खीरि सिरइयौ,
भैंनि, जाकूँ चम्मच कोई मति दीयौ,
खाइगौ सप्प ई सप्प कै चम्मच माँगै क्यों ना रे?
सबके बालम........
भैंनि, मेरौ एकु कह्यौ करि दीयौ
भैंनि, जाकी चौरे में खाटै बिछइयौ
भैंनि, जाकूँ बिस्तर कोई मति दीयौ
सोइगौ पाँइ सकोड़ि कै बिस्तर माँगै क्यों ना रे?
सबके बालम........
भैंनि, मेरौ एकु कह्यौ करि दीयौ
भैंनि, जापै खाई में हलु चलवइयौ
भैनि, जाकूँ रोटी कोई मति दीयौ
जोतौ बारै बीघा रोटी माँगै क्यों ना रे?
सबके बालम........
भैंनि, मेरौ एकु कह्यौ करि दीयौ
भैनि, जाइ पीहर कूँ भिजवइयौ
भैंनि जाकूँ पैसा कोई मति दीयौ
प्हौंचौ कोस पचास कै पैसा माँगै क्यों ना रे?
सबके बालम........

—

न पैरूँ कारी बेलि कौ लेहँगा रे –2
लड़ै सासुलि लड़ै ससुरा रे–2
लड़ै राजा फटै छाती रे
जौ होते मेरे पंख उड़ि जाती रे
फटै धरती समाइ जाती रे, न पैरूँ.....
लड़ै जेठा लड़ै जिठनी रे –2
लड़ै राजा फटै छाती रे

जौ होते मेरे पंख उड़ि जाती रे, न पैरूँ....
लड़ै देवर लड़ै द्यौरानी रे –2
लड़ै राजा फटै छाती रे
जौ होते मेरे पंख उड़ि जाती रे, न पैरूँ......
लड़ै ननदी लड़ै ननदेऊ रे –2
लड़ै राजा फटै छाती रे
जौ होते मेरे पंख उड़ि जाती रे, न पैरूँ.....

—

(हाथरस क्षेत्र)

दो–दो नारी कोई मति राखियो दो नारिन की है ख्वारी
एक नें लै लए बाग बगीचा
एक नें लै लई फुलवारी। दो दो नारी......
एक नें ले लए तए चीमटा
एक नें लै लई द्वै थारी। दो–दो.......
एक तौ सोवै अट्टा ऊपर
एक देति आँगन गारी। दो–दो नारी.....
बारै बरस पीछें आए चकरी सें
वोलि रई ऊपर बारी। दो–दो नारी.....
धरिकें नसैनी चढ़वे लागौ
खेंचि रई नीचे वारी। दो–दो नारी....
वो का तेरी लगै लुगाई
मैं का लागूँ महतारी। दो–दो नारी......

—

(औसर विवाह)

झूँटु नाँइ बोल्तई

झूँटु नाँइ बोल्तई झूँट की ऐ आनि
पोखरिया की पारि पै एकु मेंढ़क चाबै पान। झूँटु ....

चारि मन के चारि पाए, आठ मन की खाट
चौंसटि मन कौ गूदरा, बत्तीस मन कौ जाट। झूंटु ....
एक दिना की बात रे, बन में जायौ ऊँटु
चेंटी के तन पाम रे, पीमन लाग्यौ ऊँटु। झूंटु ....
चेटी चढ़ी पहाड़ पै रे, नौ मन बजनु लदाइ।
हाती–घोड़ा लए बगल में, ऊँट लिए लटकाइ। झूंटु ....
चेंटी मरी पहाड़ पै रे खेचन कूँ गए चार,
सौ जोड़ी जूता बने औरु चप्पलि बनी हजार। झूंटु ....
बोदी जाति बरात की रे बिना ब्यारि बर्राइ,
बारै मन के घूँघरा इक मुरगी बाँधैं जाइ। झूंटु ....
गधा चलौ ससुरारि कूँ रे पैरि गले में पायौ,
सबरे बालक जों कहैं जि फूफा बड़े दिना में आयौ। झूंटु .....
कुतिया चली बजार कूँ रे पैरि गले में ईंट,
सबरे बनियाँ जों उठि बोले, खद्दर लेगी कै छींट। झूंटु .....

—

मैं तौ मरि गई हकीम जी तारा बाबू चंद। –2
हकीम जी नें कह दिया कै दारि फुलकिया खाना,
मैं तो खाइ गई हकीम जी, आलू गोभी बंद।
मैं मरि गई..........
हकीम जी नें कह दिया कै गरम पानी पीना,
मैं तौ पी गई हकीमजी, सोड़ा वाटर बंद।
मैं मरि गई..........
हकीम जी नें कह दिया तुम छति ऊपर सोना
मैं तौ सोइ गई हकीमजी, कोठे भीतर बंद।
मै मरि गई..........
हकीमजी नें कह दिया तुम अकेली ही सोना,
मैं तो सोइ गई हकीमजी, लै बालम कूँ संग।
मैं मरि गई..........

—

(कासगंज क्षेत्र)

सिर दूखे की दवा बतइयौ हकीम जी
जीती रहूँ तौ गुन मानूँ।
सोंने की थरिया में भोजन परोसे
अपनेई हात जिमइयौ हकीमजी, जीती रहूँ तौ गुन माँनू।
आले कौ लोटा सिवाले कौ पानी
अपनेई हात पिबइयौ हकीम जी, जीती रहूँ तौ गुन मानूँ।
पान पचासी के बीड़े लगाए
अपने ई हात चबइयौ हकीम जी जीती रहूँ तौ गुन मानूँ।
चंदा की चाँदनी में चौपड़ बिछाई
अपने ई हात खिलइयौ हकीम जी जीती रहूँ तौ गुन मानूँ।
फूलों की सेज मोती झलरि कौ तकिया
अपनेई जौरें सुवइयौ हकीमजी, जीती रहूँ तौ गुन मानूँ ।

—

संगई चलुंगी

सिपाई महाराज, संगई चलुंगी,
दरोगा महाराज, संगई चलुंगी।
सो गोरी, तेरे माथे पै बिंदिया चमकनी
उजिरिया राति, नहीं ले चलूँगा। सिपाई.....
सो गोरी, तेरे नैनों में कारा काजल
अँधिरिया राति, नहीं ले चलूँगा। सिपाई....
सो गोरी तेरे पाँहिनि में बजने बिछुआ
गलिनु में रँडुआ, नहीं ले चलूँगा। सिपाई....
सो गोरी, तेरी ऊँची–नीची धोती
गलिनु में कीच, नहीं ले चलूँगा। सिपाई....
सो गोरी, तेरी गोदी में छोटा सा ललुआ,
भूड़ पै भूत , नहीं ले चलूँगा। सिपाई.....

—

(मथुरा क्षेत्र)

सावन कौ गीत

लहरि लहरि सरसों करै कै आई रितु सामन की।
आए जी मैया जाए बीर, कै आई रितु सामन की।
सासुलि पूछन हम गए कै आई रितु सामन की।
कहौ तौ पीहर जाँइ, सामन झूलि आँइ
मैया से मिलि आँइ, सहेली मिलि जाँइ,
कै आई रितु सामन की।
हमे कहा पूछौ री ए बहू, कै आई रितु सामन की,
अपनी जिठाँनी ऐं पूछौ कै आई रितु सामन की,
कहौ तौ पीहर जाऊँ......
हमें कहा पूछौ री मेरी ए छोटीजी कै आई रितु सामन की,
अपनी दौरानी ऐ पूछौ कै आई रितु सामन की,
कहौ तो पीहर जाऊँ.....
हमें कहा पूछौ री मेरी ऐ जिठानी कै आई रितु सामन की,
अपनी ननदिया ऐ पूछौ कै आई रितु सामन की,
मेरी ननदुलि ऐ दीदी जी आई रितु सामन की,
कहौ तो पीहर जाऊँ.....
हम कहा जानें मेरी ऐ भाभीजी कै आई रितु सामन की,
अपनी सासुलिया ऐ पूछौ कै आई रितु सामन की
मेरी सासुलि ऐ माताजी, आई रितु सामन की,
कहौ तो पीहर जाऊँ.....
जितनों कोठी में नाजु कै आई रितु सामन की
जाइ पीसि धरि जाउ, मैया से मिलि आउ,
सामन झूलि आउ, सहेली मिलि आउ कै आई रितु सामन की
जितनौ कुआ में पानी कै आई रितु सामन की
सबरे ऐ घर भरि जाउ कै आई रितु सामन की,
जितने पीपर पै पात कै आई रितु सामन की.
इतनी पोइ धरि जाउ कै आई रितु सामन की,
जाऔ बिरन घर आपने कै 'आई रितु सामन की,
मरेऊँ न मिलनों होइ कै आई रितु सामन की।

—

(सिकन्दराबाद अलीगढ़ क्षेत्र)

चक्की तर मैंनें धनियों बोयौ, हाँ सहेली धनियों बोयौ
धनिये में दो किल्ला फूटे, हाँ सहेली...
किल्ला मैंनें गाय चराई, हाँ सहेली...
गाय नें मोकूँ दुद्धा दीनों, हाँ सहेली...
दुद्धा की मैंनें खीरि पकाई, हाँ सहेली...
खीरि मैंनें भैया ऐ जिमाई, हाँ सहेली...
भैया नें मोइ रुपिया दीन्हों, हाँ सहेली...
रुपिया की मैंनें चुनरी ओढ़ी, हाँ सहेली...
चुनरी ओढ़ि मैं पनियाँ कूँ गई, हाँ सहेली...
पनियाँ भरत मेरें काँटौ लाग्यौ, हाँ सहेली...
काँटौ मैंनें दाऊ पै निकरवायौ, हाँ सहेली...
दाऊ नें मेरें खून निकारौ, हाँ सहेली...
खून मैंनें चुनरी तें पोंछौ, हाँ सहेली...
चुनरी मैंनें धोबी के डारी, हाँ सहेली...
धोबी नें मेरी चीर–चीर करि दई, हाँ सहेली...
चीर–चीर मैनें दर्जी कें डारी, हाँ सहेली...
दर्जी नें मेरे गुड़िया–गुड्ड़ा सींये, हाँ सहेली...
गुड़िया–गुड्ड़ा आरे में रख दए, हाँ सहेली...
आरे ए मैं कुआ पै सिराइबे गई, हाँ सहेली...
कुआँ में मोइ डिबिया पाई, हाँ सहेली...
डिबिया में मोइ रुपिया पायौ, हाँ सहेली...
रुपिया की मैंने चूड़ी पहरी, हाँ सहेली...
चूड़ी मैंनें सासु ऐ दिखाई, हाँ सहेली...
सासु मेरी नें बुरी बताई, हाँ सहेली...
चूड़ी मेरी चटकै, सासु मेरी मटकै।

–द्वारा श्री हरचरन शिवहरे
हनुमान कालोनी, गुना (म.प्र.)

विविध लोकगीत

–संकलनकर्त्ता – श्री हरीशचन्द्र शर्मा 'हरि

सखि री अनपढ़ कूँ ब्याह दई जिन्दी रहूँ कि मर जाऊँ
जेठ मेरौ है गयौ एम.ए. पास, देवर मेरौ है गयै बी.ए. पास
अरी बू तौ गूँठा टेका–जिन्दी रहूँ कि मर जाऊँ.....
जेठ मेरौ ऑफिस कूँ जावै, देवर मेरौ दफ्तर कूँ जावै
अरी बू तौ हर पै जावै, जिन्दी रहूँ कि मर जाऊँ.....
जेठ मेरौ है गयौ थानेदार, देवर मेरौ बनि गयौ तहसीलदार
अरी बू तौ मुँह कौ देखा, जिन्दी रहूँ कि मर जाऊँ.......
जेठ मेरौ लावै पाँच हजार, देवर की इतरावति नारि
सखि बू तौ जेब टटोरा, जिन्दी रहूँ कि मर जाऊँ......
साक्षर करि रही है सरकार, केन्द्र पै पहुँच छोड हर फार
देख तोय पढ़ि जाय छोरा, जिन्दी रहूँ कि मर जाऊँ....

—

मैं तो चली पीहर कूँ
मै तो चली रे पीहर कूँ बलम हिचकी दैकें रोवै
बागन में रोवै बगीचन में रोवै
पेड़न ते मार सिर रोवै–बलम हिचकी दैकें रोवै......
तालन पै रोवै तलइयन पै रोवै
घाटन सौं मार सिर रोवै–बलम हिचकी दैकें रोवै.....
कूँअन पै रोवै तलाबन पै रोवै
बाबरी में मार सिर रोवै–बलम हिचकी दैकें रोवै.....
महलन में रोवै मकानन में रोवै
सेजन पै मार सिर रोवै–बलम हिचकी दैकें रोवै.....
गैलों में रोवै गिरारिन में रोवै
पारन सौं मार सिर रौवै–बलम हिचकी दैकें रोवै....

—

ननद फुलगेंदिया

ननद फुलगेंदिया कौन भरैगौ पानी
सास मेरी रानी सुसर मेरे राजा
बलम म्हारे भोलुआ बेई भरिंगे पानी। ननद फुलगेंदिया....
जेठ मेरे राजा जिठनी मेरी रानी
बलम म्हारे भोलुआ बेई भरिंगे पानी। ननद फुलगेंदिया....
देवर मेरे राजा, दौरानी मेरी रानी
बलम म्हारे भोलुआ बेई भरिंगे पानी। ननद फुलगेंदिया....

—

सास तेरे बोलन पै

बाबाजिन हैंकैं निकरि जाऊँगी सास तेरे बोलन पै
हाय वैरागन हैकैं निकरि जाऊँगी सास तेरे बोलन पै
यों मत जानें सासुल नंगी चली जाऊँगी
तेरे बेटा पै चूनर मँगाय लऊँगी। सास तेरे बोलन पै.....
यों मत जानें सासुल भूखी चली जाऊँगी
तेरे बेटा पै रबड़ी मंगा लऊँगी। सास तेरे बोलन पै.....
यों मत जानें सासुल घरै छोड़ि जाऊँगी
अपने हिस्सा कैं तारौ लगाय जाऊँगी। सास तेरे बोलन पै.....
यों मत जानें सासुल इकली चली जाऊंगी
तेरे बेटाय संग में लै जाऊँगी। सास तेरे बोलन पै.....

—

मोय न्यारे कौ चाव

मोय न्यारे कौ चाव सकारें न्यारी है जाऊँगी
सास नाँय लउँगी सुसर नाँय लउँगी
डुकरियाय लै लउँगी जाय हाल राम लै जाय
मोय न्यारे कौ चाव.......

गाय नाँय लउँगी, भैंस नाँय लउँगी
बकरिया लै लउँगी जाकौ हाल काम है जाय
मोय न्यारे कौ चाव.......
देवर नाँय लउँगी जेठ नाँय लउँगी
ननदियाय लै लउँगी जाय आय ननदेऊ लै जाय
मोय न्यारे कौ चाव.....

—

चंद्रकली कौ हार

चन्दकली कौ हार सखी री बहना
ऊँची अटरिया लाल किवरिया री बहना
चढ़ौ ना उतरौ जाय सखी री बहना
आगें ते देवर चढ़ि गये री बहना
डारि जुलफन तेल सखी री बहना
पीछे से भाभी चढ़ि गई री बहना
करि सोलह सिंगार सखी री बहना
देवर भाभी सोय रहे री बहना
धर छतियन पै हाथ सखी री बहना
पीछे से राजा जी चढ़ि गये री बहना
धरि कंधे पै कटार सखी री बहना
पहली कटार घूँघटे पै मारी री बहना
घूँघट में लइयै फिराय सखी री बहना
दूजी कटारी छतियों पै मारी री मैना
हाथन पैं लइयै फिराय सखी री मैना
तीजी कटारी कनिया पै मारी री मैना
तीजी में तजे हैं पिरान सखी री मैना
घर घर रोटी पानी तौ है रहे मैना
रंडुआ के कटोरे में चून सखी री मैना
घर घर चौका लगि रहे री मैना
रंडुआ के चूल्हे में राख सखी री मैना

घर घर बालक खेल रहे री बहना
रंडुआ कौ सूनौ घरबार सखी री बहना
घर घर सेज बिछ रही री बहना
रंडुआ की गिरारे में खाट सखी री भैना
चन्द्रकली कौ हार सखि री भैना.....

—

मोय राजा मिले

अरी दुःख कौन ते कहूँ मेरी मइया, मोय राजा मिले जरैया
पाँच बरस की मैं मेरी मइया ढाई बरस के संइयाँ। दुःख कौन....
नभा धुवा मैंनें सेज सुवाए अरी वाय लै गई सौत बिलैया। दुःख कौन....
सास बिचारी उनैं ढूँढ़न चाली अरी बे तौ कहूँ न पाए छइया। दुःख कौन....
सुसर बिचारौ खोजन चालौ–झट बोले सोन चिरैया। दुःख कौन....
मैं अलबेली उनैं ढूँढ़न चाली अरी वे तौ बिल ते झाँकें सइयाँ। दुःख कौन...
बिल ते काढ़ि कैं घर में लाई, लिपटाये लाल रजइया। दुःख कौन....

—

भात

राजा दशरथ की नारि कौसल्या भात नौंतवे आई, रंग बरसैगौ
लाख कौ टीका लइयौ मेरे भइया सवा लाख की लरियां, रंग बरसैगौ
इतनौ होय भैया मेरे घर अइयौ मत मेरी हँसी करइयौ, रंग बरसैगौ
लाख कौ कांटौ लइयौ मेरे भइया सवा लाख की नथुली, रंग बरसैगौ
इतनौ होय भैया मेरे घर अइयौ मत मेरी हँसी करइयौ, रंग बरसैगौ
लाख के कुण्डल लइयौ मेरे भइया सवा लाख के झाले, रंग बरसैगौ
इतनौ होय भैया मेरे घर अइयौ मत मेरी हँसी करइयौ, रंग बरसैगौ
लाख कौ पैंडिल लइयौ मेरे भइया सवा लाख कौ हरवा, रंग बरसैगौ
इतनौ होय भैया मेरे घर अइयौ मत मेरी हँसी करइयौ, रंग बरसैगौ
लाख के दस्ते लइयौ मेरे भइया सवा लाख की चुरियाँ, रंग बरसैगौ
इतनौ होय भैया मेरे घर अइयौ मत मेरी हँसी करइयौ, रंग बरसैगौ

लाख के बिछुआ लइयौ मेरे भइया सवा लाख की तगड़ी, रंग बरसैगौ
इतनौ होय भैया मेरे घर अइयौ मत मेरी हँसी करइयौ, रंग बरसैगौ

—

माई डीयर पीहर चाली

माई डीयर पीहर चाली जानें आवैगी कै नाँय
मैं तौ हरवा लायौ टीका लायौ पहरैगी कै नाँय
मैं तौ पहरूंगी तौ बड़े शौक ते आयवे वारी नाऊँ
भैया तेरौ जीजा रोवै मेरौ चलिवौ हत नाँय
माई डीयर पीहर.......
मैं तौ चुरियाँ लायौ घड़ियाँ लायौ पहरैगी कै नाँय
मैं तौ पहरूंगी तौ बड़े शौक ते आयवे वारी नाऊँ
भैया तेरौ जीजा रोवै मेरौ चलिवौ हत नाँय
माई डीयर पीहर.......
मैं तौ पायल लायौ बिछुआ लायौ पहरैगी कै नाँय
मैं तौ पहरूंगी तौ बड़े शौक ते आयवे वारी नाऊँ
भैया तेरौ जीजा रोवै मेरौ चलिवौ हत नाँय
माई डीयर पीहर.......

—

ऊपर रेडियो कौ तार

ऊपर रेडियो कौ तार नीचैं चाय पानी।
पिया हमकूँ ना लाये सिंगार दानी॥
हमनें कहा था पिया किलपें ले आना।
बिंदिया लै आये उनकी महरबानी॥ ऊपर रेडियो......
हमनें कहा था पिया टीका ले आना।
नथुली लै आये उनकी महरबानी॥ ऊपर रेडियो.......
हमनें कहा था पिया झाले ले आना।
पैण्डिल लै आये उनकी महरबानी॥ ऊपर रेडियो......
हमनें कहा था पिया दस्ते ले आना

चुरियाँ लै आये उनकी महरबानी॥ ऊपर रेडियो......
हमनें कहा था पिया तगड़ी ले आना।
गुच्छा लै आये उनकी महरबानी॥ ऊपर रेडियो......
हमनें कहा था पिया पायल ले आना
बिछुआ लै आये उनकी महरबानी॥ ऊपर रेडियो......

ऐसे बादर फारे

तेरे नैन बने कजरारे, जिननैं ऐसे बादर फारे, मेरी जान कूँ ।
मैं तौ कर दऊँगौ निछावर, अपने प्रान कूँ ।
तेरी चाल बड़ी मस्तानी
लचका लैवै मस्त जवानी
मुख पै चंदा की छवि चमकै
दम–दम माथे बिंदिया दमकै
शुभ पहचान कूँ, मैं तौ कर.........
बरसै अधरन पै मधु लाली
गालन पै लटकैं लट काली
छतिया नारंगी मतबाली
पी लूँगौ, यौवन की प्याली
गाऊँ गान कूँ, मैं तौ कर.......
तेरी सुन्दर नरम कलाई
मनुआ देखिकैं ले अँगड़ाई
मधुरिम अलबेली तरुनाई
मानों उतर चाँदनी आई
जीवन दान कूँ, मैं तौ कर..........
तेरौ आँचल पवन हिलावै
मेरे उर कौ ताप बढ़ावै
क्षण–क्षण दूनौ नशौ चढ़ावै
सीने लगजा च्यौं शरमावै
मेरी मान तू मैं तौ कर..........

झाँकि रह्यौ

झाँकि रह्यौ री मेरौ साजन सलौनौ
फोरि डारौ री मेरे कमरा कौ कौनौ
पिया हमारे पेमदी जी कोई देखत मन ललचाय
हँसि–हँसि कैं सौतन दतियावै फूल झरैं मुसकाय
हो हो रे दिन रात लखत है–झाँकि रह्यौ......
सौत बिजुरिया ऐसी चमकी चमकत देह जराय
दै–दै ताने भौत चिराऊं मन ही मन मुसकाय
हो हो रे नाय चैन परत है–झाँकि रह्यौ.....
काहे तू लरिवे कूँ आई काहे करै पटक पछार
हाथ पकरि कैं मैं नाँय लाऊँ रोकिलै तू तौ छिनार
हो हो रे तो पै नाँय रुकत है–झाँकि रह्यौ.....
भौतई घर भीतर समझायौ हार गई समझाय
नैंकऊ नाँय समझ में वैठै पल–पल आँख दिखाय
हो हो रे रैन जरत है–झाँकि रह्यौ........

–होली गेट नगर, जिला–भरतपुर

–

लोकगीतकारन के रचे नये लोकगीत

सात लोकगीत

ब्रज में बास करिंगे

– श्री राधागोविन्द पाठक

ब्रज में यास करिंगे चलौ राधा रटिंगे।
पिछले पाप छटिंगे चलौ राधा रटिंगे॥
तीन लोक ते मथुरा न्यारी, जनम लियौ तहाँ कृष्ण मुरारी।
ता रज सीस धरिंगे, चलौ राधा रटिंगे॥
नन्द भवन अचरज गोकुल में, शिव विरचि से मोहे पल में।

ग्वालन सँग विचरिंगे, चलौ राधा रटिंगे॥
ऊखल बन्धन रमन बिहारी, चिन्ता हरन श्री हलधारी।
खीर कुण्ड परसिंगे, चलौ राधा रटिंगे॥
जै-जै गिरवर जै गिरधारी, मानसी गंगा दान बिहारी।
परिकम्मा कर लिंगे, चलौ राधा रटिंगे॥
